सच, सिर्फ सच

वॉयस ऑफ लखनऊ

गुरुवार, 19 नवम्बर , 2026 लखनऊ, महानगर, वर्ष 22, अंक 129, पेज 12, 3.50 रुपये

www.facebook.com/volepaper voiceoflucknow@gmail.com www.voiceoflucknow.com

चीन में ताकत दिखाना चाहते हैं राष्ट्रपति ट्रंप

अमेरिका के राष्ट्रपति डोनाल्ड ट्रंप बुधवार को चीन पहुंचे, जहां वह प्रौद्योगिकी के क्षेत्र में अपने देश की अग्रणी स्थिति को मजबूत करना चाहते हैं। } 12

आर्थिक सुरक्षा के क्षेत्र में साझा हितों पर चर्चा : जयशंकर

भारत-जापान द्विपक्षीय रक्षा संबंधों तथा रणनीतिक सहयोग की व्यापक समीक्षा करेंगे तथा विदेश मंत्री एस जयशंकर चौथे भारत-जापान 2प्लस2 मंत्रिस्तरीय संवाद में हिस्सा लेने के लिए तोक्यो पहुंच चुके हैं। } 12



लश्कर कमांडर भट मुठभेड़ में ढेर

मस्जिद के भीतर छिपा था आतंकी, सेना ने 25 लड़कियों को भी बचाया

एजेंसी

कुलगाम। जम्मू-कश्मीर के कुलगाम जिले में सुरक्षा कर्मियों को बुधवार को मस्जिद के उस हिस्से की सटीक जानकारी मिल गई थी जहां पर लश्कर-ए-तैयबा का शीर्ष कमांडर मोहम्मद लतीफ भट छुपा हुआ था और वे आखिरी वार करने की तैयारी कर रहे थे तभी बगल में स्थित दारुल उलूम में 25 लड़कियां और दो शिक्षकों के मौजूद होने की जानकारी मिली और उन्होंने पहले इन बच्चियों और शिक्षकों को बचाने का फैसला किया।



अधिकारियों ने बताया कि मस्जिद से हो रही भारी गोलीबारी के बीच, सेना की नौंवी राष्ट्रीय राइफल्स के एक अधिकारी ने स्वेच्छा से आगे बढ़कर अपने साथी के साथ बगल के मदरसे में प्रवेश किया और वहां मौजूद सभी 27 असैन्य नागरिकों को सुरक्षित बाहर निकाल लिया। उन्होंने बताया कि असैन्य नागरिकों को सुरक्षित स्थान पर पहुंचाने के बाद, नौंवी राष्ट्रीय राइफल्स और जम्मू-कश्मीर पुलिस के विशेष अभियान समूह (एसओजी) ने अंतिम निर्णायक कार्वाई शुरू की। अधिकारियों ने बताया कि सुरक्षाकर्मियों ने मस्जिद के भीतर आंसू गैस के गोले दागे ताकि आतंकवादी बाहर निकल आए। साथ ही, उन्होंने चारों तरफ से घेराबंदी भी कड़ी रखी थी ताकि वह भाग न सके। इस दौरान उन्होंने बहुत संयम बरता, ताकि ...शेष पृष्ठ 11 पर

देश की सुरक्षा से कोई समझौता नहीं, यही सरकार की नीति : योगी

देश की आंतरिक सुरक्षा को नयी शक्ति व दिशा प्रदान करेगा एनएसजी व यूपी पुलिस का साझा प्रयास

आशीष मौर्य

लखनऊ। मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ ने बुधवार को लखनऊ पुलिस लाइंस में एनएसजी एवं उत्तर प्रदेश पुलिस के संयुक्त क्षमता निर्माण प्रशिक्षण कार्यक्रम का शुभारंभ किया। मुख्यमंत्री

- हवाला नेटवर्क, साइबर क्राइम व अवैध कन्वर्जन के जरिये हमला कर रहा दुश्मन

योगी आदित्यनाथ ने कहा कि उत्तर प्रदेश, जो कभी दंगों की आग में झुलसता था और जहां अपराधियों के हौसले बुलंद थे, आज कानून के राज यानी रूल ऑफ लॉ के लिए जाना जाता है।

प्रदेश में अराजकता और अपराध का दौर समाप्त हुआ है। आंतरिक सुरक्षा के मोर्चे पर केंद्र और राज्य सरकार की नीति स्पष्ट है, न अपराधियों को अभय, न आतंकियों को अवसर और न ही देश की सुरक्षा से कोई समझौता। मुख्यमंत्री ने बुधवार को लखनऊ पुलिस लाइंस में एनएसजी एवं उत्तर प्रदेश पुलिस के संयुक्त क्षमता निर्माण प्रशिक्षण



कार्यक्रम का शुभारंभ करते हुए कहा कि आज पूरा देश यूपी पुलिस और एटीएस के पराक्रम पर गर्व करता है। मुख्यमंत्री ने सुरक्षा चुनौतियों का जिक्र करते हुए कहा कि समय के साथ दुश्मन ने अपने तरीके बदले हैं। आज दुश्मन अदृश्य मोर्चे से वार कर रहा है। हवाला नेटवर्क, फेक करेंसी, अवैध कन्वर्जन, साइबर क्राइम और क्रिप्टो करेंसी के जरिए समाज के भीतर से पूरी व्यवस्था को खोखला करने की साजिश रची जा रही है। उन्होंने प्रसन्नता व्यक्त करते हुए कहा कि यूपी पुलिस और एटीएस के जांबाजों ने हर ऐसी अदृश्य साजिश को बेनकाब किया है। आज एटीएस की 21 फील्ड यूनिट पूरे प्रदेश में तैनात हैं और 10 नई फील्ड यूनिट खड़ी करके सुरक्षा ...शेष पृष्ठ 11 पर

2027 में सिर्फ हैट्रिक नहीं लगेगी रिकॉर्ड भी बनेगा : मुख्यमंत्री

लखनऊ। मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ ने दावा किया कि उत्तर प्रदेश में भारतीय जनता पार्टी तीसरी बार पूर्ण बहुमत की सरकार बनाएगी। भाजपा अपने संगठन, कार्यकर्ताओं और डबल इंजन सरकार की उपलब्धियों के आधार पर जनता के बीच जाएगी। उन्होंने कहा कि पिछले साढ़े नौ वर्षों में प्रदेश की तस्वीर बदली है।

उत्तर प्रदेश अब बीमारू राज्य नहीं, बल्कि देश की अर्थव्यवस्था का ग्रोथ इंजन बन चुका है। सरकार का लक्ष्य वर्ष 2029-30 तक प्रदेश को वन ट्रिलियन डॉलर की अर्थव्यवस्था बनाना है। मुख्यमंत्री एक मीडिया समूह की ओर से आयोजित 'राइजिंग भारत' समिट में विभिन्न राजनीतिक, सामाजिक और आर्थिक मुद्दों पर अपनी बात रख रहे थे। मुख्यमंत्री ने कहा ...शेष पृष्ठ 11 पर


यूपी में ग्राम पंचायत प्रशासकों का कार्यकाल बढ़ा

योगी मंत्रिमण्डल के फैसले : विद्युत नियामक आयोग की चार नियमावलियों को मिली कैबिनेट की मंजूरी

आशीष मौर्य

लखनऊ। मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ की अध्यक्षता में हुई कैबिनेट की बैठक में प्रदेश के औद्योगिक विकास, खेल सुविधाओं के विस्तार, उच्च शिक्षा, महिला एवं बाल सुरक्षा, जैव ऊर्जा और पर्यटन को नई गति देने से जुड़े महत्वपूर्ण प्रस्तावों पर निर्णय लिया गया। इन फैसलों के माध्यम से जहां प्रदेश में अत्याधुनिक तकनीक और नवाचार को प्रोत्साहन मिलेगा, वहीं ग्रामीण क्षेत्रों में खेल सुविधाओं का विस्तार, सहकारिता शिक्षा को मजबूती और महिलाओं एवं बच्चों को आर्थिक सहायता प्रदान करने की व्यवस्था को और प्रभावी बनाया जाएगा। बैठक में कुल 31 प्रस्ताव रखे गए, जिसमें 30 को स्वीकृति मिल गई। योगी कैबिनेट ने भारतीय प्रौद्योगिकी संस्थान (आईआईटी) कानपुर के नोएडा परिसर में 281.03 करोड़ रुपये से अधिक की लागत से डीप टेक यू-हब के भवन निर्माण को मंजूरी प्रदान की। ईपीसी मोड पर बनने वाले इस भवन का निर्माण 24 माह में पूरा करने का लक्ष्य है। इसके लिए वित्तीय वर्ष 2026-27 में 100 करोड़ रुपये का बजटीय प्रावधान किया गया है।

उत्तर प्रदेश मंत्रिमंडल ने उत्तर प्रदेश पंचायत राज अधिनियम, 1947 की धारा 12 की उपधारा 3(क) में संशोधन के लिए अध्यादेश को बुधवार को मंजूरी देकर ग्राम पंचायतों में नियुक्त प्रशासकों का कार्यकाल छह महीने बढ़ाने संबंधी प्रस्ताव को ...शेष पृष्ठ 11 पर



- डीप टेक हब से महिला सुरक्षा तक, विकास व सशक्तीकरण को मिलेगी नयी दिशा
- आईआईटी कानपुर के नोएडा परिसर में बनेगा डीप टेक यू-हब, जैव ऊर्जा व पर्यटन नीतियों में संशोधन
- काशी विश्वनाथ धाम की सुरक्षा के लिए जमीन मुफ्त पट्टे पर मिलेगी
- खनन व्यवस्था सुधारने के लिए आईआईटी-आईएसएम धनबाद की ली जाएगी मदद

हवाई नेटवर्क से जुड़ेंगे छोटे शहर, धार्मिक-पर्यटन स्थल

कैबिनेट ने केंद्र सरकार की रिजनल कनेक्टिविटी स्कीम-मॉडिफाइड उड़ान के अगले चरण के तहत केंद्र सरकार, उत्तर प्रदेश सरकार और भारतीय विमानपत्तन प्राधिकरण के बीच त्रिपक्षीय एमओयू के निष्पादन को मंजूरी दी। इसके अंतर्गत आरसीएस हवाई अड्डों पर विमानन ईंधन पर 1 प्रतिशत या उससे कम वैट, निःशुल्क अग्निशमन एवं सुरक्षा सेवाएं तथा बिजली-पानी जैसी सुविधाएं रियायती दरों पर उपलब्ध कराई जाएंगी। राज्य सरकार व्यवहार्यता अंतराल निधियन (वीजीएफ) में 20 प्रतिशत हिस्सेदारी भी देगी।

इससे प्रदेश के छोटे शहरों, धार्मिक स्थलों और पर्यटन केंद्रों की हवाई कनेक्टिविटी बढ़ेगी तथा व्यापार, पर्यटन और रोजगार को प्रोत्साहन मिलेगा। कैबिनेट बैठक में पर्यटन क्षेत्र से जुड़े महत्वपूर्ण प्रस्ताव को मंजूरी दी गई। इसके तहत उत्तर प्रदेश पर्यटन नीति-2022 में संशोधन को स्वीकृति प्रदान की गई। इन फैसलों से प्रदेश में छोटे होटल व्यावसायियों को पर्यटन नीति का लाभ मिल सकेगा। साथ ही ग्रामीण पर्यटन, फार्म स्टे, पारंपरिक खानपान, स्थानीय हस्तशिल्प और सांस्कृतिक पर्यटन को भी नई गति मिलेगी। पर्यटन नीति ...शेष पृष्ठ 11 पर

नीब करौरी बाबा और बुंदेलखंड दुर्ग सर्किट को मिलेगी पहचान

संशोधित पर्यटन नीति में नीब करौरी बाबा सर्किट और बुंदेलखंड फोर्ट सर्किट को भी शामिल किया गया है। इसके साथ ही तीर्थ विकास परिषदों और डेस्टिनेशन मैनेजमेंट ऑर्गनाइजेशन के अंतर्गत आने वाले क्षेत्रों को फोकस टूरिस्ट डेस्टिनेशन के दायरे में लाने का प्रावधान किया गया है। इससे इन क्षेत्रों में पर्यटन सुविधाओं का प्राथमिकता के आधार पर विकास हो सकेगा और इन क्षेत्रों को एक नयी पहचान भी मिलेगी।

आगरा में बनेगा स्टेडियम

कैबिनेट ने जनपद आगरा के विधानसभा क्षेत्र बाह की ग्राम पंचायत उगनपुरा में स्टेडियम निर्माण के लिए भूमि हस्तांतरण के प्रस्ताव को भी स्वीकृति दी। इसके तहत युवा कल्याण विभाग के नाम दर्ज ग्राम पंचायत की गाटा संख्या-181 स्थित 2.476 हेक्टेयर भूमि खेल विभाग को निःशुल्क हस्तांतरित किए जाने का प्रस्ताव है। इससे क्षेत्र में खेल सुविधाओं का विकास होगा और ग्रामीण प्रतिभाओं को बेहतर प्रशिक्षण एवं अभ्यास का अवसर उपलब्ध कराने की दिशा में मदद मिलेगी। जिससे प्रदेश में खेलों को और बढ़ावा मिलेगा।

महिलाओं और बालिकाओं को मिलेगा 15 लाख तक मुआवजा

महिला सशक्तीकरण और अपराध पीड़ित महिलाओं एवं बच्चों को आर्थिक सहायता उपलब्ध कराने की व्यवस्था को अधिक प्रभावी बनाने के लिए उत्तर प्रदेश रानी लक्ष्मीबाई महिला एवं बाल सम्मान कोष नियमावली-2026 प्रख्यापित किए जाने का प्रस्ताव पारित हुआ। इसके तहत वर्ष 2015 की मौजूदा नियमावली को राष्ट्रीय विधिक सेवा प्राधिकरण, नई दिल्ली द्वारा प्रस्तावित कंपन्सेशन स्कीम फिर विमेन विक्टिम सर्वाइवर्स ऑफ सेंसुअल असॉल्ट/अदर क्राइम्स-2018 के समतुल्य बनाया जाएगा।

नई नियमावली से यौन अपराधों और अन्य गंभीर अपराधों की पीड़ित महिलाओं एवं बच्चों को मुआवजा एवं सहायता उपलब्ध कराने की व्यवस्था को अधिक सुव्यवस्थित और प्रभावी बनाने में मदद मिलेगी। इसके अतिरिक्त, प्रदेश में स्वच्छ ऊर्जा और वैकल्पिक ऊर्जा स्रोतों को प्रोत्साहित करने के उद्देश्य से उत्तर प्रदेश राज्य जैव ऊर्जा नीति-2022 में संशोधन का प्रस्ताव भी पारित किया गया, जबकि प्रदेश की पर्यटन संभावनाओं को और व्यापक बनाने तथा निवेश आकर्षित करने के लिए उत्तर प्रदेश पर्यटन नीति-2022 में संशोधन के प्रस्ताव को भी स्वीकृति मिली।

संक्षेप

होर्मुज में मालवाहक जहाज पर हमला

जोहानिसबर्ग। बाब अल-मंदेब होर्मुज जलडमरूमध्य के पास एक मालवाहक जहाज के डूबने के बाद बचाए गए दो भारतीय नाविकों की सुरक्षित स्वदेश वापसी में केन्या स्थित भारतीय उच्चायोग मदद कर रहा है तथा चालक दल के अब भी लापता एक अन्य सदस्य की तलाश जारी है। उच्चायोग ने बुधवार को यह जानकारी दी। नैरोबी में भारतीय उच्चायोग ने एक्स पर पोस्ट किया कि वह बचाये गये नाविकों की वतन वापसी तथा चालक दल के लापता सदस्य की तलाश में मदद करने के लिए संबंधित अधिकारियों, नौवहन एजेंट और संबंधित नाविकों के लगातार संपर्क में है। उच्चायोग ने कहा कि वह मालवाहक जहाज अल-फतह से बचाए गए दो भारतीय नाविकों की सुरक्षित वापसी के लिए हर संभव मदद दे रहा है और संबंधित पक्षों के साथ समन्वय कर रहा है। यह जहाज बाब अल-मंदेब जलडमरूमध्य के पास डूब गया था। उसने कहा एक तीसरा भारतीय नाविक अब भी लापता है।

साइबर धोखाधड़ी गिरोह का भंडाफोड़, सात गिरफ्तार

पुणे। महाराष्ट्र की पिंपरी-चिंचवड़ साइबर पुलिस ने दुबई से संचालित साइबर धोखाधड़ी नेटवर्क को कथित तौर पर 10,000 से 12,000 मोबाइल सिम कार्ड मुहैया कराने वाले गिरोह का भंडाफोड़ किया है। एक पुलिस अधिकारी ने यह जानकारी दी। उन्होंने बताया कि इस मामले में संयुक्त अरब अमीरात (यूएई) से गिरोह का संचालन करने वाले कथित सरगना समेत सात लोगों को गिरफ्तार किया गया है। अधिकारी ने बताया कि इन सिम कार्ड का कथित तौर पर फोन कॉल करने, फर्जी ऐप्लिकेशन पंजीकृत करने, धोखाधड़ी वाले लेनदेन के लिए मोबाइल नंबर को बैंक खातों से जोड़ने और साइबर अपराधों में शामिल लोगों की पहचान छिपाने के लिए फर्जी नामों से ईमेल आईडी बनाने में इस्तेमाल किया जाता था।

रक्षा उत्पादन व निर्यात में तेजी से बढ़ रहा भारत

2 प्लस 2 वार्ता के लिए जापान में पहुंचे रक्षा मंत्री राजनाथ सिंह

एजेंसी

तोक्यो। रक्षा मंत्री राजनाथ सिंह ने बुधवार को जापान में कहा कि भारत का रक्षा क्षेत्र अब आत्मनिर्भरता से आगे बढ़कर अपनी वैश्विक स्थिति को मजबूत करने की दिशा में बढ़ रहा है, और रक्षा उत्पादन तथा निर्यात अभूतपूर्व गति से बढ़ रहे हैं।

सिंह ने तोक्यो में भारतीय समुदाय के सदस्यों को संबोधित करते हुए कहा कि थल सेना, नौसेना और वायु सेना की बढ़ती क्षमताओं के साथ-साथ स्वदेशी रक्षा निर्माण, भारत की रक्षा ताकत को नयी ऊंचाइयों पर ले जा रहे हैं। सिंह और विदेश मंत्री एस.जयशंकर भारत-जापान के विदेश एवं रक्षा मंत्रियों की चौथी वार्ता के लिए जापान की दो दिवसीय यात्रा पर हैं। इस बैठक को टू



प्लस टू वार्ता भी कहा जाता है। इसमें दोनों देशों के बीच रक्षा और रणनीतिक सहयोग के सभी पहलुओं की समीक्षा की जाएगी। सिंह ने अपने संबोधन में कहा आज भारत बड़े पैमाने पर रक्षा उत्पादों का निर्यात कर रहा है, जबकि देश का रक्षा उत्पादन अभूतपूर्व गति से बढ़ रहा है। रक्षामंत्री ने बताया कि घरेलू रक्षा उत्पादन 1.80 लाख करोड़ रुपये के रिकॉर्ड स्तर को ...शेष पृष्ठ 11 पर

केन्द्रीय मंत्रिपरिषद की बैठक में करोड़ों को गरीबी से बाहर निकालने पर चर्चा

नयी दिल्ली। प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी की अध्यक्षता में बुधवार को हुई केंद्रीय मंत्रिपरिषद की बैठक में दो अहम विषयों पर विस्तार से चर्चा की गई, जिनमें 50 करोड़ लोगों को गरीबी रेखा से ऊपर उठाना और नक्सली समस्या का खात्मा करना शामिल है।

मामले से वाकिफ सूत्रों ने बताया कि गृह और वित्त सहित केंद्रीय मंत्रालयों और विभागों के 11 सचिवों ने संबंधित विषयों पर प्रस्तुतियां भी दीं। सूत्रों के मुताबिक, बैठक में मोदी सरकार के गरीबी उन्मूलन कार्यक्रमों की सराहना की गई और विश्व बैंक की एक रिपोर्ट का जिक्र किया गया, जिसमें 2011 से 2023 के बीच भारत में 50 करोड़ लोगों के गरीबी रेखा से ऊपर उठने और देश में अत्यधिक गरीबी की दर में 90 प्रतिशत की कमी आने ...शेष पृष्ठ 11 पर

सीएम योगी-मुख्यमंत्री धामी की शिष्टाचार भेंट

लंबित परिसंपत्ति प्रकरणों के निस्तारण पर हुई सार्थक चर्चा

प्रमुख संवाददाता

देहरादून/लखनऊ। उत्तराखण्ड और उत्तर प्रदेश के मध्य परिसंपत्तियों से जुड़े शेष विवादों एवं लंबित प्रकरणों के समाधान को लेकर मुख्यमंत्री पुष्कर सिंह धामी ने लखनऊ में उत्तर प्रदेश के मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ से मुलाकात की। इस दौरान दोनों नेताओं के बीच विभिन्न विभागों की संपत्तियों के बंटवारे, हस्तांतरण और अन्य आपसी विषयों पर विस्तार से विचार-विमर्श हुआ।

वार्ता में मुख्यमंत्री धामी ने सिंचाई विभाग से जुड़ी महत्वपूर्ण परिसंपत्तियों की स्थिति पर विशेष ध्यान आकर्षित किया। उन्होंने बनबसा बैराज और नगरा बाईपास नहर की मरम्मत की आवश्यकता बताते हुए झनकैया पुल तथा सूखा पुल सहित पुराने पुलों के पुनरुद्धार का विषय भी उठाया। उन्होंने इन संरचनाओं की मरम्मत और तकनीकी रूप से सुदृढ़ीकरण के साथ



आवश्यकतानुसार पुनर्निर्माण की कार्यवाही को प्राथमिकता देने का अनुरोध किया। मुख्यमंत्री ने कहा कि इन निमार्णों का सीधा संबंध क्षेत्र की आवश्यक सुविधाओं और जनसामान्य की सहूलियत से है। बैराज एवं नहर की मरम्मत से सिंचाई व्यवस्था को बेहतर बनाए रखने में ...शेष पृष्ठ 11 पर



आज का मौसम

अधिकतम : 36.06 डिसे.
न्यूनतम : 26.04 डिसे.

भीतर पढ़ें

- रामरथ यात्रा का 66वां पड़ाव पूरा श्रद्धालुओं ने किये दर्शन (पृष्ठ-02)
- बाईपास से औद्योगिक इकाइयों तक होगी कनेक्टिविटी (पृष्ठ-02)
- सेंसेक्स में 500 अंकों की आयी गिरावट (पृष्ठ-12)
- डॉलर के मुकाबले रुपया 7 पैसे मजबूत होकर 93.44 (पृष्ठ-12)
- कुवैत में अमेरिकी हवाई अड्डे को बनाया निशाना (पृष्ठ-12)

विशेष खबर गुजरात के त्रिभुवन सहकारी विश्वविद्यालय से संबद्ध होगा महाविद्यालय

लखनऊ में बनेगा देश का पहला राज्य सहकारी महाविद्यालय

विशेष संवाददाता

लखनऊ। उत्तर प्रदेश में सहकारिता क्षेत्र को आधुनिक तकनीक और रोजगारपरक शिक्षा से जोड़ने की दिशा में योगी सरकार ने महत्वपूर्ण कदम उठाया है। मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ की अध्यक्षता में बुधवार को हुई कैबिनेट बैठक में प्रदेश में राज्य सहकारी महाविद्यालय की स्थापना के प्रस्ताव को मंजूरी दे दी गई। इसे देश का पहला राज्य सहकारी महाविद्यालय बताया जा रहा है। इसके लिए लखनऊ के रहमान खेड़ा स्थित राज्य कृषि प्रबंधन संस्थान की 4.51 हेक्टेयर सरकारी भूमि निःशुल्क हस्तांतरित की जाएगी। कैबिनेट ने भूमि हस्तांतरण के साथ स्टाम्प शुल्क में छूट को भी मंजूरी प्रदान की है।

प्रस्तावित महाविद्यालय गुजरात के त्रिभुवन सहकारी विश्वविद्यालय से संबद्ध होगा। इसका संचालन सहकारिता विभाग के नियंत्रणाधीन इंस्टीट्यूट ऑफ कोऑपरेटिव एंड कॉरपोरेट



मैनेजमेंट, रिसर्च एंड ट्रेनिंग के माध्यम से किया जाएगा। महाविद्यालय में पारंपरिक विषयों के साथ आधुनिक तकनीक और व्यावसायिक जरूरतों से जुड़े पाठ्यक्रम भी संचालित किए जाएंगे। इनमें आर्टिफिशियल इंटेलिजेंस (एआई), साइबर क्राइम, कंप्यूटर, मार्केटिंग और बैंकिंग जैसे विषय शामिल होंगे। इन पाठ्यक्रमों का उद्देश्य युवाओं को तकनीकी दक्षता के साथ रोजगार के लिए तैयार करना है। महाविद्यालय की स्थापना से सहकारी बैंकों, सहकारी समितियों और अन्य संस्थाओं को प्रशिक्षित एवं कुशल मानव संसाधन उपलब्ध हो सकेगा। युवाओं को आधुनिक शिक्षा के साथ व्यावहारिक प्रशिक्षण प्राप्त करने का अवसर मिलेगा। इससे सहकारिता क्षेत्र में प्रबंधन, बैंकिंग, तकनीकी दक्षता और शोध को बढ़ावा मिलने की उम्मीद है। सरकार की इस पहल का उद्देश्य प्रदेश के सहकारिता आंदोलन को नई तकनीक, आधुनिक प्रबंधन और पेशेवर शिक्षा से जोड़ना है। इससे युवाओं के लिए रोजगार के नए अवसर विकसित होने के साथ प्रदेश की सहकारी संस्थाओं की कार्यक्षमता भी बढ़ सकेगी।

कैबिनेट ने बागपत के हरिया खेड़ा में प्रस्तावित अंतरराष्ट्रीय योग एवं वेलनेस सेंटर की संशोधित विकास एवं संचालन व्यवस्था को मंजूरी दी है। लगभग 300 करोड़ रुपये की अनुमानित लागत से बनने वाले इस केंद्र में एक साथ करीब 10 हजार साधक योगाभ्यास कर सकेंगे। यहां योग, प्राणायाम, ध्यान और योग प्रशिक्षकों के प्रशिक्षण से जुड़ी गतिविधियां संचालित होंगी।

हाईकोर्ट से जमानत मिलने के बाद आजम खान जेल से रिहा

जिला संवाददाता

गाजियाबाद (उप्र)। समाजवादी पार्टी (सपा) के वरिष्ठ नेता आजम खान को धनशोधन मामले में इलाहाबाद उच्च न्यायालय से अंतरिम जमानत मिलने के एक दिन बाद बुधवार शाम गाजियाबाद की डासना जिला जेल से रिहा कर दिया गया।

खान के अधिवक्ताओं ने बुधवार को गाजियाबाद स्थित विशेष धनशोधन निवारण अधिनियम अदालत में उच्च न्यायालय के आदेश का अनुपालन करते हुए रिहाई के लिए अर्जी दाखिल की थी। अधिवक्ता मोहम्मद यासिर अब्बासी ने बताया कि अदालत ने बुधवार दोपहर उनकी रिहाई का आदेश जारी कर दिया। अब्बासी के मुताबिक, अदालत ने 50-50 हजार रुपये के दो जमानत बांड जमा करने की शर्त पर रिहाई का आदेश दिया। उन्होंने बताया कि बचाव पक्ष ने अदालत में खान का मेडिकल रिकॉर्ड भी प्रस्तुत किया था और जमानत बांड के सत्यापन के बाद रिहाई आदेश जारी करने का अनुरोध किया था। इस मामले में इलाहाबाद उच्च न्यायालय में अगली सुनवाई 10 दिसंबर को निर्धारित है। खान को जेल से लेने उनके बेटे अब्दुल्ला और अदीब रामपुर से डासना जेल पहुंचे थे। जेल से बाहर आने के बाद खान ने संवाददाताओं के सवालों का कोई जवाब नहीं दिया। खान को प्रवर्तन निदेशालय (ईडी) ने उनके मोहम्मद अली जौहर विश्वविद्यालय से जुड़े धनशोधन मामले में 31 अक्टूबर को हिरासत में लिया था।

कैबिनेट : अब तहसीलों में क्षमता के आधार पर लगेंगे बायोगैस प्लांट

जैव ऊर्जा नीति में बदलाव: सीबीजी उत्पादन में यूपी के 42 प्लांट सक्रिय, छह कमरों वाले होटल भी पाएंगे पर्यटन नीति का लाभ

विशेष संवाददाता (vol)

लखनऊ। उत्तर प्रदेश में जैव ऊर्जा उत्पादन और पर्यटन को बढ़ावा देने के लिए योगी सरकार ने दो महत्वपूर्ण नीतियों में संशोधन को मंजूरी दी है। मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ की अध्यक्षता में बुधवार को हुई कैबिनेट बैठक में उत्तर प्रदेश जैव ऊर्जा नीति-2022 और पर्यटन नीति-2022 में संशोधन के प्रस्ताव स्वीकृत किए गए।

जैव ऊर्जा नीति में बदलाव के बाद अब किसी तहसील में बायोगैस प्लांटों की संख्या पर अधिकतम एक प्लांट की बाध्यता नहीं रहेगी। प्लांटों की स्थापना जिले और तहसील में उपलब्ध जैव कचरे तथा उत्पादन क्षमता के आधार पर की जाएगी। वहीं, पर्यटन नीति में संशोधन से अब छह कमरों वाले होटल भी सरकारी प्रोत्साहन के पात्र होंगे। इसके साथ ही ग्रामीण पर्यटन, फार्म स्टे, पारंपरिक खानपान और स्थानीय हस्तशिल्प को बढ़ावा मिलेगा। नगर विकास एवं ऊर्जा मंत्री एके शर्मा ने बताया कि प्रदेश सरकार ने वर्ष 2022 में जैव ऊर्जा नीति लागू की थी। इसके सकारात्मक परिणाम सामने आए हैं। उत्तर प्रदेश कंप्रेस्ड

कैबिनेट के समक्ष वक्फ संपत्तियों से अवैध कब्जे हटेंगे, यूपी एकीकृत वक्फ प्रबंधन व दक्षता और विकास नियमावली को मिली मंजूरी



- फार्म स्टे, फूड ट्रेल और स्थानीय हस्तशिल्प को मिलेगा बढ़ावा

बायोगैस (सीबीजी) उत्पादन में देश में अग्रणी राज्यों में शामिल है। वर्तमान में प्रदेश में 42 सक्रिय सीबीजी प्लांट हैं, जिनसे प्रतिदिन करीब 350 टन बायोगैस का उत्पादन हो रहा है। उन्होंने बताया कि पुरानी नीति में प्रत्येक तहसील में अधिकतम एक बायोगैस प्लांट स्थापित करने की बाध्यता थी। इससे उन तहसीलों में नए प्लांट लगाने में परेशानी हो रही थी, जहां पहले से स्थापित प्लांट की क्षमता कम थी, जबकि पर्याप्त मात्रा में जैव कचरा उपलब्ध था। अब इस बाध्यता को समाप्त कर दिया गया है। नई व्यवस्था में प्रत्येक जिले और तहसील में उपलब्ध जैव कचरे तथा उत्पादन क्षमता का आकलन कर उसी आधार पर प्लांटों की संख्या निर्धारित की जाएगी। इससे उपलब्ध संसाधनों का बेहतर उपयोग हो सकेगा और निवेश के नए अवसर खुलेंगे।

नीब करौरी बाबा और बुंदेलखंड दुर्ग सर्किट को पहचान

संशोधित पर्यटन नीति में नीब करौरी बाबा सर्किट और बुंदेलखंड फोर्ट सर्किट को भी शामिल किया गया है। इसके साथ ही तीर्थ विकास परिषदों और डेस्टिनेशन मैनेजमेंट ऑर्गनाइजेशन के अंतर्गत आने वाले क्षेत्रों को फोकस टूरिस्ट डेस्टिनेशन के दायरे में लाने का प्रावधान किया गया है। इससे इन क्षेत्रों में पर्यटन सुविधाओं का प्राथमिकता के आधार पर विकास हो सकेगा।

सीबीजी की उत्पादन क्षमता 2250 टन प्रतिदिन

- ऊर्जा मंत्री के अनुसार प्रदेश में सीबीजी की उत्पादन क्षमता 2250 टन प्रतिदिन और बायोकोयले की उत्पादन क्षमता 8000 टन प्रतिदिन है। सरकार ने जिलों और तहसीलों में उपलब्ध जैव कचरे के आधार पर उत्पादन क्षमता का आकलन कराया है। नई व्यवस्था से अधिक जैव कचरा उपलब्ध होने वाले क्षेत्रों में अतिरिक्त प्लांट स्थापित करने का रास्ता खुलेगा।

छह कमरों वाले होटल भी पाएंगे पर्यटन नीति का लाभ

- कैबिनेट ने उत्तर प्रदेश पर्यटन नीति-2022 में संशोधन को भी मंजूरी दी है। इसके तहत अब छह से 49 कमरों वाले होटल बजट होटल की श्रेणी में शामिल होंगे। पहले इसके लिए न्यूनतम 10 कमरों की अनिवार्यता थी।
- संशोधित व्यवस्था में प्रत्येक कमरे के साथ अटैच बाथरूम होना जरूरी होगा। इसके अलावा होटल का वाणिज्यिक एवं जीएसटी पंजीकरण और भवन संबंधी निर्धारित नियमों का पालन अनिवार्य रहेगा।
- पात्र होटल संचालक पर्यटन नीति के तहत निर्धारित प्रोत्साहन प्राप्त करने के लिए आवेदन कर सकेंगे। इससे छोटे होटल कारोबारियों को भी पर्यटन क्षेत्र में निवेश का अवसर मिलेगा।

फार्म टूरिज्म से किसानों को मिलेगा अतिरिक्त आय का अवसर

संशोधित नीति में कृषि, पशुपालन और स्थानीय खानपान को पर्यटन से जोड़ने पर विशेष जोर दिया गया है। इसके तहत गौशालाओं, डेयरी उत्पादन इकाइयों और प्राकृतिक एवं जैविक खेती से जुड़े समूहों का भ्रमण पर्यटन गतिविधियों में शामिल किया जाएगा। फार्म स्टे में प्राकृतिक और जैविक खेती को भी स्पष्ट रूप से शामिल किया गया है। इससे किसान कृषि के साथ पर्यटन गतिविधियों के माध्यम से अतिरिक्त आय अर्जित कर सकेंगे।

फूड ट्रेल और स्थानीय हस्तशिल्प को मिलेगा बढ़ावा

प्रदेश की खानपान परंपराओं को पर्यटन से जोड़ने के लिए पारंपरिक भोजनालयों और क्षेत्रीय व्यंजनों को प्रोत्साहित किया जाएगा। इसके लिए फूड ट्रेल और खानपान उत्सव आयोजित किए जाएंगे। यह पहल एक जनपद-एक व्यंजन (ओडीओसी) अभियान को भी मजबूती देगी। वहीं, 'परंपरा' हेरिटेज एक्सपीरियंस सेंटर को सांस्कृतिक केंद्र श्रेणी में पर्यटन नीति का लाभ मिलेगा। यहां पर्यटक क्षेत्रीय व्यंजनों का स्वाद लेने के साथ स्थानीय हस्तशिल्प, एक जनपद-एक उत्पाद (ओडीओपी) के उत्पादों और लोक संस्कृति से परिचित हो सकेंगे।

होम स्टे और बेड एंड ब्रेकफास्ट के नियमों में बदलाव

- ग्रामीण और शहरी क्षेत्रों में होम स्टे तथा बेड एंड ब्रेकफास्ट इकाइयों के प्रावधानों को वर्ष 2025 की नीति और उसके बाद किए गए संशोधनों के अनुरूप किया गया है। इसके तहत एक महीने के भीतर स्वीकृति और यूपी पर्यटन पोर्टल के माध्यम से पंजीकरण की व्यवस्था होगी। पंजीकृत इकाइयों को आवासीय भवन का दर्जा, घरेलू दरों पर बिजली एवं जलकर तथा पर्यटन विभाग की ओर से विपणन संबंधी सहायता मिलती रहेगी।

पर्यटन आयोजनों के लिए अनुदान बढ़ाया

राष्ट्रीय और अंतरराष्ट्रीय पर्यटन आयोजनों में भाग लेने वाले पंजीकृत पर्यटन सेवा प्रदाताओं को अब अधिक वित्तीय सहायता मिलेगी। इसके तहत आयोजन स्थल के किराये पर अधिकतम 50 प्रतिशत अनुदान दिया जाएगा। राष्ट्रीय आयोजनों के लिए सहायता की अधिकतम सीमा 50 हजार से बढ़ाकर एक लाख रुपये और अंतरराष्ट्रीय आयोजनों के लिए दो लाख से बढ़ाकर तीन लाख रुपये कर दी गई है। इसके अलावा प्रत्येक वित्तीय वर्ष में सहायता पाने वाले पर्यटन सेवा प्रदाताओं की संख्या 20 से बढ़ाकर 50 कर दी गई है। पर्यटन सुविधाओं की कमी और विकास की संभावनाओं का आकलन करने के लिए पर्यटन अनुसंधान, डेटा एवं प्रलेखन प्रकोष्ठ भी स्थापित किया जाएगा। पर्यटन एवं संस्कृति मंत्री जयवीर सिंह ने कहा कि इन संशोधनों से छोटे होटल कारोबारियों, ग्रामीण पर्यटन और स्थानीय उत्पादों को प्रोत्साहन मिलेगा। इससे पर्यटन क्षेत्र में निवेश और रोजगार के अवसर बढ़ेंगे तथा प्रदेश के उभरते पर्यटन स्थलों को नई पहचान मिलेगी।

यूपी में बाईपास से औद्योगिक इकाइयों तक सुधरेगी कनेक्टिविटी

विशेष संवाददाता (vol)

लखनऊ। प्रदेश में सड़क नेटवर्क को मजबूत करने और यातायात व्यवस्था सुगम बनाने के लिए लोक निर्माण विभाग की उच्चस्तरीय समिति ने 25 सड़क परियोजनाओं को मंजूरी दी है। मुख्य सचिव एसपी गोयल की अध्यक्षता में बुधवार को हुई बैठक में पैसेंजर कार यूनिट (पीसीयू) मानकों में शिथिलीकरण से संबंधित आवास एवं शहरी नियोजन विभाग के एक और लोक निर्माण विभाग के 24 प्रस्तावों को अनुमोदन प्रदान किया गया। इनमें विभिन्न जिलों में बाईपास निर्माण, सड़क चौड़ीकरण और सुदृढ़ीकरण के साथ औद्योगिक एवं लॉजिस्टिक्स इकाइयों तक संपर्क मार्ग विकसित करने की परियोजनाएं शामिल हैं।

मुख्य सचिव ने अधिकारियों को

- मुख्य सचिव की अध्यक्षता में उच्चस्तरीय समिति की बैठक में सड़क परियोजनाओं के 25 प्रस्ताव मंजूर

निर्देश दिए कि सभी स्वीकृत परियोजनाओं को निर्धारित समय-सीमा में पूरा कराया जाए।

निर्माण कार्यों में तकनीकी और गुणवत्ता मानकों का कड़ाई से पालन हो तथा नियमित निगरानी के साथ प्रगति की समीक्षा की जाए। उन्होंने स्पष्ट किया कि सड़क निर्माण की गुणवत्ता से किसी भी स्तर पर समझौता नहीं किया जाना चाहिए। स्वीकृत परियोजनाओं में कानपुर नगर में अटल घाट के पीछे से गंगा बैराज की ओर नवीन फोरलेन मार्ग का निर्माण और कंपनी बाग चौराहे तक चौड़ीकरण शामिल है। इस पर 22.70 करोड़ रुपये खर्च होंगे। बांदा में 10.20

- कानपुर में गंगा बैराज तक फोरलेन और गोरखपुर में क्रिकेट स्टेडियम तक आठ लेन सड़क बनेगी

किलोमीटर लंबे चार लेन बाईपास का निर्माण 93.92 करोड़ रुपये से कराया जाएगा। रामपुर के टांडा क्षेत्र में 6.50 किलोमीटर लंबे बाईपास पर 66.10 करोड़ रुपये खर्च किए जाएंगे। कन्नौज में पुराने जीटी मार्ग का 10.50 किलोमीटर तक चौड़ीकरण और सुदृढ़ीकरण 60.12 करोड़ रुपये से होगा। रायबरेली में खरोली-बाबूगंज-सूची मार्ग के 6.54 किलोमीटर हिस्से पर 51.51 करोड़ रुपये खर्च किए जाएंगे। अयोध्या में उतरौला-फैजाबाद-इलाहाबाद मार्ग के 2.87 किलोमीटर हिस्से का चौड़ीकरण और सुदृढ़ीकरण 30.74 करोड़ रुपये से कराया जाएगा। कुशीनगर में सिसवा-खड्डा मार्ग का चौड़ीकरण और सुदृढ़ीकरण 9.80 करोड़ रुपये से होगा। बदायूं में महिला पीएसी वाहिनी के आवासीय और अनावासीय भवनों तक पहुंच मार्ग का निर्माण भी प्रस्तावित है। गोरखपुर में निमार्णाधीन अंतरराष्ट्रीय क्रिकेट स्टेडियम तक पहुंचने के लिए आठ लेन और परिधीय मार्ग के लिए चार लेन सड़क बनाई जाएगी।

1.85 किलोमीटर लंबी इस परियोजना पर 103.73 करोड़ रुपये खर्च होंगे। इसके अलावा अलीगढ़ के लोधा-जिरौली औद्योगिक पार्क, बुलंदशहर में न्यू खुर्जा जंक्शन रेलवे सेक्शन और डीएफसीसीआईएल, लखीमपुर खीरी में सीबीजी प्लांट, संतकबीरनगर में मरुभूमि मार्केटिंग प्राइवेट लिमिटेड, मीरजापुर में न्यू अहरौरा रेलवे स्टेशन और हाथरस में नए रेलवे स्टेशन तक संपर्क मार्ग विकसित किए जाएंगे।

विधानसभा चुनाव में व्यापारी समाज की भागीदारी बढ़ाने पर जोर

लखनऊ। उत्तर प्रदेश उद्योग व्यापार मंडल ने प्रदेश के पंजीकृत व्यापारियों को आयुष्मान भारत योजना का लाभ देने और दुर्घटना की स्थिति में मिलने वाली आर्थिक सहायता राशि 10 लाख से बढ़ाकर 25 लाख रुपये करने की मांग उठाई है। हजरतगंज स्थित कार्यालय में प्रदेश अध्यक्ष मुकुंद मिश्रा की अध्यक्षता में हुई प्रदेश कोर कमेटी की बैठक में व्यापारियों से जुड़े विभिन्न मुद्दों पर चर्चा के साथ आगामी विधानसभा चुनाव में व्यापारी समाज की भागीदारी बढ़ाने के लिए राजनीतिक समन्वय समिति के गठन का निर्णय लिया गया। बैठक में प्रदेश अध्यक्ष मुकुंद मिश्रा ने कहा कि व्यापारी प्रदेश की अर्थव्यवस्था में महत्वपूर्ण योगदान देते हैं। ऐसे में पंजीकृत व्यापारियों और उनके परिवारों को आयुष्मान योजना के तहत स्वास्थ्य सुविधाएं मिलनी चाहिए।

रामरथ यात्रा का 66वां पड़ाव पूरा, श्रद्धालुओं ने किए श्रीराम के दर्शन

लखनऊ। सरोजनीनगर के विधायक डॉ. राजेश्वर सिंह के सौजन्य से संचालित रामरथ यात्रा का 66वां पड़ाव पूरा हुआ। सरोजनीनगर दक्षिण-3 मंडल के चरण भट्ठा रोड से 50 श्रद्धालुओं का जत्था अयोध्या धाम पहुंचा, जहां सभी ने प्रभु श्रीराम के दर्शन कर आशीर्वाद प्राप्त किया। इस पहल के माध्यम से अब तक नौ हजार से अधिक श्रद्धालुओं को रामनगरी में दर्शन का अवसर मिल चुका है।

डॉ. राजेश्वर सिंह ने कहा कि जनसेवा केवल विकास कार्यों तक सीमित नहीं है, बल्कि लोगों की धार्मिक आस्थाओं, सांस्कृतिक विरासत और आध्यात्मिक अभिलाषाओं का सम्मान करना भी इसका महत्वपूर्ण हिस्सा है। रामरथ यात्रा का उद्देश्य आर्थिक और व्यावहारिक कठिनाइयों के कारण तीर्थयात्रा से वंचित रह जाने वाले



श्रद्धालुओं को दर्शन का अवसर उपलब्ध कराना है। रामरथ यात्रा के अतिरिक्त क्षेत्रवासियों को खाटू श्याम धाम, अमृतसर स्थित स्वर्ण मंदिर और पाकिस्तान स्थित करतारपुर साहिब की यात्रा से जोड़ने की पहल भी की गई है। सिख श्रद्धालुओं के लिए विमान से यात्रा की व्यवस्था तथा कन्हैया मित्तल की भजन संध्या जैसे आयोजनों के माध्यम से धार्मिक और आध्यात्मिक गतिविधियों को प्रोत्साहित किया गया है। आध्यात्मिक आयोजनों की इसी श्रृंखला में 21 से 25 दिसंबर तक सरोजनीनगर स्थित डिफेंस एक्सपो ग्राउंड में पूज्य पं. धीरेन्द्र कृष्ण शास्त्री के श्रीमुख से श्री हनुमंत कथा का आयोजन होगा। पांच दिवसीय कथा में श्रद्धालुओं को श्रीराम भक्ति, हनुमान जी की आराधना और सनातन संस्कृति से जुड़ने का अवसर मिलेगा।

विदेशों में रह रहे भारतीय नागरिक भी मतदाता सूची में दर्ज करा सकते हैं नाम

विशेष संवाददाता (vol)

लखनऊ। उत्तर प्रदेश के मुख्य निर्वाचन अधिकारी नवदीप रिणवा ने बताया कि भारत निर्वाचन आयोग द्वारा 01 जनवरी की अर्हता तिथि के आधार पर संचालित विशेष संक्षिप्त पुनरीक्षण (एसएसआर) के अंतर्गत दावा एवं आपत्ति अवधि में पात्र नागरिकों के नाम मतदाता सूची में सम्मिलित किए जा रहे हैं। विदेशों में निवास कर रहे भारतीय नागरिकों को भी लोकतांत्रिक प्रक्रिया से जोड़ने तथा उन्हें मतदान का अधिकार सुनिश्चित करने के उद्देश्य से प्रवासी भारतीय निर्वाचक के रूप में मतदाता सूची में शामिल करने की व्यवस्था की गई है। उन्होंने बताया कि वर्ष 2011 में संशोधन कर प्रावधान किया गया जिसके अंतर्गत विदेशों में रह रहे भारतीय नागरिकों को प्रवासी भारतीय निर्वाचक के रूप में मतदाता सूची में पंजीकरण कराने का अधिकार प्रदान किया गया है।

- मतदाता पंजीकरण के लिए प्रवासी भारतीय नागरिक ऑनलाइन, ऑफलाइन अथवा डाक द्वारा कर सकते हैं आवेदन

उन्होंने बताया कि मतदाता सूची में नाम सम्मिलित कराने के लिए संबंधित निर्वाचक रजिस्ट्रीकरण अधिकारी को फार्म-6ए के माध्यम से ऑनलाइन, ऑफलाइन अथवा डाक द्वारा आवेदन किया जा सकता है।

उन्होंने कहा कि प्रवासी भारतीय निर्वाचक ऑनलाइन आवेदन नागरिक सेवा पोर्टल अथवा मोबाइल ऐप के माध्यम से कर सकते हैं। ऑनलाइन आवेदन के साथ नवीनतम पासपोर्ट साइज रंगीन फोटो तथा भारतीय पासपोर्ट के संबंधित पृष्ठों की स्वप्रमाणित प्रतियां संलग्न करना अनिवार्य होगा। वहीं यदि आवेदक संबंधित निर्वाचक रजिस्ट्रीकरण अधिकारी के कार्यालय में उपस्थित होकर फार्म-6ए प्रस्तुत करता है, तो आवेदन के साथ भारतीय पासपोर्ट के संबंधित पृष्ठों की प्रतियां संलग्न करनी होंगी। डाक द्वारा फार्म-6ए प्रस्तुत करने वाले आवेदकों को आवेदन के साथ नवीनतम पासपोर्ट साइज रंगीन फोटो तथा भारतीय पासपोर्ट के संबंधित पृष्ठों की स्वप्रमाणित प्रतियां संलग्न करनी होंगी। उन्होंने बताया कि 10 अप्रैल, 2026 को प्रकाशित एसआईआर की अंतिम मतदाता सूची में कुल 3625 प्रवासी भारतीय मतदाता पंजीकृत थे, जिसमें 3035 पुरूष एवं 590 महिला मतदाता के रूप में शामिल थे। वहीं 17 नवम्बर, 2026 को प्रकाशित विशेष संक्षिप्त पुनरीक्षण की आलेख्य मतदाता सूची में कुल 4215 प्रवासी भारतीय मतदाता पंजीकृत हैं, जिसमें 3492 पुरूष एवं 723 महिला मतदाता के रूप में शामिल हैं। इस तरह आलेख्य मतदाता सूची में 590 प्रवासी भारतीय मतदाताओं की वृद्धि हुई है, जिसमें 457 पुरूष तथा 133 महिला मतदाताओं की वृद्धि शामिल है।

ग्रीन कॉरिडोर के चौथे फेज पर जमीन को लेकर विवाद

लखनऊ। बसंतकुंज से किसान पथ तक बन रहे ग्रीन कॉरिडोर के चौथे फेज में जमीन को लेकर विवाद खड़ा हो गया है। मोहनलालगंज तहसील के ग्राम नूरपुर बेहटा में सिंचाई विभाग ने निर्माण कार्य पर आपत्ति जताते हुए एलडीए को पत्र लिखा है। विभाग का आरोप है कि कॉरिडोर का निर्माण उसकी जमीन पर बिना विधिवत हस्तांतरण के कराया जा रहा है। वहीं, एलडीए ने इस आपत्ति को निराधार बताते हुए कहा है कि निर्माण स्थल की जमीन सिंचाई विभाग की नहीं, बल्कि एलडीए की है। सिंचाई विभाग के मुताबिक नूरपुर बेहटा में ग्रीन कॉरिडोर के निर्माण वाले हिस्से में गाटा संख्या 27, 64, 35, 23, 28 और 24 की जमीन उसके स्वामित्व में दर्ज है। विभाग का कहना है कि इन जमीनों का अब तक एलडीए के पक्ष में हस्तांतरण नहीं हुआ है। ऐसे में हस्तांतरण की प्रक्रिया पूरी किए बिना निर्माण कराना शासन के नियमों के विपरीत है। इससे भविष्य में जमीन के स्वामित्व, रखरखाव और विभागीय अभिलेखों को लेकर विवाद की आशंका है।

बढ़ाओ कदम, अच्छी सरकार देंगे हम : कांग्रेस

आराधना मिश्रा मोना झांसी से करेंगी जनसंवाद का शंखनाद : अब्दुल हन्नान

विशेष संवाददाता (vol)

लखनऊ। अखिल भारतीय कांग्रेस कमेटी के सचिव सह प्रभारी उप्र कांग्रेस अब्दुल हन्नान ने बुधवार को प्रदेश मुख्यालय में आयोजित प्रेसवार्ता में बताया कि प्रदेश अध्यक्ष एवं विधायक आराधना मिश्रा मोना ने बढ़ाओ कदम, अच्छी सरकार देंगे हम के नारे के साथ प्रदेश में चुनावी रणभेरी बजा दी है। उन्होंने कहा कि इस अभियान की शुरूआत वीरांगना रानी लक्ष्मीबाई की कर्मभूमि झांसी से हो रही है। उन्होंने कहा कि यह संदेश साफ है कि कांग्रेस अब प्रदेश की जनता के हक और सम्मान की निर्णायक लड़ाई लड़ने का मन बना चुकी है।

श्री हन्नान ने बताया कि प्रदेश कांग्रेस अध्यक्ष लखनऊ से उन्नाव, कानपुर, कानपुर देहात, उरई और जालौन होते हुए झांसी पहुंचेंगी। वहां आईएमए भवन, बीकेडी चौराहा पर आयोजित लोक हुंकार, जन संवाद



कार्यक्रम में वे समाज के विभिन्न वर्गों से सीधा संवाद करेंगी। इनमें कलमकार, कलाकार, इतिहासकार, साहित्यकार, अधिवक्ता और जेन-जी के युवा शामिल होंगे। वे उनसे चर्चा करके उनकी व्यथा और पीड़ा को जानेंगी और उनकी अपेक्षाओं व सुझावों को समझेंगी। इसके बाद लक्ष्मी गार्डन, एलाइड चौराहा पर झांसी मंडल के जालौन, झांसी और ललितपुर जिलों के कांग्रेस पदाधिकारियों, पूर्व सांसदों, पूर्व विधायकों, 2022 विधानसभा और 2024 लोकसभा के प्रत्याशियों तथा कार्यकर्ताओं के साथ बैठक कर वे चुनावी रणनीति को धार देंगी। सायंकाल वे झांसी सर्किट हाउस में कांग्रेसजनों से भेंटवार्ता करेंगी। झांसी प्रवास के दौरान प्रदेश अध्यक्ष माँ पीताम्बरा के दर्शन कर उनका आशीष लेंगी और उत्तर प्रदेश के उज्ज्वल भविष्य की कामना करेंगी।

अगले दिन प्रदेश अध्यक्ष लखनऊ लौटकर प्रदेश कांग्रेस मुख्यालय में भारत रत्न, पूर्व प्रधानमंत्री स्व. इंदिरा गांधी की जयंती पर आयोजित कार्यक्रम तथा उत्तर प्रदेश युवा कांग्रेस (मध्य जोन) के सम्मेलन में शामिल होंगी। श्री हन्नान ने कहा कि झांसी से शुरू हुआ यह जनसंवाद अभियान यहीं नहीं रुकेगा। प्रदेश अध्यक्ष चुनाव तक लगातार समूचे उत्तर प्रदेश के हर मंडल, हर जनपद और कोने-कोने तक पहुंचेंगी। वे किसानों, नौजवानों, महिलाओं, व्यापारियों, श्रमिकों और वंचित वर्गों से सीधा संवाद स्थापित करेंगी। उनकी अपेक्षाओं, उनकी महत्वाकांक्षाओं और उनकी पीड़ाओं को कांग्रेस अपना स्वर देगी।

श्री हन्नान ने कहा कि उत्तर प्रदेश एक वक्त में देश की शिक्षा, संस्कृति, कृषि और आध्यात्मिक चेतना की राजधानी माना जाता था। आज भारतीय जनता पार्टी की सत्ता की सरपरस्ती में इसी प्रदेश में भगवान श्रीराम के मंदिर की आस्था के साथ कुठाराघात करके चंदा चोरी की गई। साथ ही भ्रष्टाचार के जरिए देश के नागरिकों के संसाधनों की चोरी की गई। आज प्रदेश हर मोर्चे पर बदहाली के दौर से गुजर रहा है। उन्होंने कहा कि बढ़ाओ कदम, अच्छी सरकार देंगे हम केवल एक नारा नहीं है, यह उत्तर प्रदेश की जनता से कांग्रेस का वादा है। सुरक्षित, शिक्षित, स्वस्थ और भ्रष्टाचारमुक्त उत्तर प्रदेश का निर्माण इंडिया गठबंधन करेगा। इंडिया गठबंधन की जीत उत्तर प्रदेश के विकास की गारंटी होगी।

योगी के गढ़ गोरखपुर में अखिलेश यादव का शक्ति प्रदर्शन

20 किलोमीटर लंबे रोड शो में उमड़ा समर्थकों का हुजूम

विशेष संवाददाता (vol)

गोरखपुर। उत्तर प्रदेश की राजनीति में 2027 विधानसभा चुनाव की तैयारियों के बीच समाजवादी पार्टी के राष्ट्रीय अध्यक्ष एवं पूर्व मुख्यमंत्री अखिलेश यादव ने बुधवार को मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ के गृह जनपद गोरखपुर में बड़ा राजनीतिक शक्ति प्रदर्शन किया। पीडीए रथ पर सवार होकर निकले अखिलेश यादव के रोड शो में बड़ी संख्या में पार्टी कार्यकर्ता और समर्थक शामिल हुए।

गोरखपुर एयरपोर्ट से शुरू हुआ रोड शो लगभग 20 किलोमीटर की दूरी तय करते हुए चौरीचौरा क्षेत्र के देवकही गांव पहुंचा। रोड शो गोरखपुर सदर, गोरखपुर ग्रामीण और चौरीचौरा विधानसभा क्षेत्रों से होकर गुजरा। रास्ते में जगह-जगह पार्टी कार्यकर्ताओं ने स्वागत किया और समर्थन में नारे लगाए। अखिलेश यादव ने देवकही गांव में 1857 के स्वतंत्रता संग्राम के अमर सेनानी शहीद बाबू बंधू सिंह की



प्रतिमा का अनावरण किया। इसके बाद पूर्व छात्रनेता विनय कुमार सिंह उर्फ बिन्नू सिंह की दसवीं पुण्यतिथि पर आयोजित श्रद्धांजलि कार्यक्रम में शामिल होकर सभा को संबोधित किया। सभा में अखिलेश यादव ने भाजपा पर राजनीतिक हमला बोलते हुए कहा कि यदि आज चुनाव हो जाएं तो गोरखपुर में भाजपा को 'डबल जीरो' मिल सकता है। उन्होंने वाराणसी में शिक्षक और स्नातक निर्वाचन क्षेत्रों में समाजवादी पार्टी की जीत का भी उल्लेख किया। गोरखपुर में विकास के दावों पर कटाक्ष करते हुए अखिलेश यादव ने जलभराव की समस्या का मुद्दा उठाया। उन्होंने कहा कि बारिश के दौरान लोगों को परेशानी होती है और विकास के दावों के बावजूद बुनियादी समस्याएं बनी हुई हैं। इस दौरे के दौरान अखिलेश यादव पूर्व मंत्री स्वर्गीय हरिशंकर तिवारी के परिवार से मिलने तिवारी हाता भी पहुंचे। उनके इस दौरे को पूर्वांचल में समाजवादी पार्टी के संगठन को मजबूत करने और आगामी विधानसभा चुनाव की तैयारियों के लिहाज से महत्वपूर्ण माना जा रहा है। गोरखपुर में आयोजित इस रोड शो के जरिए समाजवादी पार्टी ने मुख्यमंत्री के गृह क्षेत्र में अपनी राजनीतिक सक्रियता और संगठनात्मक ताकत का संदेश देने की कोशिश की।

आज चुनाव हुए तो गोरखपुर में भाजपा को डबल जीरो मिलेगा

गोरखपुर। आज चुनाव हो जाएं तो गोरखपुर में भाजपा को डबल जीरो मिल सकता है। समाजवादी पार्टी के राष्ट्रीय अध्यक्ष एवं पूर्व मुख्यमंत्री अखिलेश यादव ने बुधवार को मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ के गृह जनपद गोरखपुर में यह बयान देकर सियासी हलचल तेज कर दी। करीब 20 किलोमीटर लंबे रोड शो के बाद सभा को संबोधित करते हुए उन्होंने भाजपा पर निशाना साधा और आगामी विधानसभा चुनाव में सपा की जीत का दावा किया। अखिलेश यादव पीडीए रथ पर सवार होकर गोरखपुर एयरपोर्ट से चौरीचौरा क्षेत्र के देवकही गांव पहुंचे। रास्ते में बड़ी संख्या में समर्थक और कार्यकर्ता मौजूद रहे। उन्होंने रोड शो में मिले जनसमर्थन को राजनीतिक बदलाव का संकेत बताते हुए कहा कि गोरखपुर की जनता भाजपा को इस बार करारा जवाब देगी।

रथयात्रा और नारों से नहीं छिपेंगे सपा के पुराने कारनामे

विशेष संवाददाता (vol)

लखनऊ। भाजपा प्रदेश अध्यक्ष एवं केंद्रीय वित्त राज्य मंत्री पंकज चौधरी ने गोरखपुर में सपा अध्यक्ष अखिलेश यादव के रोड शो को लेकर तीखा हमला बोला। उन्होंने कहा कि अखिलेश यादव डोर-टू-डोर जाकर माफी भी मांग लें, तब भी जनता सपा सरकार के पुराने कारनामों को माफ नहीं करेगी।

रथयात्रा निकालने, नारे लगाने और रोड शो करने से सपा अपने शासनकाल के कारनामों से जनता का ध्यान नहीं भटका सकती। अखिलेश यादव को राजनीतिक दिखावे के बजाय अपने शासनकाल में हुई घटनाओं और जनता के साथ किए गए अन्याय के लिए जवाब देना चाहिए।

उन्होंने कहा कि सपा शासनकाल में अपराधियों और गुंडों के डर से माताओं-बहनों को अपने ही घरों में कैद रहने के लिए मजबूर होना पड़ा था। महिलाओं ने भय के माहौल में अपने सपनों



और आकांक्षाओं को दबाया था। प्रदेश की जनता उस दौर को भूली नहीं है।

श्री चौधरी कहा कि गाजियाबाद से गोरखपुर तक कितनी भी शोबाजी कर ली जाए, कितने भी नारे लगा लिए जाएं और वैनिटी वैन पर सवार होकर कितने भी चक्कर लगा लिए जाएं, इससे सपा के प्रति जनता का नजरिया नहीं बदलने वाला। राजनीतिक यात्राओं और आयोजनों से शासनकाल की जवाबदेही खत्म नहीं हो जाती।

भाजपा प्रदेश अध्यक्ष ने कहा कि उत्तर प्रदेश सपा के अहंकार, परिवारवाद, तुष्टिकरण, भ्रष्टाचार और नाकामियों का पूरा हिसाब जानता है। जातिवादी राजनीति को बढ़ावा देना, अपराधियों को संरक्षण देने की परंपरा और विकास के नाम पर खोखले दावे करना सपा की राजनीति के वे पहलू हैं, जिन्हें प्रदेश की जनता आज भी याद रखती है। उन्होंने कहा कि राजनीतिक यात्राएं निकालने से सपा अपने पुराने शासनकाल के सवालों से बच नहीं सकती।

जनता को नारों और मंचों से ज्यादा सुरक्षा, सम्मान और विकास से जुड़े सवालों के जवाब चाहिए। अखिलेश को यह समझना होगा कि केवल राजनीतिक आयोजन करने से पुराना रिकॉर्ड नहीं बदल जाता। प्रदेश अध्यक्ष ने कहा कि उत्तर प्रदेश की जनता सब देख रही है और सपा के राजनीतिक दिखावे तथा उसके शासनकाल के कारनामों के बीच अंतर भी समझती है। जनता के सामने सपा का अतीत और उसका राजनीतिक आचरण दोनों मौजूद हैं।

कबाड़ के गोदाम में लगी आग, कई झुग्गियां जलीं

- 4 किमी तक दिखा धुआं फायर ब्रिगेड की 10 गाड़ियों ने काबू पाया

वरिष्ठ संवाददाता (vol)





लखनऊ। लखनऊ के ऐशबाग स्थित कबाड़ गोदाम में बुधवार शाम करीब 4 बजे भीषण आग लग गई। गोदाम के बगल में बसी 10 झुग्गियां भी जलकर राख हो गई। आग की लपटें इतनी तेज थी कि करीब 4 किलोमीटर दूर से धुआं दिखाई दिया। गोदाम से धुआं उठता देख लोगों ने फायर ब्रिगेड को सूचना दी। सूचना पर पहुंची फायर ब्रिगेड की 10 गाड़ियों ने 2 घंटे में आग पर काबू पाया। गोदाम में प्लास्टिक का सामान डंप होने से आग काफी तेजी से फैली। हालांकि घटना में किसी भी प्रकार की जनहानि नहीं हुई है।

शाम 4 बजे झुग्गियों के बीच से उठा धुआं : प्रत्यक्षदर्शियों के मुताबिक, ऐशबाग स्थित कबाड़ गोदाम में शाम करीब 4 बजे धुआं उठना शुरू हुआ। देखते ही देखते कई फीट ऊंचाई तक आग की लपटें दिखने लगीं। लोगों ने पहले आग बुझाने की कोशिश की, लेकिन लपटें तेजी से फैलने लगीं। इसके बाद फायर ब्रिगेड को सूचना दी गई।

अपना सामान छोड़कर भाग निकले : गोदाम में प्लास्टिक का सामान होने से आग ने कुछ ही देर में विकराल रूप ले लिया। घटनास्थल पर आग लगते ही अफरा-तफरी मच गई। लोग अपना सामान छोड़कर भाग निकले। आग की लपटें आसमान में कई फीट ऊंचाई तक उठी। करीब 4 किलोमीटर दूर तक धुआं दिखाई दिया।

दमकल की 10 गाड़ियां मौके पर पहुंची : सूचना मिलते ही दमकल की 10 गाड़ियां मौके पर पहुंचीं। गोदाम में प्लास्टिक का सामान होने के कारण आग बुझाने में दमकलकर्मियों को परेशानी हुई। करीब 2 घंटे में टीम ने आग पर काबू पाया। गोदाम में रखा सामान पूरी तरह जलकर राख हो गया।

दो दशक से रह रहे झुग्गी वाले : आसपास रहने वाले लोगों ने बताया करीब 20 साल से यह झुग्गी बसी हैं। इस जमीन का कोर्ट में विवाद चल रहा है। जिसके चलते यह जमीन खाली पड़ी है। यहां पर असम के रहने वाले लोगों ने झुग्गी बना ली। शहर भर का प्लास्टिक का कूड़ा बीन कर सभी अपना गुजर-बसर करते हैं।

शादी के लिए रखा सामान जलकर राख : झुग्गी में रहने वाली रोशनी ने बताया उनके बड़े पिता शब्बीर के घर 29 नवंबर को बेटी की शादी है। जिसके लिए खरीदारी का सारा सामान खरीद कर रखा गया था। आग लगने की वजह से घर में रखा पूरा सामान जल गया। इसके अलावा उनकी बुआ का घर भी वही पर था। वह भी जल गया। रोशनी यूपी पुलिस की तैयारी कर रही है, 9 जून को पेपर दी थी। 6 नंबर से रुक गया था। उनके परिवार में 6 लोग हैं। हादसे के बाद सब कुछ खत्म हो गया। वह इतना परेशान थी कि किसी से बोल नहीं पा रही थी।

कोई भी जनहानि नहीं हुई : डीसीपी पश्चिम जितेंद्र श्रीवास्तव ने ऐशबाग क्षेत्र में आग लगी थी जिसकी चपेट में 8 से 10 झुग्गियां और कबाड़ का सामान जल गया। सूचना पर फायर ब्रिगेड की टीम ने पहुंचकर आग पर पूरी तरह काबू पा लिया। कोई भी जनहानि नहीं हुई है।

पूजन सामग्रियों व मूर्तियों का किया गया विसर्जन

लखनऊ। गोमती नगर जन कल्याण महासमिति की पहल पर दीपावली के बाद देवी-देवताओं की मूर्तियों और चित्रों का ससम्मान विसर्जन किया गया। महासमिति के महासचिव डॉ. राघवेंद्र शुक्ला के आह्वान पर प्रतिवर्ष महासमिति के सभी खंडों में यह अभियान चलाया जाता है। इसके तहत लोग घरों में रखी पुरानी मूर्तियों और धार्मिक चित्रों को एकत्र कर विसर्जित करते हैं।

इसी क्रम में वास्तु खंड-दो कल्याण समिति की ओर से गणेश जी, लक्ष्मी जी सहित अन्य देवी-देवताओं की मूर्तियों और चित्रों का एकत्रीकरण किया गया। इसके बाद उन्हें पूरे सम्मान के साथ विसर्जित किया गया। इस कार्य में महासमिति के कार्यकारी महासचिव कर्नल एएन पांडेय, सचिव सीजी नायर, महिला प्रभारी नंदिनी मिश्रा, प्रचार सचिव अजय तिवारी और वास्तु खंड प्रभारी विवेक शुक्ला ने नेतृत्व एवं सहयोग किया। महासमिति का उद्देश्य धार्मिक आस्था का सम्मान करते हुए देवी-देवताओं की पुरानी मूर्तियों और चित्रों का उचित एवं सम्मानजनक निस्तारण सुनिश्चित करना है।

चुनाव के लिए सेक्टर मजिस्ट्रेट और पुलिस अधिकारियों का प्रशिक्षण कार्यक्रम संपन्न

वरिष्ठ संवाददाता (vol)

लखनऊ। आगामी विधानसभा सामान्य निर्वाचन की तैयारियों को समयबद्ध एवं प्रभावी ढंग से सुनिश्चित करने तथा निर्वाचन प्रक्रिया को स्वतंत्र, निष्पक्ष, शांतिपूर्ण एवं पारदर्शी रूप से संपन्न कराने के उद्देश्य से आज इंदिरा गांधी प्रतिष्ठान स्थित ज्यूपिटर हॉल में जनपद के सभी सेक्टर मजिस्ट्रेट एवं सेक्टर पुलिस अधिकारियों का एक दिवसीय प्रशिक्षण कार्यक्रम आयोजित किया गया।

प्रशिक्षण कार्यक्रम पुलिस आयुक्त तरुण गाबा, जिला निर्वाचन अधिकारी, जिलाधिकारी विशाख जी एवं संयुक्त पुलिस आयुक्त बबलू कुमार की उपस्थिति में संपन्न हुआ। प्रशिक्षण कार्यक्रम में अधिकारियों को भारत निर्वाचन आयोग द्वारा जारी नवीनतम दिशा-निदेशों, निर्वाचन संबंधी दायित्वों तथा निर्वाचन की तैयारियों के संबंध में विस्तारपूर्वक जानकारी प्रदान की गई। पुलिस आयुक्त तरुण गाबा द्वारा प्रशिक्षण में अधिकारियों को 'क्रिटिकल' मतदान केंद्रों और 'वल्नरेबल' पॉकेट्स (मजरों/बस्तियों) की सटीक पहचान करने के मानकों से अवगत कराया गया। प्रशिक्षण में जिला निर्वाचन अधिकारी ने सेक्टर मजिस्ट्रेट और सेक्टर पुलिस अधिकारियों को निर्देशित किया कि वे अपने-अपने आवंटित क्षेत्रों का संयुक्त रूप से भ्रमण करें।

मतदान केंद्रों पर मूलभूत सुविधाओं, रूट चार्ट, संचार व्यवस्था और कानून-व्यवस्था का भौतिक सत्यापन समय से पूर्ण करना सुनिश्चित करे। उन्होंने निर्देश दिए कि सेक्टर मजिस्ट्रेट अपने आवंटित क्षेत्रों के मतदान केंद्रों की स्थिति, संवेदनशीलता एवं उपलब्ध संसाधनों के संबंध में अद्यतन जानकारी रखें। उक्त प्रशिक्षण अपर जिलाधिकारी नगर पूर्वी, अपर जिलाधिकारी प्रशासन, अपर जिलाधिकारी नागरिक आपूर्ति, समस्त सेक्टर एवं सेक्टर पुलिस अधिकारी सहित अन्य विभागीय अधिकारी उपस्थित रहे।

मातृशक्ति का सम्मान राष्ट्र के निर्माण का आधार : रीना चौधरी



लखनऊ। राजधानी लखनऊ के हरौनी क्षेत्र स्थित नारायणपुर के सिंह गेस्ट हाउस में वरिष्ठ भाजपा नेता डॉ. राजकुमार सिंह चौहान के संयोजन में सामाजिक सहयोग, सेवा और मातृशक्ति के सम्मान को समर्पित भव्य साड़ी वितरण किया गया। कार्यक्रम में मुख्य अतिथि के रूप में उपस्थित पूर्व सांसद रीना चौधरी एवं राष्ट्रीय लोकदल के राष्ट्रीय महासचिव अनिल दुबे ने महिलाओं को सम्बोधित करते हुए कहा कि महिलाओं का सम्मान, शिक्षा और सामाजिक योगदान को राष्ट्र की प्रगति का महत्वपूर्ण आधार बताया। मुख्य अतिथि पूर्व सांसद रीना चौधरी एवं रालोद के राष्ट्रीय महासचिव अनिल दुबे ने संयुक्त रूप से कहा कि देश और समाज की तरक्की में मातृशक्ति का योगदान अतुलनीय है। एक शिक्षित महिला केवल स्वयं शिक्षित नहीं होती, बल्कि वह पूरे परिवार और आने वाली पीढ़ियों को शिक्षित एवं संस्कारित करने का काम करती है। अतिथियों ने डॉ. राजकुमार सिंह चौहान के प्रयासों की सराहना की।

अनियंत्रित होकर डम्फर दुकानों में घुसा

लखनऊ। बंथरा थाना क्षेत्र में कानपुर रोड पर बुधवार तड़के गिट्टी लदा तेज रफ्तार डंपर अचानक अनियंत्रित होकर औरावां मोड़ के पास सड़क किनारे स्थित दो दुकानों पर पलट गया। इस हादसे में दुकानदार बच गया, जबकि दोनों दुकानों में रखा लाखों रुपये का सामान नष्ट हो गया। दुकान के सामने खड़ी दुकानदार की स्कूटी भी डंपर के नीचे दबकर क्षतिग्रस्त हो गई। नगर पंचायत बंथरा के चंद्रशेखरनगर वार्ड निवासी संतोष चौरसिया (30) बंथरा थाने के बगल में औरावां मोड़ पर बांस के टट्टर से बने होटल में चाय बेचने के साथ बगल में गुमटी में पान मसाला व जनरल स्टोर की दुकान चलाते हैं। संतोष के मुताबिकतड़के अचानक तेज धमाके की आवाज आई। आवाज सुनकर संतोष जागे तो देखा कि डंपर नाला तोड़ते हुए दोनों दुकानों पर पलट गया है। उधर हादसे के बाद डंपर चालक मौके से फरार हो गया।

रात में कालोनी में घूमते है नकाब पोश संदिग्ध

लखनऊ। सुशांत गोल्फ सिटी क्षेत्र स्थित पंडित दीन दयाल उपाध्याय नगर कॉलोनी में 15/16 नवंबर की रात तीन नकाबपोश लोग हथियार लेकर घूमते दिखे। पंडित दीन दयाल उपाध्याय नगर विकास समिति के अध्यक्ष विजय बाजपेई ने बताया कि कॉलोनीवासियों ने जब उन्हें दौड़ाया तो वह भाग निकले। घटना के बाद से क्षेत्रीय लोगों में डर और खौफ का माहौल है। विजय बाजपेई के अनुसार, घटना की सूचना इंस्पेक्टर सुशांत गोल्फ सिटी राजीव रंजन उपाध्याय को दी गई थी।उन्होंने देखने की बात कही थी, लेकिन अभी तक कोई भी पुलिस अधिकारी जांच के लिए नहीं आया है, न ही कोई कार्रवाई की गई।

कार सवार चालक ने बुजुर्ग को मारी टक्कर

लखनऊ। कृष्णानगर कोतवाली इलाके के एलडीए कॉलोनी में रहने वाले एक बुजुर्ग को सफारी गाड़ी चालक ने टक्कर मार चोटिल कर दिया। आरोप है कि आरोपी सफारी गाड़ी चालक इलाज के बहाने बुजुर्ग को घर के बाहर धकेल भाग गया। कृष्णानगर कोतवाली इलाके के कानपुर रोड एलडीए कॉलोनी के सेक्टर डी-1 निवासी यश मिश्रा के अनुसार दिवाली पर्व के दिन दोपहर करीब 1 बजे उनके 64 वर्षीय पिता रवि शंकर मिश्रा निजी कार्य से बाहर न्यू पब्लिक स्कूल रोड पर जा रहे थे। आरोप है कि इस दौरान रांग साइड से आ रही सफेद रंग की सफारी गाड़ी संख्या यूपी 32 केएच 4603 सवार ने उनके पिता को टक्कर मार भगाने का प्रयास किया, पर वहां खड़ी हुई भीड़ ने गाड़ी को रोककर चालक को पकड़ लिया।चालक ने इलाज के बहाने घर के बाहर धकेल फरार हो गया। बेटे के अनुसार उन्होंने अपने चोटिल पिता को लोकबंधु अस्पताल पहुंचाया जहां चोट गंभीर होने व खून न रुकने के कारण डाक्टरों ने उनके पिता को ट्रामा रेफर कर दिया गया। ट्रामा सेंटर में एक्सरे में पैर की उंगलियों में फ्रैक्चर निकला। उनके पिता की स्थिति गंभीर बनी हुई है और टीएस मिश्रा अस्पताल में भर्ती कर इलाज चल रहा है।

जानलेवा फायरिंग का आरोपी गिरफ्तार

लखनऊ। सरोजनीनगर थाना क्षेत्र में मंगलवार को पड़ोसी पर तमंचे से जानलेवा फायरिंग करने के आरोपी को पुलिस ने गिरफ्तार कर लिया। पुलिस ने आरोपी के कब्जे से 12 बोर का अवैध तमंचा, एक खोखा और एक जिंदा कारतूस बरामद किया है। गौरतलब है कि सरोजनीनगर के रुस्तम विहार कॉलोनी निवासी मो. इखलाख मंगलवार सुबह अपने बच्चों को स्कूल छोड़ने के साथ ड्यूटी जाने के लिए घर के बाहर निकले खड़े थे।इसी दौरान उनकी पत्नी साजिया उन्हें बैग देने के लिए बाहर निकली। तभी घर के बगल में रहकर परचून की दुकान चलाने वाले मोहम्मद अली ने पुरानी रंजिश को लेकर शाजिया के चेहरे पर तेजाब फेंकने की धमकी दी थी। जिसके बाद दोनों पक्षों में गाली गलौज और विवाद के बाद मोहम्मद अली ने तमंचा निकाल कर उनके ऊपर दो फायर झोंक दिए थे। पुलिस के मुताबिक इस मामले में पीड़ित मो. इखलाख ने आरोपी के खिलाफ रिपोर्ट दर्ज कराई कि मंगलवार को उसकी बकरी मो. अली के घर में चली गई थी। इसी बात को लेकर मो. अली पुत्र रमजान अली ने गाली-गलौज शुरू कर दी। विरोध करने पर आरोपी ने इखलाख को जान से मारने की नीयत से तमंचे से फायर कर दिया। रिपोर्ट दर्ज करने के बाद इस मामले में पुलिस उपायुक्त दक्षिणी मो. मुश्ताक के निर्देशन में गठित दो पुलिस टीमों ने आरोपी मो. अली (65) को गिरफ्तार कर उसके पास से 12 बोर का देसी तमंचा, एक जिन्दा कारतूस और एक खोखा बरामद कर कार्रवाई की है।

मां ने चालक के खिलाफ दर्ज कराई रिपोर्ट

लखनऊ। सरोजनीनगर थाना क्षेत्र में करीब डेढ़ माह पहले तेज रफ्तार कार की टक्कर से हुई मोटरसाइकिल सवार युवती की मौत मामले में उसकी मां ने आरोपी वाहन चालक के खिलाफ रिपोर्ट दर्ज कराई है। आशियाना के विरहाना खेड़ा निवासी संतोष कुमारी के मुताबिक उनकी बेटी रोशनी गुप्ता अपने भांजे आर्यन और चालक प्रमोद के साथ 2 अक्टूबर की रात मोटरसाइकिल से घर लौट रही थी। तभी रात करीब 12:30 बजे सरोजनीनगर स्थित दरोगाखेड़ा के पास कानपुर रोड पर तेज रफ्तार और लापरवाही से आ रही कार संख्या यूपी 32 आरजे 0997 ने मोटरसाइकिल में जोरदार टक्कर मार दी।

दीपावली व छठ पर्व पर निगम की बसों में 2 करोड़ से अधिक यात्रियों ने किया सफर

वरिष्ठ संवाददाता (vol)

लखनऊ। उत्तर प्रदेश के परिवहन दीपावली एवं छठ पर्व के अवसर पर उत्तर प्रदेश राज्य सड़क परिवहन निगम द्वारा यात्रियों को सुरक्षित, सुगम एवं सुविधाजनक परिवहन सेवा उपलब्ध कराने के लिए व्यापक स्तर पर अतिरिक्त बसों का संचालन किया गया। परिवहन निगम की इस विशेष व्यवस्था के परिणामस्वरूप पर्व अवधि के दौरान 12 दिनों में 2 करोड़ से अधिक यात्रियों ने बसों के माध्यम से अपने गंतव्य तक यात्रा की। इस दौरान यात्रियों की ज्यादा आवक से 6 नवम्बर से 17 नवम्बर, 2026 तक विशेष परिवहन व्यवस्था लागू की गई।

इस अवधि में यात्रियों की आवश्यकता एवं आवागमन के दबाव के अनुरूप अधिक से अधिक बसों का संचालन सुनिश्चित किया गया। उन्होंने बताया कि 6 नवम्बर को 18.06 लाख से अधिक, 7 नवम्बर को 16.72 लाख से अधिक, 8 नवम्बर को 17.36 लाख से अधिक, 9 नवम्बर को 14.12 लाख से अधिक, 10 नवम्बर को 16.42 लाख से अधिक, 11 नवम्बर को 19.45 लाख से अधिक, 12 नवम्बर को 19.26 लाख से अधिक, 13 नवम्बर को 22.40 लाख से अधिक, 14 नवम्बर को 20.07 लाख से अधिक, 15 नवंबर को 20.13 लाख से अधिक 16 नवम्बर को 17.15 लाख से अधिक तथा 17 नवम्बर को 31.27 लाख से अधिक यात्रियों ने परिवहन निगम की बसों से यात्रा की।

उन्होंने कहा कि दीपावली एवं छठ पर्व के दौरान विशेष रूप से पूर्वांचल क्षेत्र में यात्रियों का आवागमन काफी बढ़ जाता है। प्रदेश के विभिन्न महानगरों एवं अन्य प्रदेशों के औद्योगिक क्षेत्रों में कार्यरत लोग त्योहार मनाने के लिए बड़ी संख्या में अपने घरों को जाते हैं। यात्रियों की इस बढ़ती संख्या को ध्यान में रखते हुए परिवहन निगम द्वारा पूर्वांचल सहित प्रदेश के प्रमुख मार्गों पर अतिरिक्त बसों की व्यवस्था की गई, जिससे यात्रियों को समय से उनके गंतव्य तक पहुंचने में सुविधा मिल सकी।

चालक की गला दबाकर की गयी थी हत्या

लखनऊ। जानकीपुरम के छुईयापुरवा में रहने वाले चालक दीपक कुमार कश्यप की गला दबाकर हत्या की गई थी। पोस्टमार्टम रिपोर्ट में हत्या से पहले उसके साथ मारपीट भी कई गईथी। उसके शरीर पर चोट के कई निशान भी मिले है। चालक दीपक का शव मंगलवार को झाड़ियों में पड़ा हुआ मिला। मृतक के परिवारीजनों ने दूसरी पत्नी, सास व ससुर पर हत्या कर शव फेंके जाने का आरोप लगाया था। इस मामले में भाई तहरीर भी दी है।

वहीं पुलिस का कहना है कि इस मामले में अब तक कोई तहीरर नहीं मिली है। बुधवार शाम दीपक के शव को पोस्टमार्टम से भाई के घर लाने की मांग को लेकर परिजनों ने इंजीनियरिंग चौराहे के पास प्रर्दशन भी किया। दीपक के भाई रामू का कहना है कि दीपक अपनी बेटी गुड़िया (14) के लापता होने की शिकायत लेकर 16 नवंबर को जानकीपुरम थाना में तहरीर लेकर गया था। उसने अपनी बेटी के गायब होने का शक अपनी दूसरी पत्नी और ससुराल वालों पर लगाया था। मंगलवार को दीपक का शव चंद्रा आईटीआई के पास झाड़ियों में पड़ा हुआ मिला था।

निकाय कर्मचारियों की मांगों पर आर-पार की तैयारी

- 15 दिसंबर को निदेशालय का घेराव करेंगे कर्मचारी

विशेष संवाददाता (vol)



लखनऊ। स्थानीय निकाय कर्मचारियों की लंबित मांगों का समाधान नहीं होने से नाराज उत्तर प्रदेश स्थानीय निकाय कर्मचारी महासंघ ने आंदोलन का ऐलान किया है। बुधवार को नगर निगम मुख्यालय स्थित न्यू कमेटी हॉल में प्रदेश अध्यक्ष शशि कुमार मिश्र की अध्यक्षता में हुई प्रदेश कार्यसमिति की बैठक में सर्वसम्मति से आंदोलन के दो चरण घोषित किए गए। इसके तहत 30 नवंबर को प्रदेशभर में ज्ञापन दिया जाएगा, जबकि मांगें पूरी नहीं होने पर 15 दिसंबर को लखनऊ स्थित स्थानीय निकाय निदेशालय पर विशाल धरना और घेराव किया जाएगा।

बैठक में लखनऊ, कानपुर, अयोध्या, प्रयागराज, वाराणसी, बहराइच और बरेली समेत प्रदेश की विभिन्न इकाइयों के प्रतिनिधियों ने हिस्सा लिया। महासंघ ने आरोप लगाया कि निकाय कर्मचारियों की 10 सूत्रीय मांगों को लेकर शासन और सरकार के स्तर पर कई वर्षों से पत्राचार, बैठकें, धरना-प्रदर्शन, सांकेतिक कार्यबंदी और वार्ताएं की गईं, लेकिन अब तक ठोस निर्णय नहीं लिया गया। इससे कर्मचारियों में नाराजगी है। बैठक में मौजूद प्रतिनिधियों ने वर्ष 2027 के विधानसभा चुनाव में वर्तमान सरकार के खिलाफ मतदान करने का संकल्प भी जताया। महासंघ के मुताबिक, अकेन्द्रीयत सेवा के कर्मचारियों की सेवा नियमावली पिछले पांच वर्षों से जारी नहीं हो सकी है। इसके अलावा संवर्गों के पुनर्गठन, छठवें वेतन आयोग की संस्तुतियों के अनुरूप वेतन-भत्ते और पदनाम, वेतन विसंगतियों को दूर करने तथा राज्य कर्मचारियों की तरह सेवा ढांचा लागू करने की मांग भी दोहराई गई। बैठक में पुरानी पेंशन बहाली, 74वें संविधान संशोधन को प्रभावी करने, कैशलेस इलाज की सुविधा, लिपिक, राजस्व, चालक और कंप्यूटर ऑपरेटर संवर्गों के पुनर्गठन तथा सफाईकर्मियों सहित चतुर्थ श्रेणी कर्मचारियों को तीन पदोन्नति के अवसर देने की मांग की गई। महासंघ ने संविदा, दैनिक वेतन और तदर्थ कर्मचारियों के विनियमितीकरण का मुद्दा भी उठाया। उत्तर प्रदेश आउटसोर्स सेवा निगम के आदेशों को निकायों में भी प्रभावी करने की मांग रखी गई।

दो चरणों में होगा आंदोलन

कार्यसमिति की बैठक में आंदोलन की रूपरेखा तय करते हुए निर्णय लिया गया कि 30 नवंबर 2026 को प्रदेश के सभी 17 नगर निगमों, 200 नगर पालिकाओं, 445 नगर पंचायतों और जलकल संस्थानों में जनजागरण किया जाएगा। इसके बाद विभागाध्यक्षों के माध्यम से प्रमुख सचिव, नगर विकास को ज्ञापन भेजा जाएगा।

एमडी को भेजी गलत रिपोर्ट, फंस सकते हैं एक्सईएन गोमतीनगर

यह कैसे हुआ संभव पहला कनेक्शन 71 रुपये वर्गफीट तो दूसरा कनेक्शन नार्मल क्यों

- मुख्य अभियंता सुशील गर्ग ने दिया निर्देश फिर होगी जांच

वरिष्ठ संवाददाता (vol)

लखनऊ। बाप बड़ा न भैया सबसे बड़ा रुपयैया यह कहावत गोमतीनगर के जेई, एसडीओ पर फीट बैठ रही है। गोमतीनगर लौलाई क्षेत्र में खसरा संख्या 146 में दर्जनों बिजली कनेक्शन दिया गया है। जिसमे किसी को नार्मल तो कसी को 71 रुपये वर्ग फीट। अब समझने वाली बात यह है कि जब किसी प्लाट का लोड सेंसन नही हुआ है फिर उस खसरा संख्या को कैसे विकसित मान लिया जाय। और जब वह विकसित नही है फिर वहा 71 रुपये वर्ग फीट के अलाव नार्मल कनेक्शन कैसे दिया जा सकता है।

बीते दिनो वॉयस ऑफ लखनऊ अखबार में खबर छपी थी कि कहते है जब मामला सेट हो जाय तो कही भी बिजली कनेक्शन दिया जा सकता है। और बात नही बनी तो नियम से मिलने वाला कनेक्शन महिनो तक नही मिल पाता है। ज्ञात होकि गोमती नगर लौलाई के पुसुकपुरवा का है जहां अविकसित प्लाटिंग क्षेत्र में 71 रुपये प्रतिवर्ग मीटर के नियम से कनेक्शन दिया जाना चाहिए लेकिन नियमो को ताक पर रखकर उसे टीसी कनेक्शन दे दिया गया। बिजली कनेक्शन देने के नाम पर बिजली आवेदक को कही परेशान किया जा रहा है तो कही नियमो को ताक पर रखकर कनेक्शन दिया जा रहा है।

इस बिन्दुओं पर हो जांच	
पहला कनेक्शन	
नाम	रंजना यादव
खसरा संख्या	146
आवेदन संख्या	जे 5353543001
कनेक्शन	नार्मल टीसी
तारीख	12-11-2026
दूसरा कनेक्शन	
नाम	प्रमिला यादव
खसरा संख्या	146
आवेदन संख्या	जे 2528641990
कनेक्शन	71 रुपये वर्ग फीट
तारीख	4-9-2026

किसी ने भी गलत रिपोर्ट लगायी है तो उसकी भी जांच होगी, नियमों के तहत कनेक्शन दिया जायेगा, नियमों के विरुद्ध कनेक्शन देने पर सख्त कार्रवाई होगी
■सुशील गर्ग, मुख्य अभियंता गोमतीनगर जोन

जनगणना ड्यूटी से 639 कर्मचारी गायब

लखनऊ। जनगणना जैसे महत्वपूर्ण राष्ट्रीय कार्य में नगर निगम के विभिन्न विभागों के 639 कर्मचारी ड्यूटी से अनुपस्थित मिले हैं। हैरानी की बात यह है कि इन कर्मचारियों ने जनगणना विभाग की ओर से उपलब्ध कराई जाने वाली आवश्यक स्टेशनरी तक प्राप्त नहीं की है। इसे गंभीर लापरवाही मानते हुए नगर आयुक्त गौरव कुमार ने चेतावनी दी है कि कल के बाद अनुपस्थित कर्मचारियों के विरुद्ध वैधानिक कार्रवाई की जाएगी।नगर आयुक्त ने बताया कि जनगणना ड्यूटी में लगाए गए कर्मचारियों को आवश्यक निर्देश और सामग्री उपलब्ध कराने की व्यवस्था की गई है। इसके बावजूद बड़ी संख्या में कर्मचारी न तो ड्यूटी पर पहुंचे और न ही उन्होंने स्टेशनरी प्राप्त की। उन्होंने स्पष्ट किया कि जनगणना कार्य में लापरवाही बरतने वालों को बख्शा नहीं जाएगा।

मुख्य कर निर्धारण अधिकारी विनय कुमार राय के अनुसार, अब तक की समीक्षा में 639 कर्मचारी अनुपस्थित मिले हैं। इसमें जोन-6 की समीक्षा अभी जारी है। विभागवार सूची में सिंचाई एवं जल संसाधन विभाग के 82, बेसिक शिक्षा विभाग के 75, लोक निर्माण विभाग के 69, लखनऊ विकास प्राधिकरण के 48, बाल विकास एवं पुष्टाहार विभाग के 44, वन विभाग के 37, श्रम विभाग के 31 और कृषि विभाग के 26 कर्मचारी अनुपस्थित दर्ज किए गए हैं। इसके अलावा शारदा नगर/शारदा सहायक नहर के 20, पंचायती राज और केंद्रीय लोक निर्माण विभाग के 14-14, वाणिज्य कर विभाग के नौ, माध्यमिक शिक्षा विभाग के आठ, लेखा परीक्षा विभाग तथा स्टेट तकमील-उत-तिब कॉलेज एवं हॉस्पिटल के सात-सात और चीनी एवं गन्ना विकास विभाग के छह कर्मचारी अनुपस्थित मिले हैं। सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र बीकेटी और अग्निशमन महानिदेशालय के पांच-पांच, अर्कानिया इंटर कॉलेज के चार, राष्ट्रीय नमूना सर्वेक्षण कार्यालय के तीन, आयुष/होम्योपैथी और ग्राम्य विकास विभाग के दो-दो कर्मचारी अनुपस्थित हैं।

सरकार प्राथमिकता से कर रही है स्वास्थ्य व्यवस्था को सुदृढ़

- हर जिले में स्थापित किये गये हैं मेडिकल कॉलेज : दानिस

लखनऊ। फामेर्सी शिक्षा, अनुसंधान, स्वास्थ्य सेवाओं तथा



जनस्वास्थ्य के क्षेत्र में फार्मासिस्टों की महत्वपूर्ण भूमिका को रेखांकित करने के उद्देश्य से फामेर्सी काउंसिल ऑफ इंडिया द्वारा कार्यक्रम का आयोजन डॉ. ए.पी.जे. अब्दुल कलाम प्राविधिक विश्वविद्यालय के फैकल्टी ऑफ फामेर्सी लखनऊ एवं विभिन्न संस्थाओं द्वारा संयुक्त रूप से विश्वविद्यालय के सभागार में किया गया। सेंट्रल उत्तर प्रदेश एवं लखनऊ के लिए विश्व फार्मासिस्ट दिवस एवं राष्ट्रीय फामेर्सी सप्ताह 2026 का राज्य स्तरीय आयोजन किया गया। इस अवसर पर शैक्षणिक, प्रशासनिक एवं फार्मास्यूटिकल क्षेत्र के विशेषज्ञों, नीति-निमार्ताओं,शोधकताओं, स्वास्थ्य पेशेवरों ने मंथन किया।

कार्यक्रम को संबोधित करते हुए प्रदेश के दानिश आजाद अंसारी, अल्पसंख्यक कल्याण, मुस्लिम वक्फ ने कहा कि प्रदेश सरकार स्वास्थ्य व्यवस्था को सुदृढ़ करने के लिए पहल कर रही है। इसी के तहत हर जिले में मेडिकल कॉलेज स्थापित किये गये। ललितपुर में प्रदेश का पहला फॉर्मा पार्क 15 सौ एकड़ में विकसित किया जा रहा है। इसी क्रम में कुलपति प्रो. जेपी पाण्डेय ने कहा कि फॉमेर्सी एक महत्वपूर्ण क्षेत्र है। भारत इस क्षेत्र में प्राचीन काल से अग्रणी रहा है। वर्तमान में इस क्षेत्र में नई तकनीकी का समावेश जरूरी है। साथ ही पाठ्यक्रम में भी एआई, क्वॉन्टम तकनीकी आदि को जोड़ने की जरूरत है,।

इसके अतिरिक्त डॉ. मोंटू कुमार एम. पटेल, अध्यक्ष, फामेर्सी काउंसिल ऑफ इंडियाय जशुभाई हिराभाई चौधरी, उपाध्यक्ष, डॉ. दीपेंद्र सिंह, अध्यक्ष, इंजीनियर महेश गोयल, प्रो. (डॉ.) आकाश वेद, प्रो. (डॉ.) विभु सहानी, डॉ. श्रीकांत विजय राव जोशी सहित अन्य लोग मौजूद थे। एंटीमाइक्रोबियल रेजिस्टेंस के प्रति जनजागरूकता बढ़ाने के उद्देश्य से आयोजित जागरूकता रैली रही। इस अवसर पर दक्षिण डॉ. लीना त्रिपाठी ने चुनौतियों पर संदेश प्रस्तुत किया।

इंटीग्रल विवि में उद्यमियों एवं सूक्ष्म, लघु व मध्यम उद्यमों के विकास पर मंथन



विशेष संवाददाता (vol)

लखनऊ। सूक्ष्म, लघु एवं मध्यम उद्यम मंत्रालय भारत सरकार की पहल के अंतर्गत, इंटीग्रल स्टार्टअप्स फाउंडेशन – सेंटर फॉर इन्क्यूबेशन एंड एंटरप्रेन्योरशिप डेवलपमेंट एवं इंटीग्रल बिजनेस स्कूल द्वारा संयुक्त रूप से प्रबंधन विकास कार्यक्रम में उन्नत विपणन प्रबंधन कार्यक्रम के उद्घाटन समारोह का आयोजन किया गया। यह कार्यक्रम 16 से 20 नवंबर तक इंटीग्रल बिजनेस स्कूल, इंटीग्रल यूनिवर्सिटी, लखनऊ में आयोजित किया जा रहा है। उद्घाटन समारोह में अमित बाजपेयी, सहायक निदेशक,कानपुर ने कार्यक्रम का उद्घाटन किया।

इस अवसर पर धनंजय कुमार द्विवेदी, महाप्रबंधक-उद्योग सहभागिता, उप्र कौशल विकास मिशन, सैयद अदनान अख्तर, अपर प्रो.कुलपति, इंटीग्रल यूनिवर्सिटी एवं कार्यकारी निदेशक, डॉ. निदा फातिमा,अपर प्रोकुलपति,डॉ. नूर आलम खान, उप निदेशक, इंटीग्रल बिजनेस स्कूल, डॉ. मोइज अख्तर, डीन तथा डॉ. फिरोज हुसैन, एसोसिएट प्रोफेसर समेत कार्यक्रम में समन्वयक सहित अन्य गणमान्य अतिथि उपस्थित रहे।

कार्यक्रम का उद्देश्य उद्यमियों एवं सूक्ष्म, लघु और मध्यम उद्यमों की विपणन दक्षताओं तथा प्रबंधकीय क्षमताओं को समकालीन विपणन प्रथाओं, रणनीतिक दृष्टिकोणों और व्यवसाय विकास से संबंधित संरचित प्रशिक्षण सत्रों के माध्यम से सुदृढ़ करना है। यह कार्यक्रम प्रतिभागियों को बदलते बाजार की परिस्थितियों को समझने, प्रभावी विपणन रणनीतियाँ विकसित करने तथा व्यावसायिक प्रतिस्पर्धात्मकता बढ़ाने के लिए व्यावहारिक ज्ञान प्रदान करने हेतु तैयार किया गया है। कार्यक्रम के माध्यम से इंटीग्रल बिजनेस स्कूल उद्यमिता को बढ़ावा देने, प्रबंधकीय कौशल को विकसित करने तथा पारिस्थितिकी तंत्र के सतत विकास एवं प्रतिस्पर्धात्मकता को प्रोत्साहित करने के लिए निरंतर प्रयासरत हैं।

लखनऊ विकास प्राधिकरण

(ISO 14001 : 2004, ISO 9001-2008 प्रमाणित संस्था)
प्राधिकरण भवन, विपिन खण्ड, गोमती नगर, लखनऊ (उ.प्र.) पीबीएक्स : 1800 1800 5000, वेबसाइट–www.ldalucknow.in

सार्वजनिक सूचना

सर्वसाधारण को सूचित किया जाता है प्राधिकरण की आवासीय/व्यावसायिक/रेन्ट/नजूल/इम्प्रूवमेन्ट ट्रस्ट योजनाओं के निम्नलिखित आवेदकों द्वारा उनके नाम के सामने अंकित सम्पत्ति का हस्तानान्तरण/नामांकरण किये जाने हेतु प्राधिकरण में प्रार्थना–पत्र प्रस्तुत किया गया है :–

क्र. सं.	मूल आवंटी का नाम	भूखण्ड/भवन संख्या	योजना का नाम	मृत्यु का दिनांक	मूल आवंटी के उत्तराधिकारी अथवा आवेदक का नाम	उत्तराधिकारी के पक्ष में अनापत्तिकर्ताओं के नाम	मूल आवंटी (मृतक) से सम्बन्ध
1	स्व0 राम कृष्ण मिश्रा	भूखण्ड सं0-सी-2/263	विशाल खण्ड, गोमती नगर योजना	14.12.2013	श्री कुश मिश्रा	वसीयतनामा	दादा
2	श्र

हमें काम मिल रहा है, वो भी एक आशीर्वाद है : आयशा रजा मिश्रा

अनिल द्विवेदी (vol)



लखनऊ। हिंदी सिनेमा में निरूपा राय, रीमा लागू, फरीदा जलाल जैसी अदाकाराओं ने मां की भूमिका को पर्दे पर अमर बनाया है। इसी कड़ी में अब ऐक्ट्रेस आयशा रजा मिश्रा भी बॉलिवुड की चहेती मां बन चुकी हैं। वीरे दी वेडिंग, तू झूठी मैं मक्कार, गुंजन सक्सेना : द कारगिल गर्ल, सोनू की टीटू की स्वीटी जैसी कई चर्चित फिल्मों में मां की यादगार भूमिका निभाने वाली आयशा रजा इन दिनों अपनी फैमिली फिल्म मीठे में क्या है में भी मम्मी अमृता के किरदार के लिए चर्चा में हैं। हालांकि, प्रतिभावान ऐक्ट्रेस होने के बावजूद लगातार मां के रूप में टाइपकास्ट होने पर वह कहती हैं, 'ये टाइप कास्टिंग तोड़ना हम ऐक्टर्स के हाथ में नहीं है। इसके लिए किसी डायरेक्टर को आप पर भरोसा जताकर वो अलग किरदार देना पड़ेगा।'

काम को लेकर नाशुक्रा नहीं होना चाहिए: बकौल आयशा रजा मिश्रा, 'मैं अक्सर मनोज भाई (मनोज पाहवा) का उदाहरण देती हूं, क्योंकि उनको भी बहुत समय तक पंजाबी, कॉमिडी अंकल वाले रोल में टाइपकास्ट किया गया। हम साथ में कई फिल्में करते हैं तो हम यही रोते रहते हैं कि मैं पंजाबी मम्मी, वो पंजाबी पापा। हम आपस में यह बहुत डिस्कस करते हैं। फिर अनुभव सिन्हा जैसे डायरेक्टर फिल्म मुल्क में मनोज पाहवा को ऐसे रोल में लेते हैं कि सारे प्रड्यूसर कहते हैं कि वह बहुत बड़ी गलती कर रहे हैं। ऑडियंस उन्हें इस रोल में एक्सेप्ट ही नहीं करेगी, क्योंकि लोगों की नजर में वह कमीडियन हैं, मगर अनुभव सिन्हा ने कहा कि मैं जानता हूं कि मनोज कितना कमाल का अभिनेता है और मेरे लिए वह क्या कर सकता है। वही हुआ, लेकिन आपको वह एक डायरेक्टर चाहिए जिसमें वो विजन हो और जो आप पर वह भरोसा जताए।

घर की मजबूत औरतों का रहा प्रभाव: आयशा रजा जोहरा सहगल और उजरा बट जैसी दिग्गज अदाकाराओं की नवासी हैं। इन सशक्त महिलाओं का उन पर कितना प्रभाव रहा? यह पूछने पर वह कहती हैं, 'बहुत प्रभाव पड़ा। मेरी नानी और दादी दोनों कामकाजी थीं। मेरी दादी बीबीसी उर्दू सर्विस की दुनिया की पहली महिला न्यूज रीडर थीं। मेरी नानी हाजरा बेगम एक स्वतंत्रता सेनानी थीं। प्रगतिशील लेखक संघ की सदस्या थीं। मेरे घर में कृशन चंदर, कैफी आजमी अक्सर आया करते थे तो मैं वो देखकर बड़ी हुई हूं। मेरी नानी की दो बहनें थीं, जोहरा सहगल और उजरा बट, जो पर्दा करने वाले परिवारों से थीं।

रूढ़िवादी परिवार से निकलकर रास्ता बनाया

'उस रूढ़िवादी परिवार से निकलकर उन्होंने कहा कि हमें डांसर बनना है। हमें ऐक्टिंग करनी है। हम थिएटर करना चाहते हैं। फिर जोहरा ने अपने पिता से कहा कि मुझे एक हिंदू लड़के से शादी करनी है जो मुझसे 8 साल छोटा है। सन 1930 में इस बात के लिए राजी होना बड़ी बात थी। फिर मेरी मां ने अपनी मौसी लोगों को देखकर थिएटर किया, ऐक्टर बनी, तो मेरे लिए तो सारे रास्ते पहले से खुले हुए थे। सच कहूं तो मुझे लगता है कि मैं इतना कुछ नहीं कर पाई हूं क्योंकि उन लोगों ने मेरे लिए सारे दरवाजे रख दिए थे तो मेरे लिए ज्यादा मसला है कि मैं अपने लिए नई चुनौतियां ढूंढूं। अपने को एक्सप्लोर कर पाऊं, तो उनकी ये विरासत मेरे लिए बहुत अहम हैं।

स्टेज पर भड़ास निकालेंगे

उन्होंने आगे कहा, 'इसके बावजूद, मैंने अपने पति (ऐक्टर कुमुद मिश्रा) से सीखा है कि आपको कभी भी नाशुक्रा नहीं होना चाहिए। हम कम से कम काम कर रहे हैं, जबकि हमसे कहीं ज्यादा टैलंटेड ऐक्टर्स सिर्फ एक मौके का इंतजार कर रहे हैं। हमें कम से कम इतने मौके मिल रहे है तो उसे सर्वश्रेष्ठ ढंग से निभाइए। उसे एंजॉय कीजिए और उसी में कुछ नया करने की कोशिश कीजिए। बाकी तकदीर अच्छी रही तो अलग रोल भी मिलेंगे और अगर नहीं मिले तो हमारे पास स्टेज है। हम वहां अपनी भड़ास निकालेंगे। मगर हम उस स्थिति में हैं कि हमें काम मिल रहा है, वो भी एक आशीर्वाद है। आप किलसकर, दुखी होकर काम नहीं कर पाएंगे।

गुरु नानक जन्मोत्सव : भजन कीर्तन संग हुई तुलसी कथा



लखनऊ। श्री गुरुनानक देव जी के जन्मोत्सव कार्यक्रम के तहत बुधवार को हरिओम मंदिर, लालबाग में भजन-कीर्तन व तुलसी कथा का आयोजन किया गया। श्रद्धालुओं ने तुलसी पर दीप जलाकर कर तुलसी के फेरे लिए।कार्यक्रम की शुरूआत आस दी वार के साथ हुई। इसके बाद भजन कीर्तन हुए। भक्तों ने कार्तिक महात्तम व तुलसी कथा भी सुनी। बड़ी संख्या में भक्तों ने माता तुलसी पर दीप प्रज्ज्वलन कर फेरे लिए। आरती व पल्लव किया गया। अंत में गुरु का लंगर वितरित किया गया। बड़ी संख्या में श्रद्धालुओं ने लंगर छका। सुरेश छाबलानी ने बताया कि श्री गुरुनानक देव जी के जन्मोत्सव के तहत कार्तिक पूर्णिमा तक हर रोज धार्मिक कार्यक्रम आयोजित किए जाएंगे। इस अवसर पर राम बालानी, जेपी नागपाल, सुरेश छाबलानी, प्रकाश कृपलानी, प्रदीप मन्ना, प्रकाश गोधवानी, महेश जगतयानी, प्रदीप बालानी, मीना केसवानी, भावना समेत अन्य सिंधी समाज के लोग मौजूद रहे।

लविवि के स्थापना दिवस 25 को, विभूतियां होगी सम्मानित

लखनऊ। लखनऊ विश्वविद्यालय के 106वें स्थापना दिवस समारोह में बतौर मुख्य अतिथि उपमुख्यमंत्री ब्रजेश पाठक शामिल होंगे। 25 नवंबर को विश्वविद्यालय के मालवीय सभागार में आयोजित मुख्य समारोह में देश के प्रशासनिक, न्यायिक, सैन्य, वैज्ञानिक और कॉरपोरेट जगत में महत्वपूर्ण पदों पर कार्यरत विश्वविद्यालय के नौ पूर्व छात्र विशिष्ट अतिथि के रूप में शामिल होंगे। वहीं, समारोह की पूर्व संध्या पर 24 नवंबर को पद्मश्री लोकगायिका मालिनी अवस्थी की मौजूदगी में सांस्कृतिक संध्या और कवि सम्मेलन आयोजित किया जाएगा। इस दौरान शिक्षा और पत्रकारिता जगत की हस्तियों को सम्मानित भी किया जाएगा। इस सम्बन्ध में बुधवार को प्रशासनिक भवन स्थित मंथन हॉल में कुलपति प्रो. जेपी सैनी की अध्यक्षता में स्थापना दिवस समारोह की तैयारियों को लेकर समीक्षा बैठक हुई। इसमें विभिन्न आयोजन समितियों के कार्यों की प्रगति की समीक्षा कर तैयारियों को अंतिम रूप दिया गया। आयोजन की तैयारियां प्रो. पूनम टंडन की अध्यक्षता और प्रो. ध्रुव सेन सिंह के संयोजन में चल रही हैं। 24 नवंबर को मालवीय सभागार में होने वाले कार्यक्रम में मालिनी अवस्थी मुख्य अतिथि होंगी। इस दौरान पूर्व कुलपति प्रो. पूनम टंडन, प्रो. मनोज दीक्षित, प्रो. अनिल शुक्ल, प्रो. डीपी तिवारी, प्रो. बिंदा प्रसाद मिश्र, प्रो. सीपी बर्थवाल और प्रो. बलराज चौहान को सम्मानित किया जाएगा। पत्रकारिता जगत से वरिष्ठ पत्रकार मनीष श्रीवास्तव, वरिष्ठ पत्रकार प्रांशु मिश्रा, वरिष्ठ पत्रकार आशुतोष शुक्ल, वरिष्ठ पत्रकार प्रवीण कुमार, वरिष्ठ पत्रकार राजन परिहार और वरिष्ठ पत्रकार भूपेन्द्र कुमार पाण्डे सम्मानित होंगे। वहीं, 25 नवंबर को स्थापना दिवस का मुख्य समारोह होगा। इसमें सीआरपीएफ के महानिदेशक ज्ञानेन्द्र प्रताप सिंह, भारत सरकार के संयुक्त सचिव अनुपम कुमार, परमाणु खनिज अन्वेषण एवं अनुसंधान निदेशालय के निदेशक धीरज पान्डे, आईआईटी बॉम्बे के प्रो. राहुल पुरवार, महावीर चक्र विजेता कमाण्डर अरविन्द सिंह, ओएनजीसी के मुख्य महाप्रबंधक मनीष शुक्ला, उच्च न्यायालय के न्यायमूर्ति बृजराज सिंह, अदाणी एंटरप्राइजेज के उपाध्यक्ष आनन्द सिंह विशेन और उत्तर प्रदेश शासन के विशेष सचिव विशाल भारद्वाज विशिष्ट अतिथि होंगे।

गोमा तट पर सजी लोकगीत संगीत नृत्य की सुरमई शाम

वरिष्ठ संवाददाता (vol)





लखनऊ। नाचेगा भारत, वॉयस ऑफ उत्तराखंड, झोड़ा-समूह लोक नृत्य, डांस उत्तराखंड डांस, डांस (जिसमें गैर-उत्तराखंडी टीमें भी शामिल हैं) झोड़ा एवं छपेली फोक नृत्य आदि ने गोविन्द बल्लभ पंत पर्वतीय सांस्कृतिक उपवन पर सुरमई शाम सजाकर दर्शकों को भाव विभोर कर दिया। 10 लाख की इनामी राशि वाली सभी प्रतियोगिताएं प्रतिभागियों के साथ दर्शकों को मंत्र मुग्ध कर रही हैं, इन प्रतियोगिताओं को रोचक बनाने में महापरिषद के पूरन सिंह जीना एवं महेंद्र सिंह गैलाकोटी तथा इनकी सांस्कृतिक टीम ने कड़ी मेहनत की है। आज उत्तराखण्ड के प्रसिद्ध लोक गायक नीरज चुफाल ने अपनी मधुर आवाज से जबरदस्त समा बांधा और दर्शकों को मंत्र मुग्ध किया।

महापरिषद द्वारा अतिथियों का परंपरागत तरीके से स्वागत किया गया। प्रियंका बिष्ट को गोविन्द चातक स्मृति सम्मान-2026, गोविन्द सिंह बोरा को शिवदत्त जोशी स्मृति सम्मान-2026, बच्ची सिंह डोलिया को गोविन्द सिंह नयाल स्मृति सम्मान से नवाजा गया तथा उत्तराखण्ड दर्पण स्मारिका-2026 विशेषांक विकसित भारत-श्रेष्ठ भारत के प्रबन्धक-दीवान सिंह अधिकारी, हरीश चन्द्र पंत, मंगल सिंह रावत, भरत सिंह बिष्ट, राजेश बिष्ट, सलाहकार-डा. सीएम नौटियाल, जीबी जोशी, संजय काला, सम्पादक-पूरन सिंह जीना, भूवन चन्द्र पाठक, सदस्य - केएस चुफाल, सुनील कुमार उप्रेती, पीएस बिष्ट, डा. करूणा पाण्डेय, गिरीश चन्द्र बहुगुणा, गोकुल उप्रेती, महेश पाण्डे, राजेन्द्र सिंह कनवाल, कैलाश सिंह, पंकज खर्कवाल, सुरेन्द बिष्ट को मंच पर सम्मानित किया गया। आज दिन में 2 बजे से - एकल नृत्य प्रतियोगिता में 12 प्रतिभागियों ने भाग लिया, जिसमें वेदिका प्रथम, प्रियांशी -द्वितीय, सुहानी -तृतीय तथा कविता पाठ प्रतियोगिता में- 09 प्रतिभागियों ने भाग लिया जिसमें आयुशी -प्रथम, सुहानी-द्वितीय, माधुरी -तृतीय रही तथा यह प्रतियोगिता महापरिषद की महिला शाखा की अध्यक्षा-पुष्पा वैष्णव के नेतृत्व में तथा निर्णायक -पारूल दूबे एवं सुनीता शर्मा रहीं। यश म्यूजिकल ट्रस्ट रंगमंडल के कलाकारों संगीता आहूजा, सुमिष्ठा मित्रा, आंचल निषाद, अमिता, शिवानी, नैंसी मिश्रा, वसुधा सिंह, अभय कुमार, श्रीकांत यादव, देव कुमार, तोशी तिवारी द्वारा बाजे अवध बधाइयां नृत्य नाटिका की प्रस्तुति दी। देबी गीत- रागिनी अग्रवाल, एकल गायन-देवेश्वरी पवार, कुमाऊँनी लोक गीत- लक्ष्मी जोशी एवं पुष्पा, एकल नृत्य- रिया बिष्ट, कुमॉऊनी लोक गीत - हरितिमा पन्त, फैट टू फिट (फिटनेस एवं डांस अकादमी) तृप्ति गुप्ता के नेतृत्व में प्रस्तुतियाँ- एकल नृत्य राधा साहू, गौरांगा (भरतनाट्यम) वृद्धि गुप्ता, पहाड़ी नृत्य अनन्या, आराध्या, उन्नति, वाघीषा, भरतनाट्यम अनुष्का, अनिका, वृद्धि, स्वास्तिका, प्राची ने की प्रस्तुतियों से दर्शकों को मंत्र मुग्ध किया एवं छोलिया नृत्य -उधांचल कला केन्द्र, अल्मोडा की टीम ने अपने नृत्य कौशल का सुंदर प्रदर्शन कर मन मोहा।

आज की स्टार नाईट में संस्कृति विभाग उत्तराखण्ड के प्रसिद्ध गायक नीरज चुफाल प्रस्तुतियों से धमाल मचाया तथा दर्शकों को नाचने पर मजबूर किया। महिला झोड़ा प्रतियोगिता के 3 दलों - हेमा बिष्ट के नेतृत्व में शिवानी विहार, राधिका बोरा के नेतृत्व में गोमतीनगर, मीना अधिकारी एवं कमला चुफाल के नेतृत्व में कुमाँचल नगर एवं पुरूष झोड़ा दल-गोविन्द बोरा के नेतृत्व में गोमती नगर की प्रस्तुति, पूरन चन्द्र जोशी के नेतृत्व में देवभूमि सामाजिक एवं सांस्कृतिक समिति कल्याण। नाचेगा भारत-सीजन 3 के 3 दलों के द्वितीय राउण्ड - किरन लता पाण्डेय, इन्दू गुप्ता निर्देशन रेखा बिष्ट के नेतृत्व में नृत्य नमः, पूनम कनवाल के नेतृत्व में उत्तराखण्ड रंगमण्डल, शैलेन्द्र सिंह एवं अंशिका पाठक के नेतृत्व में डांस डेस्टनी। डांस उत्तराखण्ड डांस, सीजन-5 के 3 दलों की द्वितीय राउण्ड की प्रस्तुति-प्रेम सिंह बिष्ट के नेतृत्व में देवभूमि वृन्दावन सांस्कृतिक समिति पीजीआई वृन्दावन, प्रियंका बिष्ट के नेतृत्व में सृजनाकुर ग्रुप गोमती नगर, कामना बिष्ट के नेतृत्व में आर्ट एण्ड कल्चर ग्रुप शिवानी विहार कल्याणपुर एवं डान्स उत्तराखण्ड के तीनों दलों की सामूहिक छपेली प्रस्तुति। उपरोक्त प्रतियोगिताओं के सभी दलों के कलाकारों ने अपने नृत्य कौशल का खूबसूरत प्रदर्शन कर अगले राउंड में जगह बनाने की भरसक कोशिश की। संस्कृति विभाग, उत्तराखण्ड सरकार के सहयोग से जौनसार से आए उत्तराखण्ड के बचन सिंह राणा के नेतृत्व में साक्षी कला मंच, जौनसार चकराता से आये कलाकारों के हारूल नृत्य, तांदी नृत्य, धुमसू नाटी गीत आदि प्रस्तुतियों ने दर्शको का मनोरंजन किया तथा अपने संस्कृति से रूबरू कराया।

मुशायरे और अल्ताफ राजा की गजलों ने बांधा समां

वरिष्ठ संवाददाता (vol)



लखनऊ। फखरुद्दीन अली अहमद मेमोरियल कमेटी के तत्वावधान में गोमती नगर के विभूति खंड स्थित उर्दू अकादमी ऑडिटोरियम में आयोजित दो दिवसीय अंतरराष्ट्रीय हिंदी-उर्दू कॉन्क्लेव 'जश्न - सीजन (2026)' का आज भव्य समापन हो गया। कार्यक्रम के दूसरे दिन पत्रकारिता, सिनेमा, राजनीति, साहित्य और कानून से जुड़े विभिन्न विषयों पर देश-प्रदेश की जानी-मानी हस्तियों ने अपने विचार साझा किए।

समारोह के दौरान साहित्य और समाज में उत्कृष्ट योगदान देने वाली विभूतियों को सम्मानित किया गया और पुस्तक विमोचन भी हुआ। इशिका गुप्ता के संचालन में हुए इस सत्र में वरिष्ठ अभिनेता अनिल रस्तोगी, अर्पित मिश्रा, एस. आसिफ जाह, तनिष्का शर्मा, मिर्जा अजहर और योगेश त्रिपाठी ने भारतीय सिनेमा में हिंदी-उर्दू के योगदान और अभिनय की बारीकियों पर प्रकाश डाला। वामिक खान द्वारा संचालित इस राजनीतिक संवाद में प्रदीप सिंह 'बब्बू', दीपक रंजन, सुरेंद्र राजपूत और रुहाद महमूद रिजवी ने समकालीन राजनीति और सामाजिक सरोकारों पर अपने विचार रखे। प्रभाती पांडे के संचालन में अतहर नबी, सिराज मेहंदी, डॉ. के. एस. बाजमी यूनुस और मसूद अब्दुल्ला ने भाषा और साहित्य के संरक्षण पर जोर दिया। फैज अहमद के संचालन में हुए इस सत्र में प्रमिला मिश्रा, सलाहुद्दीन 'शिबू', अब्दुल माजिद और एडवोकेट वसीम सिद्दीकी ने न्याय प्रणाली और कानूनी जागरूकता से जुड़े महत्वपूर्ण पहलुओं पर चर्चा की। वामिक खान के संचालन में आयोजित इस सत्र में डॉ. तरन्नुम, शगुफ्ता और अहद अरशद ने समाज में बेटियों की शिक्षा और सशक्तिकरण पर अपने विचार साझा किए। परिचचाओं के पश्चात शाम 6:00 बजे पुस्तक विमोचन और सम्मान समारोह आयोजित किया गया। इसके बाद शाम 7:00 बजे शेखर सेन और नौशाद के संचालन में भव्य मुशायरे का आगाज हुआ। इसमें मोहम्मद अली साहिल, डॉ. शोभा दीक्षित 'भावना', सैयद मोईन शादाब, नूर सिद्दीकी, नसीम मंसूर, शाहिद शकील और अभिषेक तिवारी ने अपने कलाम से श्रोताओं की खूब वाहवाही लूटी। कॉन्क्लेव का समापन रात 8:15 बजे से मशहूर गजल गायक अल्ताफ राजा और उनकी टीम की मनमोहक प्रस्तुति के साथ हुआ, जिसमें देर रात तक श्रोता सूफियाना और गजल संगीत में डूबे रहे।

नारियल का वर्गीकरण तिलहन तो उसको फल सब्जी मंडी में बिक्री की अनुमति नहीं : हाईकोर्ट

वनस्पति विज्ञान में फल माने जाने के बावजूद व्यावसायिक वर्गीकरण के आधार पर कोर्ट ने याचिका खारिज की

विधि संवाददाता (vol)

लखनऊ। इलाहाबाद हाईकोर्ट की लखनऊ खंडपीठ ने एक अहम फैसले में कहा है कि नारियल का वर्गीकरण तिलहन (ऑयलसीड) के रूप में होने के कारण उसकी बिक्री फल एवं सब्जी मंडी में नहीं की जा सकती। कोर्ट ने कहा कि नारियल की विभिन्न अवस्थाएं होती हैं, जिनमें हरा नारियल, पानी वाला नारियल, सूखा नारियल और कोपरा शामिल हैं। केवल हरे नारियल को फल मानकर पूरी श्रेणी को फल की श्रेणी में नहीं रखा जा सकता। न्यायमूर्ति आलोक माथुर एवं न्यायमूर्ति अमिताभ कुमार राय की पीठ ने यह फैसला गाजियाबाद की फर्म मेसर्स श्री स्टार फ्रूट कंपनी की याचिका पर सुनाया। फर्म ने साहिबाबाद स्थित नवीन फल-सब्जी मंडी स्थल में हरे नारियल की बिक्री की अनुमति देने तथा नारियल को कृषि उपज मंडी अधिनियम, 1964 की अनुसूची में तिलहन के बजाय फल की श्रेणी में रखने की मांग की थी।

याची का कहना था कि वह वर्ष 2003 से मंडी में फल एवं सब्जियों का कारोबार कर रही है और पहले उसे नारियल बेचने की अनुमति भी थी। उसका तर्क था कि वनस्पति विज्ञान के अनुसार नारियल फल की एक श्रेणी में आता है। इसलिए हरे नारियल को फल मानते हुए मंडी में बिक्री की अनुमति मिलनी चाहिए। वहीं राज्य सरकार की ओर से दलील दी गई कि 30 जनवरी 1995 के संशोधन के तहत नारियल को कृषि-तिलहन श्रेणी में रखा गया है। साहिबाबाद की नवीन फल-सब्जी मंडी विशेष रूप से फल एवं सब्जियों के कारोबार के लिए निर्धारित है। नारियल का कारोबार गाजियाबाद की गोविंदपुरम स्थित खाद्यान्न मंडी में निर्धारित यूजर चार्ज देकर किया जा सकता है। मामले में निर्णय सुनाते हुए पीठ ने कहा कि किसी वस्तु का वर्गीकरण केवल वनस्पति विज्ञान के आधार पर नहीं, बल्कि उसके सामान्य व्यावसायिक स्वरूप के आधार पर भी किया जाता है। हरा नारियल भले ही फल के रूप में इस्तेमाल होता हो, लेकिन पानी वाला, सूखा नारियल और खोपरा अलग-अलग व्यावसायिक स्वरूप में बाजार में आते हैं। खोपरे से तेल भी प्राप्त होता है। इसलिए पूरी श्रेणी को फल मानना उचित नहीं है। कोर्ट ने यह भी कहा कि अधिकारियों की पूर्व की निष्क्रियता या नारियल के कारोबार पर रोक नहीं लगाने से व्यापारी को ऐसा कोई कानूनी अधिकार प्राप्त नहीं हो जाता। अंततः पीठ ने 30 जनवरी 1995 के वर्गीकरण को वैध ठहराते हुए याचिका खारिज कर दी।

विभिन्न मांगों को लेकर सिंचाई विभाग में धरना प्रदर्शन

लखनऊ। मिनिस्टीरियल एसोसिएशन इरिगेशन डिपार्टमेंट उप्र ने तय कार्यक्रम के अनुसार बुधवार को 15 सूत्री मांगों को लेकर कार्यालय प्रमुख अभियन्ता सिंचाई एवं जल संसाधन विभाग के गेट न.- 02 पर धरना दिया गया। धरने की अध्यक्षता कृतार्थ सिंह प्रान्तीय अध्यक्ष द्वारा किया गया तथा संचालन गोबर्धन सिंह महामंत्री एवं प्रभुदयाल श्रीवास्तव द्वारा किया गया। धरने में पूरे प्रदेष से हजारों कर्मचारियों ने भाग लिया।

धरने को सम्बोधित करते हुए जगदीश सिंह पाल, अजय कुमार यादव, चौधरी सूखवीर सिंह, सन्त कुमार सिंह, सतयुगी सिंह, मो. हसन परवेज, अमर गुप्ता, रामचन्द्र गुप्ता, मो. सकील, विनोद कुमार सचान, अलकेश कुमार मिश्रा, नीरज कुमार भटनागर, दिनेश कुमार भटनागर, विमल कुमार, शिव कुमार, संदीप शर्मा, कृष्ण कुमार, संजीव कुमार श्रीवास्तव, अशीष कुमार गंगवार, अंकुश रस्तोगी, श्यामबरन पाल, बृजमोहन, नन्दू चौहान, परमराज गौतम, अनवार अहमद, पुनीत चोपड़ा, संतोष कुमार वर्मा, रामआनन्द सोनकर, अमित कुमार, अनुपम कुमार दूबे, उमपति मिश्रा, चमन लाल भारती, देवराज, सुरेन्द्र कुमार सैनी, संतोष कुमार तिवारी, देवेन्द्र निरंजन, राकेश कुमार, केदार सिंह, शैलेन्द्र कुमार, प्रशांत दीक्षित, अजीत कुमार पाण्डे, प्रवीन सक्सेना आदि ने अपने सम्बोधन में कहा कि विभाग की लापरवाही के कारण कर्मचारियों की प्रोन्नति सहित अन्य मांगे जो नियमानुसार है, में कार्यवाही न कर कर्मचारियों के उत्पीड़न का कार्य किया जा रहा है। अजय सिंह मुख्य संरक्षक एवं सलाहकार ने कहा कि प्रदेश के सभी प्रकार के कर्मचारियों की प्रोन्नति के बाद ही प्रोन्नति वेतन का लाभ मिल जाता है, परन्तु विभागीय अधिकारियों की लापरवाही की वजह से खण्डीय सम्वर्ग के प्रोन्नति प्राप्त लिपिकों को पदस्थापना के बाद वेतन का लाभ दिया जाता है जो नियम विरूद्ध है। कर्मचारियों की प्रोन्नति न होने के कारण प्रोन्नति वेतन का लाभ नही मिल पा रहा है जबकि मुख्यमंत्री द्वारा समय-समय पर प्रोन्नति के लिए निर्देश भी जारी किए जाते है। अंत में कृतार्थ सिंह प्रदेश अध्यक्ष द्वारा सभा को सम्बोधित करते हुए बताया कि विभागीय अधिकारियों द्वारा मुख्यमंत्री के निदेर्शों का पालन नही किया जाता है और ना, ही मुख्यमंत्री की जीरों टालरेन्स नीति के अनुसार कार्य किया जाता है। अंत में उन्होंने कहा कि अधिकारियों की यही कार्यशैली रही तो भविष्य के कार्यक्रम जल्दी निर्धारित की जायेगी।

आंवला पेड़ का पूजन कर मनायी गई आंवला नवमी

वरिष्ठ संवाददाता (vol)

लखनऊ। कार्तिक शुल्क पक्ष की नवमी तिथि को बुधवार आंवला नवमी का पावन पर्व मनाया गया। इसे अक्षय नवमी व धात्री नवमी के नाम से भी जाना जाता है। ऐसा माना जाता है कि अक्षय नवमी के दिन ही सत्ययुग का आरंभ हुआ था। आंवला नवमी के अवसर पर जगह- जगह महिलाओं ने पार्कों व मंदिरों में लगे आंवला पेड़ का विधि विधान से पूजन किया। वहीं आंवले के पेड़ के नीचे भोजन खाने की परंपरा भी निभायी। इंदिरा नगर, ए-ब्लॉक के मंगलम पार्क में आंवला नवमी के पावन अवसर पर महिलाओं ने आंवला पूजन किया। महिलाओं ने धार्मिक गीत गाए और भगवान की आरती भी की। भगवान विष्णु का ध्यान करके आंवले के पेड़ की अक्षत्र, पुष्प, चंदन आदि से कच्चा धागा बांध कर सात बार परिक्रमा की। इस अवसर पर रमा शर्मा, नीलम प्रकाश, अनिता गर्ग, गीतांजलि जोशी, वंदना त्रिपाठी, आराधना यादव, दीपिका, सविता अग्रवाल, पूनम, मीना सोती, बीना त्यागी, कविता समेत बड़ी संख्या में महिलाएं मौजूद रहीं।

धर्मपाल सिंह ने अल्पसंख्यक वर्ग से किया संवाद

भाजपा अल्पसंख्यक मोर्चा प्रदेश पदाधिकारी परिचय बैठक सम्पन्न

विशेष संवाददाता (vol)



लखनऊ। भाजपा अल्पसंख्यक मोर्चा प्रदेश पदाधिकारी परिचय बैठक बुधवार को प्रदेश भाजपा मुख्यालय में संपन्न हुई। प्रदेश महामंत्री (संगठन) धर्मपाल सिंह ने अल्पसंख्यक मोर्चा को अल्पसंख्यक वर्ग के बीच केंद्र सरकार एवं प्रदेश सरकार की जनकल्याणकारी योजनाओं के साथ संपर्क व संवाद का अभियान प्रारम्भ करने के लिए कहा। अल्पसंख्यक मोर्चा के प्रदेश अध्यक्ष अनस साजिद उस्मानी की अध्यक्षता में आयोजित बैठक में प्रदेश सरकार में राज्य मंत्री अल्पसंख्यक कल्याण, मुस्लिम वक्फ एवं हज दानिश आजाद अंसारी की गरिमामयी उपस्थिति रही।

बैठक में प्रदेश महामंत्री (संगठन) धर्मपाल सिंह ने आगामी कार्ययोजनाओं तथा अल्पसंख्यक समाज के बीच पार्टी की नीतियों एवं विचारधारा को प्रभावी ढंग से पहुंचाने को लेकर मार्गदर्शन दिया, सभी नवनियुक्त पदाधिकारियों से संगठन के प्रति पूर्ण निष्ठा, समर्पण एवं सक्रियता के साथ अपनी जिम्मेदारियों का निर्वहन करने के साथ ही सभी नवनियुक्त पदाधिकारियों को बूथो पर प्रवास कर अल्पसंख्यक वर्ग से संवाद कर जागरूक करने का मंत्र दिया। उन्होंने कहा कि अल्पसंख्यक वर्ग में प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी के नेतृत्व की केंद्र सरकार एवं मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ के नेतृत्व की प्रदेश भाजपा सरकार की योजनाओं के लाभार्थियों की बड़ी संख्या है। मोर्चा के पदाधिकारी एवं कार्यकर्ता लाभार्थियों से संपर्क करें और उनको पार्टी से जोड़ने का काम करें। राज्य मंत्री दानिश आजाद अंसारी ने सरकार की अल्पसंख्यक योजनाओ के बारे में विस्तृत चर्चा की सरकार की योजनाओं के प्रति अल्पसंख्यक समाज जागरूक हो और मुख्यधारा से पिछड़े लोगों को योजनाओं का लाभ मिल सके। प्रदेश अध्यक्ष अल्पसंख्यक मोर्चा ने इस अवसर पर उपस्थित सभी पदाधिकारियों से संगठन को और अधिक मजबूत बनाने, केंद्र एवं प्रदेश सरकार की जनकल्याणकारी योजनाओं को अल्पसंख्यक समाज के अंतिम व्यक्ति तक पहुंचाने तथा पार्टी की विचारधारा को जन-जन तक पहुंचाने का संकल्प दिलाया। बैठक में प्रमुख रूप प्रदेश महामंत्री रियाज अहमद अल्वी, जीशान नकवी, फैज आब्दी, डॉ अतहर सिद्दीकी, सफीक सलमानी, जाकिर उपस्थित रहे।

संक्षेप

नगर पंचायत खीरी में शुरू हुआ स्वगणना का कार्य

लखीमपुर खीरी। जनगणना-2027 के तहत नगर पंचायत खीरी में स्वगणना का कार्य शुरू हो गया है। नगर पंचायत स्तर पर भी अध्यक्ष, सभासदों और कर्मचारियों की स्वगणना कराई जा रही है। नगर पंचायत कर्मचारी जगदीश प्रसाद ने जानकारी देते हुए बताया कि इसमें लोगों को घर बैठे अपने मोबाइल से अपने परिवार और मकान का ब्योरा खुद दर्ज करना है। सबसे पहले मोबाइल नंबर से डळढ के जरिए रजिस्ट्रेशन होगा इसके बाद परिवार से जुड़े करीब 40 सवालों के जवाब देने होंगे मकान की लोकेशन भी दर्ज करनी होगी पूरी प्रक्रिया होते ही 11 अंकों की विशिष्ट क्लमिलेगी 30 नवंबर तक स्वगणना के बाद 1 दिसंबर से 4 जनवरी 2027 तक पंचायत कर्मी घर-घर जाकर दर्ज जानकारी का सत्यापन करेंगे। जो लोग ऑनलाइन स्वगणना नहीं कर पाएंगे उनकी जानकारी पंचायत कर्मी घर जाकर दर्ज करेंगे।

भगवती मानव कल्याण संगठन ने डीएम को सौंपा ज्ञापन

फतेहपुर। भगवती मानव कल्याण संगठन, शाखा फतेहपुर के जिला अध्यक्ष राजेश त्रिपाठी के नेतृत्व में संगठन के पदाधिकारियों एवं कार्यकर्ताओं द्वारा बुधवार को जिलाधिकारी को एक ज्ञापन सौंपा गया है। संगठन ने संत रामपाल एवं उनसे संबंधित संस्थाओं तथा प्रचार माध्यमों पर सनातन धर्म, हिंदू देवी-देवताओं और धार्मिक परंपराओं के विरुद्ध आपत्तिजनक, भ्रामक एवं वैमनस्य फैलाने वाली गतिविधियां संचालित करने का गंभीर आरोप लगाया है। ज्ञापन में मुख्य रूप से यह उठाया गया है कि संत रामपाल और उनके अनुयायियों से संबंधित प्रचार सामग्री, पुस्तकों, प्रवचनों एवं सोशल मीडिया के माध्यम से भगवान श्रीराम, भगवान श्रीकृष्ण, माता दुर्गा तथा अन्य हिंदू देवी-देवताओं की मान्यताओं एवं उपासना पद्धतियों को निम्न स्तर का बताने और उनकी पूजा-पाठ का विरोध करने संबंधी सामग्रियां सामने आ रही हैं। संगठन का कहना है कि अभिव्यक्ति की स्वतंत्रता के नाम पर दूसरे धर्म की आस्थाओं को अपमानित करना और समाज में धार्मिक वैमनस्य उत्पन्न करना स्वीकार्य नहीं है। संगठन ने यह भी संज्ञान में लाया है कि संत रामपाल की संस्थाओं द्वारा चारों श्रीमद्भागवतगीता, उपनिषदों, रामायण और श्रीरामचरितमानस के जो प्रकाशन एवं अनुवाद प्रस्तुत किए जा रहे हैं, उनमें मूल ग्रंथों के संदर्भों से भिन्न व्याख्याएं प्रस्तुत की जा रही हैं। इसके माध्यम से सनातन धर्म के आराध्य देवी-देवताओं एवं धार्मिक परंपराओं को हीन सिद्ध करने के आरोप लगाए गए हैं, जिस कारण इन ग्रंथों की विषयवस्तु और अनुवाद की प्रामाणिकता की निष्पक्ष जांच की मांग की गई है। इस अवसर पर जिला अध्यक्ष राजेश त्रिपाठी के साथ अवधेश गुप्ता, गंगासागर कुशवाहा, श्रीकृष्ण कुमार, सत्यम त्रिपाठी, अजय कुशवाहा, नीरज गुप्ता, अशोक कुमार कश्यप, सुरेंद्र, कमलेश सिंह, कमलेश कुमारी, दीपक कुमार, ज्योति गुप्ता, मेवालाल, सुधा देवी, रानी, प्रभा श्रीवास्तव, केदार सिंह परिहार, राधेश्याम सविता, सर्वेश गुप्ता, अतुल सिंह, विजयपाल, रामशंकर, शिवकुमार बाजपेई, रामबहादुर यादव, अभय सिंह, माया देवी, भारती एवं मुकेश सहित बड़ी संख्या में संगठन के पदाधिकारी और कार्यकर्ता उपस्थित रहे।

किसान दिवस में स्व जनगणना के प्रति किसानों को किया गया जागरूक



लखीमपुर खीरी। किसानों की समस्याओं के समाधान, कृषि योजनाओं की जानकारी और खेती को अधिक टिकाऊ बनाने के उद्देश्य से बुधवार को विकास भवन स्थित स्वामी विवेकानंद सभागार में डीएम अंजनी कुमार सिंह की अध्यक्षता में किसान दिवस आयोजित हुआ। बैठक में स्व जनगणना को लेकर किसानों को जागरूक करने के साथ प्राकृतिक एवं जैविक खेती अपनाने पर विशेष जोर दिया गया। डीएम अंजनी कुमार सिंह ने किसानों से सीधा संवाद स्थापित कर उनकी वर्तमान कृषि गतिविधियों एवं खेती से जुड़ी जरूरतों की जानकारी ली। उन्होंने किसानों से अपील की कि वे अपनी कृषि योग्य भूमि के कम से कम एक हिस्से में प्राकृतिक अथवा जैविक खेती अवश्य अपनाएं। इससे खेती को टिकाऊ बनाने के साथ मृदा की उर्वरता बनाए रखने में भी मदद मिलेगी। डीएम ने कहा कि विगत वर्ष की तुलना में इस वर्ष जनपद में पराली जलाने की घटनाओं में काफी कमी आई है। इस सकारात्मक स्थिति को बनाए रखने के लिए निरंतर निगरानी की जाए। उन्होंने डीडी कृषि को निर्देश दिए कि पराली जलाने की किसी भी घटना को गंभीरता से लेते हुए तत्काल कार्रवाई सुनिश्चित की जाए तथा दोषियों पर नियमानुसार जुमार्ना भी लगाया जाए।

बैठक के प्रारंभ में डीडी कृषि गिरीश चंद्र ने डीएम, सीडीओ सहित उपस्थित अधिकारियों, प्रगतिशील किसानों, पशुपालकों एवं मत्स्य पालकों का स्वागत किया। इस दौरान स्व जनगणना से संबंधित पंपलेट वितरित कर किसानों को इसकी प्रक्रिया एवं महत्ता के प्रति जागरूक किया गया। उप कृषि निदेशक ने सभी किसानों से स्व जनगणना में अनिवार्य रूप से सहभागिता करने की अपील की। जिला गन्ना अधिकारी जितेंद्र कुमार मिश्रा ने विभागीय योजनाओं की विस्तृत जानकारी देते हुए किसानों को इनका लाभ उठाने के लिए प्रेरित किया। वहीं, जिला कृषि अधिकारी सूर्य प्रताप सिंह ने बताया कि जनपद में उर्वरकों की पर्याप्त उपलब्धता है। सभी राजकीय कृषि बीज भंडारों पर भी रबी सीजन के बीज पर्याप्त मात्रा में उपलब्ध हैं।

किसान दिवस में कृषि एवं संबंधित विभागों के अधिकारियों सहित 100 से अधिक किसान उपस्थित रहे। अंत में उप कृषि निदेशक ने सभी उपस्थित अधिकारियों एवं किसानों का आभार व्यक्त किया।

डिप्टीआरएमओ ने किया धान खरीद क्रय केंन्द्रो का निरीक्षण



लखीमपुर खीरी। डिप्टीआर एमओ नमन कुमार पाण्डेय ने मंगलवार को तिकोनिया मंडी में संचालित धान क्रय केन्द्रो का निरीक्षण किया। निरीक्षण के दौरान धान बेंचने आये किसानों से डिप्टी आर एम ओ ने जानकरी ली। उन्होंने कहा क्रय केंद्र पर किसानों का धान खरीदा जा रहा है। किसान अपना धान सीधे क्रय केंद्र पर लेकर जाएं किसी बिचौलिया के चक्कर में ना पड़े। शासन के निर्देश पर समर्थन मूल्य पर किसानों का धान क्रय केंद्र पर खरीदा जा रहा है। डिप्टी आरएमओ ने बताया कि तिकोनिया मंडी में 1619 किसानों से 13500 मैट्रिक टन जो कि लक्ष्य का 6.55 प्रतिशत है। लगभग सभी क्रय केंद्रों पर खरीद प्रारंभ हो गई 24 में से मात्र 4 क्रय केंद्र पर अभी नहीं शुरू हुई ,आज इनपर भी हो गई होगी जनपद खीरी के 156/160 क्रय केंद्र क्रियाशील हैं।

नव नियुक्त बीडीओ प्रदीप कुमार श्रीवास्तव ने संभाला कार्यभार

सीतापुर। विकास खंड बेहटा के नव नियुक्त खंड विकास अधिकारी प्रदीप कुमार श्रीवास्तव ने बुधवार को ब्लॉक कार्यालय पहुंचकर कार्यभार ग्रहण कर लिया। कार्यालय पहुंचने पर कर्मचारियों और ग्राम पंचायत अधिकारियों ने पुष्पगुच्छ भेंटकर उनका स्वागत किया। कार्यभार संभालने के बाद उन्होंने कहा कि शासन की ओर से संचालित विभिन्न जनकल्याणकारी योजनाओं का प्रभावी क्रियान्वयन और विकास कार्यों में तेजी लाना उनकी प्राथमिकता होगी। उन्होंने सभी कर्मचारियों से टीम भावना के साथ जिम्मेदारी निभाने की अपेक्षा जताई। नए बीडीओ के आगमन से क्षेत्र में विकास कार्यों को गति मिलने की उम्मीद जताई जा रही है।

भतीजे ने जमीन के झगड़े में चाचा पर बरसायीं गोलियां

सीतापुर। जमीन के बंटवारे को लेकर चल रहा विवाद बुधवार दोपहर खूनी वारदात में बदल गया। पिसावां थाना क्षेत्र के लोहारखेड़ा गांव में भतीजे ने अपने ही चाचा पर ताबड़तोड़ फायरिंग कर दी। अचानक हुई गोलीबारी से गांव में दहशत फैल गई। हमलावर ने एक के बाद एक कई राउंड गोलियां चलाईं, जिनमें चाचा को तीन से चार गोलियां लगने की बात सामने आई है। खून से लथपथ होकर वह मौके पर ही गिर पड़े। वारदात के बाद गांव में अफरा-तफरी मच गई। गंभीर हालत में घायल को पहले सीएचसी पहुंचाया गया, जहां से जिला अस्पताल और फिर लखनऊ ट्रामा सेंटर रेफर कर दिया गया।

जानकारी के अनुसार, लोहारखेड़ा गांव निवासी अमित सिंह पुत्र स्वर्गीय संजय सिंह का अपने चाचा फूल सिंह (42) पुत्र रामलाल सिंह से जमीन के बंटवारे को लेकर विवाद चल रहा था। बुधवार दोपहर करीब 2:30 बजे इसी विवाद को लेकर दोनों के बीच कहासुनी हुई। देखते ही देखते विवाद इतना बढ़ गया कि अमित ने चाचा पर तमंचे से ताबड़तोड़ फायरिंग शुरू कर दी। अचानक हुई गोलीबारी से फूल सिंह को संभलने तक का मौका नहीं मिला। गोलियां लगते ही वह जमीन पर गिर पड़े। फायरिंग की आवाज सुनकर ग्रामीण घटनास्थल की ओर दौड़े, लेकिन तब तक आरोपी वारदात को अंजाम दे चुका था। घटना की सूचना मिलते ही पिसावां पुलिस मौके पर पहुंची और घायल को तत्काल उपचार के लिए सीएचसी भिजवाया। हालत गंभीर होने पर चिकित्सकों ने उन्हें जिला अस्पताल भेजा। वहां से भी स्थिति नाजुक देखते हुए लखनऊ ट्रामा सेंटर रेफर कर दिया गया। पुलिस ने आरोपी अमित सिंह को हिरासत में ले लिया है। उससे पूछताछ की जा रही है। बताया जाता है कि चाचा-भतीजे के बीच जमीन विवाद के अलावा पुरानी पारिवारिक रंजिश भी चली आ रही थी। इसी रंजिश ने बुधवार को हिंसक रूप ले लिया। गांव में इस वारदात को लेकर तरह-तरह की चर्चाएं हैं। प्रभारी निरीक्षक प्रभात कुमार ने बताया कि घायल को बेहतर उपचार के लिए हायर सेंटर रेफर किया गया है। आरोपी को हिरासत में लेकर पूछताछ की जा रही है। परिजनों से तहरीर मिलने के बाद मुकदमा दर्ज कर आगे की कानूनी कार्रवाई की जाएगी।

प्रसूता की मौत पर घिरा जीवन हॉस्पिटल, जांच में खुली लापरवाही की पोल

सीतापुर। रामकोट थाना क्षेत्र में कांशीराम कॉलोनी के पास संचालित जीवन हॉस्पिटल में प्रसूता की मौत के मामले में आखिरकार अस्पताल प्रबंधन पर कार्रवाई की गाज गिर गई। इलाज में गंभीर लापरवाही के आरोपों की जांच में पुष्टि होने के बाद अस्पताल के चिकित्सक डॉ. तौफीक और पैरामेडिकल स्टाफ के खिलाफ मुकदमा दर्ज कराया गया है। डीएम के निर्देश पर एसीएमओ डॉ. इमरान अली की तहरीर पर पुलिस ने गंभीर धाराओं में केस दर्ज कर जांच शुरू कर दी है। लखीमपुर खीरी जिले के मैगलगंज निवासी राखी शर्मा को 26 अक्टूबर को प्रसव के लिए जीवन हॉस्पिटल में भर्ती कराया गया था। आरोप है कि प्रसव के बाद खून की कमी होने के बावजूद अस्पताल में उनका ऑपरेशन किया गया। इलाज के दौरान ही 26 अक्टूबर को राखी की मौत हो गई। प्रसूता की मौत के बाद परिजनों ने अस्पताल प्रशासन पर इलाज में गंभीर लापरवाही बरतने का आरोप लगाते हुए डीएम से शिकायत की थी। सीतापुर ! जांच रिपोर्ट सामने आने के बाद एसीएमओ डॉ. इमरान अली ने रामकोट थाने में तहरीर दी। इसके आधार पर चिकित्सक और पैरामेडिकल स्टाफ के खिलाफ मुकदमा दर्ज किया गया है। प्रभारी निरीक्षक पीयूष सिंह ने बताया कि मामले में केस दर्ज कर लिया गया है। विवेचना के आधार पर आगे की कार्रवाई की जाएगी।

प्रबंधन के प्रयासों से फिर परीक्षा केंद्र बना पब्लिक इण्टर कॉलेज



गोला गोकर्णनाथ, खीरी। वीओएल। पिछले वर्ष यूपी बोर्ड परीक्षा केंद्र बनने से वंचित रहा पब्लिक इण्टर कॉलेज गोला गोकर्णनाथ इस बार पुनः परीक्षा केंद्र बना दिया गया है। प्रबंधन की ओर से पूर्व प्रधानाचार्य बाबूराम सागर पर गलत तथ्यों के साथ आपत्ति दर्ज कराने का आरोप लगाए जाने के बाद इस वर्ष कार्यवाहक प्रधानाचार्य विश्वमोहनजीत सिंह और प्रबंधक विजय कुमार माहेश्वरी के प्रयासों से विद्यालय को केंद्र बनाने में सफलता मिली है।

वर्ष 1932 में स्थापित पब्लिक इण्टर कॉलेज को वर्ष 1944 में हाईस्कूल और 1948 में इंटरमीडिएट की मान्यता मिली थी। विद्यालय वर्ष 2025 तक लगातार बोर्ड परीक्षा केंद्र रहा। प्रबंधन के अनुसार, वर्ष 2026 की परीक्षा के लिए प्रस्तावित केंद्रों की सूची में विद्यालय का नाम होने के बावजूद तत्कालीन प्रधानाचार्य बाबूराम सागर द्वारा जिला विद्यालय निरीक्षक और जिलाधिकारी के समक्ष गलत एवं भ्रामक तथ्यों के आधार पर आपत्ति दर्ज कराए जाने के कारण विद्यालय केंद्र नहीं बन पाया था।

इस वर्ष भी प्रस्तावित केंद्रों की सूची में नाम शामिल नहीं होने पर प्रबंधक विजय कुमार माहेश्वरी और कार्यवाहक प्रधानाचार्य विश्वमोहनजीत सिंह ने आपत्ति दर्ज कराते हुए बोर्ड तथा जिला प्रशासन से विद्यालय को केंद्र बनाए जाने की मांग की। बोर्ड की वेबसाइट पर आपत्ति अपलोड करने के साथ उसकी हार्डकॉपी जिला विद्यालय निरीक्षक को भेजी गई तथा जिलाधिकारी को भी पत्र देकर छात्रहित में आवश्यक कार्रवाई का अनुरोध किया गया। लगातार प्रयासों के बाद विद्यालय को बोर्ड परीक्षा 2027 के लिए पुनः केंद्र निर्धारित कर दिया गया है।इस परीक्षा केंद्र पर हाईस्कूल के 460 और इंटरमीडिएट के 372, कुल 832 परीक्षार्थी पांच विद्यालयों से परीक्षा देंगे। पब्लिक इण्टर कॉलेज की हाईस्कूल की 62 तथा इंटरमीडिएट की 105 छात्राएं संस्थागत परीक्षार्थी के रूप में शामिल होंगी। परीक्षा केंद्र बनने से विद्यालय परिवार में खुशी है।

> पिछले वर्ष तत्कालीन प्रधानाचार्य की आपत्ति के चलते विद्यालय परीक्षा केंद्र नहीं बन सका था। इस बार कार्यवाहक प्रधानाचार्य विश्वमोहनजीत सिंह के सहयोग से प्रबंधन के प्रयास सफल रहे और विद्यालय को पुनः केंद्र बनाया गया।
> विजय कुमार माहेश्वरी
> प्रबंधक

बीडीओ ने गोवंश आश्रय स्थलों का किया निरीक्षण

सीतापुर। नवागत खंड विकास अधिकारी जयेश कुमार ने कार्यभार संभालते ही विकास कार्यों और गोवंश संरक्षण को लेकर सक्रियता दिखाई। बुधवार को उन्होंने ब्लॉक के सभी कर्मचारियों के साथ बैठक कर विकास कार्यों की समीक्षा की और आवश्यक दिशा-निर्देश दिए। इसके बाद बीडीओ ग्राम पंचायत बरियाडीह और मल्लापुर स्थित अस्थायी गोवंश आश्रय स्थलों का निरीक्षण करने पहुंचे। उन्होंने गोवंशों के रखरखाव, चारा-पानी और अन्य व्यवस्थाओं का जायजा लिया। निरीक्षण के दौरान चरनी क्षतिग्रस्त मिलने पर तत्काल मरम्मत कराने के निर्देश दिए। बढ़ती ठंड को देखते हुए उन्होंने गोवंशों को सर्दी से बचाने के लिए पर्याप्त तिरपाल उपलब्ध कराने और नियमित अलाव जलवाने के निर्देश दिए। साथ ही कर्मचारियों को गोवंशों की देखभाल में किसी भी तरह की लापरवाही न बरतने की हिदायत दी। कार्यभार संभालने के अगले ही दिन निरीक्षण कर उन्होंने अपनी प्राथमिकताएं स्पष्ट कर दीं।

नगर पंचायत अध्यक्ष गफ्फार खां की मां का इंतकाल, नगर में शोक की लहर

सीतापुर। नगर पंचायत हरगांव के अध्यक्ष गफ्फार खां की 92 वर्षीय मां वसीकुन का मंगलवार रात करीब नौ बजे इंतकाल हो गया। उनके निधन की खबर से नगर क्षेत्र में शोक की लहर दौड़ गई। बुधवार दोपहर करीब ढाई बजे सैकड़ों लोगों की मौजूदगी में उन्हें सुपुर्द-ए-खाक किया गया। जनाजे में परिजनों और रिश्तेदारों के अलावा पूर्व मंत्री रामहेत भारती, पूर्व विधायक रमेश राही, नगर पालिका परिषद लहरपुर के अध्यक्ष हाजी जावेद खां, नगर पंचायत हरगांव के अधिशासी अधिकारी श्रीश मिश्र, अवर अभियंता शशिकांत यादव, प्रमुख प्रतिनिधि कमलेश वर्मा, सभासद शोएब खां और सलीम समेत बड़ी संख्या में गणमान्य लोग व नगरवासी शामिल हुए।

कार्यालय खण्ड विकास अधिकारी, छतोह, रायबरेली

पत्रांक- 2847/क्षे0पं0/निविदा-नि0कार्य/2026-27 **दिनांक- 18.11.2026**

निविदा सूचना

वित्तीय वर्ष 2026-27 में क्षेत्र पंचायत-छतोह, रायबरेली मे निम्न तालिका में दर्शित निर्माण कार्य कराये जाने हेतु पंजीकृत ठेकेदारों से मुहरबन्द निविदायें आमन्त्रित की जाती हैं। निविदा प्रपत्र अधोहस्ताक्षरी के कार्यालय से दिनाँक 19.11.2026 से 27.11.2026 अपरान्ह 12:00 बजे तक किसी भी कार्य दिवस में निर्धारित शुल्क नकद भुगतान करके प्राप्त किये जा सकते हैं।

निविदा दाताओं द्वारा अपनी मुहर बन्द निविदा दिनाँक 27.11.2026 को अपरान्ह 02:00 बजे तक खण्ड विकास अधिकारी कार्यालय में रखी टेण्डर पेटिका में डाली जा सकती है। निर्धारित तिथि एवं समय के उपरान्त प्राप्त होने वाली निविदाओं पर कोई भी विचार नहीं किया जायेगा। प्राप्त समस्त निविदायें दिनाँक 27.11.2026 को ही अपरान्ह 03:00 बजे निविदा दाताओं/उनके प्रतिनिधियों की उपस्थिति में निविदा समिति द्वारा खोली जायेंगी।

निविदा प्रपत्र के साथ निविदा दाता का पंजीयन प्रमाण पत्र, ITD-1/टी-4(चरित्र प्रमाण पत्र), ITD-2/टी-5(हैसियत प्रमाण पत्र), ITD-3/टी-6(स्वघोषणा/शपथपत्र, स्टाम्प पेपर पर), जी0एस0टी0 पंजीकरण प्रमाणपत्र, लेबर पंजीकरण प्रमाणपत्र तथा अनुभव प्रमाणपत्र संलग्न करना होगा। निविदा प्रपत्र पर कोई भी कटिंग अथवा उपरिलेखन मान्य नहीं होगा। कार्य की लागत में नियमानुसार आयकर एवं जी0एस0टी0 शामिल होगा। निविदा को किसी भी समय बिना कारण बताये निरस्त/स्थगित करने का अधिकार खण्ड विकास अधिकारी छतोह, रायबरेली में निहित होगा।

क्र. सं.	क्षेत्र पंचायत	कार्य का नाम	कार्य का विवरण (स्थल सहित)	प्राकलन लागत (लाख में)	निविदा मूल्य 0.2%	धरोहर राशि (02 प्रतिशत)	कार्यदायी संस्था का नाम	कार्य पूर्ण करने की अवधि
1	2	3	4	5	6	7	8	9
1	छतोह	प्रमुख कक्षों में टाइलीकरण का कार्य।	प्रमुख कक्षों में टाइलीकरण का कार्य।	4.18	836	8360	क्षेत्र पंचायत छतोह	03 माह
2	छतोह	खण्ड विकास अधिकारी कक्ष एवं कार्यालय की पैनलिंग एवं रंगाई पुताई सहित अन्य कार्य।	खण्ड विकास अधिकारी कक्ष एवं कार्यालय की पैनलिंग एवं रंगाई पुताई सहित अन्य कार्य।	9.95	1990	19900	क्षेत्र पंचायत छतोह	03 माह
3	छतोह	सी0सी0 रोड निर्माण	लक्ष्मण कोरी के घर से समरबहादुर के घर होते हुए पक्की सड़क तक सी0सी0 रोड निर्माण (मेदापुर)	7.44	1488	14880	क्षेत्र पंचायत छतोह	03 माह
4	छतोह	ब्लाक प्रमुख कक्षों का सौन्दर्यीकरण कार्य।	ब्लाक प्रमुख कक्षों का सौन्दर्यीकरण कार्य	9.94	1988	19880	क्षेत्र पंचायत छतोह	03 माह
5	छतोह	गांधी नगर बाजार में इण्टरलाकिंग रास्ते का निर्माण कार्य।	गांधी नगर बाजार में इण्टरलाकिंग रास्ते का निर्माण कार्य। (गांधीनगर)	7.78	1556	15560	क्षेत्र पंचायत छतोह	03 माह
6	छतोह	इण्टरलाकिंग कार्य	रमाशंकर के घर से विनीत तिवारी के बोरिंग होते हुए बालकृष्ण के खेत तक इण्टरलाकिंग कार्य (कुढ़ा)	9.93	1986	19860	क्षेत्र पंचायत छतोह	03 माह
7	छतोह	इण्टरलाकिंग कार्य	बालकृष्ण तिवारी के खेत से बलकरन तिवारी के घर होते हुए खडण्जा तक इण्टरलाकिंग कार्य (कुढ़ा)	9.98	1996	19960	क्षेत्र पंचायत छतोह	03 माह
8	छतोह	इण्टरलाकिंग कार्य	मंगरे कोरी के मकान से राम भवन के मकान तक इण्टरलाकिंग कार्य। (कुढा)	9.97	1994	19940	क्षेत्र पंचायत छतोह	03 माह
9	छतोह	इण्टरलाकिंग कार्य	पक्की सड़क से गैस एजेन्सी तक इण्टरलाकिंग कार्य। (पूरे राई)	2.37	474	4740	क्षेत्र पंचायत छतोह	03 माह
10	छतोह	खडण्जा मरम्मत कार्य।	प्राइमरी स्कूल से पूरे कनपुरियन गांव तक खडण्जा मरम्मत कार्य। (भेलिया)	6.11	1222	12220	क्षेत्र पंचायत छतोह	03 माह
11	छतोह	खडण्जा मरम्मत कार्य।	पक्की सडक से पूरे शुक्लन के पुरवा तक खडण्जा मरम्मत कार्य। सिसनी भुवालपुर)	9.06	1812	18120	क्षेत्र पंचायत छतोह	03 माह
12	छतोह	खडण्जा मरम्मत कार्य।	घनश्याम के दरवाजे से जुम्मन के दरवाजे तक खडण्जा मरम्मत कार्य। (लखापुर)	3.14	628	6280	क्षेत्र पंचायत छतोह	03 माह
13	छतोह	मो. जमाल के घर के पास सोलर पम्प का कार्य अशरफपुर में	मो0 जमाल के घर के पास सोलर पम्प का कार्य अशरफपुर में	3.38	676	6760	क्षेत्र पंचायत छतोह	03 माह
14	छतोह	शैलेन्द्र सिंह के घर के पास सोलर पम्प का कार्य। (1नग) (लहेंगा)	शैलेन्द्र सिंह के घर के पास सोलर पम्प का कार्य। (1नग) (लहेंगा)	3.38	676	6760	क्षेत्र पंचायत छतोह	03 माह
15	छतोह	निनावां में प्रभात सिंह के घर के पास सोलर पम्प का कार्य। (1नग) (निनावां)	निनावां में प्रभात सिंह के घर के पास सोलर पम्प का कार्य। (1नग) (निनावां)	3.38	676	6760	क्षेत्र पंचायत छतोह	03 माह
16	छतोह	देवेश के घर के पास बारा में सोलर पम्प का कार्य। (1नग) (बारा)	देवेश के घर के पास बारा में सोलर पम्प का कार्य। (1नग) (बारा)	3.38	676	6760	क्षेत्र पंचायत छतोह	03 माह

कार्यों के आगणित कुल मूल्य की 2 प्रतिशत अर्नेस्ट मनी की धनराशि का एफ.डी.आर., जो अधोहस्ताक्षरी के पदनाम से बन्धक होगा निविदा प्रपत्र के साथ संलग्न किया जायेगा तथा जिस ठेकेदार की निविदा स्वीकृत की जायेगी उसे अवशेष 8 प्रतिशत धनराशि (धरोहर राशि) का एफ.डी.आर. जो अधोहस्ताक्षरी के पदनाम से बन्धक होगा, के जमा करने पर ही कायार्देश निर्गत किया जायेगा। अन्यथा की स्थिति मे भुगतान के समय अवशेष 08 प्रतिशत की कटौती कर ली जायेगी।

(त्रिभुवन)
खण्ड विकास अधिकारी
छतोह-रायबरेली।

संक्षेप

अज्ञात वाहन की टक्कर से बहन-भाई की मौत

इटावा। बकेवर थाना क्षेत्र में बुधवार दोपहर करीब 2 बजे पंचशील ढाबे के पास अज्ञात वाहन ने बाइक सवार बहन-भाई और उनकी एक साल की बच्ची की टक्कर मार दी। हादसे में बाइक चला रहे 25 वर्षीय शुभ तिवारी की मौके पर ही मौत हो गई जबकि गंभीर रूप से घायल उसकी 28 वर्षीय बहन आशी ने सैफई मिनी पीजीआई में इलाज के दौरान दम तोड़ दिया। आशी की एक साल की बेटी राधिका की हालत गंभीर है। उसका सैफई पीजीआई में इलाज चल रहा है। शुभ तिवारी पुत्र आनंद कुमार निवासी बहेड़ा थाना बकेवर अपनी बड़ी बहन आशी व उसकी बेटी राधिका को लेकर औरैया के फूलपुर स्थित अपनी बुआ के घर जा रहा था। बुआ के बेटे की शादी के चलते बुधवार को घर में हल्दी तेल का कार्यक्रम था। शुभ अपनी बुलेट बाइक से बहन व भांजी को वहां छोड़ने जा रहा था।

खेत में मिला किसान का शव

रायबरेली। शिवगढ़ थाना क्षेत्र के मानपुर मजरे अछई गांव में खेत में किसान का शव मिलने से हड़कंप मच गया। घर से 400 मीटर की दूरी पर खेत में शव मिला है। किसान राम लोधी का शव देख लोगों ने पुलिस को सूचना दी। मौके पर पहुंची पुलिस ने शव को कब्जे में लेकर पोस्टमार्टम के लिए भेज दिया है और जांच पड़ताल में जुट गई है।

किशोर का शव मिलने से सनसनी

परसदेपुर, रायबरेली। नसीराबाद थाना क्षेत्र के धरई गांव में 15 वर्षीय किशोर का शव मिलने से सनसनी फैल गई। घर के अंदर फांसी के फंदे से लटकता हुआ सुमित का शव मिला है।सूचना पर पहुंची पुलिस ने शव को कब्जे में ले लिया है। मौत के कारणों की पड़ताल में पुलिस जुटी हुई है।

गौ अष्टमी पर गौ पुत्र सेना ने किया गौ माता का पूजन

ललितपुर। गौ अष्टमी के पावन पर्व पर गौ पुत्र सेना ललितपुर के सदस्यों ने गौ माता का विधि-विधान से पूजन-अर्चन कर गौ भोज कराया। इस दौरान गौ माता को श्रद्धापूर्वक भोजन कराया गया तथा उनकी सेवा, सुरक्षा और संवर्धन का संकल्प लिया गया। इस दौरान गौ सेवकों ने कहा कि गौ माता की सेवा केवल धार्मिक आस्था तक सीमित नहीं है, बल्कि यह हमारी भारतीय संस्कृति, करुणा और मानवता का प्रतीक है। समाज के प्रत्येक व्यक्ति को गौ सेवा के लिए आगे आना चाहिए और निराश्रित गोवंश की देखभाल में अपनी भागीदारी निभानी चाहिए। गौ पुत्र सेना के सदस्यों ने कहा कि गौ माता की रक्षा और सेवा करना हम सभी का नैतिक एवं सामाजिक दायित्व है। गौ सेवा के माध्यम से समाज में दया, सहयोग और जीवों के प्रति संवेदनशीलता का भाव विकसित होता है। इस अवसर पर गौ पुत्र प्रशांत शुक्ला, अंतिम अंश, मोनू, मनीष दुबे, दरौनी, बंटी सहित अन्य गौ सेवक मौजूद रहे।

सार्वजनिक रास्ते पर कब्जे की कोशिश

ललितपुर। शहर के मोहल्ला तालाबपुरा स्थित नरसिंह रामलीला मैदान क्षेत्र में सार्वजनिक रास्ते पर कथित अवैध कब्जे और निर्माण का मामला सामने आया है। रास्ते पर निर्माण कर उसे बंद किए जाने की आशंका को लेकर स्थानीय निवासी पत्रकार अरविंद कुमार संज्ञा ने नपाध्यक्ष को शिकायती पत्र सौंपकर कार्रवाई की मांग की है। शिकायत में आरोप लगाया गया है कि मोहल्ले में रहने वाले व्यक्ति द्वारा सार्वजनिक रास्ते के दोनों ओर पिलर खड़े कर उन पर गाटर रखने की तैयारी की जा रही है। इसके साथ ही बिना नक्शा स्वीकृत कराए मकान का निर्माण कार्य भी कराया जा रहा है। शिकायतकर्ता का कहना है कि यदि निर्माण कार्य इसी तरह जारी रहा तो सार्वजनिक रास्ते पर आवागमन बाधित हो जाएगा। उनके मकान के सामने पहले करीब आठ फीट चैड़ा सार्वजनिक रास्ता था, जो कथित अतिक्रमण के चलते अब लगभग सात फीट ही रह गया है।

पांच एकड़ जमीन बेचकर शराब पी गया पिता

- मौत के बाद शव कुएं में फेंका, दोनों गिरफ्तार
- विरोध करने पर बेटे और पत्नी ने पेड़ से बांधा

ललितपुर। जखौरा थाना क्षेत्र के ग्राम नौहरकलां में कुएं में मिले वीरन यादव के शव के मामले में पुलिस ने चैंकाने वाला खुलासा किया है। गैर इरादतन हत्या के इस मामले में मृतक के पुत्र प्रदीप उर्फ छोटू और पत्नी सुमन को पुलिस ने बुधवार 18 नवंबर को गिरफ्तार कर लिया। पुलिस ने आरोपियों की निशानदेही पर घटना में प्रयुक्त एक प्लास्टिक की रस्सी भी बरामद की है। दोनों आरोपियों को न्यायालय में पेश किया जा रहा है। 31 अक्टूबर 2026 को ग्राम नौहरकलां में वीरन यादव पुत्र धूप सिंह यादव का शव गांव के एक कुएं में पड़े होने की सूचना मिली थी। सूचना पर पहुंची जखौरा पुलिस ने ग्रामीणों और परिजनों की मदद से शव को कुएं से बाहर निकलवाया था। इसके बाद पंचायतनामा की कार्रवाई कर शव को पोस्टमार्टम के लिए जिला मोर्चरी भेजा गया था। पोस्टमार्टम रिपोर्ट और घटनास्थल से मिले परिस्थितिजन्य साक्ष्यों के आधार पर पुलिस ने मामले की गहनता से जांच की। जांच में मृतक के पुत्र प्रदीप उर्फ छोटू और पत्नी सुमन की भूमिका सामने आई। इसके बाद 17 नवंबर को थाना जखौरा में मुकदमा धारा 105, 238 बीएनएस के तहत अभियोग पंजीकृत किया गया। पुलिस पूछताछ में आरोपियों ने बताया कि वीरन यादव करीब पांच एकड़ जमीन बेचकर शराब पीने में खर्च कर चुके थे। परिवार के लोग उन्हें लगातार समझाते थे, लेकिन वह नहीं मानते थे। शेष बची जमीन बेचने की बात को लेकर 25 अक्टूबर को विवाद हुआ था। आरोप है कि उस दिन नशे की हालत में वीरन यादव अपने पुत्र और पत्नी के साथ मारपीट कर रहे थे। विरोध के दौरान प्रदीप और उसकी मां सुमन ने उनके साथ मारपीट की और खेत में खड़े आम के पेड़ से प्लास्टिक की रस्सी से बांध दिया। इसके बाद दोनों अपने काम में लग गए। शाम को वापस लौटने पर उन्होंने देखा कि वीरन यादव की मौत हो चुकी थी।

22 को होगी ब्लैक आउट मॉकड्रिल



रायबरेली। जिलाधिकारी सरनीत कौर ब्रोका व पुलिस अधीक्षक रवि कुमार की संयुक्त अध्यक्षता में कलेक्ट्रेट सभागार में ब्लैक आउट मॉकडिल के आयोजन के सम्बन्ध में नागरिक सुरक्षा विभाग, डी0डी0एम0ए0 एस0डी0आर0एफ0 अग्निशमन, पुलिस, स्वास्थ्य एवं सम्बन्धित विभागों के साथ एक बैठक सम्पन्न हुई।

जिलाधिकारी ने बताया कि युद्ध की स्थिति में हवाई हमले से अपने क्षेत्र के महत्वपूर्ण प्रतिष्ठान, आवास, सड़क तथा जनता को सुरक्षित रखने हेतु उनकी विद्युत (बिजली) बंद रखना प्रकाश प्रतिबद्ध (ब्लैक आउट कहलाता है) उन्होंने बताया कि 22 नवम्बर 2026 को सायं 06 बजे से सायं 06:30 बजे तक राजकीय कॉलोनी स्थित पार्क में ब्लैक आउट मॉक ड्रिल एक्सरसाइज आयोजित की जायेगी। जिसमें बचाव सम्बन्धी आपातकालीन विधियों का अभ्यास/प्रदर्शन किया जायेगा। मॉकड्रिल के समय हवाई हमले का रेड सिग्नल दो मिनट तक ऊँची-नीची आवाज में बजाया जायेगा तथा खतरा टलने की सूचना दो मिनट तक सायरन को एक ही आवाज में बजाकर दी जाएगी, ताकि बचाव व राहत की कार्यवाही तुरन्त की जा सके। यह अभ्यास आपकी सुरक्षा के लिए है। इसलिए इसे गम्भीरता से ले और सहयोग करें। उन्होंने आमजन मानस के अपील की कि सहयोग देते हुए भविष्य में हवाई हमले (युद्ध) जैसी विषम परिस्थितियों में होने वाले ब्लैक आउट के प्रति जागरूक रहें। अफवाहों से बचे और प्रशासन द्वारा दिये गये निदेर्शों को पालन करें। उन्होंने कहा कि एयर रेड सायरन बजने पर शांतिपूर्वक अपने घरों/सुरक्षित स्थानों पर रहें। सभी लाईटों को बंद रखे। माचिस, लाईट, टार्च एवं मोबाईल का प्रयोग न करें। हवाई हमले के बाद बाहर तभी निकले जब सरकारी निर्देश मिले। यदि रोड पर हों तो वाहन किनारे खड़ी कर वाहन की लाईट ऑफ कर दें। घबरायें नहीं व समय-समय पर जिला प्रशासन द्वारा जारी निर्देशों/ ट्रैफिक नियमों और पुलिस के निदेशों का पालन करें। बैठक में अपर जिलाधिकारी (प्रशासन) अमित कुमार, अपर जिलाधिकारी (वित्त एवं राजस्व) सहदेव मिश्र, अपर पुलिस अधीक्षक पवन गौतम, नगर मजिस्ट्रेट राम अवतार, क्षेत्राधिकारी नगर आशीष निगम सहित संबंधित विभागों के अधिकारी उपस्थित रहे।

डीएम व एसपी ने कार्तिक पूर्णिमा मेला एवं मुख्य स्नान पर्व को लेकर की तैयारियों की समीक्षा

रायबरेली।जिलाधिकारी सरनीत कौर ब्रोका एवं पुलिस अधीक्षक रवि कुमार की संयुक्त अध्यक्षता में कलेक्ट्रेट सभागार में संबंधित अधिकारियों के साथ आगामी कार्तिक पूर्णिमा मेला डलमऊ सहित जनपद के विभिन्न स्थलों पर आयोजित होने वाले मेलों एवं घाटों पर 23, 24 एवं 25 नवम्बर 2026 को सम्पन्न होने वाले मुख्य स्नान पर्व को सकुशल, शांतिपूर्ण एवं सुव्यवस्थित ढंग से सम्पन्न कराने के उद्देश्य से बैठक सम्पन्न हुई। बैठक में जिलाधिकारी ने विभिन्न विभागों द्वारा अब तक की गई तैयारियों एवं कार्यवाहियों की बिन्दुवार समीक्षा करते हुए सभी संबंधित अधिकारियों को निर्देशित किया कि मेला एवं स्नान पर्व से जुड़ी सभी आवश्यक व्यवस्थाएं निर्धारित समयावधि में पूर्ण कर ली जाएं। उन्होंने कहा कि श्रद्धालुओं की सुविधा, सुरक्षा एवं स्वास्थ्य को सर्वोच्च प्राथमिकता देते हुए सभी विभाग आपसी समन्वय के साथ अपने दायित्वों का निर्वहन सुनिश्चित करें। उन्होंने सभी संबंधित अधिकारियों को निर्देशित किया कि प्रत्येक मेला स्थल एवं घाट पर आवश्यकतानुसार प्वाइंटवार एवं शिफ्टवार अधिकारियों तथा कर्मचारियों की ड्यूटी निर्धारित की जाए। ड्यूटी पर तैनात कार्मिक अपने निर्धारित स्थल पर समय से उपस्थित रहकर जिम्मेदारियों का निर्वहन करें। व्यवस्थाओं की सतत निगरानी भी सुनिश्चित की जाए, जिससे श्रद्धालुओं को किसी प्रकार की असुविधा का सामना न करना पड़े और स्नान पर्व सुचारू रूप से सम्पन्न हो सके। जिलाधिकारी ने समस्त उप जिलाधिकारी व क्षेत्राधिकारी को निर्देशित किया कि अपने-अपने क्षेत्र में संयुक्त रूप से भ्रमण कर स्थलों का निरीक्षण कर आयोजकों से समन्वय स्थापित करते हुवे सभी व्यवस्थाएं समयबद्ध सुनिश्चित करवाते हुवे आयोजनों को सुचारू रूप से सम्पन्न कराए।

एसएसपी ने चिल्ड्रन पार्क का उद्घाटन किया



इटावा। वरिष्ठ पुलिस अधीक्षक बृजेश कुमार श्रीवास्तव द्वारा थाना वैदपुरा परिसर में नवनिर्मित चिल्ड्रन पार्क का उद्घाटन किया। इस अवसर पर उन्होंने चिल्ड्रन पार्क का अवलोकन करते हुए परिसर में बच्चों के अनुकूल वातावरण एवं सकारात्मक गतिविधियों को प्रोत्साहित करने के उद्देश्य से की गई व्यवस्था की सराहना की। चिल्ड्रन पार्क की स्थापना से थाना परिसर में आने वाले बच्चों को अनुकूल एवं सहज वातावरण उपलब्ध कराने की दिशा में एक सकारात्मक पहल की गई है। इसके बाद थाना वैदपुरा परिसर स्थित मिशन शक्ति केन्द्र का निरीक्षण किया गया। निरीक्षण के दौरान केन्द्र पर उपलब्ध व्यवस्थाओं, महिलाओं एवं बालिकाओं की सुरक्षा, सम्मान एवं स्वावलंबन से संबंधित गतिविधियों तथा उनकी समस्याओं के निस्तारण हेतु की गई व्यवस्थाओं का जायजा लिया गया। साथ ही महिला संबंधी शिकायतों को संवेदनशीलता ऐवं गंभीरता के साथ सुनकर उनका नियमानुसार त्वरित एवं गुणवत्तापूर्ण निस्तारण सुनिश्चित करने पर विशेष बल दिया गया। इस दौरान अपर पुलिस अधीक्षक ग्रामीण श्रीशचन्द्र एवं समस्त क्षेत्राधिकारीगण सहित पुलिस के अन्य अधिकारी व कर्मचारी उपस्थित रहे।

जय श्रीराम के उद्घाटन से गुंजायमान रही चौदहकोसी परिक्रमा



अयोध्या। रामनगरी अयोध्या में श्रद्धा व भक्ति के वातावरण में 20 लाख से अधिक श्रद्धालुओं ने बुधवार को 42 किलोमीटर लंबी चैदहकोसी परिक्रमा की। अक्षय नवमी पर शुरू हुई इस परिक्रमा में आस्था का जनसैलाब उमड़ पड़ा। पूरी रामनगरी रामनाम की धुन और जय श्रीराम के उद्घोष से गुंजायमान रही। परिक्रमा का निर्धारित मुहूर्त बुधवार सुबह 1.21 बजे था। हालांकि, श्रद्धालुओं ने शुभ घड़ी की प्रतीक्षा किए बिना ही परिक्रमा शुरू कर दी। यह सिलसिला 24 घंटे से अधिक समय तक चलता रहा। बुजुर्गों, युवाओं, महिलाओं और बच्चों सहित सभी ने रामनगरी की परिक्रमा कर पुण्य अर्जित किया। परिक्रमा पथ पर भजन मंडलियां चल रही थीं और श्रद्धालु एक-दूसरे को जय श्रीराम कहकर उत्साह बढ़ा रहे थे। सरयू तट पर भी श्रद्धालुओं की भीड़ उमड़ी, जहां उन्होंने स्नान कर अपनी थकान मिटाई। परिक्रमा पूरी करने के बाद श्रद्धालु मंदिरों की ओर मुड़ गए। हनुमानगढ़ी में बजरंगबली के दर्शन के लिए 500 मीटर लंबी कतार लगी रही। कनक भवन और नागेश्वरनाथ में भी दर्शनार्थियों की भीड़ रही। पिछले दो दिनों में तीन लाख से अधिक श्रद्धालुओं ने रामलला के दर्शन किए हैं। श्रद्धालुओं की सुरक्षा, सुविधा और सुगम आवागमन को लेकर प्रशासन पूरी तरह मुस्तैद है। एडीजी जोन लखनऊ प्रवीण कुमार, जिलाधिकारी शशांक त्रिपाठी, एएसपी गौरव ग्रोवर और नगर आयुक्त जयेन्द्र कुमार ने सरयू घाट से लेकर लता मंगेशकर चैक तक विभिन्न व्यवस्थाओं का जायजा लिया।

प्रशासन ने गिराई होमस्टे की दीवार, हाईकोर्ट ने लगाया 50 हजार का हर्जाना

अयोध्या। निजी विवाद में प्रशासन की मनमानी कार्रवाई पर इलाहाबाद हाईकोर्ट ने सख्त रुख अपनाया है। बिना नोटिस और सुनवाई का अवसर दिए होमस्टे की चारदीवारी गिराने को अदालत ने अवैध करार दिया है। हाईकोर्ट की लखनऊ पीठ ने नगर निगम को याचिकाकर्ता को 50 हजार रुपये हजार्ना देने और पांच सप्ताह के भीतर ध्वस्त चारदीवारी दोबारा बनवाने का आदेश दिया है। साथ ही स्पष्ट किया है कि हजार्ने की रकम इस कार्रवाई के लिए जिम्मेदार अधिकारियों से वसूल की जाए। यह आदेश याचिकाकर्ता के अधिवक्ता अजय कुमार पांडेय की प्रभावी पैरवी के बाद आया। छह नवंबर को न्यायमूर्ति आलोक माथुर और न्यायमूर्ति अब्देश कुमार चैधरी की खंडपीठ ने पवन कुमार कौशल की रिट याचिका संख्या 7619/2026 पर यह फैसला सुनाया। याचिकाकर्ता के अनुसार, ग्राम बरहता उपरहार, परगना हवेली अवध, तहसील सदर स्थित गाटा संख्या 123 पर उन्होंने होमस्टे बनवाया था। आरोप है कि नगर निगम ने बिना किसी पूर्व सूचना के इसकी चारदीवारी ध्वस्त कर दी। दरअसल, याचिकाकर्ता पवन कुमार कौशल और विपक्षी रीता सैनी के बीच रास्ते पर दरवाजा खोलने को लेकर विवाद चल रहा था। इस मामले में सिविल न्यायालय में मुकदमा भी विचाराधीन है। याचिकाकर्ता का आरोप था कि इसी निजी विवाद के चलते प्रशासन ने उनकी चारदीवारी गिरा दी। सुनवाई के दौरान हाईकोर्ट ने जिलाधिकारी अयोध्या से व्यक्तिगत हलफनामा मांगा। अदालत ने पाया कि दीवार गिराने से पहले कोई नोटिस या वैधानिक कार्यवाही नहीं की गई थी। सार्वजनिक रास्ते पर अतिक्रमण होने के दावे के समर्थन में भी पर्याप्त साक्ष्य नहीं मिले। कोर्ट ने कहा कि कथित अतिक्रमण के मामले में भी उत्तर प्रदेश राजस्व संहिता की धारा 26 के तहत निर्धारित प्रक्रिया अपनाना और संबंधित व्यक्ति को सुनवाई का अवसर देना अनिवार्य है। निजी विवाद में प्रशासन का इस तरह हस्तक्षेप करना उचित नहीं है। इसी आधार पर अदालत ने रिट याचिका स्वीकार कर चारदीवारी बहाल करने और हजार्ना देने का आदेश दिया।

मैराथन दौड़ का हुआ आयोजन

गोसाईंगंज-अयोध्या। गोसाईंगंज कस्बे में बुधवार को पराली ना जलाने के प्रति जागरूकता फैलाने के उद्देश्य को लेकर पूर्व सांसद रितेश पांडे की पहल पर क्लीन एयर ग्रीन एयर मैराथन दौड़ का आयोजन किया गया।मैराथन दौड़ को रितेश पांडे ने हरी झंडी दिखाकर रवाना किया। यह दौड़ रामबली नेशनल इंटर कालेज से शुरू होकर बस स्टॉप, भीटी तिराहा, तेलियागढ़ होते हुए टन्डौली रेलवे क्रासिंग पर जाकर समाप्त हुई।

भागवत कथा में आशीर्वाद लेने पहुंचे एसपी

150 लोगों को वितरित किए निःशुल्क हेलमेट



चांदा, सुलतानपुर (वीओएल)। क्षेत्र के बनभोकार गांव में आयोजित सप्त दिवसीय संगीतमयी श्रीमद्भागवत कथा के पंचम दिवस धार्मिक आस्था के साथ सामाजिक जागरूकता की अनूठी मिसाल देखने को मिली। कथा आयोजन में पहुंचे पुलिस अधीक्षक विनीत जायसवाल का व्यासपीठ से स्वागत एवं अभिनंदन किया गया।

इस अवसर पर सड़क सुरक्षा अभियान के तहत आयोजक परिवार की ओर से पुलिस अधीक्षक के हाथों 150 लोगों को निःशुल्क हेलमेट वितरित किए गए। कार्यक्रम को संबोधित करते हुए पुलिस अधीक्षक विनीत जायसवाल ने कहा कि दोपहिया वाहन चलाते समय हेलमेट पहनना केवल यातायात नियमों का पालन करना नहीं, बल्कि स्वयं और अपने परिवार की सुरक्षा सुनिश्चित करना है। सड़क दुर्घटनाओं के दौरान हेलमेट सिर में लगने वाली गंभीर चोटों से बचाव में महत्वपूर्ण भूमिका निभाता है। उन्होंने लोगों से अपील की कि बिना हेलमेट दोपहिया वाहन न चलाएं और यातायात नियमों का अनिवार्य रूप से पालन करें।

पुलिस अधीक्षक ने धार्मिक आयोजनों के माध्यम से सामाजिक जागरूकता और जनहित के संदेश प्रसारित करने की पहल की सराहना की। उन्होंने कहा कि सड़क सुरक्षा के प्रति प्रत्येक नागरिक को जागरूक और जिम्मेदार होना चाहिए। इस अवसर पर उपस्थित श्रद्धालुओं एवं ग्रामीणों ने आयोजक परिवार की इस सराहनीय पहल की प्रशंसा की। धार्मिक आस्था के साथ जनहित और सड़क सुरक्षा का संदेश देने वाला यह आयोजन क्षेत्र में चर्चा का विषय बना रहा।

गीता जयंती एक्सप्रेस के एसी कोच में चोरी

ललितपुर। ट्रेनों में यात्रियों के सामान की सुरक्षा को लेकर एक बार फिर सवाल खड़े हो गए हैं। ग्वालियर से छतरपुर जा रही गीता जयंती एक्सप्रेस के वातानुकूलित कोच में अज्ञात चोरों ने एक यात्री का बैग चोरी कर लिया। यात्री सीट के पास बैग रखकर सो गया था। इसी दौरान मौका पाकर बदमाश बैग लेकर फरार हो गए। शिकायत पर जीआरपी थाना में अज्ञात आरोपी के खिलाफ मुकदमा दर्ज कर लिया गया है। मध्य प्रदेश के छतरपुर जिले के बिजावर कस्बे के वार्ड नंबर एक निवासी आयुष सेठ पुत्र महावीर गुप्ता ने बताया कि वह 12 अक्टूबर को ग्वालियर से छतरपुर जाने के लिए ट्रेन संख्या 11842 गीता जयंती एक्सप्रेस में सवार हुए थे। उन्हें एसी कोच ए-2 में बर्थ नंबर 21 आवंटित थी। यात्रा के दौरान उन्होंने अपना पिटठू बैग सीट के पास रख दिया और सो गए। तड़के करीब 4.20 से 4.30 बजे के बीच जब उनकी नींद खुली तो बैग गायब मिला। उन्होंने आसपास काफी तलाश की, लेकिन बैग का कोई पता नहीं चला। चोरी हुए बैग की अनुमानित कीमत करीब 3,500 रुपये थी।

लालगंज निरीक्षण गृह में बनेंगे चार नए भवन

विधायक मोना के प्रस्ताव को मिली मंजूरी



लालगंज, प्रतापगढ़। क्षेत्रीय विधायक एवं प्रदेश कांग्रेस अध्यक्ष आराधना मिश्रा मोना के प्रयास से लालगंज लोक निर्माण विभाग निरीक्षण गृह का शीघ्र कायाकल्प दिखेगा। विधायक मोना के प्रस्ताव पर शासन ने ब्रिटिश शासनकाल के निर्मित निरीक्षण गृह में चार नए सूट के निर्माण को लेकर वित्तीय मंजूरी प्रदान की है। सांसद प्रमोद तिवारी के साथ विधायक आराधना मिश्रा मोना ने राष्ट्रीय राजमार्ग पर स्थित लालगंज निरीक्षण गृह के विस्तारीकरण के लिए बीती चौबीस अप्रैल को प्रस्ताव भेजवाया था। प्रस्ताव के तहत शासन ने निरीक्षण गृह में चार सूट के नवीन भवन निर्माण कार्य के लिए दो करोड़ ग्यारह लाख रुपए की धनराशि मंजूर की है। शासन के संयुक्त सचिव सुबास राम की ओर से सोलह नवंबर को निर्गत शासनादेश में स्वीकृत धनराशि के सापेक्ष चौरासी हजार की पहली किश्त भी जारी की है। 1911 में अंग्रेजी शासन काल में लखनऊ-वाराणसी मार्ग पर लालगंज में निरीक्षण गृह का निर्माण हुआ था। तत्कालीन प्रधानमंत्री पी.वी. नरसिंहा राव के तत्कालीन क्षेत्रीय विधायक प्रमोद तिवारी के अनुरोध पर लालगंज में हुए आगमन को लेकर इसका जीर्णोद्धार भी कराया गया था। निरीक्षण गृह में चार नये भवन बन जाने से प्रशासनिक बैठकों आदि का भी बेहतर प्रबन्ध हो सकेगा। यह जानकारी बुधवार को विधायक मोना के मीडिया प्रभारी ज्ञानप्रकाश शुक्ल ने विज्ञप्ति में दी है।

सूचना कार्यालय में मीडिया कर्मियों ने उत्साहपूर्वक की स्व-गणना



इटावा। भारत की जनगणना के द्वितीय चरण के अंतर्गत जनसंख्या गणना के लिए संचालित स्व-गणना अभियान के प्रति जागरूकता बढ़ाने एवं डिजिटल प्रक्रिया में सहभागिता सुनिश्चित करने के उद्देश्य से जिला सूचना कार्यालय, इटावा में मीडिया कर्मियों द्वारा स्व-गणना की गई। इस अवसर पर जिला सूचना अधिकारी नीलम यादव उपस्थित रहीं। स्टेट मास्टर ट्रेनर जनगणना संतोष कुमार शर्मा ने मीडिया कर्मियों को स्व-गणना पोर्टल के माध्यम से ऑनलाइन जानकारी दर्ज करने की प्रक्रिया की विस्तारपूर्वक जानकारी दी। उन्होंने बताया कि स्व-गणना के माध्यम से प्रत्येक परिवार निर्धारित पोर्टल पर स्वयं अपनी जानकारी दर्ज कर सकता है। इससे जनगणना प्रक्रिया में आमजन की सहभागिता बढ़ेगी तथा डिजिटल जनगणना को सफल बनाने में महत्वपूर्ण सहयोग मिलेगा। स्टेट मास्टर ट्रेनर ने मीडिया कर्मियों से स्व-गणना अभियान का व्यापक प्रचार-प्रसार करने तथा आम नागरिकों को निर्धारित समयावधि में स्व-गणना के लिए प्रेरित करने की अपील की, जिससे जनगणना-2027 के इस महत्वपूर्ण अभियान को जनसहभागिता के साथ सफल बनाया जा सके। इस दौरान फील्ड ट्रेनर मंजुल चतुर्वेदी, आनंद मिश्रा, वरुण मिश्रा, अनिरुद्ध दीक्षित, पीयूष दीक्षित, आशीष मिश्रा एवं पूजा कुमारी, प्रचार सहायक अभिषेक राज, लेखाकार अशोक कुमार, आकाश यादव सहित तमाम मीडिया कर्मी उपस्थित रहे।

माता भगवती देवी की जन्म शताब्दी पर हुआ रक्तदान




सुलतानपुर (वीओएल)। माता भगवती देवी की जन्म शताब्दी के अवसर पर अखिल विश्व गायत्री परिवार के तत्वावधान में आयोजित रक्तदान शिविर में 120 युवाओं ने रक्तदान कर उन्हें श्रद्धांजलि अर्पित की। शिविर में अम्बे दल, गोमती मित्र मंडल, जय भोले संस्थान और एमआरएस एसोसिएशन की टीमों ने बढ़-चढ़कर सहभागिता की। कार्यक्रम का शुभारंभ जिलाधिकारी इंद्रजीत एवं पुलिस अधीक्षक विनीत जायसवाल ने दीप प्रज्ज्वलित कर किया। इस अवसर पर जिलाधिकारी ने युवाओं को रक्तदान के प्रति जागरूक करते हुए कहा कि रक्तदान महादान है। प्रत्येक स्वस्थ युवा को इस पुनीत कार्य के लिए आगे आना चाहिए। पुलिस अधीक्षक ने कहा कि सुल्तानपुर रक्तदान के क्षेत्र में समृद्ध जनपद है, जहां अनेक रक्तदाता निरंतर सेवा के लिए तत्पर रहते हैं। मुख्य चिकित्सा अधिकारी डॉ. भरत भूषण ने रक्तदान को जरूरतमंदों की मदद का पुनीत माध्यम बताया। मेडिकल कॉलेज के प्राचार्य डॉ. हरेंद्र ने कहा कि रक्तदान सुरक्षित प्रक्रिया है और इससे शरीर में कमजोरी नहीं आती। डॉ. आरए वर्मा ने आयोजन की सराहना की। अंत में डॉ. सुभाष ने अतिथियों का आभार जताया। विभाग प्रचारक प्रकाश ने युवाओं का उत्साहवर्धन किया, जबकि जिला समन्वयक डॉ. सुधाकर सिंह ने सभी रक्तदाताओं को धन्यवाद दिया। कार्यक्रम में जिला प्रचारक देवदत्त, डॉ एसके गोयल, डॉ पवन सिंह, डॉ सुपर्णा दूबे, रुद्र प्रताप सिंह मदन, परितोष गुप्ता, जितेंद्र श्रीवास्तव, घनश्याम गुप्ता, पूर्व जिला पंचायत सदस्य धर्मेंद्र सिंह, अभिषेक सिंह, नीरव पांडेय, हिमांशु श्रीवास्तव, डॉ सचिन दिवेदी, डॉ रविंद्र यादव, विनय चैरसिया, अनुराग द्विवेदी, डॉ पिंकू मिश्रा, संदीप सिंह बिट्टू, गौरव सिंह, अजय वर्मा, प्रमोद सिंह, अवधेश, सूरज आदि कई लोग मौजूद रहे।

बागेश्वर धाम की वाणी से बेंती राजभवन का परेड ग्राउंड राममय

राजा भइया के संयोजन में अद्वितीय कथा से गंगा तट बना काशी, अयोध्या, वृंदावन की छाया संगम नगरी में

ज्ञानप्रकाश शुक्ला



प्रतापगढ़। गंगा तट पर मंगलवार से शुरू हुए भव्य श्रीराम कथा में देश के प्रख्यात सन्त बागेश्वर धाम धीरेन्द्र कृष्ण शास्त्री जी की राम कृष्ण महिमा का गुणगान बेंती राजभवन परेड ग्राउण्ड को काशी, अयोध्या, वृंदावन की संगम नगरी का भाव दिये हुए है। पूर्व कैबिनेट मंत्री एवं जनसत्ता दल लोकतांत्रिक के राष्ट्रीय अध्यक्ष राजा भइया के संयोजन में हो रही प्रतापगढ़ में अब तक की अद्वितीय श्रीराम कथा में दूसरे दिन बुधवार को भी लाखों लाख श्रद्धालुओं का सनातनी जयघोष गूंजता दिखलायी दिया। कड़ी एवं चुस्त दुरूस्त प्रशासनिक व्यवस्था के साथ एमएलसी अक्षय प्रताप सिंह गोपाल जी तथा बाबागंज विधायक विनोद सरोज राजा भइया के निर्देशन में पार्टी कार्यकताओं के साथ कथा श्रवण को सुगम बनाने में जुटे दिखे। कथा स्थली पर पहले ही दिन लाखों श्रद्धालुओं का समागम हुआ। दूसरे दिन भी श्रीराम भक्तों का सैलाब कथा श्रवण के लिए परेड ग्राउण्ड पर उमड़ा दिखा। कुण्डा नगर से लेकर कथास्थली तक भीड़ का जमावड़ा तो सैलाब में उमड़ा ही, हजारों हजार की तादात में श्रद्धालुओं को एलईडी के बड़े स्क्रीन पर भी कथा श्रवण को आत्मसात करते देखा गया। राम मय हो उठी बेंती राजभवन का परेड ग्राउण्ड बीच बीच में हेलीकाप्टरों के शोर में भी भगवान का जयघोष आस्था के ज्वार को वेग में लिए दिखा। बगल में बह रही निर्मल गंगा की धार भी मानो भगवान श्रीराम की महिमा को अपने में पिरोने के लिए आतुर दिख रही थीं। वहीं प्रतापगढ़ के साथ कौशाम्बी, जौनपुर, सुल्तानपुर, अमेठी, रायबरेली के अलावा अन्य जिलों से भी श्रीराम कथा सुनने श्रद्धालु अपने अपने वाहनों से सूरज के चढ़ते ही कथास्थली पर पहुंचने को आतुर दिखे। कथा श्रवण के आनन्द के साथ दूरदराज के श्रद्धालुओं में बागेश्वर धाम धीरेन्द्र कृष्ण शास्त्री के साथ राजा भइया की भी एक झलक देखने की बेताबी भी दिखी। विशिष्ट अतिथियों के साथ आम श्रद्धालुओं की भी सुविधाओं पर कथा के आयोजक राजा भइया को हर प्रबन्धों पर खुद की नजरों में लगातार जांचते परखते देखा गया। बागेश्वर धाम धीरेन्द्र कृष्ण शास्त्री जी ने श्रीराम की महिमा के साथ पवनसुत हनुमान जी की जगत पर अनुकम्पा का मधुर वाणी से वर्णन किया तब श्रद्धालु कथा आयोजन की सार्थकता के भाव में जीवन्त हो उठे दिखे। विश्राम दिवस पर आज गुरूवार को भी परेड ग्राउण्ड में श्रद्धालुओं की रिकार्ड भीड़ का प्रशासनिक आकलन है। सबसे ज्यादा मगन पाकिस्तान से आये पांच सौ शरणार्थी परिवारों को श्रीराम कथा को पहली बार सुनने में देखा गया। कथा को लेकर बड़ी संख्या में श्रद्धालु परेड ग्राउण्ड तथा आसपास रैन बसेरा में देखे गये। बुधवार की सुबह इन श्रद्धालुओं के जत्थों को गंगा स्नान के साथ बाबा हौदेश्वर नाथ के दर्शन पूजन में भी आनंदित देखा गया। सनातनी मुखर आवाज की पहचान रखने वाले राजा भइया के संयोजन में भव्य श्रीराम कथा कलिकाल में अवध वन गमन मार्ग पर बेल्हा की आध्यात्मिक चेतना का ध्वज पताका नई रंगत दे गयी है।

भजन-कीर्तन से भक्तिमय हुआ वातावरण



चांदा, सुलतानपुर (वीओएल)। क्षेत्र के ग्राम बनभोकार में आयोजित सप्त दिवसीय संगीतमयी श्रीमद्भागवत कथा के पंचम दिवस भगवान श्रीकृष्ण की बाल लीलाओं, राजबली प्रसंग तथा गोवर्धन लीला का भावपूर्ण वर्णन किया गया। अयोध्या धाम से पधारे भागवताचार्य नीरज पाण्डेय ने कथा के माध्यम से भगवान की लीलाओं की आध्यात्मिक महत्ता समझाते हुए श्रद्धालुओं को भक्ति, समर्पण और धर्म के मार्ग पर चलने की प्रेरणा दी। कथाव्यास ने श्रीकृष्ण की बाल लीलाओं का वर्णन करते हुए माखन चोरी, गोपियों के साथ बाल सुलभ क्रीड़ाओं और वृंदावन की दिव्य लीलाओं का प्रसंग सुनाया। इसके बाद गोवर्धन लीला का वर्णन करते हुए बताया कि भगवान श्रीकृष्ण ने इंद्र के अहंकार का मर्दन कर गोवर्धन पर्वत को अपनी कनिष्ठा अंगुली पर धारण किया और ब्रजवासियों की रक्षा की। उन्होंने गोवर्धन पूजा

संक्षेप

26 को होगी सैनिक बन्धु की बैठक

कुशीनगर। जिला सैनिक कल्याण एवं पुनर्वास अधिकारी ग्रुप कैप्टन अरविन्द कुमार (अ०प्रा०) ने अवगत कराया है कि जनपद के पूर्व सैनिकों, वीर नारियों (विधवाओं) एवं उनके आश्रितों की समस्याओं के निस्तारण हेतु दिनांक 26 नवम्बर 2026 को पूर्वाह्न 11:00 बजे अपर जिलाधिकारी (वि०/रा०) की अध्यक्षता में सैनिक बन्धु की बैठक आयोजित की जाएगी। बैठक कलेक्ट्रेट सभागार में सम्पन्न होगी।

उन्होंने बताया कि जिन पूर्व सैनिकों, विधवाओं अथवा उनके आश्रितों को पारिवारिक समस्या या भूमि विवाद (न्यायालय में विचाराधीन मामलों को छोड़कर) से सम्बन्धित कोई समस्या हो, वे अपना प्रार्थना पत्र तीन प्रतियों में दिनांक 23 नवम्बर 2026 तक जिला सैनिक कल्याण एवं पुनर्वास कार्यालय में जमा कर दें। निर्धारित तिथि के बाद प्राप्त आवेदन पत्रों तथा न्यायालय में विचाराधीन मामलों से सम्बन्धित प्रार्थना पत्रों पर विचार नहीं किया जाएगा। उन्होंने

पीएमआवास योजना का लाभार्थियों ने उठाया लाभ

जिला संवाददाता (वीओएल)



बिजनौर। प्रधानमंत्री आवास योजना (शहरी एवं ग्रामीण) के अंतर्गत जनपद बिजनौर में अप्रैल 2017 से अगस्त 2026 तक की अवधि में जनपद की समस्त आठों विधानसभा क्षेत्रों में कुल 46 हजार 204 लाभार्थियों को लाभान्वित किया गया है। इस अवधि में दोनों योजनाओं के अंतर्गत कुल 774.11 करोड़ रुपये की धनराशि लाभार्थियों को लाभान्वित किया गया।

प्रधानमंत्री आवास योजना (शहरी) के अंतर्गत इस अवधि में जनपद की आठों विधानसभा क्षेत्रों में कुल 22,650 लाभार्थियों को 550.74 करोड़ रुपये की धनराशि से लाभान्वित किया गया। विधानसभा क्षेत्र चांदपुर में 3,183 लाभार्थियों को 7,379.78 लाख रुपये, नगीना में 3,111 लाभार्थियों को 7,642.69 लाख रुपये, नजीबाबाद में 2,141 लाभार्थियों को 5,253.90 लाख रुपये, नूरपुर में 1,923 लाभार्थियों को 4,677.27 लाख रुपये, धामपुर में 2,602 लाभार्थियों को 6,375.67 लाख रुपये, नहटौर में 2,065 लाभार्थियों को 5,126.31 लाख रुपये, बढ़ापुर में 1,688 लाभार्थियों को 3,874.03 लाख रुपये तथा बिजनौर विधानसभा क्षेत्र में सर्वाधिक 5,937 लाभार्थियों को 14,744.73 लाख रुपये की धनराशि से लाभान्वित किया गया। इसी क्रम में प्रधानमंत्री आवास योजना (ग्रामीण) के अंतर्गत जनपद की आठों विधानसभा क्षेत्रों में कुल 23,554 लाभार्थियों को 223.37 करोड़ रुपये की धनराशि से लाभान्वित किया गया। विधानसभा क्षेत्र चांदपुर में 2,554 लाभार्थियों को 2,403.80 लाख रुपये, नगीना में 3,198 लाभार्थियों को 3,047.60 लाख रुपये, नजीबाबाद में 3,750 लाभार्थियों को 3,564.50 लाख रुपये, नूरपुर में 2,884 लाभार्थियों को 2,720.80 लाख रुपये, धामपुर में 2,483 लाभार्थियों को 2,364.60 लाख रुपये, नहटौर में 2,579 लाभार्थियों को 2,445.30 लाख रुपये, बढ़ापुर में 3,522 लाभार्थियों को 3,344.40 लाख रुपये तथा बिजनौर विधानसभा क्षेत्र में 2,584 लाभार्थियों को 2,445.80 लाख रुपये की धनराशि से लाभान्वित किया गया। इस प्रकार प्रधानमंत्री आवास योजना (शहरी एवं ग्रामीण) के अंतर्गत दोनों योजनाओं को मिलाकर विधानसभा क्षेत्रवार कुल लाभार्थियों एवं धनराशि का विवरण देखें तो चांदपुर विधानसभा क्षेत्र में 5,737 लाभार्थियों को 9,783.58 लाख रुपये, नगीना में 6,309 लाभार्थियों को 10,690.29 लाख रुपये, नजीबाबाद में 5,891 लाभार्थियों को मिला।

बुद्ध बिहार में हुआ कठिन चीवर दान

जिला संवाददाता



कसया, कुशीनगर। अंतराष्ट्रीय बुद्ध स्थली कुशीनगर में पूर्वोत्तर भारत का निर्मित प्रथम धम्म मैत्री चकमा बुद्ध बिहार, भैंसहा, कुशीनगर में प्रथम कठिन चीवर दान सेरेमनी- 2026 के तहत आयोजित समारोह में भिक्षु संघ को चीवर दान और भोजन दान दिया गया।बुधवार को आयोजित कार्यक्रम में बुद्ध बिहार के प्रभारी भिक्षु प्रज्ञाकीर्ति की देखरेख में भिक्षुओं ने तथागत बुद्ध का पूजन अर्चन किया।

मुख्य अतिथि पूर्व विधायक कुशीनगर रजनीकांत मणि त्रिपाठी ने कहा कि इस बुद्ध बिहार के निर्माण से उत्तर और पूर्वोत्तर भारत के पर्यटक और श्रद्धालु कुशीनगर पहुंचेंगे और तथागत का पूजन करेंगे।

यहां सांस्कृतिक, पर्यटकीय विकास होगा। भिक्षु संघ के सचिव डॉ नन्द रतन महाथेरो ने कहा कि बुद्ध बिहार, सांस्कृतिक, विरासत, परम्परा, संसज, शिक्षा के केंद्र होते हैं। भंते महेंद्र थेरो, विमल कीर्ति महाथेरो, भिक्षु नंदिका ने त्रिपुरा के भिक्षुओं द्वारा कुशीनगर में बुद्ध बिहार के निर्माण पर खुशी व्यक्त की। त्रिपुरा भिक्षु संघ सचिव सारी पुत्र महा स्थविर, दामोदर महा स्थविर ने सभी भिक्षुओं, उपासकों से सहयोग की अपील की। संचालन त्रिपुरा राज्य में अपर जिला अधिकारी सौमित्र चकमा ने किया। सभी के प्रति आभार प्रभारी भिक्षु प्रज्ञा कीर्ति ने व्यक्त किए।

इस दौरान भंते अशोक, भंते यशपाल, भंते उपाली, भंते मुलायम, उपासक टिक्सनादोषी चकमा, बंकिम चकमा, रास्मोक्स चकमा, स्वरूपा देवान चकमा, पुतुल रानी, ओम प्रकाश कुशवाहा सहित थाई, म्यांमार, कंबोडिया, वियतनाम, तिब्बत, महाराष्ट्र, त्रिपुरा, मिजोरम, अरुणाचल, असम सहित बुद्ध विहारों के भिक्षु और उपासक मौजूद रहे।

जिले में पहुंची 1358 मीट्रिक टन डीएपी, खाद की कमी नहीं



बांदा। जिले में 1358 मीट्रिक टन डीएपी पहुंच गयी है। यह सीधे रैक प्वाइंट से उर्वरक बिक्री केंद्रों पर भेजी जा रही है। सहायक आयुक्त एवं सहायक निबंधक सहकारिता अंसल कुमार ने बताया कि जिले में यूरिया एवं डीएपी खाद की कोई कमी नही है। उन्होंने बताया कि जिले के बिक्री केंद्रों में यूरिया 1291.390 एवं डीएपी 1210.100, एनपीके 156.125 मीट्रिक टन उपलब्ध है। यह खाद बी पैक्स, सहकारी क्रय-विक्रय, सहकारी संघ, डीसीडीएफ, पीसीएफ, आइएफएफडीसी/एग्री जंक्शन बिक्री केंद्रों के जरिए यूरिया 179.590, डीएपी 27.800 मीट्रिक टन का वितरण किया गया है। उन्होंने बताया कि जिले में खाद किसानों को आसानी से मिल रही है। कुछ लोग जल्दबाजी में जरूरत से अधिक खाद लेने के लिए परेशान हैं। उन्होंने किसानों से अपील की कि जरूरत के हिसाब से खाद की खरीद करें। किसी किसान को खाद की समस्या आड़े नहीं आने दी जाएगी।

किसानों को दी कृषि व पशुपालन योजनाओं की जानकारी

बांदा। विकास भवन सभागार में किसान दिवस का आयोजन किया गया। कृषि निदेशक ने विभिन्न योजनाओं जैसे पराली प्रबंधन, प्राकृतिक खेती, जैविक खेती, सोलर फेंसिंग, सोलर पंप, मृदा स्वास्थ्य कार्ड, कृषि यंत्रीकरण के बारे में जानकारी दी। साथ ही फार्मर रजिस्ट्री के माध्यम से उर्वरक, बीज एवं अन्य लाभ प्राप्त करने के बारे में बताया। जिला कृषि अधिकारी ने उर्वरकों की उपलब्धता, वितरण, रबी सीजन में बीजों की बुकिंग एवं उपलब्धता के बारे में जानकारी दी। भूमि संरक्षण अधिकारी, मैदानी द्वितीय ने विभाग में संचालित योजनाओं के बारे में बताया। उप मुख्य पशु चिकित्साधिकारी ने पशुपालन विभाग में संचालित योजनाओं की जानकारी दी।

जिला और तहसील मुख्यालयों पर ईवीएम प्रदर्शन 20 से



बांदा। विधानसभा सामान्य निर्वाचन के लिए जनपद में ईवीएम एवं वीवीपैट की व्यवस्थाओं का जिला निर्वाचन अधिकारी अमित आसेरी ने निरीक्षण किया। इस दौरान उपस्थित राजनीतिक दलों के पदाधिकारियों एवं प्रतिनिधियों के समक्ष निर्वाचन आयोग के दिशा-निदेर्शों के अनुरूप मशीनों को अलग वेयरहाउस में सुरक्षित रखे जाने की प्रक्रिया का जायजा लिया। बूथों के 8 प्रतिशत के अनुरूप 123 बीयू-सीयू बैलेट यूनिट एवं कंट्रोल यूनिट राजनीतिक दलों के पदाधिकारियों की उपस्थिति में अलग वेयरहाउस में सुरक्षित रखी गईं। ईवीएम एवं वीवीपैट की सुरक्षा, रखरखाव एवं निर्धारित प्रक्रिया के अनुपालन के संबंध में आवश्यक दिशा-निर्देश दिए। जिलाधिकारी ने कहा कि 20 नवंबर से जिला एवं तहसील मुख्यालयों पर ईवीएम प्रदर्शन केंद्र स्थापित किए जाएंगे। इन केंद्रों के माध्यम से आमजन एवं मतदाताओं को ईवीएम एवं वीवीपैट के संचालन की जानकारी देकर जागरूक किया जाएगा।

राजस्व वसूली में लायें तेजी : डीएम



महोबा। जिलाधिकारी प्रभाष कुमार की अध्यक्षता में 18 नवंबर 2026 को कलेक्ट्रेट सभागार में कर-करेत्तर राजस्व वसूली की समीक्षा बैठक आयोजित की गई। बैठक में विभिन्न विभागों द्वारा निर्धारित राजस्व लक्ष्य के सापेक्ष की गई वसूली की विभागवार समीक्षा की गई। जिलाधिकारी ने संबंधित अधिकारियों को निर्देशित किया कि शासन द्वारा निर्धारित राजस्व लक्ष्यों की प्राप्ति के लिए प्रभावी कार्ययोजना बनाकर कार्य करें। उन्होंने राजस्व वसूली में तेजी लाने, लंबित देयकों की वसूली सुनिश्चित करने तथा राजस्व से संबंधित प्रकरणों का समयबद्ध निस्तारण करने के निर्देश दिए। स्टांप एवं रजिस्ट्रेशन के कर में वृद्धि लाये जाने के निर्देश दिए। उन्होंने आबकारी के कर में वृद्धि लाये जाने तथा प्रवर्तन कार्य में तेजी लाये जाने के निर्देश दिए व्यापार कर में प्रगति कम होने पर व्यापार कर लक्ष्य में प्रगति लाये जाने के निर्देश दिए। विद्युत देयकों की वसूली बढ़ाये जाने तथा लक्ष्य के अनुरूप विद्युत देयकों की वसूली किए जाने के लिए निर्देशित किया। खनिज के लक्ष्य के अनुरूप रॉयल्टी बढ़ाए जाने के निर्देश दिए। नगर निकाय में ग्रहकर एवं जलकर वसूली पूर्ण करने के निर्देश दिए। इसके साथ ही 10 बड़े बकायेदारों से वसूली की समीक्षा करते हुए बड़े बकायदारों से वसूली किए जाने तथा मुख्य देयकों की वसूली एवं विविध देयकों के वसूली लक्ष्य के अनुरूप करने के निर्देश दिए। उन्होंने कहा कि राजस्व वसूली में किसी भी प्रकार की लापरवाही न बरती जाए, सभी संबंधित अधिकारी नियमित रूप से प्रगति की समीक्षा करें तथा निर्धारित लक्ष्यों को समय से पूर्ण करना सुनिश्चित करें।

पत्रकारिता में स्वतंत्रता के साथ जवाबदेही भी जरूरी: अश्विनी वैष्णव

बहराइच। राष्ट्रीय प्रेस दिवस पर भारतीय प्रेस परिषद की ओर से आकाशवाणी भवन के रंगभवन सभागार में आयोजित राष्ट्रीय समारोह में केंद्रीय सूचना एवं प्रसारण, रेल तथा इलेक्ट्रॉनिकी एवं सूचना प्रौद्योगिकी मंत्री अश्विनी वैष्णव ने पत्रकारिता में अभिव्यक्ति की स्वतंत्रता और सामाजिक जिम्मेदारी के बीच संतुलन बनाने का आह्वान किया। उन्होंने कहा कि तेजी से बदलती तकनीक के अनुरूप मीडिया को स्वयं को ढालना होगा और युवा पत्रकारों को नए कौशल अपनाने होंगे।समारोह का शुभारंभ भी उत्तर प्रदेश के पत्रकारों की सहभागिता से हुआ।

केंद्रीय मंत्री के युवा वर्ग के आह्वान पर अयोध्या के वरिष्ठ पत्रकार डॉ. नरेंद्र बहादुर सिंह, बहराइच के आनन्द प्रकाश गुप्ता मुन्ना भारतीऔर युवा पत्रकार अनवार खाँ मोनू मंच पर पहुंचे और दीप प्रज्वलित कर कार्यक्रम का विधिवत आगाज किया।

प्रमुख सचिव सहकारिता की समीक्षा बैठक



बांदा। प्रमुख सचिव सहकारिता अजय कुमार शुक्ल ने मंडलीय समीक्षा बैठक की। इसमें मंडल के विभागीय अधिकारी, उप आयुक्त एवं उप निबंधक सहकारिता, क्षेत्रीय खाद्य विपणन अधिकारी, मंडल के सभी सहायक आयुक्त एवं सहायक निबंधक, सहकारिता, जिला खाद्य एवं विपणन अधिकारी, जिला कृषि

● खाद वितरण व धान क्रय केंद्रों का किया निरीक्षण

अधिकारी, सचिव, मुख्य कार्यपालक अधिकारी, डिस्ट्रिक्ट कोआपरेटिव बैंक लि० बांदा एवं हमीरपुर, क्षेत्रीय प्रबंधक पी०सी०एफ०, जिला प्रबंधक पी०सी०एफ०, पी०सी०यू०, यू०पी०एस०एस० बांदा, क्षेत्र प्रतिनिधि इफको, कृभको, अधिशासी अभियंता, यू०पी०आर०एन०एस०एस०, जिला सूचना अधिकारी मौजूद रहे। बैठक में कैश एंड कैरी ऋण सीमा सहायक आयुक्त एवं सहायक निबंधक, सहकारिता को निर्देश दिए गए कि मंडल की सभी समितियों में उर्वरक की उपलब्धता के लिए धन का अभाव न हो। जिससे कैश एण्ड कैरी ऋण सीमा 15 लाख की एक सप्ताह के अंदर स्वीकृत कराना सुनिश्चित करें। उर्वरक की उपलब्धता एवं वितरण की समीक्षा की गई। उन्होंने अल्पकालीन ऋण वसूली के निर्देश दिए। धान खरीद की मंडल में खरीद केंद्रों की समीक्षा की गयी। जिसमें बांदा में अनुमोदित केंद्र 36, हमीरपुर में 4, चित्रकूट में 16, कुल 56 धान क्रय केंद्र अनुमोदित हुये हैं। खाद्य विभाग के केंद्रों ने 111.760 मैट्रिक टन धान की खरीद की है। उन्होंने बी-पैक्स चिल्ला व पपरेंदा का आकस्मिक निरीक्षण किया। इस दौरान सहायक आयुक्त एवं सहायक निबंधक सहकारिता अंसल कुमार मौजूद रहे। निरीक्षण के समय वितरण का कार्य किया जा रहा था। वितरण के दौरान केंद्रों पर उपस्थित कृषकों से उर्वरक संबंधी पूछताछ की गयी, जिसमें उर्वरक वितरण के संबंध में कोई शिकायत नहीं मिली। मंडलीय समिति बांदा में स्थित उपभोक्ता सहकारी संघ लि० के धान क्रय केंद्र प्रथम व द्वितीय का निरीक्षण किया। निरीक्षण के दौरान कृषक दीपक द्विवेदी के धान की तौल हो रही थी। मौके पर उपस्थित कृषक से पूछताछ की गयी, कृषक द्वारा धान विक्रय पर किसी प्रकार की कोई शिकायत नहीं की।

अनावरण समारोह में हुआ सात दर्जन जनप्रतिनिधियों का सम्मान

भटनी(देवरिया)। सिध्देश्वर शीतलदेव नारायण महाविद्यालय भरहेचौरा में स्व शीतलदेव नारायण सिंह एवं स्व नन्दकिशोर सिंह के अनावरण समारोह में आयोजक प्रबन्धक अजीत कुमार सिंह ने भाजपा के प्रदेश मंत्री सहजानन्द राय जिला पंचायत अध्यक्ष गोपालगंज बिहार अंकुर राय किसान मोर्चा के जिला उपाध्यक्ष तेजप्रताप सिंह विधायक सुरेन्द्र चौरसिया प्रभात राय अनुप राय हरेन्द्र जायसवाल डॉ अर्चना पाण्डेय पथरदेवा के ब्लाक प्रमुख सुब्रत राय भाजपा के पूर्व जिला उपाध्यक्ष अरुण कुमार सिंह संजय सींह मनोज सिंह सहित सात दर्जन जनप्रतिनिधियों को अंगवस्त्र एवं स्मृति चिन्ह देकर सम्मानित किया।

किसानों ने उठाई समस्याएं, सीडीओ ने निस्तारण के दिये निर्देश

जिला संवाददाता

देवरिया। गांधी सभागार, विकास भवन में मुख्य विकास अधिकारी राजेश कुमार सिंह की अध्यक्षता में किसान दिवस का आयोजन किया गया। बैठक में किसानों ने कृषि, सिंचाई, धान खरीद, दुग्ध भुगतान, जल निकासी एवं सार्वजनिक भूमि पर अतिक्रमण सहित विभिन्न समस्याओं को अधिकारियों के समक्ष रखा। मुख्य विकास अधिकारी ने संबंधित विभागों के अधिकारियों को किसानों की समस्याओं को गंभीरता से लेते हुए उनका नियमानुसार समाधान सुनिश्चित करने के निर्देश दिए।

बैठक में उप कृषि निदेशक सुभाष मौर्य ने पिछले माह आयोजित किसान दिवस में प्राप्त 12 शिकायतों के निस्तारण की अनुपालन आख्या से किसानों को अवगत कराया। इस दौरान किसानों ने जनपद की अधिकांश साधन सहकारी समितियों के जर्जर भवनों की समस्या उठाई। इस पर मुख्य विकास अधिकारी ने सहायक आयुक्त एवं सहायक निबंधक सहकारिता को समितियों की मरम्मत कराने के निर्देश दिए। उन्होंने कहा कि जिन समितियों पर मरम्मत एवं निर्माण कार्य चल रहे हैं, उन्हें 25 नवंबर 2026 तक अनिवार्य रूप से पूरा कराकर संबंधित समितियों को हैंडओवर किया जाए।

उन्होंने यह भी बताया कि वर्तमान में पांच से सात सप्ताह का दुग्ध मूल्य बकाया है, जिसका चालू वित्तीय वर्ष में शत-प्रतिशत भुगतान कराने का प्रयास किया जाएगा। दुग्ध समितियों के प्रतिनिधियों ने कोका कोला कंपनी द्वारा फैट के आधार पर निर्धारित किए जा रहे दुग्ध मूल्य पर आपत्ति जताते हुए कहा कि न्यूनतम 23 रुपये प्रति लीटर की दर से भुगतान होने के कारण किसानों को नुकसान उठाना पड़ रहा है। उन्होंने दुग्ध का उचित मूल्य निर्धारित कराने का अनुरोध किया।

भारतीय किसान यूनियन के किसान नेता विनय सिंह ने धान खरीद में किसानों के प्रति हेक्टेयर उपज मूल्यांकन बढ़ाने, पंजीकरण में आ रही समस्याओं का समाधान केंद्रों पर कराने तथा इसके व्यापक प्रचार-प्रसार के लिए ग्राम पंचायत, विकासखंड एवं तहसील स्तर पर गोष्ठियां आयोजित कराने की मांग की। इस पर विपणन अधिकारी ने बताया कि पंजीकरण के दौरान संतुष्ट एवं असंतुष्ट के दो विकल्प उपलब्ध होते हैं। असंतुष्ट विकल्प पर क्लिक करने के बाद गाटा जोड़ने का विकल्प खुल जाता है, जिसके माध्यम से संबंधित विवरण दर्ज कराया जा सकता है। वीरेंद्र कुमार मौर्य ने नहरों की सिल्ट सफाई के दौरान निकाली जाने वाली उपजाऊ मिट्टी किसानों को ले जाने की अनुमति देने का अनुरोध किया। इस पर अधिशासी अभियंता, सिंचाई खंड-2 को नियमानुसार किसानों को मिट्टी ले जाने की अनुमति देने के निर्देश दिए गए। वहीं, ग्राम सिलहटा, रुद्रपुर के रामनयन यादव ने गांव में फसलों के जलमग्न होने, जल निकासी की समस्या के कारण धान की फसल गिरने तथा अस्पताल, स्कूल एवं अन्य सार्वजनिक स्थलों पर अवैध अतिक्रमण की शिकायत रखी। ग्राम तेनुआ चौबे के जितेंद्र चतुर्वेदी ने अपनी एक हेक्टेयर धान की फसल खराब होने की जांच कराकर क्षतिपूर्ति दिलाने की मांग की। उन्होंने लेखपाल द्वारा खसरा उपलब्ध न कराने, घर बैठे पड़ताल करने तथा नक्शे में की गई त्रुटि को दूर कराने का अनुरोध किया। इसके अतिरिक्त ग्राम पंचायत के पोखरों पर अतिक्रमण, एक पोखरे पर ग्राम प्रधान रामज्ञान द्वारा कब्जा किए जाने तथा चक नालियों पर गोबर की खाद रखकर किए जा रहे अतिक्रमण को हटवाने की मांग भी उठाई। बैठक में अपर जिलाधिकारी (वित्त एवं राजस्व), उप कृषि निदेशक, प्रभारी जिला कार्यकारी अधिकारी मत्स्य, प्रभारी अधिशासी अभियंता सिंचाई, सहायक अभियंता नलकूप, अधिशासी अभियंता विद्युत, अग्रणी जिला प्रबंधक, प्रभारी भूमि संरक्षण अधिकारी, मुख्य पशु चिकित्साधिकारी, जिला उद्यान अधिकारी, अपर सहायक निबंधक सहकारी समितियां, सामान्य प्रबंधक दुग्ध संघ गोरखपुर, एग्रीकल्चर इंश्योरेंस कंपनी सहित विभिन्न विभागों के अधिकारी उपस्थित रहे।

उत्थान आडिटोरियम में सम्मानित हुए राष्ट्रीय रिकार्ड धारी एथलीट अर्नव सिंह



बहराइच। एथलेटिक्स खेल में जिले का नाम रोशन कर रहे अर्नव सिंह का कपूरथला स्थित आडीटोरियम में आयोजित समारोह में एमएलसी डॉ. प्रज्ञा त्रिपाठी, जिलाधिकारी राजेश पांडेय व मुख्य विकास अधिकारी सुनील कुमार धनवंता द्वारा सम्मानित किया गया। मूलतः फखरपुर ब्लॉक अंतर्गत ग्राम सराय अली के रहने वाले अर्नव के पिता अश्वनी कुमार सिंह पेशे से किसान व माता लक्ष्मी सिंह गृहणी है। अर्नव नगर स्थित महराज सिंह इंटर कॉलेज में कक्षा 9 के छात्र है। अर्नव ने 41वीं राष्ट्रीय प्रतियोगिता चेन्नई में अंडर 16 वर्ग में पैथालान इवेंट में राष्ट्रीय रिकार्ड के साथ गोल्ड मेडल जीता हैं। 37वीं नार्थ जोन जूनियर चैम्पियनशिप उत्तराखंड में भी पैथालान इवेंट में गोल्ड मेडलिस्ट रहे है। हाल ही में 70वीं एसजीएफआई राष्ट्रीय प्रतियोगिता शिवपुरी मध्यप्रदेश में 400 गुणा 4 रिले दौड़ में अपनी टीम के साथ राष्ट्रीय रिकार्ड के साथ गोल्ड मैडल प्राप्त किया है अर्नव ने बताया कि उनका सपना भारत के लिये मेडल प्राप्त करना है। जिससे उनके गांव का और जिले का नाम वैश्विक पटल पे देखा जाए। कार्यक्रम के दौरान एलएलसी एवं जिलाधिकारी द्वारा अर्नव के उज्ज्वल भविष्य की कामना करते हुए प्राप्त की गई सफलताओं के लिए बधाई दी है।

अक्षय नवमी पर राममय हुआ श्रीराम जानकी मंदिर परिसर, श्रद्धालुओं ने की सुख-शांति की प्रार्थना



रुपईडीहा, बहराइच। भारत नेपाल सीमावर्ती क्षेत्र आदर्श नगर पंचायत रुपईडीहा श्री राम जानकी मंदिर परिसर में सुबह पूजा आरती के बाद अक्षय नवमी श्रीराम जानकी मंदिर में श्रद्धालुओं की सैकड़ो की संख्या में भीड़ उमड़ी। सुबह से ही मंदिर में दर्शन-पूजन के लिए महिला और पुरुष भक्तों का आना शुरू हो गया। आपको बताते चलें महंत श्री श्री 1008 भगवान दास के नेतृत्व में पूजा आरती के बाद श्रद्धालुओं ने भगवान श्रीराम और माता जानकी के दर्शन कर मंदिर की परिक्रमा की तथा परिवार की खुशहाली, सुख-शांति और समृद्धि की कामना की। भजन-कीर्तन और जय श्रीराम के जयघोष से मंदिर परिसर पूरे दिन भक्तिमय बना रहा। ज्ञातव्य हो कि श्री राम जानकी मंदिरबुधवार सुबह सात बजे से ही धार्मिक कार्यक्रमों का शुभारंभ हुआ। महिलाओं ने सामूहिक रूप से आरती और भजन प्रस्तुत किए। इसके बाद श्रद्धालुओं ने विधिवत पूजा-अर्चना कर मंदिर की परिक्रमा की। पर्व को लेकर भक्तों में विशेष उत्साह देखने को मिला मंदिर के महंत भगवान दास ने अक्षय नवमी के महत्व पर प्रकाश डालते हुए कहा कि हिंदू धर्म में इस पर्व की मान्यता है कि आंवले के वृक्ष में भगवान विष्णु का वास होता है। श्रद्धा के साथ पूजा-अर्चना करने से जीवन में सुख, समृद्धि और आरोग्य की प्राप्ति होती है।

जनसामान्य की शिकायतों को गंभीरता से निस्तारण करें: जिलाधिकारी



जिला संवाददाता (वीओएल)

बिजनौर। जिलाधिकारी जोगिंदर सिंह ने जनपद के समस्त जिला स्तरीय अधिकारियों के साथ परिचयात्मक बैठक की। बैठक के दौरान उन्होंने विभिन्न विभागों के अधिकारियों से परिचय प्राप्त करते हुए शासन की प्राथमिकताओं, जनकल्याणकारी योजनाओं तथा जनपद में संचालित विकास कार्यों की जानकारी ली। उन्होंने सभी अधिकारियों को निर्देशित किया कि शासन की मंशा के अनुरूप विकास कार्यों को समयबद्ध एवं गुणवत्तापूर्ण ढंग से पूर्ण कराना सुनिश्चित करें। जिलाधिकारी जोगिंदर सिंह ने बुधवार को कलेक्ट्रेट स्थित महात्मा विदुर सभागार में समस्त जिला स्तरीय अधिकारियों के साथ आयोजित बैठक में कहा कि आमजन की समस्याओं का त्वरित एवं प्रभावी निस्तारण प्रशासन की सर्वोच्च प्राथमिकता है। सभी अधिकारी जनसामान्य की शिकायतों को गंभीरता से सुनें तथा उनका निर्धारित समयावधि में गुणवत्तापूर्ण निस्तारण सुनिश्चित करें। उन्होंने स्पष्ट किया कि जनसमस्याओं के निस्तारण में किसी भी प्रकार की लापरवाही अथवा शिथिलता बर्दाश्त नहीं की जाएगी। उन्होंने अधिकारियों को निर्देश दिए कि अपने-अपने विभागों की योजनाओं एवं कार्यों की नियमित समीक्षा करें तथा पात्र लाभार्थियों तक शासन की जनकल्याणकारी योजनाओं का लाभ पारदर्शी तरीके से पहुंचाना सुनिश्चित करें। विकास एवं निर्माण कार्यों में गुणवत्ता का विशेष ध्यान रखा जाए और निर्धारित समयसीमा के अंतर्गत कार्य पूर्ण कराए जाएं। जिलाधिकारी ने सभी अधिकारियों से आपसी समन्वय एवं टीम भावना के साथ कार्य करते हुए जनपद के विकास को गति देने तथा शासन की प्राथमिकताओं को धरातल पर प्रभावी ढंग से लागू करने का आह्वान किया। बैठक में समस्त जिला स्तरीय अधिकारी मौजूद रहे।

रोजगार मेले में 31 अभ्यर्थियों का प्रारंभिक चयन

देवरिया। भारत सरकार एवं उत्तर प्रदेश शासन की मंशा के अनुरूप बेरोजगार युवाओं को रोजगार के अवसर उपलब्ध कराने के उद्देश्य से बुधवार को राजकीय औद्योगिक प्रशिक्षण संस्थान (आईटीआई), बैतालपुर में एक दिवसीय निःशुल्क रोजगार मेले का आयोजन किया गया। नोडल प्रधानाचार्य के.के. राम एवं राजकीय आईटीआई बैतालपुर के प्रधानाचार्य वी.के. सहाय के संयुक्त तत्वावधान में आयोजित इस मेले में सभी वर्गों के अभ्यर्थियों को प्रतिभाग करने का अवसर प्रदान किया गया। मेले का शुभारंभ पूर्वाह्न 10 बजे हुआ। मुख्य अतिथि मालती यादव, सभासद वार्ड संख्या-14, ग्राम रुच्चापार ने चयनित अभ्यर्थियों को नियुक्ति पत्र वितरित किए रोजगार मेले में कुल 90 रोजगार के इच्छुक अभ्यर्थियों ने प्रतिभाग किया। इसमें शामिल दो कंपनियों ने साक्षात्कार एवं चयन प्रक्रिया के माध्यम से 31 अभ्यर्थियों का प्रारंभिक चयन किया। यह प्रक्रिया अपराह्न दो बजे तक संपन्न हुई। चयनित अभ्यर्थियों को रोजगार के अवसर मिलने पर संस्थान के अधिकारियों एवं आयोजकों ने प्रसन्नता व्यक्त की। मेले के संयोजक एवं प्रभारी प्लेसमेंट बालकृष्ण गोंड तथा कार्यदेशक राम दुलारे मिश्र ने सफल अभ्यर्थियों को बधाई दी।

गोपाष्टमी पर गौशाला में भक्ति और सेवा का संगम



कुशीनगर। गोमाता के प्रति श्रद्धा, आस्था और सेवा भाव का अनूठा संगम बुधवार को पिंजरापोल गौशाला में देखने को मिला। अवसर था गोपाष्टमी पर्व का, जिसे गौशाला परिवार ने पारंपरिक उत्साह, धार्मिक उल्लास और सामाजिक सरोकारों के साथ धूमधाम से मनाया। पूरे आयोजन में गोसेवा और गौसंरक्षण का संदेश प्रमुखता से गूंजता रहा। धार्मिक अनुष्ठानों के साथ गोपालकों के सम्मान ने कार्यक्रम को विशेष गरिमा प्रदान की।

कार्यक्रम का शुभारंभ प्रातः पांच बजे गौ संकीर्तन के साथ हुआ। गौभक्तों ने नगर भ्रमण कर वातावरण को भक्तिमय बना दिया। इसके पश्चात पूर्वाह्न 11 बजे पुनः गौ नगर भ्रमण का आयोजन हुआ, जिसमें श्रद्धालुओं ने उत्साहपूर्वक सहभागिता की। वहीं, सायं सात बजे आयोजित संगोष्ठी एवं गोपालक सम्मान समारोह में बड़ी संख्या में गणमान्य नागरिक, जनप्रतिनिधि, गौसेवक और शहरवासी शामिल हुए। संगोष्ठी में सदर विधायक मनीष जायसवाल ने कहा कि गौवंश का संरक्षण और संवर्धन भारतीय संस्कृति एवं परंपरा का अभिन्न अंग है। सरकार भी गौसंरक्षण के लिए विभिन्न योजनाओं के माध्यम से निरंतर प्रयास कर रही है। उन्होंने पिंजरापोल गौशाला परिवार की ओर से किए जा रहे सेवा कार्यों की सराहना करते हुए कहा कि ऐसे संस्थागत प्रयास समाज के लिए प्रेरणास्रोत हैं। नगर पालिका परिषद पडरौना के अध्यक्ष विनय जायसवाल ने गोसेवा के महत्व पर प्रकाश और 136 वर्ष पुराना पडरौना के पिजरापोल गौशाला का इतिहास बताते हुए इसे मानवीय संवेदना और सामाजिक दायित्व से जुड़ा पुनीत कार्य बताया। चेयरमैन ने कहा कि गोमाता भारतीय संस्कृति, सनातन परंपरा और हमारी आस्था का आधार हैं। गोसेवा केवल धार्मिक आस्था तक सीमित नहीं है, बल्कि यह जीवों के प्रति करुणा, संवेदना और मानवीय दायित्व का भी प्रतीक है। गोवंश का संरक्षण और उनकी सेवा करना हम सभी की सामूहिक जिम्मेदारी है। भाजपा जिलाध्यक्ष दुर्गेश राय, मुख्य पशु चिकित्सा अधिकारी विद्याराम वर्मा तथा राष्ट्रीय स्वयंसेवक संघ के जिला प्रचारक अभय जी ने भी गोवंश के संरक्षण, संवर्धन और सेवा के लिए सामूहिक सहभागिता पर जोर दिया।

गौशाला परिवार की ओर से उपाध्यक्ष प्रदीप गोयल ने अतिथियों का स्वागत एवं अभिनंदन किया। संस्था के मंत्री अखिलेश गोयल ने गौशाला द्वारा संचालित विभिन्न सेवा कार्यों की जानकारी देते हुए कहा कि गोसेवा केवल किसी एक संस्था या व्यक्ति की जिम्मेदारी नहीं, बल्कि पूरे समाज का नैतिक दायित्व है। उन्होंने लोगों से गोवंश के संरक्षण और सेवा के लिए आगे आने की अपील करते हुए कहा कि गोसेवा से बढ़कर कोई सेवा नहीं है। समाज के प्रत्येक व्यक्ति को अपनी सामर्थ्य के अनुसार इस पुनीत कार्य में योगदान देना चाहिए।कार्यक्रम की अध्यक्षता संस्था के अध्यक्ष सांवर गोयल ने की। इस अवसर पर संस्था की ओर से सभी अतिथियों को बुके, अंगवस्त्र एवं स्मृति चिह्न भेंटकर सम्मानित किया गया। वहीं, गोपालकों को वस्त्र वितरित कर उनके परिश्रम, समर्पण और गोवंश की देखभाल में निभाई जा रही महत्वपूर्ण भूमिका के प्रति सम्मान व्यक्त किया गया।

सड़क हादसे में युवक का पैर टूटा



रुपईडीहा बहराइच। नानपारा रोड राना पेट्रोल पं

महंगाई का संकट

महंगाई एक बार फिर परेशान करने लगी है। आरबीआई की अधिकतम सीमा को भी पार कर गयी है और अब यह आम आदमी की जेब पर भारी पड़ रही है। पिछले सप्ताह राष्ट्रीय सांख्यिकी कार्यालय द्वारा जारी आंकड़ों के अनुसार, उपभोक्ता मूल्य सूचकांक पर आधारित मुद्रास्फीति दर अक्टूबर में 6.09 फीसदी रही, जो भारतीय रिजर्व बैंक (आरबीआई) की सहनशीलता सीमा के ऊपरी स्तर को पार कर गई। पिछले महीने यह दर 5.54 फीसदी थी। अक्टूबर 2025 में 0.04 फीसदी के न्यूनतम स्तर पर पहुंचने के बाद से यह दर लगातार 12 महीनों से बढ़ती रही है। एक साल बाद, अक्टूबर 2026 में लगभग 9 फीसदी की खाद्य मुद्रास्फीति दर समग्र मुद्रास्फीति दर का प्रमुख कारण है, हालांकि मुख्य मुद्रास्फीति दर में भी मामूली वृद्धि हुई है। आने वाले महीनों में मुद्रास्फीति का दबाव जारी रहने की आशंका है। लगभग सभी अर्थशास्त्री इस बात से सहमत हैं कि आरबीआई की मौद्रिक नीति समिति (एमपीसी) अक्टूबर की बैठक में नीतिगत रेपो दर 25 आधार अंकों की वृद्धि के साथ 5.5 फीसदी तय किए जाने के बाद दिसंबर की बैठक में इसे और 25 आधार अंक बढ़ाएगी। एमपीसी ने अक्टूबर में चालू तिमाही के लिए खुदरा मुद्रास्फीति दर 6 फीसदी और मार्च अंत वाली तिमाही के लिए 5.7 फीसदी रहने का अनुमान लगाया था। वर्ष 2027-28 की पहली तिमाही के लिए यह दर 5.6 फीसदी रहने का



अनुमान था। मुद्रास्फीति के नवीनतम आंकड़ों ने वास्तविक रेपो दर को ऋणात्मक स्तर पर धकेल दिया है, जिससे नीतिगत दर में समायोजन आवश्यक हो गया है। दिसंबर की बैठक और उसके बाद होने वाले समायोजन की मात्रा कई कारकों पर निर्भर करेगी, जैसे कि अगले वित्त वर्ष के लिए मुद्रास्फीति का अनुमान, खाद्य पदार्थों की बढ़ती कीमतों के माध्यम से होने वाले अप्रत्यक्ष प्रभावों की संभावना और वास्तविक नीतिगत दर का स्तर जिसे इस समय केंद्रीय बैंक बनाए रखने का इच्छुक है। सीपीआई और डब्ल्यूपीआई के आंकड़ों से स्पष्ट है कि अब अरबीआई को महंगाई पर नियंत्रण के लिए नीतिगत ब्याज दरों को और बढ़ाना पड़ सकता है और यह होता है तो मध्यमवर्ग के लिए यह बड़ा संकट होगा। हालांकि, बहुत कुछ मुद्रास्फीति अनुमानों में संभावित बदलावों पर निर्भर करेगा। मॉनसून का मौसम लंबी अवधि के औसत की तुलना में लगभग 13 फीसदी कम वर्षा के साथ समाप्त हुआ। संभावित मजबूत अल नीनो की स्थिति को देखते हुए, जिसका शीतकालीन वर्षा और जलाशयों के निचले स्तर पर प्रतिकूल प्रभाव पड़ेगा, रबी के मौसम में भी कृषि उत्पादन प्रभावित हो सकता है, जिससे खाद्य पदार्थों की कीमतें ऊंची बनी रह सकती हैं। हालांकि, फिलहाल बाहरी मोर्चे पर कुछ राहत मिली है। संकेत मिल रहे हैं कि अमेरिका, ईरान युद्ध को जल्द ही दोबारा शुरू नहीं करेगा, हालांकि राष्ट्रपति ट्रंप के नेतृत्व में अमेरिकी कार्रवाई हमेशा की तरह अनिश्चित बनी हुई है। फिलहाल, कच्चे तेल की कीमतों में काफी गिरावट आई है। हालांकि वैश्विक कीमतों में बढ़ोतरी का खुदरा कीमतों पर सीमित प्रभाव पड़ने के कारण भारत को मुद्रास्फीति के मोर्चे पर सीमित लाभ ही मिलेगा, लेकिन चालू खाता घाटे में कमी की संभावना से मुद्रा को मजबूती मिलेगी और मुद्रास्फीति पर इसका प्रभाव कम होगा। कच्चे तेल की कम कीमतों और अमेरिका में आर्टिफिशल इंटेलिजेंस से संबंधित शेयरों की बिकवाली से विदेशी निवेशक भी वापस लौटे हैं। इस घटनाक्रम से रुपये को स्थिरता मिलेगी, लेकिन आरबीआई को ऐसे अवसरों का लाभ उठाकर अपने विदेशी मुद्रा भंडार को मजबूत करना चाहिए। बाहरी मोर्चे पर स्थिरता से आरबीआई को मुद्रास्फीति प्रबंधन पर ध्यान केंद्रित करने में भी मदद मिलेगी। आम सहमति यह है कि एमपीसी दिसंबर की बैठक में रीपो दर में 25 आधार अंक की वृद्धि करेगी, लेकिन वृद्धि की चिंता न होने के कारण वह 50 आधार अंक की बढ़त पर भी विचार कर सकती है ताकि एक मजबूत संदेश जाये।

विचार

जो जीवों की हिंसा करता है, वह आर्य नहीं होता, सभी जीवों के प्रति अहिंसा का भाव रखने वाला ही आर्य कहलाता है।
–गौतम बुद्ध.

जिस कर्म में भोगने की कामना होती है, जो अहंकार से किया जाता है तथा जो बहुत प्रयास से होता है, वह राजस कर्म है।
–गीता.

इस जगत में कोई संबंध नित्य नहीं है, अपनी देह का भी नहीं। तब स्त्री–पुरुष का साथ सदा नहीं रहेगा, यह क्या कहने की आवश्यकता है?
– महर्षि वेदव्यास.

अहिंसा में इतनी ताकत है कि वह विरोधियों को मित्र बना लेती है और उनका प्रेम प्राप्त कर लेती है।
– महात्मा गांधी.

जो मेरा धन चुराता है वो मेरी सबसे तुच्छ वस्तु ले जाता है।
– शेक्सपियर.

डीपफेक ने छीन लिये सारे भेद-भरोसे को


लोकमित्र



सुबह-सुबह आपके मोबाइल पर एक वीडियो फ्लैश होता है, जिसमें देश का कोई बड़ा नेता ऐसी घोषणा कर रहा है, जो पूरे देश की राजनीति बदल सकती है। आप एक अनुभवी पत्रकार होने के नाते चौंकते हैं, जेहन में पहला ख्याल आता है, सब फेक है। लेकिन अपने कहे हुए को भरोसे के साथ झूठ साबित करने के लिए आप एक भी तथ्य नहीं ढूंढ़ पाते। वीडियो में सम्बन्धित नेता की सैकड़ों बार सुनी हू बहू आवाज है, हू ब हू चेहरा है और सौ फीसदी वास्तविक हावभाव हैं। हैरानी तो यह है कि पीछे वही परिचित सरकारी कार्यालय भी दिखाई दे रहा है। कहने का मतलब वीडियो इतना वास्तविक है कि पहली क्या दूसरी क्या, पांचवीं, सातवीं और दसवीं नजर में भी आप संदेह की कोई वजह नहीं ढूंढ़ पाते। अंततः आप उसे अपने दोस्तों और परिचितों को फारवर्ड कर देते हैं। लेकिन थोड़ी देर बाद पता चलता है कि वह घोषणा कभी हुई ही नहीं थी। पूरा वीडियो कृत्रिम बुद्धिमत्ता यानी एआई की मदद से तैयार किया गया था। अब एक दूसरा दृश्य देखिए। आपके पिताजी के मोबाइल पर आपके ही नंबर और आपकी ही आवाज में फोन आता है। आपकी वह आवाज कहती है, पापा मैं ही हूं और एक मुसीबत में फंस गया हूं, घर आकर पूरी बात बताता हूं, इस समय फटाफट 10,000 रुपये भेज दो। पिताजी घबराकर पैसे भेज देते हैं। बाद में पता चलता है कि फोन तो आपने किया ही नहीं था।

> दरअसल, हम एक ऐसे दौर में प्रवेश कर चुके हैं, जहां तकनीक ने झूठ बोलने की क्षमता तो मशीनों को दे दी है, लेकिन सच पहचानने की जिम्मेदारी अब भी इंसान के कंधों पर डाल रखी है।

ये दोनों कल्पनाएं अब किसी विज्ञान-कथा का हिस्सा नहीं हैं। तकनीक ने सचमुच ऐसी वास्तविकताएं पैदा कर दी हैं, जिनमें आंखों से देखना और कानों से सुनना भी किसी बात के सच होने का प्रमाण नहीं रह गया है। हम एक ऐसे दौर में पहुंच रहे हैं जहां झूठ को विश्वसनीय बनाने में उतनी ही मेहनत लगती है, जितनी पहले सच को सामने लाने में लगती थी। फर्क सिर्फ इतना है कि अब झूठ की फैक्ट्री किसी बड़े स्टूडियो में नहीं, किसी सामान्य स्मार्टफोन में भी चल सकती है और इस बदलाव का सबसे खतरनाक पहलू यह नहीं है कि लोग झूठ पर विश्वास कर सकते हैं, असली खतरा यह है कि धीरे-धीरे लोग सच पर भी विश्वास करना छोड़ सकते हैं। यही इस तकनीक का नया और सबसे ज्यादा खतरनाक चरण है। पहले फर्जी संदेश देखकर संदेह हो सकता था, लेकिन अब किसी परिचित की आवाज, किसी बड़े नेता का चेहरा और बैंकिंग से जुड़ा डिजिटल दस्तावेज एक ही धोखाधड़ी की पटकथा में शामिल हो सकते हैं। अब कुछ भी हो सकता है डीपफेक तकनीक का अगला निशाना लोगों की प्रतिष्ठा और निजी पहचान है। किसी की तस्वीर या वीडियो लेकर उसे ऐसे दृश्य में दिखाया जा सकता है, जिसमें वह कभी मौजूद ही नहीं था। किसी की आवाज की नकल करके उसके नाम से संदेश प्रसारित किया जा सकता है। इसका शिकार आम नागरिक से लेकर सार्वजनिक जीवन की बड़ी हस्तियां तक हो रही हैं। गुजरे 7 नवंबर 2026 को दिल्ली हाईकोर्ट ने अभिनेत्री कृति सेनन की याचिका पर अंतरिम राहत देते हुए उनकी पहचान, चेहरे, आवाज और व्यक्तित्व का इस्तेमाल कर अश्लील डीपफेक सामग्री बनाने और प्रसारित करने पर रोक लगाने का आदेश दिया। अदालत के निर्देश में एआई से तैयार आपत्तिजनक सामग्री के साथ उनके नाम से प्रस्तुत किए जाने वाले चैटबॉट और वॉयस मॉडल भी शामिल थे। इस घटना का एक बड़ा सामाजिक अर्थ है। अब किसी व्यक्ति की डिजिटल पहचान पर उसका नियंत्रण भी चुनौती के घेरे में है। किसी की वास्तविक तस्वीर इंटरनेट पर मौजूद होना ही उसके दुरुपयोग का आधार बन सकता है। सार्वजनिक हस्तियों के मामले में यह प्रतिष्ठा का सवाल है, लेकिन सामान्य महिलाओं और बच्चों के मामले में यह निजता, मानसिक उत्पीड़न और सामाजिक सुरक्षा का गंभीर संकट बन सकता है।

लोकतंत्र के लिए नया खतरा

इस तकनीक का इस्तेमाल केवल आर्थिक ठगी या व्यक्तिगत बदनामी तक सीमित नहीं है। इसका सबसे व्यापक प्रभाव सार्वजनिक विश्वास और लोकतांत्रिक विमर्श पर पड़ सकता है। विशेषज्ञों को चिंता है कि आगामी कई राज्यों के विधानसभा चुनावों में किसी नेता का नकली बयान लाखों लोगों तक पहुंच सकता है। भले बाद में वह वीडियो फर्जी साबित भी हो जाए तो उससे पैदा हुआ गुस्सा, भ्रम या सामाजिक तनाव आसानी से समाप्त नहीं होगा। इंटरनेट पर झूठ की उम्र कई बार उसके खंडन से ज्यादा लंबी पायी गई है। लेकिन इससे भी ज्यादा चिंताजनक एक उल्टा खतरा भी है। मान लीजिए किसी नेता का कोई वास्तविक वीडियो सामने आता है, जिसमें वह विवादास्पद बयान दे रहा है, बाद में वह इसे यह कहकर खारिज कर सकता है कि वीडियो एआई से बनाया गया है। कहने का मतलब यह कि जिस तकनीक से झूठ को सच जैसा बनाया जा सकता है, उसी के सहारे सच को भी झूठ जैसा बनाया जा सकता है। इसे विशेषज्ञ विमर्श में लायर डिविडेंड कहा जाता है। इसका अर्थ है कि डीपफेक के व्यापक प्रसार का लाभ उठाकर वास्तविक सबूतों को भी फर्जी बताने की गुंजाइश पैदा हो जाती है।

असाधारण चुनौती

यह पत्रकारिता, न्याय व्यवस्था और लोकतंत्र के लिए असाधारण चुनौती है। अब केवल यह पूछना पर्याप्त नहीं होगा कि वीडियो में क्या दिख रहा है बल्कि यह भी जानना होगा कि उसे किसने बनाया, कहां से आया और उसके साथ छेड़छाड़ तो नहीं हुई? कहने का मतलब यह कि अब सच की जांच भी तकनीक से करनी होगी। इस संकट का समाधान केवल लोगों को सावधान रहने की सलाह देने से नहीं निकलेगा। इसके लिए डिजिटल सामग्री की प्रामाणिकता जांचने की नई व्यवस्था विकसित करनी होगी। दुनिया में इस दिशा में कंटेंट प्रोवेनेंस यानी डिजिटल सामग्री की उत्पत्ति और उसके बदलावों का रिकॉर्ड रखने की तकनीक पर काम हो रहा है। इसी दिशा की एक पहल के तहत तस्वीर या वीडियो के साथ डिजिटल प्रमाणपत्र जैसा रिकॉर्ड जोड़ा जा सकता है, जिससे यह पता लगाने में मदद मिले कि सामग्री कहां बनी, किस उपकरण या सॉफ्टवेयर से तैयार हुई और उसमें क्या बदलाव किए गए। लेकिन इसकी भी सीमाएं हैं। हर असली तस्वीर में ऐसा प्रमाणपत्र मौजूद नहीं होता और प्रमाणपत्र का न होना अपने आपमें किसी सामग्री के फर्जी होने का सबूत नहीं हो जाता। माइक्रोसॉफ्ट रिसर्च ने फरवरी 2026 में प्रकाशित अपने अध्ययन में डिजिटल सामग्री की प्रामाणिकता जांचने वाली तकनीकों की उपयोगिता के साथ उनकी सीमाओं और संभावित दुरुपयोगों को भी रेखांकित किया है।

भारत सरकार का कदम

इलेक्ट्रॉनिक्स एवं सूचना प्रौद्योगिकी मंत्रालय ने 30 जुलाई 2026 को बताया कि डीपफेक की पहचान के लिए 13 जिम्मेदार एआई परियोजनाओं को मंजूरी दी गई है। सरकार के मुताबिक साइबर सुरक्षा जागरूकता से जुड़ी 6,650 कार्यशालाओं के माध्यम से 11.37 लाख से अधिक लोगों तक पहुंच बनाई गई है। साथ ही गैरकानूनी एआई सामग्री को तेजी से हटाने और प्लेटफॉर्म की जवाबदेही मजबूत करने की दिशा में प्रयास किए जा रहे हैं। लेकिन तकनीकी समाधान के साथ नागरिकों की डिजिटल समझ भी उतनी ही जरूरी है। दरअसल, हम एक ऐसे दौर में प्रवेश कर चुके हैं, जहां तकनीक ने झूठ बोलने की क्षमता तो मशीनों को दे दी है, लेकिन सच पहचानने की जिम्मेदारी अब भी इंसान के कंधों पर डाल रखी है। आने वाले समय में शायद सबसे मूल्यवान डिजिटल कौशल कोई नई भाषा सीखना या एआई टूल चलाना नहीं होगा बल्कि सामने आयी जानकारी पर सही सवाल उठाना होगा। क्योंकि कल की दुनिया में सबसे बड़ा संकट यह नहीं होगा कि लोग झूठ को सच समझ बैठेंगे, उससे भी बड़ा संकट यह होगा कि जब सच उनके सामने होगा, तब भी वे उस पर भरोसा नहीं कर पायेंगे।

सोशल मीडिया


आज भुवनेश्वर में लोकतंत्र बचाओ – अराजकता हटाओ अभियान के अन्तर्गत आयोजित पदयात्रा में मा. मुख्यमंत्री मोहन चरण मांझी के साथ सम्मिलित हुआ। सुधांशु त्रिवेदी.


भारत एक आर्थिक आपदा के दरवाजे पर खड़ा है, ये एक कड़वी सच्चाई है। आज एक युवा को यह भरोसा नहीं है कि उसकी डिग्री उसे नौकरी दिला पायेगी। राहुल गांधी.



प्रतिभाओं को प्रोत्साहन हर वर्ग को सम्मान और सामाजिक समरसता को बढ़ावा देने संकल्प है डबल इंजन सरकार का, बरेली में समरसता कार्यक्रम को संबोधित किया। केशव प्रसाद मौर्य

आत्मज्ञान और संन्यास

जीवन को आत्म-अज्ञान के बिंदु से देखना संसार है। आत्म-ज्ञान के बिंदु से देखना संन्यास है। इसलिए जब कोई कहता है कि मैंने संन्यास लिया है, तो मुझे बात बड़ी असत्य मालूम होती है। यह लिया हुआ संन्यास ही संसार के विरोध की भ्रांति पैदा कर देता है। संन्यास भी क्या लिया जा सकता है? क्या कोई कहेगा कि ज्ञान मैंने लिया है? लिया हुआ ज्ञान भी क्या कोई ज्ञान होगा? ऐसा ही लिया हुआ संन्यास भी, संन्यास नहीं होता है। सत्य ओढ़े नहीं जाते हैं। उन्हें तुम्हारे भीतर जगाना होता है। संन्यास का जन्म होता है। वह समझ से आता है। उस समझ से हम परिवर्तित होते जाते हैं। जैसे-जैसे हमारी समझ बदलती है, हमारी दृष्टि बदलती है और अनायास ही आचरण भी बदल जाता है। संसार जहां का तहां होता है, पर हमारे भीतर संन्यास का जन्म होता जाता है। संन्यास का अर्थ हैः यह बोध कि मैं शरीर ही नहीं हूं, आत्मा हूं। बोध के साथ ही भीतर आसक्ति और अज्ञान नहीं रह जाता है। संसार बाहर था, अब भी वह बाहर होगा, पर भीतर उसके प्रति राग-शून्यता होगी, या यूं कहें कि संसार अब भीतर नहीं होगा। असंन्यास में हमने एंट्रेंस तो रखा है, एक्झिट नहीं रखा है। उसमें भीतर जा सकते हैं, बाहर नहीं आ सकते और ऐसा स्वर्ग भी नरक हो जाता है जिसमें बाहर लौटने का दरवाजा न हो। वह परतंत्रता बन जाता है, कारागृह हो जाता है। कोई संन्यासी लौटना चाहे तो कोई क्या कर सकता है? वह लौट सकता है लेकिन आप उसकी निंदा करते हैं, अपमान करते हैं। कंडेमनेशन है उसके पीछे। और इसीलिए हमने एक तरकीब बना रखी है कि जब कोई संन्यास लेता है, तो उसका भारी शोरगुल मचाते हैं। जब कोई संन्यास लेता है तो बहुत बैंडबाजा बजाते हैं। जब कोई संन्यास लेता है तो बहुत फूलमालाएं पहनाते हैं, और यह उपद्रव का दूसरा हिस्सा है, वह उस संन्यासी को पता नहीं है कि अगर वह कल लौटा तो जैसे फूलमालाएं फेंकी गईं, वैसे ही पत्थर और जूते भी फेंके जांएगे और ये ही लोग फेंकने वाले, कोई दूसरा आदमी नहीं होगा। असल में इन लोगों ने फूलामालाएं पहना कर उससे कहा कि अब सावधान, अब लौटना मत, जितना आदर दिया है उतना ही अनादर प्रतीक्षा करेगा। यह बड़ी खतरनाक बात है। इसके कारण न मालूम कितने लोग संन्यास का आनंद ले सकते हैं, वे नहीं ले पाते। वे कभी निर्णय ही नहीं कर पाते कि जीवन भर के लिए। जीवन भर का निर्णय बड़ी महंगी बात है, बड़ी मुश्किल बात है। फिर हकदार भी नहीं हैं हम जीवन भर के निर्णय के लिए। तो मेरी दृष्टि है कि संन्यास सदा ही सावधिक है। आप कभी भी वापस लौट सकते हैं। कौन बाधा डालने वाला है? संन्यास आपने लिया था। संन्यास आप छोड़ते हैं। आपके अतिरिक्त इसमें कोई और निर्णायक नहीं है। आप ही डिसीसिव हैं, आपका ही निर्णय है।
– ओशो.

अंतर्दृष्टि

पुरस्कार ले लो, पुरस्कार...


व्यंग्यलोक

आजकल पुरस्कार मूली-गाजर के भाव मिल रहे हैं। देने वाले फेरी लगाकर आवाज लगाते हैं-पुरस्कार ले लो पुरस्कार। हर चीज के खरीददार मिलेंगे। फिर पुरस्कारों को कौन छोड़ता है-जब वे बिना योगदान के मोलभाव के मोल मिलने लगें तो। पुरस्कार साहित्य का है तो और भी सुविधा है। अपना आदमी होना चाहिए। अपना खेमा और अपनी विचारधारा। फिर पुरस्कार चाहे पंद्रह पृष्ठ की बुलेटिन पर देना पड़े, दे दिया जाता है। पुरस्कार के लिए मौलिक साहित्य लेखन भी अब आवश्यक नहीं रह गया। इधर पुस्तक पाठ्यक्रम में छात्रों की दृष्टि से लिखी गयी है। प्रश्न दिये गये हैं। हिन्दी साहित्य का इतिहास लिखा हुआ है और पुरस्कार दिया जा रहा है। किसी विधा में किसी लेखक को ज्यादा मेहनत-मशक्कत अथवा जमने जमाने की जरूरत नहीं है। आप यदि संस्था प्रधान को जानते हैं तो वह पुरस्कार देने में जरा भी देर नहीं करेगा। लेकिन शर्त इतनी-सी है कि आप उनके चिलमगीरों में हो या नहीं, यह देखना आपके हाथ में है। पुरस्कार के लिए किताब मैंने भी भेजी थी, लेकिन मुझे नहीं मिला। मैंने कारणों का पता लगाया तो मालूम हुआ कि मैं अपने आपको लेखक समझता हूँ।


अशोक गौतम

अब बताइये कि मैं लेखक हूँ और अपने आपको लेखक समझता हूँ तो इसमें गलत क्या है? फिर लेखक हूँ तभी तो पुरस्कार माँग रहा हूँ। साहित्य का पुरस्कार लेखक ही तो पा सकता है। लेकिन उनका तर्क है कि जिनको उन्होंने पुरस्कार दिया है-सीधे सादे हैं तथा उनमें लेखकीय अस्मिता तनिक भी नहीं है। मैं सोचता ही रह गया कि हद होती है। एक विधा में काम किया, पहचान बनायी और जब पुरस्कार की बारी आयी तो साफ इंकार कर दिया गया है। जिनको पुरस्कार मिला था, वे फूल कर कुप्पा हो गये थे। मैंने कहा-अमाँ यार, सुना है तुम अपने आपको लेखक ही नहीं समझते, वे महिमामंडित हो चुके थे, सो बोले-अजी लेखक नहीं होते तो पुस्कार कैसे मिलता? आपको पता नहीं है क्या, मुझे अभी साहित्य का पुरस्कार मिला है?

अरे हाँ भाई, उसी संदर्भ में तो पूछ रहा था। संस्था प्रधान आपको लेखक नहीं मानते। एक हानिरहित जीव मानकर आपको इस पुरस्कार से नवाजा गया है और फिर आपने तो कमाल ही कर दिया भाई, पाठ्य पुस्तक पर ही पुरस्कार मार लिया, यह सब कैसे हुआ? कुछ तो बताओ। मैंने कहा! वे बोले-शर्मा साहब, हमारे कौन-सी पुरस्कार की खाज थी? वे ही बोले-यार, इस वर्ष पुरस्कार ले लो, तो बताओ क्या मना करता क्या? मुँह में आया बताशा कौन छोड़ता है। इसका मतलब आपने चिलम भी नहीं भरी उनकी। उधर यह भी अफवाह है कि आपने उनकी चमचागिरी की थी। देखिये शर्मा जी, अब थोड़ा बहुत तो करना ही पड़ता है। आप यह चमचा और चिलम का प्रयोग कर रहे हैं, यह निहायत ही गलत है। दरअसल एक साथ उठना-बैठना था।

जनजातीय कला में बाजार व पर्यटन का बढ़ता दबाव


कला जगत

भूमंडलीकरण और इंटरनेट के व्यापक विस्तार के कारण आज मधुबनी, गोंड, वारली, फड़, पट्टचित्र, कलमकारी, पिथौरा, चेरियाल, रोगन, कच्छ की कढ़ाई जैसी अनेक पारंपरिक और जनजातीय कलाएं वैश्विक बाजार तक तो अपनी पहुंच बना ली हैं, लेकिन इस पहुंच ने कला के मूल स्वरूप, सांस्कृतिक संदर्भ और कलाकारों के अधिकारों पर अनेक गंभीर सवाल खड़े कर दिए हैं। क्योंकि भारतीय लोककलाएं इस व्यापक बाजार में सजावट की वस्तुएं तो बन गई हैं, लेकिन उनकी सांस्कृतिक आत्मा कहीं खो गई सी लगती है। जबकि हमारी ये कलाएं सदियों से चली आ रही लोकस्मृतियों, आस्थाओं, रीति-रिवाजों और सामुदायिक जीवन का जीवंत दस्तावेज हैं। बिहार की मधुबनी, मध्य प्रदेश की गोंड कला, महाराष्ट्र वारली चित्रकला, राजस्थान की फड़, उड़ीसा की पट्टचित्र, आंध्र प्रदेश की कमलकारी, गुजरात की रोगन कला और तेलंगाना की चेरियाल स्क्रॉल पेंटिंग। इनमें से प्रत्येक कला अपने क्षेत्र के इतिहास, प्रकृति और लोक विश्वास को रंगों में संजोती है। लेकिन आज इन कलाओं के सामने बाजार और आधुनिकता का दबाव बन गया है। क्योंकि ग्राहक इन कलाओं में अपने मिजाज का फ्यूजन चाहते हैं। ऐसे में जब इन पारंपरिक कलाओं में ग्राहकों के मिजाज को तरजीह दी जायेगी तो क्या इनकी आत्मा जिंदा रह पायेगी? निःसंदेह पिछले दो दशकों में भारतीय लोककलाओं की लोकप्रियता बहुत ज्यादा बढ़ी है।

देश-विदेश की प्रदर्शनियों, ऑनलाइन प्लेटफॉर्म, ई-कॉमर्स वेबसाइट, पर्यटन और सोशल मीडिया ने इन्हें वैश्विक पहचान दिलायी है। पहले जो कलाएं गांवों और स्थानीय मेलों तक सीमित थीं, वे आज दुनिया के अनेक देशों के घरों और कला दीघाओं तक पहुंच रही हैं। यह परिवर्तन निश्चित रूप से सकारात्मक है, क्योंकि इसमें कलाकारों को नये बाजार और आय के भरपूर अवसर मिल रहे हैं। लेकिन इसी बदलाव ने ये गंभीर चुनौतियां भी पैदा कर दी हैं कि इनके मूल स्वरूप में ही व्यवसायिकता की छाप नजर आने लगी है। आज अनेक कलाकार बाजार की मांग के मुताबिक कई पारंपरिक कलाओं का आकार, रंग, विषय और शैली बदल रहे हैं। जो चित्र कभी विवाह, फसल, देवी-देवताओं, प्रकृति या लोककथाओं से जुड़ी होते थे, वे अब आधुनिक इंटीरियर सजावट के अनुरूप बनाये जा रहे हैं। इसमें कला का विस्तार तो हुआ है, लेकिन कई बार इससे उसका मूल सांस्कृतिक संबंध छिन गया है। दूसरी बड़ी समस्या मशीन से बने नकली उत्पादों की है।

आज बाजार में मधुबनी, वारली या गोंड शैली की प्रिंटेड पेंटिंग, कपड़े और सजावटी वस्तुएं बड़ी संख्या में बिक रही हैं। देखने में ये आकर्षक लगती हैं, लेकिन उनमें हस्तनिर्मित कला की खुशबू नहीं होती। अब चूंकि ये मशीन से बनी कला वस्तुएं असली और हाथ से निर्मित कलाओं के मुकाबले बेहद सस्ती होती हैं, इसलिए लोगों को खूब पसंद भी आती हैं। लेकिन इससे असली और ऑथेंटिक कलाकारों की रोजी-रोटी पर बुरा असर पड़ रहा है। हालांकि आधुनिकता केवल चुनौती नहीं है, अवसर भी है। डिजिटल माध्यमों ने कलाकारों को सीधे ग्राहकों तक पहुंचा दिया है। पहले जहां कलाकारों को बिचैलियों पर निर्भर रहना पड़ता था, वहीं अब वे सोशल मीडिया और ऑनलाइन प्लेटफॉर्म के माध्यम से अपनी कलाकृतियां सीधे खुद ही बेच देते हैं। इससे उन्हें बेहतर मूल्य मिलने लगे हैं। कई युवा कलाकार पारंपरिक शैली को बनाये रखते हुए आधुनिक विषयों पर भी काम कर रहे हैं, जिससे लोककला नई पीढ़ी को भी खूब आकर्षित कर रही है। लेकिन इस सबके चलते मूल कला में कई तरह के विस्तार दबाव के चलते भी स्वीकारे जा रहे हैं। जैसा कि हम जानते हैं भारतीय लोककलाओं के संरक्षण में भौगोलिक संकेतक (जीआई टैग) की महत्वपूर्ण भूमिका होती है।

जीआई टैग किसी विशेष क्षेत्र से जुड़ी पारंपरिक कला या उत्पाद की विशिष्ट पहचान को कानूनी संरक्षण देता है। लेकिन आवश्यकता इस बात की है कि उपभोक्ता भी हस्तनिर्मित और मशीन निर्मित उत्पादों के बीच का अंतर समझें और कलाकारों को अपना समर्थन दें। इस संबंध में सरकार और सांस्कृतिक संस्थान भी चिंतित हैं और अपने स्तर पर इसे रोकने का प्रयास भी कर रहे हैं। राष्ट्रीय शिल्प मेले, हस्तशिल्प प्रदर्शनियां, संग्रहालय, प्रशिक्षण केंद्र और विभिन्न योजनाएं, लोक कलाकारों को मंच प्रदान कर रही हैं। फिर भी इन प्रयासों का लाभ देश के हर कलाकार को समान रूप से नहीं मिल पा रहा। दूरदराज के गांव में रहने वाले अनेक कलाकार आज भी विपणन, डिजाइन, पैकेजिंग और डिजिटल तकनीकी की जानकारी के अभाव में अपने हुनर का उचित मूल्य नहीं पा रहे हैं।
नरेन्द्र शर्मा.

आपकी बात

बैंकिंग सेक्टर की मजबूती से तेज होगी देश की प्रगति

सरकारी बैंकों की संख्या लगातार कम हो रही है। अब बीस से घटकर दस-बारह ही पीएसयू बैंक रह गये हैं। राष्ट्रीयकृत बैंकों में जिस तरह से खराब ऋण वितरण के कारण एनपीए बढ़ा उसके कारण अब सरकार को एक-एक करके बैंकों का विलय कर उनकी संख्या कम करनी पड़ी। अब बैंकों का बोझ उठाने के लिए सरकार तैयार नहीं है, यही कारण है कि बीते पांच-छह साल में करीब एक दर्जन सरकारी बैंक दूसरे बैंकों में विलीन हो गये हैं। अब कुल 12 राष्ट्रीयकृत बैंक बचे हैं और इन्हें भी कम करके चार-पांच रखने की कोशिश हो रही है। बैंकिंग व्यवस्था में रीढ़ की हड्डी रहे सरकारी क्षेत्र के बैंक अगर कराह रहे हैं और दिन प्रति दिन देश में प्राइवेट सेक्टर बैंकिंग ऊंचाईयां छू रही हैं तो इसके पीछे सरकारी बैंकों के अधिकारियरों एवं कर्मचारियों की घटिया कार्यप्रणाली भी जिम्मेदार है। आज भी सरकारी बैंक के कर्मचारी अपने को सरकारी कर्मचारी मानते हैं और ठीक से काम न करना अपना पुश्तैनी अधिकार मानते हैं। सरकारी बैंकों में जिस तरह सरकरी कल्चर हावी है उसे अगर दूर न किया गया तो प्राइवेट बैंकों के सामने टिक नहीं पायेंगे। देश के विकास में अहम भूमिका निभाने वाले सरकारी क्षेत्रों के बैंकों की स्थिति आजकल ठीक नहीं है। इनके प्रबंधकों एवं कर्मियों की मनमानी, भ्रष्टाचार और लापरवाही ने आज दुनिया के सबसे बड़े सरकारी बैंकिंग तंत्र को बीमार कर पूरी तरह से आईसीयू में डाल दिया था। लोग बड़े आराम से बैंक का पैसा पार कर दे रहे हैं। फिलहाल सरकार के प्रयासों से बैंकों की हालात सुधरी है। इसे अब और मजबूत करने और देश में बड़े आकार के बैंक बनाने के लिए कुछ सार्वजनिक बैंकों का विलय कर चार-पांच बड़े पीएसयू बैंक बनाने चाहिए। दरअसल किसी भी देश की बैंकिंग प्रणाली उसके समृद्धि की नींव होती है।

राजेश कुमार वर्मा, बाराबंकी.

जरूरी है स्पीड लिमिट

हाइवे और एक्सप्रेस वे पर तेज रफ्तार के कारण बड़ी संख्या में दुर्घटनाएं होती हैं और यह इतनी भीषण होती हैं कि तेज रफ्तार के चक्कर में प्रायः जिंदगी की रफ्तार ही थम जाती है। आगरा एक्सप्रेस वे, ताज एक्सप्रसे वे, शहीद पथ, जैसे हाइवे दुर्घटनाओं का पर्याय बन गये हैं। अगले कुछ सालों में प्रदेश में चार-पांच और एक्सप्रेव शुरू होंगे। जाहिर है यहां भी रफ्तार का कहर हो सकता है। देश एवं प्रदेश में भी तेजी के साथ हाईवे परियोजनाओं पर काम हो रहा है। हाइवे बनने के साथ लोगों की रफ्तार बढ़ रही है और बढ़े पैमाने पर दुर्घटनाएं सामने आ रही हैं। लखनऊ में शहीद पथ, लखनऊ से आगरा जाने वाली लखनऊ-आगरा एक्सप्रेस वे, आगरा से दिल्ली जाने वाली यमुना एक्सप्रेस पर आये दिन भीषण हादसे होते हैं। यहीं अभी नया-नया बनकर तैयार हुआ देश का पहला स्मार्ट एक्सप्रेस वे ईस्टर्न मेरीफेरल एक्सप्रे वे भीषण दुर्घटनओं के मार्ग बन गये हैं। हाइवे दरअसल त्वरित और सुरक्षित परिवहन के लिए होते लेकिन जब ये खतरों के पर्याय बन जायें तो फिर सोचना पड़ता है कि रफ्तार की इतनी भी क्या जरूरत जो जिंदगी सांसे थम दें। दरअसल देश में फर्राटा भरने वाली सड़कें तो तेजी के साथ बन एवं बढ़ रही हैं लेकिन लोगों को ट्रैफि क सेंस की कमी के कारण दुर्घटनाएं बढ़ गयी हैं। ये दुर्घटनाएं सिर्फ और सिर्फ तेज स्पीड के कारण होती हैं। हाइवे का मतलब यह नहीं होता कि उस पर हवाई जहाज की रफ्तार से फर्राटा भरने लगें। प्रायः यह देखा जाता है जाता है कि तेज रफ तार के कारण गाड़िया आगे बढ़ने के चक्कर में बगल वाली गाड़ी टक्कर मार देती हैं और इस तरह खुद के और दूसरों के जान के लिए खतरा बनी रहती हैं। हाईवे निर्माण के साथ अब यह भी जरूरी है कि लोगों को ट्रैफिक नियमों पालन एवं यात्रा के दौरान आवश्यक सुरक्षा उपाय की भी जानकारी दी जाये। देश में हर साल लगभग डेढ़ लाख जानें दुर्घटनाओं में चली जाती हैं। अगर ट्रैफिक नियमों एवं सुरक्षा उपायों के साथ यात्रा की जाये तो इसमें भारी कमी आ सकती है। हाइवे पर स्पीड सबसे बड़ा दुर्घटना का कारण है इसलिए सरकार प्रत्येक सड़क पर अधिकतम और न्यूनतम स्पीड को

संक्षेप

ट्रेलर की चपेट में आकर दो युवकों की मौत

जौनपुर। चंदवक थाना क्षेत्र के खुज्झी ग्रामसभा के पास एक दर्दनाक सड़क हादसे में थून्ही निवासी चंदन मौर्या पिता राजकुमार 22 वर्षीय व्यक्ति की मौके पर ही मौत हो गई।वहीं दुसरा ब्यक्ति सोनू मौर्या पुत्र जयकिशन उर्म 24 वर्षीय की मौके पर ही मौत हो गई। दो बाइकों के बीच आमने-सामने टक्कर हो गई। टक्कर के बाद दो बाइक सवार सड़क पर गिर पड़ा और इसी दौरान वहां से गुजर रहे ट्रेलर की चपेट में आ गया। हादसा इतना गंभीर था कि बाइक सवार ने घटनास्थल पर ही दम तोड़ दिया। घटना के बाद मौके पर अफरा-तफरी मच गई। आसपास के ग्रामीणों और राहगीरों की भीड़ जुट गई।हादसे की सूचना मिलते ही स्थानीय पुलिस मौके पर पहुंची और घटनास्थल का जायजा लिया।पुलिस ने शव को कब्जे में लेकर आवश्यक कानूनी कार्रवाई शुरू कर दी। इस दर्दनाक हादसे के बाद क्षेत्र में शोक की लहर दौड़ गई।वहीं, दुर्घटना के कारणों की जांच में पुलिस जुटी हुई है। दोनों युवक मुबंई मे रहकर नौकरी करते थे छठ पुजा मे घर आए थे घर से चदंवक बाजार से अपने घर थुन्ही जा रहे थे।

किशोरी से दुष्कर्म में आधा दर्जन पर मुकदमा दर्ज

जौनपुर । शादी का झांसा देकर किशोरी से दुष्कर्म करने, मारपीट और आपत्तिजनक वीडियो इंटरनेट मीडिया पर फैलाने की धमकी देने के आरोप में पुलिस ने छह लोगों के खिलाफ केस दर्ज किया है। आरोपियों में युवक अंकित सोनकर के साथ उसकी मां, भाई, मामा और जीजा शामिल हैं। मामला गौराबादशाहपुर थाना क्षेत्र के एक गांव की किशोरी से जुड़ा है, जो शहर के भंडारी मोहल्ले में किराए के कमरे में रहती है।किशोरी ने पुलिस को दी शिकायत में बताया कि लाइन बाजार निवासी अंकित सोनकर करीब एक साल से उसके कमरे पर आता-जाता था। आरोप है कि अंकित ने शादी का झांसा देकर उसके साथ शारीरिक संबंध बनाए। इसी दौरान उसने किशोरी का आपत्तिजनक वीडियो भी रिकॉर्ड कर लिया। अंकित अपनी मां गुड़िया सोनकर, भाई सचिन और मोलू, मामा अंतिम सोनकर और जीजा राजेश सोनकर के साथ किशोरी के कमरे पर पहुंचा। आरोप है कि सभी ने गाली-गलौज करते हुए उसकी पिटाई की। अंकित ने उसे दांत से काटकर चोट पहुंचाई और वीडियो इंटरनेट मीडिया पर फैलाने की धमकी दी।

गोमती नदी में कूदे युवक की तीसरे दिन मिली लाश

जौनपुर। जफराबाद थाना क्षेत्र के वसीरपुर गांव के पास गोमती नदी में बुधवार को एक युवक की लाश मिली।लाश को कोतवाली पुलिस अपने कब्जे में लेकर पोस्टमार्टम के लिए भेज दिया।ज्ञात हो सरायख्वाजा के गोपालपुर गांव निवासी सुंदरम मौर्य पुत्र रोहित मौर्य रविवार की रात 11 बजे गर्लफ्रेंड की शर्त सुनकर गोमती नदी में छलांग लगा लिया था। सुंदरम मौर्या की लाश तीसरे दिन बुधवार की सुबह मिला।परिजनों व पुलिस की टीम के द्वारा सोमवार की सुबह से युवक की लगातर तलाश में की जा रही थी।शव मिलने की सूचना से परिजनों में कोहराम मच गया। सुंदरम बीए थर्ड ईयर का छात्र था।वह रविवार की रात करीब 9 बजे घर से निकला। वह 3 किमी दूर शाही पुल पर करीब 11 बजे पहुंचा। वहां से उसने अपने दोस्त प्रवीण मौर्या को वीडियो कॉल की।उससे बोला- मैं गोमती नदी में कूदने जा रहा। घर पर बता देना। इतना कहकर उसने फोन काट दिया।दोस्त से मिली सूचना पर घर वाले भागते हुए पहुंचे। तुरंत पुलिस को भी कॉल की। सोमवार सुबह से ही पुलिस और गोताखोर सुंदरम की तलाश में जुटे रहे। जिसका तीसरे दिन बसीरपुर में शव मिला है।

अक्षय नवमी पर कान्हा की नगरी आस्था के रंग में सराबोर



जिला संवाददाता(vol)

मथुरा। अक्षय नवमी के पावन पर्व पर बुधवार को कान्हा की नगरी भक्ति, श्रद्धा और आस्था के रंग में सराबोर नजर आई। इस पुण्य अवसर पर देश के विभिन्न हिस्सों और दूर-दराज के क्षेत्रों से आए लाखों श्रद्धालुओं ने मथुरा की धार्मिक परिक्रमा लगाकर पुण्य लाभ अर्जित किया। गोपाष्टमी मंगलवार शाम से ही शुरू हुआ परिक्रमा का यह सिलसिला बुधवार को भी पूरे उत्साह के साथ देरसायं तक निरंतर जारी रहा। इस पुण्य अवसर पर मथुरा मथुरा के साथ-साथ ग्रामीण अंचलों तथा हाथरस, अलीगढ़, आगरा और भरतपुर जैसे पड़ोसी जिलों से भी बड़ी संख्या में श्रद्धालु पहुंचे।

बुधवार की सुबह तड़के कई श्रद्धालुओं ने ऐतिहासिक विश्राम घाट पर पवित्र यमुना स्नान कर विधिवत पूजन-अर्चन किया। इसके पश्चात गऊघाट क्षेत्र व भूतेश्वर महादेव मंदिर के आसपास अक्षय नवमी पर परिक्रमा करते श्रद्धालु मार्ग पर भक्तों का रेला लगातार बढ़ता चला गया। हाथों में पूजा की थाली, मुख पर राधे-कृष्ण का नाम और मन में आराध्य के दर्शन की अभिलाषा लिए भक्त भजन-कीर्तन करते हुए आगे बढ़ते रहे। आस्था के इस पथ पर श्रीकृष्ण और राधारानी के जयकारे लगाते हुए भक्तों के कदम जब आगे बढ़े, तो पूरे परिक्रमा मार्ग पर मानो एक लंबी मानव श्रृंखला सी बन गई। जो बुधवार शाम तक निरंतर बनती रही। धार्मिक मान्यताओं के अनुसार, अक्षय नवमी के दिन अक्रूर जी भगवान श्रीकृष्ण और बलराम को कंस के वध के लिए गोकुल से मथुरा लेकर आए थे। मथुरा आगमन के पश्चात भगवान श्रीकृष्ण ने नगर के चारों कोनों पर स्थित प्रमुख शिव मंदिरों में देवाधिदेव महादेव के दर्शन व पूजन किए थे। इसी पौराणिक प्रसंग की स्मृति में मथुरा-वृंदावन में अक्षय नवमी पर परिक्रमा लगाने की परंपरा चली आ रही है। मान्यता है कि इस दिन मथुरा, वृंदावन और गरुण गोविंद (तीन वन) तथा पंचकोसी परिक्रमा करने से भक्तों को कभी न समाप्त होने वाला (अक्षय) पुण्य प्राप्त होता है। इसी अटूट आस्था के चलते उम्र और थकान की परवाह किए बिना श्रद्धालु भगवान का स्मरण करते हुए अपनी परिक्रमा पूरी करने में जुटे रहे।

500 से अधिक जोड़े लेंगे सात फेरे

मथुरा। जनपद में आज यानी गुरुवार (19 नवंबर) को बीएसए कॉलेज परिसर में मुख्यमंत्री सामूहिक विवाह योजना के तहत एक भव्य समारोह का आयोजन किया जा रहा है। इस कार्यक्रम में 500 से अधिक पात्र जोड़े विवाह के बंधन में बंधेंगे। शासन द्वारा वित्तीय वर्ष 2026-27 के लिए जनपद को कुल 930 जोड़ों के विवाह का लक्ष्य दिया गया है, जिसके क्रम में यह आयोजन हो रहा है। शासनादेश के अनुसार, योजना के तहत प्रत्येक नवदंपति को कुल 1 लाख रुपये की आर्थिक सहायता प्रदान की जाती है। इसमें से 64,000 रुपये की धनराशि सीधे कन्या के बैंक खाते में हस्तांतरित की जाती है, 21,000 रुपये के वैवाहिक उपहार दिए जाते हैं और 15,000 रुपये कार्यक्रम की व्यवस्थाओं पर व्यय किए जाते हैं। इस विवाह समारोह में एक विशेष पहल भी की जा रही है। श्जनगणना 2027श् के अंतर्गत वर्तमान में चल रहे स्व-गणना (मसि-म्दनउमतंजपवद) अभियान से लोगों को जोड़ने के लिए कार्यक्रम स्थल पर विशेष व्यवस्था की गई है। यहाँ जनगणना से जुड़े अधिकारी और कर्मचारी मौजूद रहेंगे, जो समारोह में शामिल होने वाले वर-वधू, उनके परिजनों और अन्य आगंतुकों की स्व-गणना कराएंगे। योजना का लाभ लेने के लिए वर की न्यूनतम आयु 21 वर्ष और वधू की 18 वर्ष निर्धारित है। इसके साथ ही आवेदक परिवार की वार्षिक आय 3 लाख रुपये तक होनी चाहिए और कन्या के अभिभावक का मथुरा जनपद का निवासी होना अनिवार्य है। आरक्षित वर्ग (एससी, एसटी, ओबीसी) के आवेदकों के लिए जाति प्रमाण पत्र आवश्यक रखा गया है।

मोटा अनाज सेहत की कुंजी

मथुरा। राष्ट्रीय खाद्य सुरक्षा एवं पोषण मिशन योजना के अंतर्गत बुधवार (18 नवंबर 2026) को कृषि भवन परिसर, मथुरा में जनपद स्तरीय श्मिलेट्स महोत्सव एवं मेलाश का भव्य आयोजन किया गया। इस कृषि मेले में जिलेभर से आए लगभग 600 प्रगतिशील किसानों ने उत्साहपूर्वक भाग लिया। कार्यक्रम के मुख्य अतिथि बलदेव विधानसभा क्षेत्र के विधायक पूरन प्रकाश रहे। मेले के दौरान कृषि विज्ञान केंद्र के प्रभारी ने ज्वार, बाजरा, रागी, कोदो, कुटकी और सांवा जैसी मिलेट्स (मोटा अनाज) फसलों से मिलने वाले पोषण संबंधी लाभों पर विस्तार से प्रकाश डाला। उन्होंने बताया कि मिलेट्स में प्रोटीन, फाइबर, आयरन और कैल्शियम प्रचुर मात्रा में पाए जाते हैं, जो मधुमेह (डाइबिटीज), रक्तचाप (ब्लड प्रेशर) और कुपोषण को नियंत्रित करने में बेहद मददगार साबित होते हैं। मुख्य अतिथि विधायक पूरन प्रकाश ने किसानों से आह्वान किया कि वे अपने दैनिक भोजन में मोटे अनाज का अधिक से अधिक उपयोग करें ताकि उनका स्वास्थ्य उत्तम रहे। उन्होंने कहा, मोटा अनाज गरीब का नहीं, बल्कि एक स्वस्थ व्यक्ति का अनाज है।

विद्युत जागरूकता शिविर का आयोजन

मड़िहान, मीरजापुर। जिला विधिक सेवा प्राधिकरण मिजार्पुर व राज्य विधिक सेवा प्राधिकरण लखनऊ के निर्देशन में विन्ध्य कॉलेज ऑफ फामेर्सी तिसुही मड़िहान में जिला विधिक सेवा प्राधिकरण के सचिव आनंद कुमार के आदेशानुसार संविधान संवाद के तहत विधिक जागरूकता शिविर का आयोजन किया गया जिसमें नायब तहसीलदार मड़िहान विनय सिंह व पीएलबी पंकज कुमार व रूपांजलि सिंह द्वारा निःशुल्क विधिक सहायता, लोक अदालत, पेमेंट सेतु एप, मध्यस्थता एवं नागरिकों के अधिकारों तथा पास्को एक्ट अधिनियम 2012 पर विस्तृत जानकारी दिया गया उसी के साथ नालसा व सालसा द्वारा संचालित जनकल्याणकारी योजनाओं के बारे में भी जानकारी दिया गया उसी के साथ में संविधान में दिए गए मौलिक अधिकार व कर्तव्यों के बारे में भी बताया गया उसी के साथ संविधान में दिए गए प्रस्तावना का शपथ भी दिलाया गया। जिसमें प्रिंसपल राहुल सिंह व विद्यालय के मास्टर व 150 बच्चे व बच्चिया उपस्थित है।

पूर्वांचल युवा महोत्सव में कलाकारों ने बिखेरा जलवा

जौनपुर। नगर पालिका अध्यक्ष मनोरमा मौर्या ने कहा कि पूर्वांचल युवा महोत्सव का आयोजन युवा कलाकारों के लिए भविष्य में मील का पत्थर साबित होगा।और युवा कलाकारों को ऐसे महोत्सव से उनके अंदर प्रतिस्पर्धा की भावना जागृत होगी। और उन्हें अपने प्रतिभाओं का प्रदर्शन करने का मौका मिलेगा। नगर के बीआरपी कालेज के मैदान में तीन दिवसीय पूर्वांचल युवा महोत्सव का दीप प्रज्वलित कर शुभारंभ करने के बाद बतौर वह मुख्य अतिथि संबोधित कर रही थी। इस अवसर पर पूर्वांचल के विभिन्न जनपदों से आये हुए कलाकारों ने अपने कला का प्रदर्शन किया। जहां गायकों ने अपने गीतों से वही महिला कलाकारों ने अपने नृत्य व सांस्कृतिक कार्यक्रम प्रस्तुत कर श्रोताओं को मंत्रमुग्ध कर दिया। मुख्य अतिथि ने सभी प्रतिभागी कलाकारों को प्रथम द्वितीय तृतीय पुरस्कार देकर व प्रशस्ति पत्र देकर सम्मानित किया। पीहू खरे ने गणेश वंदना पर नृत्य प्रस्तुत कर दर्शकों का दिल जीत लिया। भोजपुरी कलाकार जितेंद्र झा ने भी अपने चीर परिचित अंदाज में अपने गीतों से समा बांध दिया। कार्यक्रम के संयोजक व महोत्सव के अध्यक्ष डॉ दिनेश तिवारी ने आये हुए सभी अतिथियों का स्वागत कर आभार प्रकट किया। इस अवसर पर समर बहादुर सिंह, विनोद सिंह, दीपक श्रीवास्तव, पवन गुप्ता पिंटू, संतोष सिंह, संजय सिंह, अजय दुबे आदि लोग मौजूद रहे।



पिता की तहरीर पर मुकदमा दर्ज

मड़िहान, मीरजापुर। मड़िहान थाना क्षेत्र के कनिदारी दाढ़ी राम गांव में 19 वर्षीय युवती की संदिग्ध मौत के मामले ने अब नया मोड़ ले लिया है। पिता की लिखित तहरीर पर पुलिस ने गांव के ही युवक के विरुद्ध आत्महत्या के लिए उकसाने का मुकदमा दर्ज कर जांच शुरू कर दी है। कनिदारी दाढ़ी राम गांव निवासी लालजी ने मड़िहान थाने में तहरीर देकर आरोप लगाया कि उनकी पुत्री प्रिया 19 वर्ष को गांव का ही युवक प्रिंसराज उर्फ कोमल काफी दिनों से अभद्र टिप्पणी कर मानसिक रूप से परेशान करता था। पीड़ित पिता का कहना है कि प्रिंसराज की हरकतों की शिकायत पूर्व में भी उसके परिजनों से की गई थी, लेकिन परिजनों ने उसकी हरकतों को नजरअंदाज कर दिया। उसका खामियाजा उनकी बेटी को उठाना पड़ा।तहरीर में बताया गया कि 14 नवंबर को पिता अपनी पत्नी और पुत्र के साथ धनपट्टी गांव में रिश्तेदारी में गए थे। घर पर मृतक पुत्री प्रिया अकेली थी।

आरोप है कि 15 नवंबर की शाम साढ़े पांच बजे के करीब प्रिंसराज ने पुत्री को अकेले पाकर परेशान करना शुरू कर दिया। इससे आहत होकर प्रिया ने घर से लगभग 300 मीटर दूर स्थित कुएं में कूदकर अपनी जान दे दी।पिता ने पुत्री को आत्महत्या के लिए उकसाने का सीधा आरोप प्रिंसराज उर्फ कोमल पर लगाया है।पिता की तहरीर के आधार पर मड़िहान थाने में भारतीय न्याय संहिता की धारा 108 के तहत प्राथमिकी दर्ज कर पुलिस जांच में जुट गई है। इस संबंध में क्षेत्राधिकारी ऑपरेशन मड़िहान मो. फईम कुरैशी ने बताया कि तहरीर के आधार पर प्राथमिकी दर्ज कर जांच की जा रही है। जल्द ही आरोपी को पकड़कर विधिक कार्रवाई की जाएगी। घटना के बाद से गांव में शोक का माहौल है, वहीं परिजनों में आरोपी के प्रति आक्रोश व्याप्त है। परिजनों ने आरोपी के विरुद्ध सख्त कार्रवाई की मांग की है। पुलिस का कहना है कि जांच में सामने आए तथ्यों के आधार पर आगे की कार्रवाई की जाएगी।

9 लोगों को स्कॉर्पियो से रौंदा, दो की मौत



जौनपुर। आजमगढ़-जौनपुर हाईवे से सटे गौराबादशाहपुर थाना क्षेत्र के चक मुफ्तफाबाद में बुधवार को जमीनी विवाद ने ऐसा हिंसक रूप ले लिया कि दो लोगों की जान चली गई, जबकि सात अन्य घायल हो गए।

आरोप है कि जमीन को लेकर चल रहे विवाद में एक पक्ष के लोगों ने दूसरे पक्ष के लोगों को तेज रफ्तार स्कॉर्पियो से कुचल दिया। अचानक हुए इस घटनाक्रम से मौके पर चीख-पुकार मच गई। देखते ही देखते घटनास्थल पर अफरा-तफरी का माहौल पैदा हो गया। हादसे में दो लोगों की दर्दनाक मौत हो गई, जबकि सात लोग घायल हो गए। घायलों को आनन-फानन में जिला अस्पताल पहुंचाया गया, जहां उनका उपचार चल रहा है।घटना के बाद चक मुफ्तफाबाद सहित आसपास के इलाके में सनसनी फैल गई। प्रत्यक्षदर्शियों के मुताबिक, जमीन को लेकर दोनों पक्षों के बीच विवाद चल रहा था। इसी विवाद के दौरान स्कॉर्पियो से लोगों को कुचलने का आरोप सामने आया है। वाहन की चपेट में आने से कई लोग गंभीर रूप से चोटिल हो गए। अचानक हुए इस घटनाक्रम से किसी को संभलने तक का मौका नहीं मिला। चीख-पुकार सुनकर आसपास के लोग मौके पर पहुंचे और राहत-बचाव कार्य में जुट गए।

क्षेत्र में तनाव और दहशत का माहौल बना हुआ है।मृतकों की पहचान 20 वर्षीय अमित यादव पुत्र श्रवण यादव तथा 40 वर्षीय इंदु देवी पत्नी मनोज यादव के रूप में हुई है। घटना की जानकारी मिलते ही परिजनों में कोहराम मच गया। घायलों में 24 वर्षीय निलेश यादव पुत्र राजेंद्र यादव 65 वर्षीय राजनाथ यादव, 45 वर्षीय राज कुमार पुत्र पहना लाल, 22 वर्षीय साहब लाल पुत्र राज अवध, 45 वर्षीय मनोज यादव पुत्र राजदेव यादव, 20 वर्षीय शांति यादव पुत्र प्यारे लाल तथा 16 वर्षीय किशन यादव पुत्र लल्लू यादव जिला अस्पताल में भर्ती कराया गया है। चिकित्सकों की देखरेख में उनका उपचार चल रहा है। घटना में एक पक्ष पर दूसरे पक्ष के लोगों को स्कॉर्पियो से कुचलने का गंभीर आरोप लगा है। जमीनी विवाद में दो लोगों की मौत और सात लोगों के घायल होने की इस घटना ने पूरे इलाके को झकझोर कर रख दिया है।

सड़क पर दम तोड़ रहे बेजुबान वन्यजीव

जौनपुर। मछलीशहर-वाराणसी राष्ट्रीय राजमार्ग पर तेज रफ्तार वाहन अब बेजुबान वन्यजीवों के लिए जानलेवा साबित हो रहे हैं। मछलीशहर से जंघई के बीच करीब 21 किलोमीटर के सफर में सड़क पर जगह-जगह जंगली जानवरों के मृत शरीर दिखाई देना आम होता जा रहा है। चमचमाती सड़क पर तेज गति से दौड़ते वाहनों की चपेट में आकर बेजुबान वन्यजीव अपनी जान गंवा रहे हैं, लेकिन इनकी मौतों का न तो कोई व्यवस्थित रिकॉर्ड है और न ही इनकी सुरक्षा को लेकर कोई ठोस पहल नजर आती है।इस मार्ग पर तिलौरा और बामी के जंगलों के साथ बसुही नदी के किनारे का क्षेत्र वन्यजीवों की आवाजाही के लिहाज से महत्वपूर्ण है। इन इलाकों में खरगोश, लोमड़ी, सियार, साही, नीलगाय और जंगली सूअर जैसे वन्यजीव पाए जाते हैं। कभी-कभार भेड़िया भी दिखाई देने की बात कही जाती है। इनमें सबसे अधिक खरगोश, लोमड़ी और सियार सड़क हादसों का शिकार हो रहे हैं।रात के अंधेरे में वाहनों की तेज रोशनी देखकर वन्यजीव अक्सर घबरा जाते हैं और उन्हें सुरक्षित दिशा में जाने का मौका तक नहीं मिल पाता। वाहन चालकों की तेज रफ्तार और अचानक सामने आ जाने वाले इन जीवों के कारण टक्कर हो जाती है। कुछ ही पलों में उनकी जिंदगी खत्म हो जाती है। इसके साथ ही आसपास के ग्रामीण क्षेत्रों में पालतू पशुओं के गले में रिफ्लेक्टर लगे पट्टे पहनाने के प्रति भी जागरूकता बढ़ाई जा सकती है।

अवैध कॉलोनियों पर एमवीडीए का बड़ा प्रहार

मथुरा। मथुरा-वृंदावन विकास प्राधिकरण (एमवीडीए) ने अवैध कॉलोनियों के खिलाफ सख्त कार्रवाई करते हुए एनएच-2 पर वाद रिफाइनरी के पास विकसित की जा रही दो अवैध कॉलोनियों के साइट ऑफिसों को सील कर दिया है। प्राधिकरण की इस कार्रवाई से अवैध रूप से प्लॉटिंग और कॉलोनी विकसित करने वाले भू-माफियाओं में हड़कंप मच गया है। विदित रहे कि दोनों कॉलोनियों में कुल करीब 34,000 वर्ग मीटर भूमि पर अवैध रूप से भू-विभाजन कर विकास कार्य कराया जा रहा था। मौजा वाद रिफाइनरी के पास एनएच-2 पर भगवान सिंह द्वारा लगभग 22,000 वर्ग मीटर क्षेत्र में व संदीप द्वारा करीब 12,000 वर्ग मीटर क्षेत्र में। दोनों मामलों में उत्तर प्रदेश नगर नियोजन एवं विकास अधिनियम 1973 की सुसंगत धाराओं के तहत वाद दर्ज किए गए थे। प्राधिकरण द्वारा 4 अगस्त 2026 को ध्वस्तीकरण के आदेश पारित किए गए थे। निर्धारित समयावधि में अवैध निर्माण नहीं हटाए जाने पर 16 अक्टूबर 2026 को मौके पर पहुंचकर दोनों कॉलोनियों का ध्वस्तीकरण कराया गया था। इसके बावजूद विकासकताओं ने दोबारा निर्माण कार्य शुरू कर दिया, जिसे गंभीरता से लेते हुए प्राधिकरण की टीम ने मंगलवार शाम को साइट ऑफिसों को सील कर दिया। विप्रा की उपाध्यक्ष एन. लक्ष्मी ने बताया मथुरा-वृंदावन क्षेत्र में बिना स्वीकृत मानचित्र और नियमानुसार अनुमति के विकसित की जा रही अवैध कॉलोनियों के खिलाफ प्राधिकरण की कार्रवाई लगातार जारी रहेगी। आमजन को अवैध प्लॉटिंग के जाल में फंसने से बचाने के लिए ऐसे निमार्णों पर सख्त कार्रवाई की जाएगी। वहीं विप्रा सचिव आशीष कुमार सिंह का कहना है कि अवैध कॉलोनियों के शेष निमार्णों के ध्वस्तीकरण के लिए अलग से तिथि निर्धारित कर कार्रवाई अमल में लाई जाएगी। बिना अनुमति कॉलोनी विकसित करने वालों के विरुद्ध नियमानुसार कठोर कार्रवाई की जाएगी।

डीएम ने किया क्राप कटिंग

सोनभद्र। किसानों के श्रम और खेती-किसानी के प्रति सम्मान का संदेश देने के लिए जिलाधिकारी चर्चित गौड़ बुधवार को खुद खेत में उतर गए। राबर्ट्सगंज तहसील के बिच्छी गांव में कृषक राजू कुमार मौर्य के खेत में उन्होंने हसिया चलाकर धान की कटाई की और क्रॉप कटिंग प्रक्रिया में सहभागिता करते हुए फसल उत्पादन का आकलन किया। क्रॉप कटिंग के लिए खेत में 0.0043 हेक्टेयर (43.3 वर्ग मीटर) क्षेत्रफल का चयन किया गया था। निर्धारित क्षेत्र में धान की कटाई के बाद उपज का वजन कराया गया, जिसमें कुल 21.880 किलोग्राम धान प्राप्त हुआ। जिलाधिकारी ने पूरी प्रक्रिया को करीब से समझने के साथ किसान के साथ खुद फसल काटकर कृषि कार्यों के प्रति जुड़ाव प्रदर्शित किया। इस दौरान जिलाधिकारी ने किसानों से अपील की कि फसल कटाई के बाद खेतों में पराली न जलाएं। उन्होंने कहा कि पराली जलाने से वायु प्रदूषण बढ़ता है और मिट्टी की उर्वरा शक्ति प्रभावित होती है। किसान पराली के उचित प्रबंधन के विकल्प अपनाकर पर्यावरण संरक्षण में सहयोग करें। पराली जलाने पर शासन के प्रावधानों के तहत जुमार्ना भी लगाया जा सकता है। उन्होंने किसानों से यह भी आग्रह किया कि जिनके पास आवश्यकता से अधिक अनाज और चारा उपलब्ध है, वे गो-आश्रय स्थलों में संरक्षित गोवंश के लिए स्वेच्छा से दान करें। इस अवसर पर तहसीलदार सदर राहुल सिंह, अपर जिला सूचना अधिकारी विनय कुमार सिंह, राजस्व निरीक्षक अमरनाथ पाठक, अपर सांख्यिकी अधिकारी संतोष कुमार मौर्य, लेखपाल सुबोध कुमार सिंह व संज्जन सिंह सहित अन्य अधिकारी-कर्मचारी मौजूद रहे।



विंध्याचल के जंगल में आधी रात को पुलिस की दबिश, असलहा बेचने आए दो दबोचे गए



- 19 साल का रमजान और 35 साल का कैश खान गिरफ्तार, तीसरा तस्कर भागा, गन, अद्धी और तमंचा बरामद

मीरजापुर। देर रात विंध्याचल इलाके में पुलिस ने असलहा तस्करों के एक गिरोह पर शिकंजा कस दिया। देवरहा बाबा आश्रम के पास तालाब से जंगल की तरफ जाने वाले रास्ते पर एसओजी और स्थानीय पुलिस ने संयुक्त रूप से घेराबंदी कर दो लोगों को हथियारों के जखीरे के साथ पकड़ लिया। पुलिस के मुताबिक मंगलवार देर रात करीब सवा ग्यारह बजे हुई इस कार्रवाई में पुलिस के हाथ एक ऐसा चेहरा भी लगा, जिसकी उम्र महज 19 साल है। पुलिस को सूचना मिली थी कि बघरा तिवारी गांव के पास कच्ची सड़क से होकर असलहा तस्कर निकलने वाले हैं।

सूचना मिलते ही विंध्याचल पुलिस और एसओजी की टीम ने वहां जाल बिछा दिया। कुछ देर बाद ग्लैमर बाइक पर दो युवक आते दिखे। पुलिस ने रोकने का इशारा किया तो एक युवक अंधेरे में जंगल की ओर भाग गया। बाकी दो को टीम ने दौड़ाकर पकड़ लिया। कैश खान उम्र 35 साल, निवासी चितावनपुर, थाना कोतवाली देहात। इस पर पहले से 4 आपराधिक मुकदमे दर्ज हैं। रमजान उम्र 19 साल, निवासी राजाबारी भागदेवर, बघरा तिवारी, थाना विंध्याचल। तलाशी में पुलिस को आरोपियों के पास से 12 बोर की एक गन, 303 बोर की एक अद्धी, 315 बोर का एक देशी तमंचा, कुल 4 जिंदा कारतूस, एक खोखा और एक चाकू मिला है। इसके अलावा दो मोबाइल फोन भी जब्त किए गए हैं। बाइक के कागजात नहीं दिखा पाने पर पुलिस ने उसे भी सीज कर दिया है। पूछताछ में दोनों ने बताया कि वे तीन लोगों का गिरोह बनाकर काम करते थे। तीसरा साथी हथियार खरीदकर लाता था, ये दोनों उसे बेचते थे। पिस्टल की कीमत 30 से 50 हजार रुपये और गन की कीमत 10 से 15 हजार रुपये तक वसूलते थे। मुनाफे की रकम तीनों में बराबर बंटती थी। पुलिस ने थाना विंध्याचल में आर्म्स एक्ट के तहत मुकदमा संख्या 322/2026 दर्ज कर दोनों को जेल भेज दिया है। फरार तीसरे आरोपी की तलाश की जा रही है। एसपी अपर्णा रजत कौशिक के निर्देश पर जनपद में अवैध हथियारों के खिलाफ अभियान लगातार चल रहा है। एसओजी प्रभारी राजीव कुमार सिंह, विंध्याचल थानाध्यक्ष संजय कुमार सिंह के साथ अखिलेश्वर सिंह यादव, विजयशंकर तिवारी, सुरेन्द्र बहादुर सिंह और उनकी टीम।

दिव्यांग सेवा ईश्वर की सच्ची आराधना: रामनाथ कोविंद



मथुरा। नारायण सेवा संस्थान, उदयपुर और रामनाथ कोविंद फाउंडेशन, दिल्ली के संयुक्त तत्वावधान तथा सिग्नेचर ग्लोबल फाउंडेशन के सहयोग से बुधवार को वृंदावन के रुक्मणि विहार स्थित सिग्नेचर वृंदावन धाम में एक विशाल निशुल्क दिव्यांग शल्य चिकित्सा जांच, चयन एवं नारायण लिम्ब (कृत्रिम अंग) माप शिविर का भव्य आयोजन किया गया। कार्यक्रम का शुभारंभ देश के 14वें राष्ट्रपति रामनाथ कोविंद और पूर्व प्रथम महिला सविता कोविंद ने किया।

शिविर में 150 से अधिक दिव्यांगजनों ने भाग लिया, जहाँ विशेषज्ञों द्वारा 78 दिव्यांगों के कृत्रिम हाथ पैर तथा 48 के केलीपर्स के लिए माप लिए गए, जबकि 10 दिव्यांगों को निशुल्क शल्य चिकित्सा के लिए चयनित किया गया। पूर्व राष्ट्रपति रामनाथ कोविंद ने अपने संबोधन में कहा कि दिव्यांगजनों की सेवा ईश्वर की सच्ची आराधना है। उन्होंने नारायण सेवा संस्थान के कार्यों की सराहना करते हुए कहा कि यह संस्थान एक बड़ा मंदिर है, जो दिव्यांगों के जीवन में आशा और खुशियों का संचार कर रहा है। कार्यक्रम में रामनाथ कोविंद फाउंडेशन की मैनेजिंग ट्रस्टी स्वाति कोविंद, सिग्नेचर ग्लोबल फाउंडेशन की संरक्षिका गीता देवी अग्रवाल, चेयरमैन प्रदीप अग्रवाल, ललित अग्रवाल, देवेंद्र अग्रवाल, संजीव गुप्ता, संरक्षक सत्यभूषण जैन, निदेशक पलक अग्रवाल तथा ट्रस्टी देवेंद्र चैबीसा आदि ने दीप प्रज्वलित कर कार्यक्रम का शुभारंभ किया। आयोजकों ने बताया कि वर्ष 1985 से निरंतर सेवा कार्य कर रहा नारायण सेवा संस्थान अब तक 4,56,097 से अधिक दिव्यांगों की निशुल्क शल्य चिकित्सा और 41,012 से अधिक कृत्रिम अंग उपलब्ध करा चुका है। आगामी 10 जनवरी 2027 को वृंदावन में आयोजित होने वाले फिटमेंट शिविर में कृत्रिम अंग लगाए जाएंगे।

चौपाल में प्रभारी मंत्री और विधायक ने सुनीं ग्रामीणों की समस्याएं



जिला संवाददाता(vol)

- किसान सम्मान निधि, वृद्धावस्था पेंशन, शौचालय और पेयजल से जुड़ी शिकायतों पर अधिकारियों को समयबद्ध कार्रवाई के निर्देश
- चुर्क पंचायत भवन में आयोजित चौपाल में ग्रामीणों से सीधा संवाद हर पात्र परिवार को योजनाओं का लाभ दिलाने पर जोर

सोनभद्र। पंचायत भवन चुर्क परिसर में मंगलवार को प्रभारी मंत्री हंसराज विश्वकर्मा की अध्यक्षता में ग्राम चौपाल आयोजित की गई। इसमें सदर विधायक भूपेश चौबे ने भी ग्रामीणों की समस्याएं सुनीं। दोनों जनप्रतिनिधियों ने संबंधित अधिकारियों को शिकायतों का एक सप्ताह के भीतर गुणवत्तापूर्ण निस्तारण सुनिश्चित करने के निर्देश दिए।

चौपाल में किसान सम्मान निधि से जुड़ी समस्याओं पर प्रभारी मंत्री ने उपनिदेशक कृषि को गांव में विशेष कैंप लगाकर पात्र किसानों की समस्याओं का समाधान कराने को कहा। वहीं, वृद्धावस्था पेंशन के मामलों में जिला समाज कल्याण अधिकारी को आवश्यक कार्रवाई के निर्देश दिए। गांव में शौचालय निर्माण से वंचित परिवारों के संबंध में प्रभारी मंत्री ने जिला पंचायत राज अधिकारी को सर्वे कराकर पात्र परिवारों की सूची तैयार करने और उन्हें योजना से लाभान्वित करने की प्रक्रिया पूरी कराने को कहा।

वृद्धाश्रम में बुजुर्गों को वितरित किए ऊनी टोपी-मोजे



दुद्धी,सोनभद्र। बदलते मौसम के साथ बढ़ रही ठंड को देखते हुए भारतीय प्रगतिशील महिला समिति की ओर से बुधवार को दुद्धी नगर पंचायत क्षेत्र के वार्ड नंबर तीन स्थित परख संस्था द्वारा संचालित वृद्धाश्रम में बुजुर्गों को ऊनी टोपी और मोजे वितरित किए गए। समिति की अध्यक्ष ममता मौर्य के नेतृत्व में पहुंचे पदाधिकारियों ने वृद्धाश्रम में रह रहे बुजुर्ग महिला एवं पुरुषों को ठंड से बचाव के लिए गर्म टोपी और मोजे प्रदान किए। इस दौरान बुजुर्गों के चेहरे पर खुशी देखने को मिली। कार्यक्रम में वृद्धाश्रम की संचालिका सविता सिंह, नगर पंचायत दुद्धी के स्वच्छता मिशन ब्रांड एंबेसडर जितेन्द्र कुमार चन्द्रवंशी, समिति की सचिव प्रियंका यादव, उपाध्यक्ष विजयंती कुशवाहा एवं सामाजिक कार्यकर्ता भोलानाथ कुशवाहा मौजूद रहे। वहीं परख संस्था की ओर से वीर सिंह, बरखा जायसवाल और दुर्गा कुमारी ने सहयोग किया। इस अवसर पर सुष्मतिया, कबलस, जयकुंवर, सुनैना, तीजिया, सोनिया, धनरजिया, फुलबसी, सोनमती, रामदसिया, जगमतिया सहित भगवान दास, सुदामा, बाबूलाल, रामदुलारे, विनेश्वर, नारायण, रामधनी और रामस्वरूप समेत दर्जनों बुजुर्गों को टोपी-मोजे वितरित किए गए। वृद्धाश्रम की संचालिका सविता सिंह ने समिति

संक्षेप

19 नवंबर से इकौना और भंगहा में शुरू होगा फाइलेरिया उन्मूलन अभियान

श्रावस्ती। जिलाधिकारी मनोज कुमार राय की अध्यक्षता में बुधवार को कलेक्ट्रेट सभागार में राष्ट्रीय फाइलेरिया उन्मूलन कार्यक्रम के तहत दवा सेवन अभियान की तैयारियों की समीक्षा बैठक हुई। जिलाधिकारी ने अधिकारियों को निर्देश दिया कि अभियान के दौरान प्रत्येक पात्र व्यक्ति को फाइलेरिया रोधी दवाओं का सेवन कराया जाए। जनपद के विकासखंड इकौना और हरिहरपुररानी के प्लानिंग यूनिट भंगहा में 19 नवंबर से सर्वजन दवा सेवन अभियान शुरू होगा। इसके तहत आशा कार्यकर्ता घर-घर जाकर पात्र लोगों को एल्बेंडाजोल, डीईसी और आइवरमेक्टिन दवाएं खिलाएंगी। दवाओं का सेवन स्वास्थ्यकर्मियों की निगरानी में लाभार्थियों के सामने ही कराया जाएगा। जनपद के विकासखंड इकौना और हरिहरपुररानी के प्लानिंग यूनिट भंगहा में 19 नवंबर से सर्वजन दवा सेवन अभियान शुरू होगा। इसके तहत आशा कार्यकर्ता घर-घर जाकर पात्र लोगों को एल्बेंडाजोल, डीईसी और आइवरमेक्टिन दवाएं खिलाएंगी। दवाओं का सेवन स्वास्थ्यकर्मियों की निगरानी में लाभार्थियों के सामने ही कराया जाएगा। जिलाधिकारी ने बताया कि फाइलेरिया गंभीर बीमारी है, जिसके लक्षण संक्रमण के 10 से 15 वर्ष बाद भी दिखाई दे सकते हैं। इसलिए स्वस्थ दिखाई देने वाले पात्र व्यक्ति भी दवा का सेवन अवश्य करें। उन्होंने लोगों से स्वास्थ्य विभाग की टीमों का सहयोग करने और अभियान को सफल बनाने की अपील की। बैठक में मुख्य विकास अधिकारी शिशिर कुमार सिंह, मुख्य चिकित्सा अधिकारी डॉ. अशोक कुमार सिंह, अपर मुख्य चिकित्सा अधिकारी डॉ. उदयनाथ, डॉ. केके वर्मा, उप मुख्य चिकित्सा अधिकारी डॉ. डीके सिंह सहित संबंधित जिला स्तरीय अधिकारी एवं प्रभारी चिकित्सा अधिकारी मौजूद रहे।

विधानसभा चुनाव-2027 की तैयारी तेज

सिद्धार्थनगर। आगामी विधानसभा चुनाव-2027 को सकुशल, निष्पक्ष एवं शांतिपूर्ण ढंग से संपन्न कराने के लिए पुलिस प्रशासन ने तैयारियां तेज कर दी हैं। पुलिस अधीक्षक डॉ. अभिषेक महाजन के निर्देश पर बाहरी जनपदों से आने वाले पुलिस बल के ठहरने के लिए चिन्हित विद्यालयों का भौतिक निरीक्षण किया गया। इस दौरान खेसरहा थाना प्रभारी निरीक्षक राम कृष्ण मिश्र ने धूपा देबी इंटर कालेज का निरीक्षण कर सुविधाएं सम्बंधित जानकारी हासिल किया , शिव नगर डिड़ई थानाध्यक्ष बृजेश सिंह ने मेवाती देबी इंटर कालेज का निरीक्षण किया इसी तरह सभी प्रभारी निरीक्षकों एवं थानाध्यक्षों ने पुलिस बल के साथ विद्यालयों में पहुंचकर कमरों की संख्या, ठहरने की क्षमता, शौचालय, पेयजल, बिजली, प्रकाश, भोजन, वाहन पार्किंग एवं सुरक्षा व्यवस्था का जायजा लिया। निरीक्षण में मिली कमियों को दूर करने के लिए संबंधित विभागों से समन्वय स्थापित कर आवश्यक निर्देश दिए गए। पुलिस प्रशासन का उद्देश्य चुनाव के दौरान बाहर से आने वाले पुलिस बल के लिए बेहतर आवासीय एवं मूलभूत सुविधाएं सुनिश्चित करना है।

मतदाता जोड़ो अभियान को लेकर भाजपा ने बनाई रणनीति

बांसी (सिद्धार्थनगर)। बांसी विधानसभा क्षेत्र के कुदारन स्थित पॉलिटेक्निक कॉलेज में बुधवार को भाजपा की ओर से मतदाता जोड़ो अभियान को लेकर कार्यशाला आयोजित की गई। मुख्य अतिथि जिला प्रभारी प्रवीण गुप्ता तथा अध्यक्षता जिलाध्यक्ष दीपक मौर्य ने की। कार्यक्रम का शुभारंभ पंडित दीनदयाल उपाध्याय एवं डॉ. श्यामा प्रसाद मुखर्जी के चित्र पर माल्यार्पण और राष्ट्रगीत गायन के साथ हुआ। डॉ. दशरथ चौधरी ने अतिथियों का अंगवस्त्र एवं पुष्पगुच्छ देकर स्वागत किया। कार्यशाला में विधानसभा के पांचों मंडलों के अध्यक्षों से बूथ अध्यक्षों, बूथ प्रभारियों एवं सेक्टर अध्यक्षों के कार्यों की समीक्षा की गई। कार्यकताओं को 17 नवंबर से 16 दिसंबर तक चलने वाले अभियान में छूटे हुए मतदाताओं के नाम जुड़वाने, 18 वर्ष की आयु पूरी कर चुके युवाओं तथा शादी के बाद क्षेत्र में आई नवविवाहित महिलाओं को मतदाता सूची में शामिल कराने के निर्देश दिए गए। मुख्य अतिथि प्रवीण गुप्ता ने कार्यकताओं का उत्साहवर्धन करते हुए 2027 के विधानसभा चुनाव में पिछले सभी रिकॉर्ड तोड़कर पार्टी प्रत्याशी को ऐतिहासिक जीत दिलाने का आह्वान किया। उन्होंने युवा एवं महिला मतदाताओं सहित पंचायत चुनाव में सक्रिय संभावित प्रत्याशियों और सरकारी योजनाओं के लाभार्थियों से संपर्क बढ़ाने पर जोर दिया।

भगवान के विराट स्वरूप की महिमा का वर्णन



भावविभोर हुए श्रद्धालु

बनवारपार, गोरखपुर। गोला विकासखंड क्षेत्र के सिसई गांव में आयोजित श्रीमद्भागवत कथा के दूसरे दिन कथावाचक पंडित जितेंद्र दूबे जी महाराज ने भगवान के विराट स्वरूप की महिमा का भावपूर्ण वर्णन किया। उनके प्रवचन से श्रद्धालु भक्ति और आध्यात्मिक भाव में सराबोर हो उठे। कथा के दौरान पंडित जितेंद्र दूबे महाराज ने बताया कि भगवान के विराट स्वरूप का चिंतन एवं स्मरण जीव को सृष्टि की व्यापकता और परमात्मा की सर्वव्यापकता का बोध कराता है। उन्होंने भगवान के विभिन्न स्वरूपों की महिमा, मनोकामना सिद्धि के लिए विविध रूपों के पूजन तथा सूक्ष्म और स्थूल शरीर की उत्पत्ति का आध्यात्मिक एवं दार्शनिक विवेचन किया। उन्होंने कहा कि संपूर्ण सृष्टि परमात्मा की अभिव्यक्ति है और प्रत्येक जीव में ईश्वर का अंश विद्यमान है। भगवान की भक्ति, श्रद्धा और सत्कर्म से मनुष्य अपने जीवन को सार्थक बना सकता है। कथा के समापन पर मुख्य यजमान अशोक मिश्र, रामाश्रय मिश्र एवं उनकी पत्नी रामसती ने व्यासपीठ की आरती उतारी। इस अवसर पर वरिष्ठ पत्रकार घनश्याम कसौधन, राजेश पाण्डेय, राजकुमार हिंदुस्तानी, रिकू मिश्रा व नंदू मिश्र सहित अनेक श्रद्धालु उपस्थित रहे। सभी ने भक्तिभाव से कथा का श्रवण कर पुण्य लाभ प्राप्त किया।

पशुपालकों की समृद्धि से ही सशक्त होगी ग्रामीण अर्थव्यवस्था : विधायक महेन्द्र पाल सिंह

चरगांवा, गोरखपुर। पिपराइच विधानसभा क्षेत्र के विकास खण्ड चरगावां स्थित ग्राम पंचायत जंगल एकला नंबर-2 के पशुचिकित्सा केंद्र में पशुपालन विभाग की ओर से एक दिवसीय विकास खण्ड स्तरीय 'पं. दीनदयाल उपाध्याय पशु आरोग्य शिविर एवं मेला' का आयोजन किया गया। कार्यक्रम में मुख्य अतिथि के रूप में शामिल हुए पिपराइच विधायक महेंद्र पाल सिंह ने उपस्थित पशुपालकों एवं ग्रामीणों को संबोधित किया। विधायक ने पशुओं के बेहतर रखरखाव और समय पर उपचार पर जोर देते हुए कहा कि पशुधन ग्रामीण अर्थव्यवस्था की रीढ़ है। पशुपालन को लाभकारी आजीविका बनाने के लिए पशुओं का स्वस्थ रहना और पशुपालकों को सरकारी योजनाओं की सही जानकारी मिलना बेहद जरूरी है। उन्होंने कहा कि ऐसे आरोग्य शिविर किसानों की आर्थिक स्थिति मजबूत करने में अहम भूमिका निभाते हैं। इस अवसर पर पशु चिकित्साधिकारी डॉ. साकेत श्रीवास्तव, डॉ. कृष्णा मिश्रा, डॉ. विवेक मिश्रा, किसान मोर्चा जिला मंत्री अरविन्द सिंह, पूर्व जिला मंत्री नरेंद्र सिंह, ग्राम प्रधान मिश्रीलाल पासवान सहित अनेक भाजपा पदाधिकारी, कार्यकर्ता एवं स्थानीय नागरिक उपस्थित रहे।

वोट बचाओ, देश बचाओ चौपाल को सफल बनाने के लिए कांग्रेस ने भरी हुंकार

सोनाईचा, गोरखपुर। गगहा क्षेत्र के हाटा बाजार में कांग्रेस कार्यकताओं की बैठक आयोजित कर आगामी 4 दिसंबर को गोरखपुर में होने वाले ह्यवोट बचाओ, देश बचाओह्ण चौपाल कार्यक्रम की तैयारियों पर चर्चा की गई। बैठक में कार्यक्रम को सफल बनाने के लिए कार्यकताओं को जिम्मेदारियां सौंपी गईं। बैठक को संबोधित करते हुए अखिल भारतीय कांग्रेस कमेटी के राष्ट्रीय सचिव अभिषेक दत्त ने कार्यकताओं से हजारों की संख्या में पहुंचकर कार्यक्रम को सफल बनाने की अपील की। उन्होंने वर्तमान सरकार पर वोट चोरी और संविधान विरोधी गतिविधियों का आरोप लगाते हुए लोकतंत्र की रक्षा के लिए एकजुट होकर संघर्ष करने का आह्वान किया। बैठक की अध्यक्षता जिलाध्यक्ष राजेश तिवारी तथा संचालन ब्लॉक अध्यक्ष वरुण सिंह ने किया। इस दौरान पूर्व सांसद कमल किशोर कमांडो, प्रदेश महासचिव संदीप गोरखपुरी, दयानन्द सिंह दुसाध, अरविंद रावत, सत्येन्द्र निषाद, देवेन्द्र प्रताप सिंह, विजय कुमार राव सहित बड़ी संख्या में कांग्रेस कार्यकर्ता मौजूद रहे।

गोरखपुर को मिलेगी प्रदेश के पहले वानिकी विश्वविद्यालय की सौगात, 491 करोड़ से होगा निर्माण

गोरखपुर। गोरखपुर की शैक्षणिक और विकास यात्रा में एक नया अध्याय जुड़ने जा रहा है। मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ 19 नवंबर को कैंपियरगंज के भारीवैसी में उत्तर प्रदेश के पहले वानिकी एवं औद्यानिकी विश्वविद्यालय की आधारशिला रखेंगे। करीब 50 हेक्टेयर भूमि पर 491 करोड़ रुपये की लागत से बनने वाला यह विश्वविद्यालय वन, पर्यावरण, उद्यानिकी और प्राकृतिक संसाधन प्रबंधन के क्षेत्र में उच्च शिक्षा एवं शोध को बढ़ावा देगा। विश्वविद्यालय में बीएससी, एमएससी, पीएचडी और डिप्लोमा पाठ्यक्रम संचालित होंगे। वन्यजीव संरक्षण, जलवायु परिवर्तन, एग्रोफॉरेस्ट्री और फल-बागवानी जैसे विषयों में विद्यार्थियों को विशेषज्ञता मिलेगी। परिसर में शैक्षणिक भवन, पुस्तकालय, छात्रावास, सभागार, किसान कल्याण केंद्र और आवासीय सुविधाएं विकसित की जाएंगी। इस विश्वविद्यालय के साथ गोरखपुर पांच विश्वविद्यालयों वाला जिला बन जाएगा। आयुष और वानिकी विश्वविद्यालय जैसी विशिष्ट संस्थाओं से जिले की पहचान शिक्षा के प्रमुख केंद्र के रूप में मजबूत होगी। मुख्यमंत्री इस अवसर पर 792 करोड़ रुपये से अधिक की 55 परियोजनाओं का शिलान्यास एवं लोकार्पण भी करेंगे। इनमें 621.05 करोड़ की 16 परियोजनाओं का शिलान्यास तथा 171.13 करोड़ की 39 परियोजनाओं का लोकार्पण शामिल है।

मोबाइल उपयोग, रील बनाने और अनाधिकृत डग्गामार पर प्रवर्तन टीमों की ताबड़तोड़ कार्यवाही



बाराबंकी। रोड़ सेफ्टी को मजबूत करने एंव नियमों का कड़ाई से पालन किये जाने को लेकर परिवहन विभाग ने वाहन चलाते समय मोबाइल का उपयोग, रील बनाने और अवैध डग्गामार बसों के संचालन के विरुद्ध सख्त अभियान चलाया। 16 से 30 नवम्बर 2026 सड़क सुरक्षा पखवाड़ा के अन्तर्गत प्रवर्तन टीम ने मुख्य मार्गों और चैराहों पर चेकिंग के दौरान वाहन चलाते समय मोबाइल पर बात करने वाले चालकों के चालान काटे। तथा चलती गाड़ियों व सड़क के बीच रील बनाने वाले लोगों सहित बिना परमिट चल रही अनाधिकृत डग्गामार बसों के खिलाफ कार्यवाही की। अभियान के सम्बन्ध मे जानकारी लेने पर सहायक सम्भागीय परिवहन अधिकारी प्रशासन अमिताभ राय ने बताया कि आज बुधवार को एआरटीओ प्रवर्तन प्रथम मोहक दूबे की टीम ने एनएएचआई मे संचालित कैंपर वाहन बिना फिटनेस मिलने पर सीज किया। तथा दर्जनो की संख्या मे मानकों के विपरीत संचालित वाहनो की सघन जांच कर चालान किये। तो वही यात्री मालकर अधिकारी रविचन्द्र त्यागी की टीम ने लखनऊ-बाराबंकी मार्ग पर सवारी ढोते मिली 1 स्कूल वैन सीज व 4 बिना परमिट स्कूल वाहनो के चालान किये। तथा अनाधिकृत रुप से बिना पत्रावलियो, परमिट, फिटनेस फेल मिलने पर 1 टेम्पो को सीज व 18 वाहनो के अन्य अभियोगो मे चालान किये।

संगठन की विचारधाराओं, नीतियो को घर-घर पहुंचाने का कार्य करे कार्यकर्ता: तनुज पुनिया



बाराबंकी। जिस प्रकार कांग्रेस का कार्यकर्ता 2024 में भूखे प्यासे, पूरी निष्ठा के साथ कंधे से कंधा मिलाकर संगठन की विचारधाराओं को घर घर पहुंचाने का कार्य किया था। उसी प्रकार 2027 के चुनाव में जमीन पर उतर कर जनपद की 6 विधानसभा में संगठन की नीतियों को पहुचाने का कार्य करे। उक्त उद्गार गांधी भवन मे आयोजित जिला स्तरीय कांग्रेस कार्यकर्ता सम्मेलन मे सांसद तनुज पुनिया ने कार्यकर्ताओ के बीच व्यक्त किये। सांसद श्री पुनिया ने आगे कहा कि कांग्रेस का कार्यकर्ता अनुशासन में रहकर संगठन के प्रति गांव-गांव घर-घर नीतियां पहुंचाने का कार्य करता है वह अपने आप में एक मिशाल है। सम्मेलन मे पूर्व सांसद डा0 पी0एल पुनिया, भारतीय राष्ट्रीय कांग्रेस सचिव एवं जनपद सह प्रभारी अब्दुल हन्नान ने भी अपने विचार व्यक्त किये। इस अवसर जिलाध्यक्ष मो0 मोहसिन, नगर अध्यक्ष राजेन्द्र वर्मा फोटोवाला, शिव शंकर शुक्ला, आदर्श पटेल, अमरनाथ, मिश्रा, सरजू शर्मा, ज्ञानेश शुक्ला, के0सी0 श्रीवास्तव, इरफान कुरैशी, वीरेन्द्र यादव, राजेन्द्र गोस्वामी, अरविन्द वर्मा, चैधरी सना शेख, रमेश कश्यप, मोईनुद्दीन अंसारी, सिकन्दर अब्बास रिजवी, अली अब्बास जैदी, कमल भल्ला, लवकुश मौर्या आदि मौजूद रहे।

22 नवंबर को होगी एयर रेड मॉक ड्रिल, तैयारियों को लेकर डीएम ने दिए सख्त निर्देश



सिद्धार्थनगर, । आगामी 22 नवंबर 2026 को प्रस्तावित एयर रेड मॉक ड्रिल की तैयारियों को लेकर जिलाधिकारी गौरव सिंह सोगरवाल की अध्यक्षता में बैठक आयोजित हुई। इसमें विभागवार तैयारियों की समीक्षा करते हुए सभी संबंधित अधिकारियों को आपसी समन्वय और पूरी सतर्कता के साथ निर्धारित समय से पूर्व तैयारियां पूर्ण करने के निर्देश दिए गए। जिलाधिकारी ने कहा कि मॉक ड्रिल का उद्देश्य आपातकालीन परिस्थितियों में विभागों की त्वरित प्रतिक्रिया, बचाव एवं राहत व्यवस्था तथा नागरिक सुरक्षा की तैयारियों को परखना है। अभ्यास के दौरान एयर रेड की चेतावनी, सूचना प्रसारण, ब्लैकआउट, सुरक्षित स्थानों पर पहुंचने और आपदा प्रबंधन से जुड़ी व्यवस्थाओं का परीक्षण किया जाएगा। उन्होंने अधिकारियों को आवश्यक मानव संसाधन एवं उपकरणों की उपलब्धता सुनिश्चित करने तथा निर्धारित प्रोटोकॉल का गंभीरता से पालन करने के निर्देश दिए। कहा कि मॉक ड्रिल को औपचारिकता न समझें, बल्कि वास्तविक आपात स्थिति की तरह पूरी गंभीरता और तत्परता से संपन्न कराएं। बैठक में अपर जिलाधिकारी न्यायिक डॉ. ज्ञान प्रकाश, जिला बेसिक शिक्षा अधिकारी शैलेष कुमार सहित संबंधित विभागों के अधिकारी उपस्थित रहे।

ईवीएम-वीवीपैट जागरूकता के लिए प्रत्येक विधानसभा क्षेत्र को मिलीं 10-10 मशीनें



सिद्धार्थनगर, । आगामी विधानसभा सामान्य निर्वाचन की तैयारियों के तहत जिला निर्वाचन अधिकारी/जिलाधिकारी गौरव सिंह सोगरवाल ने बुधवार को ईवीएम वेयरहाउस एवं जिला निर्वाचन कार्यालय का निरीक्षण किया। इस दौरान मुख्य निर्वाचन अधिकारी, लखनऊ के निर्देश पर ईवीएम-वीवीपैट के प्रति मतदाताओं को जागरूक करने और प्रशिक्षण कार्यक्रम संचालित करने के लिए वेयरहाउस से कुल 180 ईवीएम एवं वीवीपैट निकाली गईं। मान्यता प्राप्त राष्ट्रीय एवं राज्यीय राजनीतिक दलों के प्रतिनिधियों की मौजूदगी में मशीनों को वेयरहाउस से बाहर निकाला गया। प्रत्येक विधानसभा क्षेत्र के रिटर्निंग अधिकारी को जागरूकता एवं प्रशिक्षण के लिए 10-10 ईवीएम एवं वीवीपैट उपलब्ध कराई गईं। इनके माध्यम से विधानसभा स्तर पर प्रदर्शन केंद्र स्थापित कर मतदाताओं को मतदान प्रक्रिया की जानकारी दी जाएगी। निरीक्षण के दौरान जिलाधिकारी ने जिला निर्वाचन कार्यालय में साफ-सफाई एवं बैरिकेडिंग की समुचित व्यवस्था सुनिश्चित करने के निर्देश दिए। साथ ही ईवीएम के माध्यम से व्यापक स्तर पर जागरूकता एवं प्रचार-प्रसार कराने पर जोर दिया। इस अवसर पर अपर जिलाधिकारी (वित्त एवं राजस्व) संदीप कुमार श्रीवास्तव, विभिन्न राजनीतिक दलों के प्रतिनिधि एवं संबंधित अधिकारी मौजूद रहे।

पुलिस पेंशनर्स की समस्याओं के निस्तारण को बनेगा सभागार



सिद्धार्थनगर। पुलिस अधीक्षक डॉ. अभिषेक महाजन ने बुधवार को पुलिस लाइन सभागार में पुलिस पेंशनर्स के साथ गोष्ठी कर उनकी समस्याएं सुनीं। इस दौरान पेंशन, चिकित्सा सुविधा, पारिवारिक समस्याओं एवं अन्य विभागीय कठिनाइयों पर चर्चा हुई। एसपी ने समस्याओं के त्वरित निस्तारण के लिए संबंधित अधिकारियों को आवश्यक निर्देश दिए। इसके बाद एसपी ने पुलिस पेंशनर्स की सुविधा के लिए पुलिस लाइन परिसर में अलग पेंशनर्स सभागार स्थापित करने के उद्देश्य से परिसर का भ्रमण कर उपयुक्त स्थान का निरीक्षण किया। इसका उद्देश्य पेंशनर्स को एक ही स्थान पर अपनी समस्याएं रखने और उनके समाधान की सुविधा उपलब्ध कराना है। इस अवसर पर अपर पुलिस अधीक्षक प्रशांत कुमार प्रसाद, प्रतिसार निरीक्षक सहित अन्य पुलिस अधिकारी एवं कर्मचारी मौजूद रहे।

नवागत बीडीओ संदीप सिंह ने संभाला खेसरहा ब्लॉक का कार्यभार



खेसरहा/बांसी (सिद्धार्थनगर)। खेसरहा ब्लॉक के नवागत खंड विकास अधिकारी (बीडीओ) संदीप सिंह ने गत बुधवार को कार्यभार ग्रहण किया। ब्लॉक पहुंचने पर ग्राम पंचायत सचिव हरेंद्र नाथ पांडेय, विकास चौधरी सहित अन्य सचिवों एवं ब्लॉक कर्मियों ने बुके भेंटकर उनका स्वागत किया। कार्यभार संभालने के बाद बीडीओ ने ब्लॉक कर्मियों के साथ बैठक कर परिचय प्राप्त किया। साथ ही शासन की मंशा के अनुरूप जिम्मेदारियों का निष्ठापूर्वक निर्वहन करने के निर्देश दिए। उन्होंने ग्राम पंचायतों में पात्र गरीबों को सरकारी आवास सहित विभिन्न जनकल्याणकारी योजनाओं का लाभ मिलने तथा विकास कार्यों की जमीनी स्थिति की जानकारी लेकर संबंधित कर्मचारियों को आवश्यक दिशा-निर्देश दिए। बीडीओ संदीप सिंह ने स्पष्ट चेतावनी दी कि कार्यों में लापरवाही और शिथिलता किसी भी कीमत पर बर्दाश्त नहीं की जाएगी। उन्होंने सभी कर्मचारियों को पारदर्शिता, जवाबदेही और जनहित को प्राथमिकता देते हुए समयबद्ध ढंग से कार्य करने का निर्देश दिया। इस अवसर पर ग्राम पंचायत सचिव हरेंद्र नाथ पांडेय, विकास चौधरी, श्याम सिंह यादव, सुशील यादव, विजय शंकर यादव, प्रभाकर राही आदि लोग मौजूद रहे।

आशीर्वाद यात्रा का बिहार, माधवगंज, केदार खेड़ा में स्वागत



पाटन उन्नाव। विधानसभा क्षेत्र भगवन्तनगर के सुमेरपुर विकास खण्ड के अंतर्गत बिहार कस्बा, केदार खेड़ा,माधवगंज मे राष्ट्रसेवक पुष्पेन्द्र प्रताप सिंह की आशीर्वाद यात्रा पहुंची,यात्रा के आगमन की सूचना पर सैंकड़ो समर्थक, शुभचिंतक, बहने, स्थानीय नागरिक, बच्चे राष्ट्रसेवक पुष्पेन्द्र प्रताप सिंह का भव्य स्वागत करने पहुचे, आशीर्वाद यात्रा का रास्ते मे भी कई जगह स्थानीय शुभचिंतको ने बड़ी गर्मजोशी के साथ राष्ट्रसेवक पुष्पेन्द्र प्रताप सिंह का माला पहनाकर अंगवस्त्र स्मृति चिन्ह भेंट करके स्वागत को भव्य बना दिया, आशीर्वाद यात्रा की शुरूआत, घंटा बजाकर, शंख ध्वनि, जय श्री राम के नारो के साथ माधवगंज गांव से हुई। जिसमे पुष्पेन्द्र प्रताप सिंह ने अपने 30 अगस्त को रक्षाबंधन कार्यक्रम निरस्त होने पर अपने भाइयो व बहनो से किया गया वादा कि पुष्पेन्द्र प्रताप सिंह हर घर अपने भाइयो व बहनो से मिलने जायेंगे उसी के क्रम मे ग्राम माधवगंज मे हर दरवाजे पर जाकर भाइयो बहनो से मिलकर 13 सूत्रीय घोषणा पत्र देकर, पुष्प वर्षा करके स्नेहिल भेंट की ग्राम वासियो ने भी पुष्पेन्द्र प्रताप सिंह का भरपूर समर्थन करने का वादा किया। इस दौरान मुख्य रूप से विनीत सिंह,इकबाल सिंह प्रधान,गौरीशंकर मास्टर, तेजबहादुर सिंह, शिवबरन, वीरेंद्र यादव, मानवेन्द्र सिंह,छोटू पाण्डेय, एस्तियाक, देवानंद, नीलेश कुमार पूर्व प्रधान,पंकज बाबाजी प्रधान,विपनेन्द्र सिंह, सचिन पटेल,विश्वजीत चैहान, बड़ी संख्या मे लोग मौजूद रहे।

24 से 28 नवंबर तक चलेगा सीताद्वार का कार्तिक पूर्णिमा मेला



श्रावस्ती। सीताद्वार मंदिर परिसर में आगामी 24 नवंबर को कार्तिक पूर्णिमा के अवसर पर लगने वाले पांच दिवसीय मेले को सकुशल एवं व्यवस्थित ढंग से संपन्न कराने के लिए मंगलवार को विधायक रामफेरन पाण्डेय, जिलाधिकारी मनोज कुमार राय, पुलिस अधीक्षक राहुल भाटी एवं मुख्य विकास अधिकारी शिशिर कुमार सिंह की अध्यक्षता में बैठक हुई। बैठक के बाद जनप्रतिनिधियों एवं अधिकारियों ने मेला क्षेत्र का भ्रमण कर तैयारियों का जायजा लिया। मेला 28 नवंबर तक चलेगा। विधायक रामफेरन पाण्डेय ने कहा कि कार्तिक मेला असंख्य श्रद्धालुओं की आस्था का प्रतीक है। इसे पूर्व वर्षों की भांति भव्य एवं सुव्यवस्थित ढंग से संपन्न कराने में सभी अधिकारी, कर्मचारी और मेला समिति के सदस्य सहयोग करें। जिलाधिकारी मनोज कुमार राय ने संबंधित अधिकारियों को दुकानों का क्रमबद्ध आवंटन, विद्युत तारों की जांच, अग्निशमन दल की 24 घंटे तैनाती तथा झूलों के सुरक्षा प्रमाणपत्र सुनिश्चित करने के निर्देश दिए। साथ ही सफाई, मोबाइल शौचालय, पेयजल, प्रकाश, घाटों पर बैरिकेडिंग, गोताखोर, नाविक, महिलाओं के लिए चेंजिंग रूम, पार्किंग और चिकित्सा शिविर की व्यवस्था समय से पूरी करने को कहा। एंबुलेंस, चिकित्सकों और आवश्यक दवाओं की उपलब्धता भी सुनिश्चित करने के निर्देश दिए।पुलिस अधीक्षक राहुल भाटी ने सुरक्षा व्यवस्था के कड़े इंतजाम करने, सीसीटीवी कैमरों से निगरानी रखने तथा आने-जाने वाले मार्गों पर अतिक्रमण रोकने के निर्देश दिए। उन्होंने अराजक तत्वों पर विशेष निगरानी रखने को भी कहा। सेक्टर मजिस्ट्रेटों को अपने निर्धारित स्थलों पर मुस्तैद रहने के निर्देश दिए गए। बैठक का संचालन उपजिलाधिकारी इकौना निशांत उपाध्याय ने किया। इस दौरान अपर पुलिस अधीक्षक चन्द्रकेश सिंह, मुख्य अग्निशमन अधिकारी, पुलिस क्षेत्राधिकारी इकौना भरत पासवान, अधिशासी अभियंता विद्युत, जिला पंचायत राज अधिकारी निलेश प्रताप सिंह, खंड विकास अधिकारी इकौना, अधिशासी अधिकारी नगर पंचायत इकौना सहित संबंधित विभागों के अधिकारी-कर्मचारी एवं मेला प्रबंध समिति के सदस्य उपस्थित रहे।

हैंडपंप पर पानी भरने को लेकर विवाद में मारपीट का आरोप

पुरवा(वीओएल)। कोतवाली क्षेत्र के ग्राम तौरा में 16 नवंबर की रात हुए विवाद में दूसरी ओर से भी कोतवाली पुरवा में रिपोर्ट दर्ज कराई गई है। दोनों पक्षों ने एक-दूसरे पर मारपीट व गाली-गलौज का आरोप लगाया है।प्राप्त जानकारी के अनुसार, ग्राम तौरा निवासी आरती पत्नी जानी गौतम ने थाना प्रभारी को दिए प्रार्थना पत्र में बताया कि 16.11.2026 की रात करीब 8 बजे उनकी पुत्री खुशबू पड़ोसी श्रीकेशन के दरवाजे पर लगे हैंडपंप में पानी भरने गई थी। आरोप है कि उसी दौरान श्रीपाल पुत्र दर्शन व रोहित पुत्र श्रीपाल, दीपू पुत्र श्रीकेशन, दीपक पुत्र श्रीकेशन व संतोषी पत्नी दीपक ने दरवाजे में लगी लाइट को ईर्ष्या वश मनमुटाव मानते हुए काट दिया। पुत्री ने घर आकर शिकायत की। जैसे ही प्रार्थिनी देखने को बाहर आई, तो उपरोक्त लोग गंदी-गंदी गाली देने लगे। गाली देने से मना करने पर आरोप है कि उपरोक्त लोग लाठी-डंडों व कुल्हाड़ी की बट से मारपीट करने लगे। प्रार्थिनी की चीख-पुकार सुनकर परिजन बचाने आए तो उन्हें भी मारा-पीटा गया। बीच-बचाव में ज्ञानेन्द्र पुत्र जानी व जानी पुत्री स्व. देवीदयाल व मालती पुत्री स्व. देवीदयाल को चोटें आई हैं। गांव के लोग इकट्ठा होने लगे तो आरोपी जान से मार डालने की धमकी देकर दरवाजे से भाग गए। पीडिता ने घटना की जांच कराकर आवश्यक कानूनी कार्यवाही करने की मांग की है। पुलिस ने तहरीर के आधार पर मामला दर्ज कर जांच शुरू कर दी है। बताया जा रहा है कि इसी घटना को लेकर पहले पक्ष की ओर से भी रिपोर्ट दर्ज कराई गई थी। पुलिस दोनों पक्षों की तहरीरों की जांच कर रही है।

बिजली के तार को लेकर विवाद में मारपीट का आरोप, रिपोर्ट दर्ज

पुरवा (वीओएल)। बिजली के तार हिल जाने से लाइट पड़ोसी की झिलमिलाने को लेकर हुए विवाद में मारपीट का मामला सामने आया है। पीड़ित की तहरीर पर कोतवाली पुरवा में रिपोर्ट दर्ज की गई है। प्राप्त जानकारी के अनुसार, ग्राम तौरा निवासी दीपक पुत्र श्रीकृष्ण गौतम ने थाना प्रभारी को दिए प्रार्थना पत्र में बताया कि 16.11.2026 की रात करीब 8 बजे वह दरवाजे पर लगे खंभे की लाइट ठीक कर रहा था। इसी दौरान बिजली का तार हिल जाने से लाइट पड़ोसी श्याम प्रकाश की झिलमिलाने लगी। आरोप है कि इसी बात से नाराज होकर पुरानी रंजिश को मानते हुए पुतानी पुत्र रामनाथ, सुमन पत्नी पुतानी, आरती पत्नी श्याम प्रकाश व श्याम प्रकाश उर्फ जानी पुत्र देवीदयाल सपरिवार सहित लाठी-डंडा, कुल्हाड़ी हाथ में लेकर गंदी-गंदी गाली देते हुए प्रार्थी को घायल कर दिया। प्रार्थी की चीख-पुकार सुनकर जब तक परिजन दौड़े, तब तक आरोपी जान से मार डालने की धमकी देते हुए मौके से भाग गए। बीच-बचाव में दीपक पुत्र श्रीकृष्ण, संदीप पुत्र श्रीकृष्ण व पिता श्रीकृष्ण पुत्र स्व. दर्शन को चोटें आई हैं।

पंजीकृत विवाह अभिलेखों एवं वर-वधू आयु दस्तावेजों का डीएलएसए सचिव उज्ज्वल उपाध्याय ने किया परीक्षण



बाराबंकी। विवाह पंजीकरण से संबंधित कार्यो का जिला विधिक सेवा प्राधिकरण सचिव उज्ज्वल उपाध्याय ने उपनिबन्धक कार्यालय पहुंच निरीक्षण किया। इस दौरान डीएलएसए सचिव ने पंजीकृत विवाहों के अभिलेखों एवं वर-वधू की आयु सत्यापन से संबंधित दस्तावेजों का परीक्षण कर विवाह पंजीकरण की प्रक्रिया एवं संबंधित अभिलेखों के रख-रखाव का अवलोकन किया। तथा सम्बधित अधिकारी को आवश्यक दिशा-निर्देश दिये। इसके उपरान्त जनपद के विभिन्न विद्यालयों में संविधान संवाद अभियान के अंतर्गत विद्यार्थियों को भारतीय संविधान के प्रति जागरूक किये जाने को लेकर कार्यशाला का आयोजन किया गया। जिसमे सिविल जज जू0डि0 न्यायालय संख्या 13 अविरल उमराव व प्रधान मजिस्ट्रेट नेहा चैधरी द्वारा विद्यार्थियों को भारतीय संविधान के संबंध में विस्तारपूर्वक जानकारी दी गई।

मतदाता पुनरीक्षण के लिए विधानसभा स्तरीय कार्यशालाएं आयोजित



श्रावस्ती। भारतीय जनता पार्टी ने मतदाता जोड़ो अभियान के तहत बुधवार को भिनगा और श्रावस्ती विधानसभा क्षेत्रों में कार्यशालाओं का आयोजन किया। इनका उद्देश्य नए और छूटे हुए पात्र मतदाताओं के नाम मतदाता सूची में शामिल कराना है। भिनगा विधानसभा की कार्यशाला जिला उपाध्यक्ष दिवाकर शुक्ला की अध्यक्षता में हुई। मुख्य अतिथि जिला पंचायत अध्यक्ष दद्दन मिश्रा ने कहा कि मजबूत लोकतंत्र के लिए प्रत्येक पात्र नागरिक का मतदाता सूची में नाम होना जरूरी है। कार्यकर्ता घर-घर जाकर नए मतदाता बनाने और छूटे हुए लोगों के नाम जुड़वाने का कार्य करें। विधानसभा प्रभारी विद्याभूषण द्विवेदी ने गांव-गांव और गली-गली पहुंचकर पात्र लोगों को मतदाता बनाने पर जोर दिया। श्रावस्ती विधानसभा की कार्यशाला में विधायक राम फेरन पाण्डेय ने कहा कि मतदाता सूची में प्रत्येक पात्र नागरिक का नाम जुड़वाना लोकतंत्र को मजबूत करने की दिशा में महत्वपूर्ण कदम है। जिलाध्यक्ष प्रोफेसर मिश्रीलाल वर्मा ने युवाओं, नवविवाहित महिलाओं और 18 वर्

संक्षेप

साहिल ने अंडर-17 का खिताब जीता, अनन्या बनीं बालिका वर्ग की चैंपियन

फगवाड़ा। दिल्ली के शीर्ष वरीयता प्राप्त ज त्विक गुप्ता उम्मीदों पर खरे नहीं उतर सके और उन्हें बुधवार को यहां तीसरी राष्ट्रीय रैंकिंग टेबल टेनिस चैंपियनशिप के अंडर-17 बालक वर्ग के फाइनल में पंजाब के साहिल रावत के खिलाफ।-4 से हार का सामना करना पड़ा। इस जीत के साथ साहिल ने खिताब अपने नाम किया। तमिलनाडु की अनन्या मुरलीधरन ने महिला एकल फाइनल में मंगलवार को मिली हार से उबरते हुए अंडर-17 बालिका वर्ग के फाइनल में महाराष्ट्र की रियाना भूटा को 3-2 से हराकर खिताब जीत लिया। साहिल ने चार गेम में 12-10, 2-11, 12-10, 12-10 से जबकि अनन्या ने पांच गेम में 7-11, 11-8, 11-8, 7-11, 11-9 से जीत दर्ज की।

रिद्धिमा को दो शॉट की बढ़त, त्वेसा दूसरे स्थान पर

नोएडा। रिद्धिमा दिलावरी ने दूसरे दौर में प्रभावी प्रदर्शन की बदौलत बुधवार को यहां महिला पेशेवर गोल्फ टूर के 15वें चरण में दो शॉट की बढ़त बना ली। मौजूदा सत्र में पांचवीं खिताबी जीत पर नजरें टिकाए बैठीं रिद्धिमा ने दूसरे दौर में तीन अंडर 68 का स्कोर बनाया जिससे उनका कुल स्कोर पांच अंडर 137 हो गया है। त्वेसा मलिक दूसरे दौर में 68 के स्कोर से दूसरे स्थान पर हैं। रिया जादोन दूसरे दौर में 70 के स्कोर से कुल चार अंडर 140 के स्कोर से तीसरे स्थान पर खिसक गईं।

मांडविया ने 13 खेल विश्वविद्यालयों के प्रतिनिधियों के साथ बैठक की

नयी दिल्ली। खेल मंत्री मनसुख मांडविया ने देश भर के 13 खेल विश्वविद्यालयों के प्रतिनिधियों के साथ बैठक की अध्यक्षता करते हुए उनसे खिलाड़ियों और प्रशिक्षकों के विकास के लिए अपने संसाधनों को एकीकृत करने का आग्रह किया। खेल मंत्रालय की विज्ञप्ति के अनुसार मांडविया ने कहा, हमारा लक्ष्य खेल विश्वविद्यालयों को संपूर्ण खेल पारिस्थितिकी तंत्र का केंद्र बनाना है, जहां खिलाड़ी, प्रशिक्षक, प्रशिक्षण, अनुसंधान, प्रतियोगिताएं और विश्व स्तरीय बुनियादी ढांचा सभी एक साथ विकसित किए जा सके। मांडविया ने सभी विश्वविद्यालयों को कुछ विशिष्ट खेलों में विशेषज्ञता हासिल करने के लिए कहा और साथ ही अपने अनुभव साझा करने की भी बात कही। उन्होंने कहा, हम अब अलग-थलग रहकर काम नहीं करेंगे। अपने प्रयासों, संसाधनों और विशेषज्ञता को एकीकृत करके हम एक मजबूत, सहयोगी राष्ट्रीय खेल पारिस्थितिकी तंत्र का निर्माण करेंगे। इस बैठक में खेल राज्य मंत्री रक्षा खडसे, खेल सचिव हरि रंजन राव और 13 खेल विश्वविद्यालयों के कुलपति और प्रतिनिधि उपस्थित थे।

इंग्लैंड ने ऑस्ट्रेलिया को 97 रन से हराया

डकेट (133) ने शतकीय पारी खेली, इंग्लैंड ने पहले बल्लेबाजी करते हुए 328 रन बनाये

एजेंसी



होबार्ट (ऑस्ट्रेलिया)। बेन डकेट और सोनी बेकर के शानदार प्रदर्शन की बदौलत इंग्लैंड ने बुधवार को तीसरे और अंतिम एकदिवसीय अंतरराष्ट्रीय क्रिकेट मैच में ऑस्ट्रेलिया को 97 रन से हराकर तीन मैच की शृंखला 2-। से अपने नाम कर ली।

डकेट (133) ने शतकीय पारी खेली जिससे इंग्लैंड ने पहले बल्लेबाजी करते हुए 328 रन बनाए। इसके जवाब में ऑस्ट्रेलिया की टीम 231 रन पर सिमट गई। तेज गेंदबाज बेकर ने चार विकेट चटकाए जबकि लियाम डॉसन को भी तीन सफलताएं मिलीं। इंग्लैंड ने शृंखला में 0-। से पिछड़ने के बाद शानदार वापसी की।

टॉस जीतकर पहले बल्लेबाजी करने उतरे इंग्लैंड की ओर से सलामी बल्लेबाज डकेट ने 115 गेंद में 15 चौकों और तीन छक्कों से 133 रन बनाए।

डकेट का विकेट मैट रेनशॉ ने लिया। उन्होंने स्लॉग स्वीप खेलने की कोशिश में गेंद का हवा मे लहरा दिया और जोश इंग्लिस ने आसान कैच लपका।

विल जैक्स ने भी 59 रन का योगदान दिया। ऑस्ट्रेलिया की ओर से जैक एडवर्ड्स ने चार विकेट लिए जबकि रेनशॉ को तीन विकेट मिले।

पहले वनडे में पदार्पण करते हुए छह विकेट लेने वाले महली बेयर्डमैन और एलेक्स कैरी को ऑस्ट्रेलियाई टीम में राइली मेरेडिथ और एडम जम्पा की जगह शामिल किया गया था।

लक्ष्य का पीछा करने उतरी ऑस्ट्रेलिया की शुरुआत बेहद खराब रही और टीम ने पांच रन के स्कोर तक ट्रेविस हेड तथा मिचेल मार्श के विकेट गंवा दिए। इसके बाद बेकर की गेंद पर इंग्लिस का कैच जोर्डन कॉक्स ने लपका जिससे ऑस्ट्रेलिया का स्कोर 34 रन पर तीन विकेट हो गया। रेनशॉ ने 55 रन बनाकर पारी को संभालने की कोशिश की लेकिन 108 रन के स्कोर पर डॉसन ने उन्हें अपनी ही गेंद पर लपका। इसके बाद ब्रूक की गेंद पर डकेट ने स्पेंसर जॉनसन का कैच लपककर इंग्लैंड की जीत सुनिश्चित कर दी।

दोनों टीम अब शनिवार को मेलबर्न में तीन मैच टी20 शृंखला का पहला मुकाबला खेलेंगी।

महाराष्ट्र ने हिमाचल को दो विकेट से हराया, पुडुचेरी और आंध्र भी जीते

एजेंसी

चंडीगढ़। महाराष्ट्र ने बुधवार को यहां सैयद मुश्ताक अली ट्रॉफी टी20 क्रिकेट टूर्नामेंट के ग्रुप सी के कम स्कोर वाले रोमांचक मैच में हिमाचल प्रदेश को दो विकेट से हरा दिया। महाराष्ट्र ने विवेक शेलार और विक्की ओस्तवाल के दो-दो विकेट की मदद से हिमाचल प्रदेश को 20 ओवर में पांच विकेट पर 145 रन पर रोक दिया। लक्ष्य का पीछा करते हुए महाराष्ट्र की शुरुआत अच्छी नहीं रही और उसने सलामी बल्लेबाज पृथ्वी साव तथा अर्शिन कुलकर्णी के विकेट जल्दी गंवा दिए।

हालांकि साहिल परख (25 गेंद में 35 रन), ज षिकेश सोनवाने (33 गेंद में 42 रन) और ओस्तवाल (18 गेंद में नाबाद 25 रन) की उपयोगी पारियों की बदौलत महाराष्ट्र ने आठ विकेट गंवाकर लक्ष्य हासिल कर लिया। महाराष्ट्र की मौजूदा सत्र में यह पहली जीत है। उसे शुरुआती दोनों मुकाबलों में हार का सामना करना पड़ा था। मोहाली में पुडुचेरी ने असम को 61 रन से हराया। पुडुचेरी ने पहले बल्लेबाजी करते हुए छह विकेट पर 192 रन बनाए। उसकी ओर से अमन खान ने 55 और परमेश्वरन शिवरामन ने 53 रन का योगदान दिया।

इसके जवाब में असम की टीम 20 ओवर में सात विकेट पर 131 रन ही बना सकी। प्रद्युन सैकिया ने 51 गेंद में नाबाद 44 रन बनाए। यह पुडुचेरी की लगातार तीसरी जीत है। मोहाली में ही खेले गए एक अन्य मुकाबले में आंध्र ने केरल को 29 रन से हराया। आंध्र ने शेख रशीद (39 गेंद में 60 रन) और वेंकट राहुल (30 गेंद में 64 रन) की शानदार पारियों की मदद से सात विकेट पर 225 रन बनाए। इसके जवाब में केरल की टीम पांच विकेट पर 196 रन ही बना सकी। अब्दुल बासित ने 35 गेंद में नाबाद 70 रन बनाए लेकिन उनकी पारी टीम को जीत दिलाने के लिए पर्याप्त नहीं थी।

आंध्र की तीन मैच में यह दूसरी जीत है जबकि केरल को तीन मुकाबलों में दूसरी हार का सामना करना पड़ा।

पाकिस्तान को दूसरे टेस्ट में 227 रन की बढत

रावलपिंडी। श्रीलंका के शीर्षक्रम के बल्लेबाज एक बार फिर तेज आक्रमण का सामना नहीं कर सके और पाकिस्तान ने दूसरे और आखिरी टेस्ट में बुधवार को अपनी स्थिति काफी मजबूत कर ली। पहली पारी में श्रीलंका की टीम 227 रन से पिछड़ गई थी और दूसरे दिन उसके दूसरी पारी के तीन विकेट 74 रन पर निकल गए। गाजी गोरी के पहले टेस्ट अर्धशतक और रजाउल्लाह के 32 गेंद में 42 रन की मदद से पाकिस्तान ने 325 रन बनाये। लाहिरू कुमारा ने पांच और असिता फर्नांडो ने तीन विकेट लिये। गोरी ने 54 रन बनाये जबकि रजाउल्लाह अर्धशतक से आठ रन से चूक गए। पाकिस्तान को आखिरी सत्र में झटका लगा जब तेज गेंदबाज साकिब खान पहले स्पैल में लाहिरू उदारा (सात) का विकेट लेने के बाद चोटिल होकर मैदान से चले गए। रजाउल्लाह ने दिनेश चांदीमल (0) को पगबाधा आउट किया। वहीं आमिर जमाल ने कामिंदु मेंडिस को पहली स्लिप में लपकवाया। खराब रोशनी के कारण खेल समय से पहले रोके जाने तक पासिंदु सूरियाबंदारा (18) और धनंजय डिसिल्वा (24) क्रीज पर थे। पहले टेस्ट में धीमी ओवर गति के लिये श्रीलंका के 15 अंक काटे गये और पाकिस्तान को पांच अंक का जुर्माना लगा। श्रीलंका के खिलाड़ियों को मैच फीस का 50 फीसदी और पाकिस्तान को 25 फीसदी जुर्माना भरना पड़ा।

आईसीसी रैंकिंग में अर्शदीप की बड़ी छलांग, संयुक्त 19वें स्थान पर पहुंचे

दुबई। भारतीय तेज गेंदबाज अर्शदीप सिंह बुधवार को जारी नवीनतम आईसीसी एकदिवसीय अंतरराष्ट्रीय रैंकिंग में गेंदबाजों की सूची में 12 स्थान की लंबी छलांग लगाकर टीम के अपने साथी अक्षर पटेल के साथ संयुक्त रूप से 19वें स्थान हैं। न्यूजीलैंड में पांच मैच की एकदिवसीय शृंखला के दौरान अर्शदीप ने शनदार प्रदर्शन किया। शृंखला के दौरान सिर्फ एक मैच खेलने वाले स्पिनर कुलदीप यादव आठ स्थान के नुकसान से 15वें स्थान पर खिसक गए।


गेंदबाजों की सूची में शीर्ष 10 में कोई भारतीय शामिल नहीं है। न्यूजीलैंड के खिलाफ शृंखला में प्रभाव छोड़ने में नाकाम रहे रोहित शर्मा बल्लेबाजी रैंकिंग में एक स्थान के नुकसान से पांचवें पायदान पर हैं। भारतीय कप्तान शुभमन गिल शीर्ष पर बरकरार हैं जबकि विराट कोहली भी तीसरे स्थान पर बने हुए हैं।

इंग्लैंड के सलामी बल्लेबाज टॉम बेंटन ऑस्ट्रेलिया के खिलाफ मैच जिताने वाले शतक की बदौलत 34 स्थान की लंबी छलांग के साथ 13वें स्थान पर हैं। बेंटन ने एडीलेड में दूसरे एकदिवसीय अंतरराष्ट्रीय में 99 गेंद में 121 रन की पारी खेली थी जिससे इंग्लैंड ने तीन मैच की शृंखला।-। से बराबर कर दी थी। इस पारी की बदौलत वह करियर की सर्वश्रेष्ठ रैंकिंग हासिल करने में सफल रहे जबकि इंग्लैंड के चार बल्लेबाज शीर्ष 13 में शामिल हो गए।

इंग्लैंड के बेन डकेट हालांकि एक स्थान के नुकसान से सातवें पायदान पर हैं। उन्होंने भी दूसरे एकदिवसीय में 68 गेंद में 62 रन की पारी खेली थी। हैरी ब्रूक चार स्थान के नुकसान से 12वें पायदान पर हैं।

गेंद से छेड़छाड़ करने की साजिश में पूरी टीम थी शामिल

एजेंसी



मेलबर्न। ऑस्ट्रेलियाई क्रिकेट में भूचाल लाने वाले 2018 के गेंद से छेड़छाड़ करने वाले मामले में शामिल रहे कैमरन बैनक्रॉफ्ट ने दावा किया है कि पूरी टीम को इस साजिश के बारे में पता था लेकिन आखिर में केवल तीन खिलाड़ियों को बलि का बकरा बनाया गया। सैंडपेपर गेट कांड से मशहूर इस मामले में प्रमुख भूमिका के लिए क्रिकेट ऑस्ट्रेलिया ने बैनक्रॉफ्ट, स्टीव स्मिथ और डेविड वार्नर पर प्रतिबंध लगा दिया था। इस विवाद के बाद बैनक्रॉफ्ट फिर से कभी ऑस्ट्रेलिया के लिए नहीं खेल पाए जबकि स्मिथ और वार्नर ने वापसी की।

पूर्व बल्लेबाज उस्मान ख्वाजा ने हाल में प्रकाशित अपनी किताब में खुलासा किया की साजिश की पूरी टीम को जानकारी थी। वार्नर और उस मैच में 12वें नंबर के खिलाड़ी चैड सेयर्स ने भी ख्वाजा के बयान का समर्थन किया।

बैनक्रॉफ्ट पर सैंडपेपर (रेगमाल) ले जाने का आरोप था। उन्होंने भी ख्वाजा का समर्थन किया, जबकि मौजूदा कप्तान पैट कमिंस ने इन दावों को पूरी तरह बकवास करार दिया। बैनक्रॉफ्ट ने क्रिकइंफो में एक लेख में कहा, आठ साल तक मैंने पूरी टीम के लिए इस कहानी का बोझ साझा किया। यह एक ऐसा बोझ था जो मेरी क्षमता से कहीं अधिक था। मैंने सबके लिए यह बलिदान दिया और यह मेरा अपना फैसला था। उन्होंने कहा, मैंने पिछले आठ साल जवाबदेही, ईमानदारी और ऑस्ट्रेलियाई क्रिकेट के सबसे काले अध्याय में से एक से सीखे गए सबक के बारे में बात करने में बिताए हैं। हालांकि, 2018 में पूरी सच्चाई नहीं बताई गई। जो कुछ हुआ उसके बारे में मैं कभी पूरी तरह से ईमानदार नहीं रहा। बैनक्रॉफ्ट ने कहा, इसमें केवल हम तीनों मैं, स्टीव स्मिथ और डेविड वार्नर ही शामिल नहीं थे। इसके बारे में पूरी टीम को पता था।

क्रिकेट ऑस्ट्रेलिया की जांच के दौरान जब मुझसे पूछताछ की गई तो मैंने पूरी और सच्ची जानकारी नहीं दी थी। इस बल्लेबाज ने कहा कि उस समय घटना का पूरा विवरण न देने के उनके अपने कारण थे, लेकिन कमिंस की प्रेस कॉन्फ्रेंस के बाद उन्हें काफी गुस्सा आया और उन्हें यह विश्वासघात लगा। इसलिए अब उन्हें बोलने के लिए मजबूर होना पड़ा।

महिला एशियाई चैंपियंस ट्रॉफी

भारत की निगाहें रिकॉर्ड चौथे खिताब पर

भोपाल। एशियाई खेलों में स्वर्ण पदक और विश्व कप में पांचवें स्थान पर रहने के बाद आत्मविश्वास से ओतप्रोत मौजूदा चैंपियन भारतीय टीम बृहस्पतिवार से यहां शुरू होने वाली महिला एशियाई चैंपियंस ट्रॉफी हॉकी टूर्नामेंट में रिकॉर्ड चौथा खिताब जीतने की कोशिश करेगी।

भारतीय टीम अपना पहला मैच बृहस्पतिवार को मलेशिया के खिलाफ खेलेगी। इस प्रतियोगिता में छह टीम भाग ले रही हैं। भारत ने इससे पहले रांची और राजगीर में खेले गए टूर्नामेंट में जीत हासिल की थी। भारत वर्तमान में दक्षिण कोरिया के साथ प्रतियोगिता में संयुक्त रूप से सबसे सफल टीम है। इन दोनों ने तीन-तीन खिताब जीते हैं। भारत फिर से घरेलू परिस्थितियों का फायदा उठाकर रिकॉर्ड चौथा खिताब जीतने के लिए अपनी तरफ से कोई कसर नहीं छोड़ेगा।

मुख्य कोच शोर्ड मारिन की देखरेख में भारतीय टीम शानदार फॉर्म के साथ टूर्नामेंट में उतर रही है। भारतीय टीम ने पिछले कुछ समय में हैदराबाद में क्वालीफायर से विश्व कप में जगह बनाई, ऑकलैंड में एफआईएच महिला नेशंस कप जीतकर फिर से प्रो लीग में स्थान बनाया तथा नीदरलैंड और बेल्जियम में खेले गए विश्व कप में पांचवां स्थान हासिल किया, जो 1974 के बाद से इस प्रतियोगिता में उसका सर्वश्रेष्ठ प्रदर्शन है। टीम ने हालांकि सबसे बड़ी उपलब्धि पिछले महीने जापान में एशियाई खेलों में हासिल की जहां उसने महिला हॉकी में स्वर्ण पदक के लिए 44 साल का इंतजार समाप्त किया।

भारत इस लय को चैंपियंस ट्रॉफी में बरकरार रखने की कोशिश करेगा। यह टूर्नामेंट नाथू बरखेड़ा में नवनिर्मित अंतरराष्ट्रीय खेल परिसर में खेला जाएगा। यह मध्य प्रदेश में खेला जाने वाला पहला अंतरराष्ट्रीय हॉकी टूर्नामेंट है। भारतीय टीम ने अभ्यास मैच में जापान पर 4-। से जीत हासिल करके अपनी तैयारी का पुख्ता सबूत पेश किया। कोच मारिन इस टूर्नामेंट में खिलाड़ियों को अलग-अलग पोजीशन पर आजमाना चाहते हैं जिससे टीम को मजबूती मिलेगी। उन्होंने कहा, हम चाहते हैं कि खिलाड़ी अलग-अलग पोजीशन पर खेलें। इससे टीम में और अधिक गहराई आएगी और अगर कोई खिलाड़ी चोटिल हो जाता है, तो इससे विशेषकर ओलंपिक खेलों जैसी प्रतियोगिता में मदद मिलेगी।

गंभीर को न्यूजीलैंड में 2009 का सुनहरा इतिहास दोहराए जाने की उम्मीद

एजेंसी



वेलिंगटन। जब राष्ट्रीय चयन समिति के अध्यक्ष के रूप में अजित अगरकर का कार्यकाल आधिकारिक तौर पर समाप्त हुआ था तब भारतीय मुख्य कोच गौतम गंभीर ने उम्मीद जताई थी कि इतिहास मुंबई के इस पूर्व तेज गेंदबाज के प्रति अधिक उदार रहेगा। अगरकर ने अपने साहसिक फैसलों से भारतीय क्रिकेट में काफी बदलाव लाने का प्रयास किया था। भारत के मुख्य कोच गंभीर शायद अगरकर की स्थिति को अच्छी तरह समझ सकते हैं। आखिरकार वह भी भारतीय क्रिकेट में अपने हर छोटे-बड़े फैसले को लेकर बारीकी से की जाने वाली समीक्षा से भलीभांति परिचित हैं। देश के सबसे लोकप्रिय खेल में जब भी चीजें उम्मीद के मुताबिक नहीं होतीं तो अक्सर सबसे पहले उन्हें ही निशाने पर लिया जाता है। गंभीर के पूर्व साथी और करीबी मित्र विजय दहिया ने कहा, वह बेहद जुनूनी इंसान हैं। उनके लिए बीच का कोई रास्ता नहीं है। उनके लिए या तो सब कुछ काला है या सफेद।

दहिया से पूछा गया था कि क्या मुख्य कोच को सार्वजनिक आलोचना के बीच उचित सम्मान नहीं मिल रहा है। गंभीर अपनी भावनाएं खुलकर जाहिर करने के लिए जाने जाते हैं। वह अपने फैसलों का पूरी मजबूती से समर्थन करते हैं। दहिया ने कहा, जब गौतम दिल्ली या कोलकाता नाइट राइडर्स के कप्तान थे और बाद में मेंटर बने तब भी उनका एक ही लक्ष्य रहता था कि उन्हें जो जिम्मेदारी दी गई है उसे पूरा किया जाए। लोग उन्हें पर्याप्त श्रेय दें या नहीं, उन्हें इस बात की परवाह नहीं होती।

वह दौर अब बीत चुका है जब सचिन तेंदुलकर, सौरव गांगुली, वीरेंद्र सहवाग, युवराज सिंह और सुरेश रैना जैसे खिलाड़ी विभिन्न प्रारूपों में छह से लेकर 10 ओवर तक गेंदबाजी करके मुख्य गेंदबाजों का बोझ कम किया करते थे। गेंदबाजी में इस तरह की विविधता अब भारतीय टीम के पास नहीं है। ऐसे में गंभीर ऐसे टीम संयोजन को प्राथमिकता देते हैं जिसमें बल्लेबाजी क्रम में काफी गहराई हो। सितांशु कोटक हों या मोर्ने मोर्कल, गंभीर की मौजूदगी में किसी ना किसी रणनीति पर चर्चा या बहस चलती रहती है। भारत के अभ्यास सत्र के दौरान बेसिन रिजर्व में खड़े गंभीर को शायद पुरानी यादें ताजा हो गई होंगी। वर्ष 2009 में गंभीर ने न्यूजीलैंड में भारत की पिछली टेस्ट शृंखला जीत में अहम भूमिका निभाई थी। उन्होंने हैमिल्टन में 72, नेपियर में 136 और वेलिंगटन में 167 रन की पारियां खेलकर अपनी जुझारू क्षमता का परिचय दिया था।

वह टेस्ट बल्लेबाजी का बेहतरीन उदाहरण था। नेपियर में गंभीर की 12 घंटे तक चली मैच बचाने वाली पारी भारतीय क्रिकेट के यादगार पलों में शुमार है। अगर मौजूदा भारतीय बल्लेबाजी क्रम बृहस्पतिवार से शुरू होने वाली शृंखला में उसी जुझारूपन को दोहरा पाता है तो मेहमान टीम विश्व टेस्ट चैंपियनशिप में अपनी संभावनाओं को लेकर नए आत्मविश्वास के साथ स्वदेश लौट सकती है।

पेज एक का शेष

लश्कर कमांडर

धार्मिक स्थल को कोई नुकसान न पहुंचे। सेना के उत्तरी कमान के कमांडर लेफ्टिनेंट जनरल प्रतीक शर्मा ने अभियान के सफलतापूर्वक संपन्न होने के बाद दक्षिण कश्मीर में जवानों से मुलाकात की। अधिकारी ने अभियान की जानकारी देते हुए बताया कि खुफिया जानकारी मिलने के बाद एक तलाशी दल स्थानीय लोगों के साथ मस्जिद के भीतर गया और वहां सबसे ऊपरी मंजिल पर एक कमरा अंदर से बंद पाया। उन्होंने बताया कि जब कमरे में मौजूद व्यक्ति को बाहर आने को कहा गया तो उसने गोलीबारी शुरू कर दी, जिससे यह पुष्टि हो गई कि 15 लाख रुपये का इनाम घोषित अपराधी भट उसी में मौजूद है। अधिकारी ने बताया कि दक्षिण कश्मीर में सेना के वरिष्ठ अधिकारियों ने यह सुनिश्चित करने का फैसला किया था कि भट इस बार घेराबंदी से बचकर न भाग पाए जैसा वह पहले कर चुका था। वह आठ जुलाई को शोपियां में हुई एक मुठभेड़ में बचकर निकल गया था, जिसमें जाकिर नाम का एक और आतंकवादी मारा गया था। भट और उसके साथी उमर नासिर डार द्वारा 11 नवंबर को कुलगाम में केंद्रीय रिजर्व पुलिस बल (सीआरपीएफ) की एक चौकी पर किये गए हमले में तीन जवान घायल हो गए थे। इसके बाद सुरक्षा बलों ने कुलगाम और उससे सटे शोपियां तथा अनंतनाग जिलों में बड़े पैमाने पर घेराबंदी और तलाशी अभियान चलाया।

देश की सुरक्षा

कहा कि यूपी पुलिस और एटीएस के जांबाजों ने हर ऐसी अदृश्य साजिश को बेनकाब किया है। आज एटीएस की 21 फील्ड यूनिट पूरे प्रदेश में तैनात हैं और 10 नई फील्ड यूनिट खड़ी करके सुरक्षा का अभेद्य किला बनाया गया है। एटीएस के पास अवैध धर्मांतरण सेल, क्रिप्टो एनालिसिस विंग और साइबर ऑप्स टीम मौजूद है। मुख्यमंत्री ने कहा कि एक समय था जब उत्तर प्रदेश दंगों की आग में झुलसता था और अपराधियों के हौसले बुलंद थे। आज प्रदेश में रूल ऑफ लॉ है और यह लॉलेस लैंड से लैंड ऑफ लॉ बन गया है। मुख्यमंत्री ने बताया कि पुलिस भर्ती की पारदर्शी व्यवस्था के साथ ही पुलिस बजट को तीन से चार गुना किया गया है। साइबर थाने दो से बढ़ाकर 75 जनपदों तक ले जाए गए हैं। ऑपरेशन त्रिनेत्र के अंतर्गत 15 लाख से अधिक सीसीटीवी कैमरे लगाए गए हैं और पीआरवी 112 का रिस्पॉन्स टाइम 65 मिनट से घटाकर 5 से 7 मिनट किया गया है। इसके अलावा 15,000 करोड़ रुपये से अधिक की अवैध संपत्ति जब्त या ध्वस्त की गई है, जिससे प्रदेश में डकैती और लूट में भारी कमी आई है। कार्यक्रम के दौरान एनएसजी और एटीएस के दक्ष कमांडो ने आतंकवादी हमलों, बंधकों को मुक्त कराने, विस्फोटकों को निष्क्रिय करने और वीआईपी सुरक्षा जैसे चुनौतीपूर्ण अभियानों का शानदार प्रदर्शन किया। हेलिकॉप्टर से उतरकर ऑपरेशन को अंजाम देने की वर्टिकल एनवेलपमेंट तकनीक की लाइव ड्रिल भी की गई। साथ ही काफिले के गुजरने के दौरान विस्फोट होने पर वीआईपी को सुरक्षित निकालने का जीवंत प्रदर्शन किया गया। कार्यक्रम का विशेष आकर्षण एनएसजी की के9 यूनिट का एक्सप्लोसिव डिटेक्शन डॉग 'डॉनी' रहा, जिसने मुख्यमंत्री को पुष्पों की टोकरी भेंटकर उनका अभिनंदन किया। राष्ट्रीय सुरक्षा गार्ड के महानिदेशक भृगु श्रीनिवासन ने कहा कि उत्तर प्रदेश में आयोजित यह कार्यक्रम राज्य पुलिस और केंद्रीय सुरक्षा एजेंसियों के बीच समन्वय और तैयारी बढ़ाने में अहम भूमिका निभाएगा। एक माह के प्रशिक्षण कार्यक्रम में एनएसजी के विशेषज्ञ प्रशिक्षक यूपी के चयनित जवानों को आतंकवाद निरोध, विमान अपहरण निरोध और ड्रोन निरोध समेत 13 विशेष पाठ्यक्रमों में प्रशिक्षण देंगे।

2027 में

कि भाजपा का संगठन परिवारवाद पर नहीं, बल्कि विचारधारा, मूल्यों और सिद्धांतों पर आधारित है। पार्टी के देवतुल्य कार्यकर्ता सरकार की उपलब्धियों को लेकर जनता के बीच जाएंगे। उन्होंने कहा कि प्रदेश में सुरक्षा, सुशासन, रोजगार, आधुनिक इंफ्रास्ट्रक्चर और गरीब कल्याण के क्षेत्र में हुए काम भाजपा की सबसे बड़ी ताकत हैं। इन्हीं उपलब्धियों के आधार पर पार्टी तीसरी बार पूर्ण बहुमत की सरकार बनाएगी। मुख्यमंत्री ने 'बंटोगे तो कटोगे' के नारे को लेकर कहा कि इसका उद्देश्य समाज में ध्रुवीकरण करना नहीं, बल्कि लोगों को सतर्क और एकजुट रहने का संदेश देना है। उन्होंने अभिभावकों और युवाओं से अपील की कि वे नई पीढ़ी को पिछली सरकारों के समय प्रदेश में हुए दंगों, कर्फ्यू और अराजकता के दौर की जानकारी दें। मुख्यमंत्री ने जवाहर बाग कांड, मुजफ्फरनगर, कोसीकलां, अलीगढ़ और बरेली की हिंसक घटनाओं का उल्लेख करते हुए कहा कि समाज को अपने अतीत के अनुभव नहीं भूलने चाहिए। उन्होंने कहा कि वर्तमान तभी सुरक्षित रह सकता है, जब समाज सतर्क और संगठित रहे। कानून-व्यवस्था पर मुख्यमंत्री ने कहा कि वर्ष 2017 से पहले प्रदेश में दंगे, कर्फ्यू, लूट और रंगदारी आम बात थी। उस समय दंगाइयों को संरक्षण मिलता था, जबकि आज कानून तोड़ने वालों के खिलाफ सख्त कार्रवाई की जाती है। उन्होंने कहा कि अब किसी उपद्रवी को व्यापारिक प्रतिष्ठानों में आग लगाने या महिलाओं की सुरक्षा से खिलवाड़ करने की छूट नहीं है। सरकार की जीरो टॉलरेंस नीति के चलते अपराधियों और माफिया पर प्रभावी कार्रवाई हुई है। मुख्यमंत्री के अनुसार, पिछले दस वर्षों में प्रदेश में 2.30 लाख पुलिसकर्मियों की भर्ती की गई है। मुख्यमंत्री ने कहा कि उत्तर प्रदेश तेजी से आर्थिक विकास की दिशा में आगे बढ़ रहा है। सरकार ने वर्ष 2029-30 तक प्रदेश को एक ट्रिलियन डॉलर की अर्थव्यवस्था बनाने का लक्ष्य निर्धारित किया है। निवेश के लिए बेहतर माहौल तैयार किया गया है। पहले जहां निवेशक प्रदेश आने से हिचकते थे, वहीं अब बड़े उद्योग और निवेश प्रस्ताव प्रदेश की ओर आकर्षित हो रहे हैं। उन्होंने कहा कि प्रदेश का युवा अब केवल नौकरी तलाशने वाला नहीं, बल्कि रोजगार देने वाला भी बन रहा है। मुख्यमंत्री ने डिफेंस मैन्युफैक्चरिंग कॉरिडोर का उल्लेख करते हुए कहा कि उत्तर प्रदेश रक्षा उत्पादन के बड़े केंद्र के रूप में विकसित हो रहा है।

यूपी में

स्वीकृति दे दी। इससे यह माना जा रहा है कि उत्तर प्रदेश में अब पंचायत चुनाव विधानसभा चुनाव के बाद ही होंगे। ग्राम पंचायतों में नियुक्त प्रशासकों के कार्यकाल में वृद्धि की अवधि राज्य पिछड़ा वर्ग आयोग की रिपोर्ट आने तक भी बढ़ाई जा सकेगी। सरकार का कहना है कि पंचायत चुनाव कराने से पहले पिछड़े वर्गों के आरक्षण के लिए उनकी आबादी और पिछड़ेपन की स्थिति का अध्ययन जरूरी है। प्रदेश के वित्त एवं संसदीय कार्य मंत्री सुरेश कुमार खन्ना ने मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ की अध्यक्षता में हुई मंत्रिमंडल की बैठक में लिए गए इस महत्वपूर्ण फैसले की जानकारी देते हुए संवाददाताओं को बताया कि उत्तर प्रदेश पंचायत राज अधिनियम, 1947 की धारा 12 की उपधारा 3(क) में संशोधन के लिए उत्तर प्रदेश पंचायत राज संशोधन अध्यादेश, 2026 के प्रख्यापन को मंजूरी दे दी गयी है। खन्ना ने बताया कि वर्ष 2021 में गठित ग्राम पंचायतों का कार्यकाल 26 मार्च 2026 को समाप्त होने के बाद 25 मार्च 2026 के सरकारी आदेश के तहत सामान्य कार्यों के संचालन के लिए वर्तमान ग्राम प्रधानों को प्रशासक नियुक्त किया गया था और इन प्रशासकों का मौजूदा कार्यकाल 26 नवंबर 2026 को समाप्त हो रहा है। उन्होंने बताया कि उच्चतम न्यायालय के समय-समय पर पारित आदेशों के अनुपालन में त्रिस्तरीय पंचायतों में पिछड़े वर्गों के प्रतिनिधित्व के संबंध में अद्यतन आंकड़ों और तथ्यों के आधार पर पिछड़ेपन की प्रकृति एवं प्रभाव का अनुभवजन्य अध्ययन कराने के लिए 18 मई 2026 को उत्तर प्रदेश राज्य ग्रामीण निकाय समर्पित पिछड़ा वर्ग आयोग का गठन किया गया था, जिसकी रिपोर्ट अभी प्राप्त नहीं हुई है। खन्ना ने कहा कि ग्राम पंचायतों में प्रशासनिक निरंतरता बनाए रखने और किसी तरह की प्रशासनिक कठिनाई से बचने के लिए प्रशासकों का कार्यकाल एक बार फिर छह महीने या आयोग की रिपोर्ट प्राप्त होने तक बढ़ाने की जरूरत है। उन्होंने बताया कि विधानमंडल का सत्र आहूत नहीं होने और तत्काल कार्रवाई की आवश्यकता को देखते हुए संविधान के अनुच्छेद 213 के तहत अध्यादेश लाने का निर्णय लिया गया है। खन्ना ने कहा कि पिछड़े वर्गों के पिछड़ेपन की स्थिति का अध्ययन पूरा होने के बाद ही पंचायत चुनाव कराए जाने की आवश्यकता है।

हवाई नेटवर्क

में संशोधन के तहत अब छह कमरों वाले होटल भी बजट होटल की श्रेणी में शामिल होंगे। पहले इसके लिए न्यूनतम 10 कमरों की अनिवार्यता थी। संशोधित व्यवस्था के अनुसार 06 से 49 कमरों वाले ऐसे होटल, जिनमें प्रत्येक कमरे के साथ अटैच बाथरूम की सुविधा होगी, बजट होटल की श्रेणी में आएंगे। इसके लिए प्रतिष्ठान का वाणिज्यिक एवं जीएसटी पंजीकरण होना और भवन संबंधी निर्धारित नियमों का पालन करना अनिवार्य होगा।

रक्षा उत्पादन

पार कर गया है, जो एक दशक पहले 48,000 करोड़ रुपये था। उन्होंने कहा कि रक्षा निर्यात 600 करोड़ रुपये से बढ़कर 38,000 करोड़ रुपये के अब तक के उच्चतम स्तर पर पहुंच गया है, जो भारत की बढ़ती स्वदेशी क्षमताओं और वैश्विक रक्षा बाजार में इसके बढ़ते प्रभाव को दर्शाता है। सिंह ने कहा, भारत का रक्षा क्षेत्र आत्मनिर्भरता से परे अपनी वैश्विक स्थिति को मजबूत करने की दिशा में बढ़ रहा है। उन्होंने कहा कि वैश्विक चुनौतियों और पश्चिम एशिया के संकट के बावजूद भारतीय अर्थव्यवस्था ने अपनी विकास गति को बनाए रखा है। रक्षामंत्री ने कहा लगभग 7.8 प्रतिशत की विकास दर के साथ, भारत दुनिया की सबसे तेजी से बढ़ती प्रमुख अर्थव्यवस्थाओं में मजबूती से अपनी जगह बना रहा है। यह भारत की आर्थिक ताकत और निरंतर विकास को दर्शाता है। तोक्यो में भारतीय दूतावास ने बताया कि जापान के रक्षा मंत्रालय पहुंचने पर सिंह की अगवानी उनके जापानी समकच कोइजुमी ने की और गारद सलामी दी गई। जापान के रक्षा मंत्रालय ने सोशल मीडिया मंच एक्स पर की एक पोस्ट में कहा कि सिंह और कोइजुमी ने योकोसुका के फुनाकोशी क्षेत्र का भी दौरा किया, जहां उन्होंने जापान मैरीटाइम सेल्फ डिफेंस फोर्स (जेएमएसडीए

आर्थिक सुरक्षा के क्षेत्र में अपने साझा हितों पर चर्चा

भारत-जापान रक्षा संबंधों और रणनीतिक सहयोग की समीक्षा करेंगे विदेश मंत्री जयशंकर

तोक्यो। भारत और जापान अपने द्विपक्षीय रक्षा संबंधों तथा रणनीतिक सहयोग की व्यापक समीक्षा करेंगे तथा विदेश मंत्री एस जयशंकर बुधवार को चौथे भारत-जापान 2+2 मंत्रिस्तरीय संवाद में हिस्सा लेने के लिए तोक्यो पहुंच चुके हैं।

विदेश मंत्री एस. जयशंकर भारत-जापान के विदेश एवं रक्षा मंत्रियों की चौथी वार्ता के लिए जापान की दो दिवसीय यात्रा पर हैं। इस बैठक को टू प्लस टू वार्ता भी कहा जाता है। इसमें दोनों देशों के बीच रक्षा और रणनीतिक सहयोग के सभी पहलुओं की समीक्षा की जाएगी। जयशंकर बृहस्पतिवार को अपने जापानी समकक्षों, साथ विदेश एवं रक्षा मंत्रियों की 2+2 वार्ता की सह-अध्यक्षता करेंगे। विदेश मंत्रालय (एमईए) ने बुधवार को एक बयान में कहा कि भारत-जापान विशेष रणनीतिक और वैश्विक साझेदारी लोकतंत्र, स्वतंत्रता और कानून के शासन के साझा मूल्यों पर आधारित है। दोनों देश शांतिपूर्ण, समृद्ध और मजबूत मुक्त एवं खुले हिंद-प्रशांत क्षेत्र के लिए प्रतिबद्ध हैं। यह यात्रा प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी की फिलीपीन की राजधानी मनीला की दो दिवसीय यात्रा पूरी करने के एक दिन बाद हो रही है। मोदी ने वहां अपने जापानी समकक्ष साने ताकाइची तथा अमेरिका और ऑस्ट्रेलिया के नेताओं के साथ क्वाड शिखर सम्मेलन सहित कई महत्वपूर्ण क्षेत्रीय बैठकों में हिस्सा लिया था। इस बीच, जयशंकर ने तोक्यो में जापान के पूर्व प्रधानमंत्री और जापान-भारत संघ के अध्यक्ष फुमियो किशिदा से मुलाकात की। दोनों नेताओं ने



रणनीतिक हितों में समानता और आर्थिक सुरक्षा के क्षेत्र में सहयोग पर चर्चा की। वर्ष 1903 में स्थापित जापान-भारत संघ जापान के सबसे पुराने निजी संगठनों में से एक है, जो राजनीतिक, आर्थिक और सांस्कृतिक क्षेत्रों में दोनों देशों के बीच मित्रता एवं आदान-प्रदान को बढ़ावा देता है। किशिदा 2021 से 2024 तक जापान के प्रधानमंत्री रहे थे। जयशंकर ने मुलाकात के बाद एक्स पर कहा कि हमने रणनीतिक और आर्थिक सुरक्षा के क्षेत्र में अपने साझा हितों पर चर्चा की। हमारी विशेष रणनीतिक और वैश्विक साझेदारी को मजबूत करने के लिए उनके निरंतर समर्थन की सराहना करता हूं। भारत-जापान 2+2 वार्ता का पिछला संस्करण 20 अगस्त, 2024 को नयी दिल्ली में आयोजित किया गया था। विदेश मंत्रालय के अनुसार जयशंकर मोतेगी के साथ 19वीं भारत-जापान विदेश मंत्रियों की रणनीतिक वार्ता करेंगे। विदेश मंत्रालय ने कहा कि दोनों देश अगस्त 2025 और जुलाई 2026 में आयोजित 15वें और 16वें भारत-जापान वार्षिक शिखर सम्मेलनों में बनी सहमतियों की प्रगति की भी समीक्षा करेंगे। जयशंकर इस यात्रा के दौरान तीसरे रायसीना तोक्यो संवाद में भी हिस्सा लेंगे। जयशंकर ने 16-17 नवंबर को नयी दिल्ली में आयोजित नौवें भारत-जापान हिंद-प्रशांत मंच को भेजे वीडियो संदेश में कहा कि मुक्त, खुले और नियम आधारित हिंद-प्रशांत क्षेत्र को आकार देने में भारत और जापान की भूमिका बेहद महत्वपूर्ण है। दोनों देश साझा रणनीतिक दृष्टिकोण रखने वाले एशिया के प्रमुख लोकतंत्र और समुद्री राष्ट्र हैं। विश्वास और सद्भावना पर आधारित तथा साझा रणनीतिक दृष्टिकोण से जुड़ी भारत-जापान विशेष रणनीतिक और वैश्विक साझेदारी न केवल दोनों देशों, बल्कि पूरी दुनिया की शांति, स्थिरता और आर्थिक समृद्धि में योगदान देती है। रक्षा एवं सुरक्षा सहयोग, आर्थिक सुरक्षा, ऊर्जा क्षेत्र में मजबूती, प्रौद्योगिकी एवं नवाचार तथा लोगों के बीच इस साझेदारी के प्रमुख क्षेत्र बने रहेंगे। उन्होंने दोनों देशों की अर्थव्यवस्थाओं की पूरक क्षमताओं का भी उल्लेख किया। उनके मुताबिक जापान की विनिर्माण विशेषज्ञता और उन्नत प्रौद्योगिकी भारत की उद्यमशीलता, विशाल बाजार और प्रतिभा के साथ बेहतर तालमेल रखती है।

चीन में अपनी ताकत दिखाना चाहते हैं ट्रंप अमेरिका में तकनीकी समस्याओं से चिंता बढ़ी

चीन। अमेरिका के राष्ट्रपति डोनाल्ड ट्रंप बुधवार को चीन रवाना होंगे, जहां वह प्रौद्योगिकी के क्षेत्र में अपने देश की अग्रणी स्थिति को मजबूत करना चाहते हैं।

हालांकि, अमेरिका में हाल में कई तकनीकी सेवाएं ठप होने से लोगों की चिंता बढ़ गई है और प्रशासन उन्हें आश्वस्त करने में जुटा है। एशिया यात्रा के पहले दिन ट्रंप ने इन समस्याओं को ज्यादा गंभीरता से नहीं लिया, जबकि अमेरिका में लोग ईमेल और बैंक खातों तक पहुंचने तथा सुरक्षित हवाई यात्रा करने को लेकर चिंतित थे। ट्रंप ने मंगलवार को फिलीपीन की राजधानी मनीला में कहा, सब ठीक है। उन्होंने संकेत दिया कि ये समस्याएं अमेरिका के एक बड़े और शक्तिशाली देश होने का ही परिणाम हैं। हालांकि, माइक्रोसॉफ्ट, संघीय विमानन प्रशासन (एफएए), जेपी मॉर्गन चेज और



राष्ट्रीय सुरक्षा एजेंसी (एनएसए) के संचार नेटवर्क में आई बाधाएं अब ट्रंप की यात्रा पर भारी पड़ने लगी हैं। इन घटनाओं से यह आशंका पैदा हुई है कि कृत्रिम बुद्धिमत्ता (एआई) रोजमर्रा की जिंदगी को प्रभावित कर सकती है। एआई की मदद से साइबर सुरक्षा से जुड़ी नयी कमजोरियों का पता चलने के कारण सॉफ्टवेयर में खामियां और सुरक्षा संबंधी कमियां दूर करने के लिए लगातार सुधार करने पड़ रहे हैं। इस प्रक्रिया को पैचिंग कहा जाता है, जिसका उद्देश्य प्रौद्योगिकी के कामकाज को बेहतर बनाना है। ऐसे में ट्रंप की यात्रा के दूसरे दिन की शुरुआत में अमेरिका के विदेश मंत्री मार्को रुबियो ने राष्ट्रपति की ओर से अमेरिकियों को आश्वस्त करने का प्रयास किया। रुबियो ने संवाददाताओं से कहा कि इस बात का कतई कोई सबूत नहीं है कि सेवाएं ठप होने की ये घटनाएं आपस में जुड़ी हैं या इनके पीछे अमेरिका के प्रतिद्वंद्वी देश, साइबर हैकर या अपराधी हैं। ये समस्याएं ऐसे समय सामने आई हैं जब राष्ट्रपति चीन में वहां के राष्ट्रपति शी चिनफिंग और रूस के राष्ट्रपति व्लादिमीर पुतिन के साथ संभावित रूप से जटिल त्रिपक्षीय बैठक के दौरान अमेरिका की ताकत और दृढ़ता दिखाना चाहते हैं।

संक्षेप

सीमेंस ने भारत में लॉन्च किया आइगन इंजीनियरिंग एजेंट

नई दिल्ली। सीमेंस ने भारत में आइगन इंजीनियरिंग एजेंट को आधिकारिक तौर पर लॉन्च कर दिया है। यह ऑटोमेशन इंजीनियरिंग के लिए खास तौर पर बनाया गया सीमेंस का एआई है। यह एजेंट इंडस्ट्रियल एआई प्रोडक्ट्स की उस नई किस्म का हिस्सा है, जो कई कदमों में सोचकर और अपनी गलतियां खुद सुधारकर काम अपने आप पूरा करते हैं। सीमेंस भारत में 16 से ज्यादा ग्राहकों के साथ इसका सफल पायलट पहले ही कर चुकी है। आम एआई टूल्स से अलग, आइगन इंजीनियरिंग एजेंट असली इंजीनियरिंग सिस्टम्स के भीतर काम करता है और हर प्रोजेक्ट के संदर्भ और उसकी सीमाओं को पूरी तरह समझता है। इसी समझ के आधार पर यह पीएलसी कोडिंग, ह्यूमन-मशीन-इंटरफेस (एचएमआई) विजुअलाइजेशन और डिवाइस कॉन्फिगरेशन जैसे ऑटोमेशन इंजीनियरिंग के काम कर सकता है। साथ ही यह सटीकता, सुरक्षा और भरोसे से जुड़े इंडस्ट्री के मानकों पर भी खरा उतरता है। आइगन इंजीनियरिंग एजेंट के आने से इंजीनियर सटीकता या भरोसे से समझौता किए बिना सिस्टम की बड़ी चुनौतियों पर ध्यान लगा सकते हैं। यह एआई पर आधारित वर्कफ्लो को हाथ से किए जाने वाले काम के मुकाबले दो से पांच गुना तेजी से पूरा करता है। साथ ही सॉल्यूशन की क्वालिटी 80 प्रतिशत तक बेहतर रहती है और इंजीनियरिंग एफिशिएंसी 50 प्रतिशत ज्यादा होती है।

सीओपीडी से निपटने के लिए व्यावहारिक और विज्ञान पर आधारित दृष्टिकोण की जरूरत

नई दिल्ली। सिगरेट पीने वालों के बीच क्रोनिक ऑब्सट्रक्टिव पल्मोनरी डिजीज (सीओपीडी) एक बड़ा खतरा है। विशेषज्ञों के मुताबिक इस चुनौती से निपटने के लिए व्यावहारिक और विज्ञान पर आधारित दृष्टिकोण की जरूरत है, जो सिगरेट की लत को छोड़ने में मददगार हो। उनके मुताबिक इस मामले में सामने आ रहे नए वैज्ञानिक प्रमाणों की जांच और गहन परीक्षण की जरूरत है। सिगरेट का सेवन साँस की बीमारियों का एक मुख्य कारण है। सेंटर फॉर डिजीज कंट्रोल एंड प्रिवेंशन (सीडीसी), यूएसए के अनुसार अमेरिका में सीओपीडी के कारण होने वाली हर 10 मौतों में से 8 का कारण सिगरेट का सेवन है। फरवरी 2026 में 27,319 भारतीय वयस्कों पर की गई 23 स्टडीज के मेटा-एनालिसिस में सामने आया कि सिगरेट पीने वाले 37% वयस्कों को सीओपीडी है। सीओपीडी में क्रोनिक ब्रोंकाइटिस और एम्फिसेमा आता है, जो साँस की नली में हवा के बहाव को कम कर देता है। इसकी वजह से लगातार साँस लेने में तकलीफ होती है, खाँसी और कफ आते हैं, और व्यायाम की टॉलरेंस कम हो जाती है। यह बीमारी तब तक प्रकट नहीं होती है, जब तक फेफड़ों की शक्ति बहुत कम ना हो जाए।

ईरान ने खाड़ी देशों पर हमले तेज किये, कुवैत में अमेरिकी हवाई अड्डे को बनाया निशाना

काहिरा। ईरान ने बुधवार को खाड़ी के अपने पड़ोसी देशों पर हमले तेज करते हुए कुवैत में एक अमेरिकी हवाई अड्डे और बहरीन पर कई हमले किए। ये हमले एक दिन पहले अमेरिका की ओर से की गई सैन्य कार्रवाई के जवाब में किये गये प्रतीत होते हैं।

करीब दो महीने तक ऐसे हमले रोके रहने के बाद ईरान ने हाल के दिनों में बहरीन स्थित अमेरिकी ठिकानों को बार-बार निशाना बनाया है। फारस की खाड़ी में स्थित इस छोटे द्वीपीय देश में अमेरिकी नौसेना का पांचवां बेड़ा तैनात है। बुधवार तड़के हुए ये हमले अमेरिका



के एक लड़ाकू विमान द्वारा मंगलवार को होर्मुज जलडमरूमध्य में स्थित कश्म द्वीप पर रिवोल्यूशनरी गार्ड के मिसाइल प्रक्षेपण स्थल को निशाना बनाए जाने के बाद हुए। अमेरिका ने यह हमला मंगलवार को इससे पहले बहरीन में अमेरिकी रडार प्रतिष्ठान पर ईरान के हमले के जवाब में किया था। ईरान ने कहा कि उसके हालिया हमले, अमेरिकी ड्रोन निगरानी अभियानों और ईरान के संचार टावरों पर हमले के जवाब में किए गए हैं।

नेपाल को भारत से 350 मेगावाट बिजली आयात को मिली मंजूरी

काठमांडू। नेपाल को जलविद्युत उत्पादन में कमी और हाल में आई बाढ़ से कई परियोजनाओं को हुए नुकसान के बीच घरेलू बिजली की मांग पूरी करने के लिए इस सर्दी में भारत से 350 मेगावाट तक बिजली आयात करने की मंजूरी मिल गई है।

नेपाल विद्युत प्राधिकरण (एनईए) के अधिकारियों ने बताया कि भारत के बिजली मंत्रालय के तहत केंद्रीय विद्युत प्राधिकरण (सीईए) ने सरकारी बिजली कंपनी एनईए को भारतीय ऊर्जा एक्सचेंज (आईईएक्स) से प्रतिस्पर्धी दरों पर प्रतिदिन 17 घंटे तक बिजली खरीदने की अनुमति दी है। एनईए के प्रबंध निदेशक दीर्घायु कुमार श्रेष्ठ ने कहा कि यह मंजूरी 17 नवंबर, 2026 से 31 जुलाई, 2027 तक वैध है। इससे नेपाल को बिजली की मांग और घरेलू उत्पादन के बीच मौसमी अंतर को पाटने में मदद मिलने की उम्मीद है। नेपाल की बिजली आपूर्ति काफी हद तक नदी के प्रवाह पर आधारित जलविद्युत परियोजनाओं पर निर्भर है, जिसके कारण बिजली उत्पादन में मौसमी उतार-चढ़ाव काफी अधिक रहता है। गर्मियों के महीनों में नदियों में पानी का प्रवाह बढ़ने से देश में जरूरत से अधिक बिजली पैदा होती है, जिसका मुख्य रूप से भारत को निर्यात किया जाता है।

टोयोटा ड्रीम कार आर्ट कॉन्टेस्ट के 20वें संस्करण की घोषणा


बेंगलुरु। टोयोटा किर्लोस्कर मोटर ने टोयोटा ड्रीम कार आर्ट कॉन्टेस्ट के 20वें संस्करण के लिए प्रविष्टियां आमंत्रित करने की घोषणा की है।

यह प्रतियोगिता टोयोटा मोटर कॉर्पोरेशन, जापान द्वारा परिकल्पित एक प्रमुख वैश्विक पहल है। रचनात्मकता को बढ़ावा देने और बच्चों को भविष्य की मोबिलिटी की कल्पना करने के लिए प्रोत्साहित करने के उद्देश्य से आयोजित यह प्रतियोगिता भारतभर के 15 वर्ष और उससे कम आयु के बच्चों के लिए खुली है। प्रविष्टियां 15 नवंबर 2026 से 15 जनवरी 2027 तक स्वीकार की जाएंगी। इस वर्ष की प्रतियोगिता का मुख्य विषय आपकी ड्रीम कार है, जो बच्चों को अपनी कल्पना की ड्रीम कार के बारे में सोचने और उसे चित्रों के माध्यम से अभिव्यक्त करने की रचनात्मक स्वतंत्रता प्रदान करता है। प्रतियोगिता को तीन श्रेणियों में आयोजित किया गया है श्रेणी 1: 7 वर्ष या उससे कम आयु, श्रेणी 2: 8 से 11 वर्ष आयु, श्रेणी 3: 12 से 15 वर्ष आयु राष्ट्रीय प्रतियोगिता में प्रत्येक श्रेणी से तीन विजेताओं सहित कुल नौ विजेताओं का चयन किया जायेगा।

सेंसेक्स में 500 अंकों की गिरावट

मुंबई। वैश्विक बाजारों के कमजोर रुख और घरेलू स्तर पर मुनाफावसूली के दबाव में स्थानीय शेयर बाजार दो कारोबारी सत्रों की तेजी के बाद बुधवार को नुकसान के साथ बंद हुए। सेंसेक्स 500 अंक से अधिक टूट गया, जबकि निफ्टी 25,230 अंक के नीचे आ गया।

बीएसई का 30 शेयरों वाला मानक सूचकांक सेंसेक्स 500.38 अंक यानी 0.61 प्रतिशत गिरकर 82,031.81 अंक पर बंद हुआ। कारोबार के दौरान एक समय यह 751.72 अंक यानी 0.91 प्रतिशत तक गिरकर 81,780.47 अंक पर आ गया था। नेशनल स्टॉक एक्सचेंज का 50 शेयरों वाला मानक सूचकांक निफ्टी भी



159.45 अंक यानी 0.63 प्रतिशत गिरकर 25,227.95 अंक पर बंद हुआ। व्यापक बाजार में मझोली कंपनियों का बीएसई मिडकैप सेलेक्ट सूचकांक 1.21 प्रतिशत की गिरावट पर रहा जबकि छोटी कंपनियों के स्मॉलकैप सूचकांक में 0.22 प्रतिशत का नुकसान रहा।

सोना 2800 रुपये टूटा और चांदी भी 5000 रुपये लुढ़की

नयी दिल्ली। राष्ट्रीय राजधानी के सर्राफा बाजार में बुधवार को सोने की कीमत लगातार सातवें दिन गिरावट के साथ 2,800 रुपये टूटकर 135,800 रुपये प्रति 10 ग्राम रह गई। वैश्विक बाजारों में लगातार बिकवाली के बीच कीमतों में गिरावट आई। स्थानीय कारोबारियों के अनुसार, मंगलवार को 99.9 प्रतिशत शुद्धता वाला सोना 138,600 रुपये प्रति 10 ग्राम पर बंद हुआ था। चांदी की कीमत भी दबाव में रही और 5,000 रुपये टूटकर 164,500 रुपये प्रति किलोग्राम रह गई।

रुपया सात पैसे मजबूत होकर 93.44 प्रति डॉलर पर


नयी दिल्ली। रुपया बुधवार को अमेरिकी डॉलर के मुकाबले सात पैसे मजबूत होकर 93.44 (अस्थायी) पर रहा। कच्चे तेल की कीमतों में गिरावट से रुपये को समर्थन मिला। विदेशी मुद्रा कारोबारियों ने कहा कि अमेरिका और ईरान के बीच नए भू-राजनीतिक तनाव से वैश्विक बाजारों में जोखिम लेने की धारणा कमजोर हुई और डॉलर मजबूत हुआ, जिससे रुपये ने सुबह की बढ़त गंवा दी। हालांकि, कच्चे तेल की कीमतों में तेज गिरावट ने भारतीय मुद्रा को सहारा दिया। अंतरबैंक विदेशी मुद्रा विनिमय बाजार में रुपया डॉलर के मुकाबले 93.47 पर खुला। कारोबार के दौरान यह 93.25 के उच्चतम और 93.57 के निम्नतम स्तर तक पहुंचा। अंत में रुपया 93.44 (अस्थायी) पर बंद हुआ, जो पिछले बंद भाव से सात पैसे अधिक है। रुपया मंगलवार को 43 पैसे मजबूत होकर अमेरिकी डॉलर के मुकाबले सात महीने के उच्च स्तर 93.51 पर बंद हुआ था। घरेलू बाजारों में ऊंचे स्तर से गिरावट और डॉलर की मजबूती के कारण रुपये ने सुबह की बढ़त गंवा दी। फेडरल रिजर्व के अधिकारियों की आक्रामक टिप्पणियों और अमेरिका-ईरान के बीच नए भू-राजनीतिक तनाव के कारण डॉलर 19 महीने के नए उच्च स्तर पर पहुंच गया। हालांकि, कच्चे तेल की कीमतों में तेज गिरावट ने रुपये की गिरावट को सीमित किया। वैश्विक बाजारों में जोखिम से बचने की प्रवृत्ति, अमेरिका-ईरान के बीच नए तनाव और डॉलर की मजबूती के कारण रुपये में मामूली कमजोरी रहने की संभावना है।

इंटरटेनमेंट...

दीया मिर्जा ने पोस्ट में नवाजुद्दीन पर की तीखी टिप्पणी, बाद में खुला नये शो के प्रचार का राज

नयी दिल्ली। अभिनेत्री दीया मिर्जा ने बुधवार को सोशल मीडिया पर अभिनेता नवाजुद्दीन सिद्दीकी को लेकर एक तीखी टिप्पणी करते हुए कहा कि उनके साथ काम करना किसी बुरे सपने जैसा है और उन्हें बात करने की तमीज नहीं है। दीया के इस पोस्ट के बाद सोशल मीडिया पर हलचल मच गई है।

हालांकि, बाद में पता चला कि दोनों कलाकार एक साथ आने वाली वेब सीरीज का प्रचार करने के लिए ऐसा कर रहे थे। अभिनेत्री ने बुधवार को अभिनेता नवाजुद्दीन सिद्दीकी के बारे में यह भी कहा कि उनमें बात करने की तमीज नहीं है और उनका व्यवहार भी ठीक नहीं है। थप्पड़ फिल्म की अभिनेत्री दीया ने सुबह करीब 10 बजे सोशल मीडिया मंच एक्स और इंस्टाग्राम पर यह पोस्ट साझा किया। एक्स पर उनके पोस्ट को छह लाख से अधिक बार देखा गया, जिसे बाद में उन्होंने हटा दिया। दीया ने लिखा, उनके साथ काम करना किसी बुरे सपने जैसा है। बात करने की तमीज नहीं है और उनका रवैया अलग ही स्तर



का है। बहुत आक्रामक उनका व्यक्तित्व है। इस पोस्ट में उन्होंने नवाजुद्दीन को भी टैग किया था। करीब दो घंटे बाद नवाजुद्दीन ने इंस्टाग्राम पर उनकी पोस्ट के जवाब में लिखा, रवैये में कमी निकालना आसान है, काम में कमी निकालकर दिखाइए। इस पोस्ट को भी बाद में हटा दिया गया। दरअसल, स्ट्रीमिंग मंच जियोहॉटस्टार ने घोषणा की कि दोनों कलाकार उसकी आगामी मेडिकल ड्रामा सीरीज डॉ. हसन में साथ नजर आएंगे। यह सीरीज 11 दिसंबर को रिलीज होगी। रोहन सिप्पी के निर्देशन में बनी इस सीरीज में नवाजुद्दीन डॉ. इमरान हसन की मुख्य भूमिका निभा रहे हैं। उनका किरदार एक असाधारण प्रतिभाशाली और कुछ अलग स्वभाव वाले डॉक्टर का है, जो विशेषज्ञों की टीम के साथ जटिल बीमारियों से जुड़े रहस्यों को सुलझाता है। दीया मिर्जा इसमें डॉ. पलक जैन की भूमिका निभा रही हैं। यह सीरीज अमेरिकी शो हाउस एमडी का रूपांतरण है। दीया के शुरुआती पोस्ट से सोशल मीडिया पर लोगों में उत्सुकता और नाराजगी पैदा हुई। लेकिन प्रचार की असलियत सामने आने के बाद कई लोगों ने इस तरीके की आलोचना की। एक उपयोगकर्ता ने लिखा कि बॉलीवुड में फिल्मों और शो को ज्यादा लोगों तक पहुंचाने के लिए ऐसे प्रचार किए जाते हैं। दूसरे उपयोगकर्ता ने इस तरीके को पुराना बताते हुए कहा कि इस तरह की मार्केटिंग अब काम नहीं करती। एक अन्य उपयोगकर्ता ने इसे जरूरत से ज्यादा प्रचार बताया। कुछ लोगों ने इसे खराब पीआर रणनीति भी कहा। फिल्मों, वेब सीरीज और ब्रांड के प्रचार के लिए विवाद या गलतफहमी पैदा करने वाले पोस्ट करना मनोरंजन जगत में नया नहीं है। इसे स्टंट मार्केटिंग कहा जाता है। इसमें कलाकार सोशल मीडिया पर रहस्यमयी पोस्ट, विवादित बयान या भ्रामक घोषणाएं करके लोगों का ध्यान खींचते हैं। जून 2023 में अभिनेत्री काजोल ने सोशल मीडिया से दूरी बनाने की घोषणा की थी। उन्होंने लिखा था कि वह अपनी जिंदगी के सबसे कठिन दौर से गुजर रही हैं। उन्होंने इंस्टाग्राम से अपने पुराने पोस्ट भी हटा दिये थे। इससे उनके प्रशंसकों को चिंता हुई और निजी जिंदगी में किसी परेशानी की अटकलें लगने लगीं। बाद में पता चला कि यह उनकी जियोहॉटस्टार सीरीज द ट्रायल के प्रचार का हिस्सा था। यह सीरीज उनके ओटीटी करियर की शुरुआत थी। इसी तरह फिल्म निर्माता एवं प्रस्तोता करण जौहर ने 2022 में अपने लोकप्रिय सेलिब्रिटी चैट शो कॉफी विद करण के सातवें सीजन की घोषणा से पहले सोशल मीडिया पर लिखा था कि छह सीजन पूरे करने के बाद यह शो अब वापस नहीं आएगा। इससे प्रशंसक निराश हो गए।



पंचायत के पांचवें सीजन का प्रीमियर तीन दिसंबर को होगा

मुंबई। लोकप्रिय सीरीज पंचायत के पांचवें सीजन का प्रीमियर तीन दिसंबर को होगा। प्राइम वीडियो ने बुधवार को यह घोषणा की। यह सीजन दर्शकों को एक बार फिर सचिव जी के साथ फुलेरा गांव ले जाएगा।

यहां जारी एक विज्ञप्ति के अनुसार, नया सीजन इस शो से दर्शकों के लंबे समय से जुड़े सांस्कृतिक जुड़ाव को आगे बढ़ाएगा। पंचायत के पांचवें सीजन का निर्माण द वायरल फीवर (टीवीएफ) ने किया है। इसमें जितेंद्र कुमार, रघुबीर यादव, नीना गुप्ता, सुनीता राजवर, फैजल मलिक, चंदन रॉय, सांविका, दुर्गेश कुमार और अशोक पाठक सहित पहले के कलाकारों की टोली लौट रही है। इस शो का निर्देशन दीपक कुमार मिश्रा ने किया है। इसके निर्माता दीपक कुमार मिश्रा, चंदन कुमार और अरुणाभ कुमार हैं। निर्माताओं के अनुसार, फुलेरा में अब एक नया प्रधान है और सभी यह जानने को उत्सुक हैं कि नए प्रधानपति के रूप में बनराकस ने क्या योजना बनाई है। सवाल यह है कि क्या वह फुलेरा को महान बना पाएगा या उसके वादे महज एक और दिखावा साबित होंगे? सत्ता में बदलाव के साथ फुलेरा में नई प्रतिद्वंद्विता और समीकरण भी बदलेंगे। प्राइम वीडियो इंडिया में एसवीओडी कंटेंट अधिग्रहण के निदेशक एवं प्रमुख मनीष मेंघानी ने कहा, कुछ कहानियां समय के साथ हमारी जिंदगी का हिस्सा बन जाने के कारण खास बन जाती हैं। पंचायत ऐसी ही एक कहानी है। उन्होंने कहा कि भारत की सबसे सफल और पहचानी जाने वाली वेब सीरीज में से एक का पांचवें सीजन के साथ लौटना गर्व की बात है। यह उपलब्धि सीरीज के शानदार सफर और दर्शकों के बीच उसकी निरंतर लोकप्रियता को दर्शाती है।

वसुधा में आयुष्मान खुराना और शरवरी वाघ की खास एंट्री

नई दिल्ली। कुछ कहानियां अपने जज्बात, दिल को छू लेने वाले किरदारों और अनपेक्षित मोड़ों से ऐसी जुड़ जाती हैं कि लंबे समय तक याद रहती हैं। जी टीवी का शो वसुधा भी अपनी दिलचस्प कहानी और रिश्तों की खूबसूरत दास्तान से लगातार दर्शकों का दिल जीत रहा है। कहानी में आने वाला हर नया मोड़ इसमें एक नया रंग भर रहा है। यही वजह है कि शो के चहेते किरदारों का सफर दर्शकों के लिए और भी खास बनता जा रहा है। भारतीय टेलीविजन के टॉप शोज में अपनी जगह बना चुका यह शो हर नए घटनाक्रम के साथ दर्शकों की दिलचस्पी बनाए हुए है। कई मुश्किलों और इम्तिहानों से गुजरने के बाद आखिरकार वसुधा और देवांश ने साथ मिलकर अपनी जिंदगी का नया सफर शुरू कर दिया है। चंद्रिका ने भी वसुधा को अपनी बहू के रूप में स्वीकार कर दोनों के रिश्ते को अपनी दुआओं और आशीर्वाद से नवाजा है। शादी की खुशियों से लेकर शादी के बाद की रस्मों तक, यह जोड़ा अपने साथ के इस नए एहसास को जी रहा है। लेकिन जब दोनों अपनी नई दुनिया में रमने लगे, तभी उनके लिए एक दिलचस्प सरप्राइज इंतजार कर रहा था।

आर.एन.आई.नं.-यू.पी.-हिन/2006/18901 विराज प्रकाशन प्रा.लि. हेतु मुद्रक एवं प्रकाशक आर.के. अग्रवाल द्वारा एक्सप्रेस हाऊस, 1/5, विशाल खण्ड, गोमती नगर, लखनऊ से मुद्रित एवं प्रकाशित। **कार्यकारी सम्पादक : मनोज कुमार बाजपेयी**
(पी.आर.बी.एक्ट के तहत समाचारों के चयन हेतु उत्तरदायी) समस्त विवाद लखनऊ न्यायालय के अधीन। फोन कार्यालय : 0522-4059441, 4059442, 4059443 : ई-मेल : voiceoflucknow@gmail.com